सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 07 अगस्त, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 214, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 166 अंकों की गिरावट

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति की घोषणा के बीच शेयर बाजार में तेजी बरकरार नहीं रह पायी और सेंसेक्स 166 अंक टूटकर 80,543 .99 अंक पर बंद हुआ। } 14

## किसी भी मुद्दे पर चर्चा को तैयार है सरकार

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि बिहार में मतदाता सूचियों के एसआईआर का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है और लोकसभा के कार्य संचालन और प्रक्रियाओं के नियमों एवं परिपाटी के तहत इस मुद्दे पर सरकार चर्चा को तैयार है। } 16

# समुद्र माल वहन विधेयक को मिली संसद की मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। संसद ने बुधवार को समुद्र द्वारा माल वहन विधेयक, 2025 को मंजूरी दे दी। राज्यसभा में यह विधेयक, बिहार में मतदाता सूची के विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों के विरोध और नारेबाजी के बीच ध्वनिमत से पारित हुआ।

लोकसभा में यह विधेयक गत 28 मार्च को पारित हुआ था। एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे उच्च सदन की बैठक जब शुरू हुई तब विपक्षी सदस्यों के एसआईआर मुद्दे पर हंगामे के बीच विधेयक पर चर्चा को आगे बढ़ाया गया। विधेयक पर संक्षिप्त चर्चा के बाद पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग राज्य मंत्री शांतनु ठाकुर ने कहा कि यह विधेयक लगभग 100 वर्ष पुराने भारतीय समुद्र द्वारा माल ढुलाई अधिनियम, 1925 की जगह लेगा। उन्होंने कहा कि नया विधान औपनिवेशिक मानसिकता को त्यागने की दिशा में उठाया गया एक कदम है।

उन्होंने कहा समुद्र द्वारा माल वहन के क्षेत्र में देश को वैश्विक स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए हमें (पुराने अधिनियम में) बदलाव लाने की जरूरत थी, इसलिए यह विधेयक लाया गया। उनके अनुसार, नये विधेयक में भारत में एक बंदरगाह से दूसरे बंदरगाह या दुनिया के किसी भी बंदरगाह तक माल की ढुलाई की जिम्मेदारियों, देनदारियों, अधिकार और छूट से ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुकी है कांवड़ यात्रा : योगी

## सीएम ने बरेली में 545 परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

विशेष संवाददाता

बरेली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को नाथ नगरी बरेली में 2264 करोड़ रुपये की लागत से जुड़ी 545 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों की तुष्टीकरण की राजनीति पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ असमाजिक तत्व कांवड़ यात्रा को बदनाम करने की साजिश रचते हैं, लेकिन समाज की जागरूकता और प्रशासन की तत्परता से ऐसे तत्व विफल हो जाते हैं। यह यात्रा अब सामाजिक एकता का प्रतीक बन चुकी है। बरेली में लाखों श्रद्धालुओं ने नाथ गलियारे में जलाभिषेक कर अपनी आस्था प्रकट की, जो शहर की नई पहचान बन रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रोजगार मेले के माध्यम से चयनित 6000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए और विभिन्न



योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व टैबलेट प्रदान किए।सीएम योगी ने कांवड़ यात्रा की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि लोगों की भावनाओं के वितरीत कांवड़ यात्रा को बदमान करने का कुत्सित प्रयास किया गया, लेकिन आज कांवड़ यात्रा की सफलता जागरुक समाज और बेहतरीन कानून-व्यवस्था से उन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## तुष्टीकरण से सरकार चलाने वाले न घर के न घाट के : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता

मुरादाबाद। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को मुरादाबाद में 1,172 करोड़ रुपये की 87 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि जो लोग तुष्टीकरण की राजनीति कर के सत्ता में आते थे, वे आज घर के हैं न घाट के। ऐसे लोग ना तो समाज के साथ खड़े हो पाए, न ही भविष्य की पीढ़ी के साथ। सीएम योगी ने साफ कहा कि भाजपा की योजनाएं तुष्टीकरण नहीं, संतुष्टीकरण पर आधारित हैं जो बिना भेदभाव के हर व्यक्ति तक पहुंचती है। कहा कि एक दौर था जब तुष्टीकरण की राजनीति करने वालों के लिए सत्ता केवल एक दुकान थी। उन्होंने शिक्षा को नकल, अराजकता और जातिवाद का अड्डा बना दिया था। लेकिन आज वही लोग संतुष्टीकरण को लेकर परेशान ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### बारिश के चलते किन्नौर कैलाश यात्रा स्थगित

शिमला। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण मार्ग क्षतिग्रस्त होने से किन्नौर कैलाश यात्रा को स्थगित कर दिया गया और 413 फंसे हुए श्रद्धालुओं को बचाया गया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि नदियों में पानी का प्रवाह बढ़ने के कारण तंगलिप्पी और कांगरंग में दो अस्थायी पुल बह जाने के बाद श्रद्धालु फंस गए थे। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) ने एक्स पर बचाव कार्यों के वीडियो साझा किए जिनमें श्रद्धालु नदी के एक किनारे से दूसरे किनारे तक जिपलाइन के जरिए जाते देखे जा सकते हैं। किन्नौर जिला प्रशासन को पैदल मार्ग पर फंसे तीर्थयात्रियों के बारे में एक आपात सूचना मिली। अधिकारियों ने बताया कि इसकी प्रतिक्रिया में आईटीबीपी और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने बचाव अभियान शुरू किया। किन्नौर जिला प्रशासन ने यात्रा मार्ग पर बारिश के कारण हुए भारी नुकसान के बाद किन्नौर कैलाश यात्रा स्थगित कर दी है।

### रिश्वत के आरोप में दो पुलिसकर्मी निलंबित

शाहजहांपुर। जिले में एक व्यक्ति के बैंक खाते में 50 लाख रुपये आने के बाद कार्रवाई की धमकी देकर 25 लाख रुपये रिश्वत मांगने के आरोप में दो पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि अल्लाहगंज कस्बे के निवासी मोनू राठौर ने मंगलवार को उनसे मुलाकात कर एक शिकायती पत्र दिया था जिसमें कहा कि उनके बैंक खाते में कहीं से 50 लाख रुपये अंतरित हुए थे लेकिन बाद में वह रकम खाते से निकल भी गई। राठौर ने शिकायत में आरोप लगाया कि अल्लाहगंज थाने में तैनात सिपाही धर्मेंद्र कुमार और जावेद अली को जब इसकी (खाते में रुपये आने की) जानकारी हुई तो दोनों ने उनसे 25 लाख रुपये मांगे और न देने पर पुलिस कार्रवाई की धमकी दी।

# ट्रंप ने लगाया 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ

○ अब भारत पर कुल शुल्क हुआ 50 प्रतिशत ○ 27 अगस्त से लागू होंगीं नयी दरें ○ आदेश पर किये हस्ताक्षर

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीद जारी रखने पर बुधवार को भारतीय वस्तुओं पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। इसके साथ ही भारतीय उत्पादों पर अमेरिका में लगने वाला शुल्क अब बढ़कर 50 प्रतिशत हो गया है।

ट्रंप ने पिछले सप्ताह ही 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की थी। उन्होंने ने इस शुल्क के लागू होने से चंद घंटे पहले अतिरिक्त शुल्क लगाने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। इस आदेश के बाद कुछ छूट प्राप्त वस्तुओं को छोड़कर, भारतीय वस्तुओं पर कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो जाएगा। प्रारंभिक शुल्क सात अगस्त से प्रभावी होगा जबकि अतिरिक्त शुल्क 21 दिन बाद लागू होगा। ट्रंप ने मंगलवार को चेतावनी देते हुए कहा था कि वह रूस से तेल एवं गैस खरीदने के लिए भारत पर 24 घंटे में भारी शुल्क की घोषणा करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था




कि यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में रूस इस तेल बिक्री से हासिल राशि का इस्तेमाल कर रहा है जबकि भारत सस्ता तेल पाने के लिए इस पहलू पर ध्यान नहीं दे रहा है। ट्रंप ने 30 जुलाई को भारतीय उत्पादों पर 25 प्रतिशत शुल्क की घोषणा करते समय भी कहा था कि वह रूस से तेल एवं गैस खरीदने की वजह से भारत पर अलग से जुर्माना लगाएंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर अब 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत द्वारा लगातार रूस से खरीदे जा रहे तेल के जवाब में यह 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ गया है। ट्रंप ने इस टैरिफ को लगाने के एक कार्यकारी आदेश पर बुधवार को हस्ताक्षर किए। प्रारंभिक शुल्क 7 अगस्त से प्रभावी होगा, जबकि अतिरिक्त शुल्क 21 दिनों के बाद लागू होगा। ट्रंप ने अपने प्रारंभिक टैरिफ लागू होने से 14 घंटे से भी कम समय पहले अतिरिक्त टैरिफ लगाने संबंधी कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर दिए। 30 जुलाई को ट्रंप ने भारतीय वस्तुओं पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का एलान किया था, जो 7 अगस्त से प्रभावी है। वहीं, अतिरिक्त टैरिफ 21 दिन बाद यानी 27 अगस्त से प्रभावी होगा। ट्रंप पिछले दिनों कई बार यह बात दोहारा चुके हैं कि भारत, रूस से तेल खरीदता है और ऐसा करके वह यूक्रेन युद्ध को भड़काने में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मदद कर रहा है। एक दिन पहले भी उन्होंने 24 घंटे के भीतर भारत पर बहुत अधिक टैरिफ लगाने की बात कही थी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जिस कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं उसके अनुसार, 8 मार्च 2022 को रूस पर यूक्रेन पर हमला करने के चलते कुछ आयात और निवेशों पर प्रतिबंध लगाया गया था। 15 अप्रैल, 2021 को भी अमेरिका ने एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किया था। इस आदेश के तहत रूस से कच्चे तेल, पेट्रोलियम और पेट्रोलियम ईंधन, तेल और उनसे जुड़े उत्पादों का अमेरिका में आयात बैन था। ट्रंप ने दूसरे आदेश के तहत ही भारत पर टैरिफ ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भारत ने ट्रंप के 25% अतिरिक्त टैरिफ को बताया अनुचित

नई दिल्ली। अमेरिका द्वारा भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने के फैसले पर विदेश मंत्रालय ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि अमेरिका ने ऐसे वक्त में यह फैसला लिया, जब कई अन्य देश भी अपने राष्ट्रीय हित में इसी तरह की कार्रवाई कर रहे हैं। इसके साथ ही बताया कि भारत भी अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। जायसवाल ने साफ कहा कि अमेरिका का यह कदम अनुचित, अन्यायपूर्ण और गैरवाजिब है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि भारत ने किसी भी अंतरराष्ट्रीय नियम का उल्लंघन नहीं किया और वैश्विक व्यापार के सभी मानकों का पालन किया है। गौरतलब है कि अमेरिका ने यह टैरिफ भारत द्वारा रूसी तेल के आयात से जुड़ी चिंताओं को लेकर लगाया है। इस पर भारत ने साफ कहा है कि वह ऊर्जा सुरक्षा के लिए विविध स्त्रोतों से आपूर्ति सुनिश्चित करता रहेगा। सात अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लागू हो जाएगा। इसका एलान ट्रंप ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अयोध्या : धोखाधड़ी के आरोप में सपा नेता समेत आठ गिरफ्तार

अयोध्या (उप्र)। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में रियल एस्टेट धोखाधड़ी के आरोप में पुलिस ने समाजवादी पार्टी (सपा) के स्थानीय नेता, उनकी पत्नी और भाई समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी राजा मान सिंह समाजवादी युवजन सभा (समाजवादी पार्टी की युवा शाखा) का पदाधिकारी और अयोध्या से जिला पंचायत सदस्य है।

अयोध्या के सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने पुष्टि की कि राजा मान सिंह समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) गौरव ग्रोवर ने गिरफ्तारियों की पुष्टि करते हुए कहा, 'यह समूह कथित तौर पर झूठे वादों के ज़रिए लोगों को रियल एस्टेट में निवेश करने के लिए लुभाता था और जब पीड़ित अपना पैसा वापस मांगते थे, तो उन्हें धमकियां देता था। एसएसपी ने कहा कि पुलिस ने गिरफ्तारी के समय राजा मान सिंह के पास से आठ लाख रुपये की नकदी बरामद की। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जिसमें किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर और भी कार्रवाई की जायेगी।

# भारत ने 11 वर्षों में देखा पारदर्शी शासन

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया कर्तव्य भवन का उद्घाटन



एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार देशभर में बुनियादी ढांचे के पुनरुद्धार के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत ने पिछले 11 वर्षों में एक ऐसा शासन मॉडल देखा है जो पारदर्शी, संवेदनशील और नागरिक-केंद्रित है।

कर्तव्य भवन का उद्घाटन करने के कुछ घंटों बाद कर्तव्य पथ पर आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि यह परियोजना अन्य बुनियादी सुविधाओं के साथ भारत के वैश्विक दृष्टिकोण का प्रतीक है। कर्तव्य भवन प्रस्तावित दस साझा केंद्रीय सचिवालय भवनों में से पहला है। उन्होंने कहा कि दशकों तक सरकार की प्रशासनिक मशीनरी ब्रिटिशकालीन इमारतों से कार्य करती रही, जहां काम करने की स्थिति खराब थी और जगह, रोशनी और हवा आने-जाने की कमी थी। प्रधानमंत्री ने कहा हमें मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की सफलता की गाथा लिखने के लिए मिलकर काम करना होगा। हमारा... शेष पृष्ठ 14 पर

# धराली आपदा : राहत व बचाव कार्य तेजी से जारी

## मौसम की चुनौतियों के बावजूद सीएम पुष्कर सिंह धामी पहुंचे ग्राउंड जीरो पर





प्रमुख संवाददाता

उत्तरकाशी (उत्तराखंड)। हर्षिल क्षेत्र के धराली में बादल फटने से हुई भीषण तबाही से राहत एवं बचाव अभियान में केंद्र के साथ ही राज्य की एजेंसियां भी युद्धस्तर पर जुटी हुई हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मौसम की चुनौतियों के बावजूद ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर आपदा ग्रस्त क्षेत्र का दौरा कर पीड़ितों से मुलाकात की है। सीएम धामी रेस्क्यू ऑपरेशन की सीधी मानीटरिंग के लिए आज रात्रि उत्तरकाशी में कैम्प करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी भी धराली आपदा का पल-पल का अपडेट ले ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 26.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- खाद्य प्रसंस्करण में रामपुर में 300 करोड़ का निवेश (पृष्ठ-02)
- पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य पर हमला (पृष्ठ-02)
- रुपया 15 पैसे की बढ़त के साथ 87.73 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)
- आरबीआई का फैसला महंगाई नियंत्रित करने वाला (पृष्ठ-14)
- फिलिपीन भारत से खाद्य आयात बढ़ाने पर सहमत (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** मौजूदा अनिश्चितताओं, मुख्य मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण रेपो दर को यथावत रखा : मल्होत्रा

# आरबीआई ने रेपो दर को 5 .5 प्रतिशत पर बरकरार रखा

एजेंसी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को मौजूदा परिस्थितियों पर गौर करते हुए प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर कायम रखने का निर्णय किया। इसके साथ ही आरबीआई ने मौद्रिक नीति रुख को भी तटस्थ बनाये रखा है। इसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा।

रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिये केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। रेपो दर के यथावत रहने से आवास, वाहन समेत अन्य खुदरा कर्ज पर ब्याज में बदलाव होने की संभावना नहीं है। इससे पहले, केंद्रीय बैंक इस साल फरवरी से अबतक रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है। इस साल जून की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.5 प्रतिशत की कटौती की गयी थी। वहीं फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25-0.25 प्रतिशत की कमी की गयी थी। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक में लिये गये निर्णय की जानकारी देते हुए कहा, एमपीसी ने नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय किया है। आरबीआई ने 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।




वहीं चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को घटाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया गया है जबकि पहले इसके 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था।

वहीं भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं, नीतिगत दरों में एकबारगी बड़ी कटौती और मुख्य मुद्रास्फीति में वृद्धि के कारण केंद्रीय बैंक ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में यथास्थिति बनाए रखने का फैसला किया है। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करने के बाद पत्रकारों के साथ बातचीत में मल्होत्रा ने वृद्धि को समर्थन देने के लिए आरबीआई की प्रतिबद्धता की पुष्टि की और कहा कि सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की 6.5 प्रतिशत की वृद्धि अपेक्षा से धीमी है। मल्होत्रा ने कहा कि छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) सतर्क रहेगी और दरों पर उचित निर्णय लेने के लिए सभी आने वाले आंकड़ों पर नजर रखेगी। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि दरों में कटौती की संभावनाएं कम होती जा रही हैं। ब्याज दरों को यथावत रखने के सर्वसम्मत निर्णय के कारणों को गिनाते हुए मल्होत्रा ने कहा, हमने फरवरी से जून तक चार महीने की छोटी अवधि में रेपो दर में एक प्रतिशत की कटौती की है। इसका लाभ अब भी मिल रहा है। शुल्क वार्ताओं और अस्पष्ट भू-राजनीतिक पहलुओं की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर वैश्विक अनिश्चितताएं कायम हैं। इसके अलावा बढ़ती मुख्य मुद्रास्फीति ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर नौ ने किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

○ कई नक्सलियों पर था लाखों का ईनाम

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के पश्चिमी डिवीजन क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में एक नक्सली को मार गिराया।

झारखंड के गुमला जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में माओवादियों से अलग हुए संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) का एक सदस्य मारा गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मारे गए माआवोदी पर 15 लाख रुपये का इनाम था। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में 24 लाख रुपये के छह इनामी नक्सलियों समेत कुल नौ नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में बक्सू ओयाम (27), बुधराम पोटाम (36), हिड़मा उर्फ हिरिया (26), मंगू उईका उर्फ टोग्गी (38), रोशन कारम उर्फ सोनू (24), मंगलों पोड़ियाम (23), कमलू हेमला उर्फ कुम्मा ...शेष पृष्ठ 14 पर

# सेटेलाइट फ्लाईओवर होगा वाईशेप, पीलीभीत बाईपास होगा फोरलेन

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने सर्किट हाउस में बरेली मंडल की विकास योजनाओं को दी रफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ/बरेली** । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बरेली मंडल के चार जनपदों बरेली, पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर की विकास योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए कई सांसद, विधायक समेत जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों पर महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी प्रदान की। सर्किट हाउस में आयोजित

- **सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों के विकास प्रस्तावों की समीक्षा कर तेजी लाने के निर्देश**
- **जनप्रतिनिधियों की सिफारिश पर मिली पुलों, सड़क चौड़ीकरण समेत विकास कार्यों को मंजूरी**
- **एक घंटा पांच मिनट तक चली सीएम की बैठक, इन्फ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी पर विशेष फोकस**

मंडलीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ संवाद किया और उनकी जमीनी समझ व अनुभव के आधार पर नए विकास कार्यों को प्राथमिकता दी। कैंट से भाजपा विधायक संजीव अग्रवाल के प्रस्ताव पर आधुनिक सैटेलाइट फ्लाईओवर को वाईशेप में बनाये जाने, पीलीभीत बाईपास को फोरलेन में बदले जाने को मंजूरी दी गई। जिससे पीलीभीत रोड की ओर भी आवागमन सहज और दुर्घटनामुक्त हो सकेगा। सीएम बहुप्रतीक्षित नाथ गलियारा योजना को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। सुभाषनगर अंडरपास को प्राथमिकता में शामिल किया गया है। इससे शहर के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों को जोड़ने में सहूलियत होगी। पवन विहार कॉलोनी के पीछे हरूनगला से लेकर नागदेवता मंदिर तक नई सड़क का निर्माण होगा। यह मार्ग धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र की कनेक्टिविटी को भी और बेहतर बनायेगा।



**मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिये निदेश, जनप्रतिनिधियों की जमीनी समझ और अनुभव के आधार पर हो विकास कार्य :** सीएम ने प्रत्येक विधायक से उनके क्षेत्रों की प्राथमिक समस्याओं और विकासात्मक जरूरतों पर सीधे संवाद किया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी परियोजना के प्रस्ताव से पहले जनप्रतिनिधियों से विचार विमर्श अनिवार्य है। भाजपा के नवाबगंज से विधायक डा. एमपी आर्य ने बताया कि विकास योजनाओ के प्रस्ताव पहले ही दिये जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने बैठक में उन विकास प्रस्तावों की समीक्षा की। पीडब्ल्यूडी समेत विकास विभाग के अफसरों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिये कहा है। विकास कार्यों में ब्लॉक मुख्यालयों तक कनेक्टिविटी, इंटर-कनेक्टिविटी सड़कें, धार्मिक स्थलों तक पहुंच मार्ग, बाईपास, आरओबी, अंडरपास, फ्लाईओवर, मेजर और माइनर ब्रिज, रोड सेफ्टी उपाय, सिंचाई के प्रोजेक्ट शामिल थे। इनसे क्षेत्र की भौगोलिक चुनौतियां दूर होंगी। स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी रफ्तार मिलेगी। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से निर्देश दिए कि बरेली मंडल में इंटरस्टेट कनेक्टिविटी को बेहतर करने की आवश्यकता वाले सभी कार्यों को विधायकों की अनुशंसा के आधार पर पहले चरण की कार्ययोजना में शामिल किया जाए। साथ ही, उन्होंने नगर विकास विभाग को निर्देशित किया कि किसी भी परियोजना का प्रस्ताव तैयार करने से पहले स्थानीय जनप्रतिनिधियों का मार्गदर्शन अनिवार्य रूप से लिया जाए।

**योजनाएं बनाना ही हमारा लक्ष्य नहीं, उनका समयबद्ध और जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन भी सुनिश्चित करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि केवल योजनाएं बनाना ही हमारा लक्ष्य नहीं होना चाहिये। उनका समयबद्ध और जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना पहली प्राथमिकता होनी आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनप्रतिनिधियों के अनुभवों और क्षेत्रीय इनपुट्स को नीति निर्धारण का आधार बनायें। शासन की मंशा हर योजना को ठोस परिणामों तक पहुंचाने की है। इसके लिए जवाबदेही तय की जाएगी, तकनीक का समुचित प्रभावी ढंगे से उपयोग करें। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वह अपने क्षेत्र में प्रस्तावित कार्यों की सतत निगरानी करें और स्थानीय जनभावनाओं के अनुरूप योजनाओं को आकार देने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

**बैठक में मौजूद रहे जनप्रतिनिधि और अफसर :** समीक्षा बैठक में प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, बरेली प्रभारी मंत्री जेपीएस राठौर, पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह, राज्य मंत्री संजय गंगवार, सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, डॉ. एमपी आर्य, डॉ. डीसी वर्मा, बाबूराम पासवान, विवेक कुमार, डॉ. श्याम बिहारी लाल, राजीव सिंह बब्बू, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, मेयर डॉ. उमेश गौतम, एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, बहोरन लाल मौर्य, एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा, कमिश्नर सौम्या अग्रवाल, डीआईजी अजय कुमार साहनी, डीएम अविनाश कुमार सिंह, एसएसपी अनुराग आर्य और संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सरकार ने निराश्रित महिलाओं को दिया रक्षाबंधन और जन्माष्टमी का तोहफा

**लखनऊ।** सरकार ने रक्षाबंधन और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर से पहले निराश्रित महिलाओं को बड़ा तोहफा दिया है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, महिला कल्याण विभाग ने पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) की 1115.64 करोड़ रुपये की धनराशि अगस्त के पहले सप्ताह में ही 36,75,623 लाभार्थी महिलाओं के आधार-लिंक्ड बैंक खातों में पीएफएमएस के माध्यम से हस्तांतरित कर दी है। जिससे उन्हें त्योहारों को हर्षोल्लास के साथ मनाने में किसी प्रकार की आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े।

- **36 लाख से निराश्रित महिलाओं के खाते में भेजी 1115.64 करोड़ की पेंशन राशि**

महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना उत्तर प्रदेश में महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। इस योजना के तहत 18 वर्ष से अधिक आयु की ऐसी महिलाएं, जिनके पति की मृत्यु हो चुकी है, उत्तर प्रदेश की स्थायी निवासी हैं और जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 2 लाख से अधिक नहीं है, उनको प्रतिमाह 1000 रुपये की पेंशन प्रदान की जाती है। योजना की पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित हो सके इसके लिए पेंशन की राशि सीधे उनके आधार-लिंक्ड बैंक खातों में पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम) के माध्यम से हस्तांतरित की जाती है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में इस योजना के तहत 35,78,111 लाभार्थी महिलाओं को 1062.15 करोड़ रुपये की धनराशि प्रदान की गई थी। दूसरी तिमाही में सरकार ने सक्रियता दिखाते हुए 36,75,623 महिलाओं को 1115.64 करोड़ की राशि अगस्त के पहले सप्ताह में ही हस्तांतरित कर दी। यह कदम रक्षाबंधन और जन्माष्टमी जैसे पर्वों से पहले महिलाओं के लिए आर्थिक सहायता सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, ताकि वे अपने परिवार के साथ उत्सव को पूरे उत्साह के साथ मना सकें। महिला कल्याण विभाग की निदेशक संदीप कौर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर रक्षाबंधन और जन्माष्टमी के त्योहारों को ध्यान में रखते हुए पेंशन की राशि समय से पहले हस्तांतरित की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा है कि कोई भी पात्र महिला इस योजना के लाभ से वंचित न रहे।

# असंवेदनशील टिप्पणी पर विवादों से घिरे कैबिनेट मंत्री संजय निषाद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात में बाढ़ प्रभावित इलाके के दौरे पर गये राज्य के मत्स्य पालन मंत्री संजय निषाद असंवेदनशील टिप्पणी को लेकर विवादों में घिर गये हैं। इस घटना का एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें निषाद सोमवार को अपने दौरे के दौरान बाढ़ के पानी में खड़ी एक महिला द्वारा गांगा नदी की बाढ़ से हो रही परेशानी के बारे में बताये जाने पर, उससे कहते देखे और सुने जा सकते हैं कि, गंगा नदी आपके पांव धोने के लिए आपके दरवाजे तक पहुंचती है, और यह आपको सीधे स्वर्ग ले जाएगी।

निषाद की इस टिप्पणी पर विपक्षी नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और मंत्री पर बाढ़ प्रभावित लोगों की दुर्दशा के प्रति असंवेदनशील होने का आरोप लगाया। मंत्री के बयान के बाद एक वायरल वीडियो में महिला को यह कहते सुना गया, गंगा का आशीर्वाद खुद ही ग्रहण करें। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि महिला मंत्री को जवाब दे रही थी या वहां मौजूद किसी अन्य व्यक्ति से बात कर रही थी। इस बीच, निषाद ने वह टिप्पणी किये जाने की बात स्वीकार की और कहा कि यह टिप्पणी हल्के-फुल्के अंदाज में की गई थी। मंत्री ने कहा, मैं निषादों के बाढ़ प्रभावित इलाके में गया था जहां उनसे बातचीत करते हुए मैंने कहा कि मोक्ष की तलाश में दूर-दूर से लोग गंगा में पवित्र स्नान करने आते हैं और यहां गंगा मैया आपके दरवाजे पर ही हैं। उन्होंने कहा, हम निषाद नदियों की पूजा करते हैं, जो हमारे जीवन और आजीविका का स्रोत हैं, इसलिए इस टिप्पणी का अपना अलग संदर्भ है।



अपने दौरे के दौरान मंत्री ने कथित तौर पर प्रयागराज में निषाद समुदाय के एक पुलिसकर्मी का भी ज़िक्र किया जिसके घर के दरवाजे पर गंगा की पूजा करने और बाढ़ के पानी में तैरने के वीडियो वायरल हुए हैं। बाढ़ प्रभावित निवासियों के साथ इस विवादास्पद बातचीत से वाकिफ मंत्री के एक सहयोगी ने कहा, हां, मंत्री ने प्रयागराज के पुलिसकर्मी का जिक्र जरूर किया क्योंकि वह भी निषाद हैं और यह जिक्र सिर्फ इस बात पर ज़ोर देने के लिए था कि निषाद समुदाय गंगा मैया और अन्य सभी नदियों का कितना सम्मान करता है। निषाद के इस बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रवक्ता सर्वेंद्र बिक्रम सिंह ने कहा कि यह मंत्री की असंवेदनशीलता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा, मंत्री संजय निषाद को जमीनी हकीकत और बाढ़ प्रभावित लोगों की स्थिति के बारे में जानकारी नहीं है। राज्य सरकार लोगों को राहत पहुँचाने में विफल रही है और उसके मंत्री तस्वीरें खिंचवाने के मौके ढूँढ़ रहे हैं। ऐसे समय में जब लोग बाढ़ के कारण अपने घर और रोजगार खो रहे हैं, इस तरह के बयान दिखाते हैं कि उत्तर प्रदेश के मंत्री वास्तविकता से कितने कटे हुए हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा, ऐसे गैर-जिम्मेदाराना बयान आस्था का अपमान करने जैसे हैं। हाल के दिनों में गंगा और यमुना नदियों के बढ़ते जलस्तर से कानपुर, प्रयागराज और वाराणसी समेत उत्तर प्रदेश के डेढ़ दर्ज से ज्यादा जिले प्रभावित हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों और मंत्रियों की एक टीम तैयार की है जो बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा कर रही है।

# सड़क निर्माण संबंधी कार्यों के लिए धनराशि मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत जनपद बलिया में सड़क निर्माण संबंधी कार्यों के लिए 10 करोड़ 34 लाख रुपए मंजूर किए हैं। मंजूर की गई धनराशि जनपद बलिया के जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति जनपद बलिया को प्रेषित कर दी गई है। शासनादेश के अनुसार जनपद बलिया के ग्राम सभा खरूआंव में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य हेतु 464 लाख रुपए तथा ग्राम सभा सिसवार में सीसी सड़क एवं नालर निर्माण के कार्य हेतु 570 लाख रुपए की धनराशि मंजूर की गई है। शासनादेश में यह भी निर्देश दिए गए हैं कि इस कार्य हेतु मंजूर की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जाएगी।

# विधानसभा अध्यक्ष को रक्षा सूत्र किया अर्पित



**लखनऊ।** विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना को बुधवार को महिला उत्थान मंडल लखनऊ की बहनों ने मिलकर उन्हें रक्षा सूत्र अर्पित किया। बहनों ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सतत विजय की मंगलकामनाओं के साथ यह शुभ संकल्प व्यक्त किया। भेंट के दौरान महिला उत्थान मंडल द्वारा संचालित विभिन्न सेवात्मक व सांस्कृतिक अभियानों की जानकारी दी। सतीश महाना ने सेवाभावी कार्यों की सराहना करते हुए बहनों को विधानसभा सचिवालय का कैलेंडर एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पिंकी लखमानी, पल्लवी पांडे सहित महिला उत्थान मंडल की अन्य बहनें उपस्थित रहीं। इनके साथ अर्जुन व नारायण पांडे भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

# धराली की तबाही की मूल वजह कुछ स्वार्थी लोगों का दुर्व्यवहार

विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को बयान जारी कर कहा है कि उत्तरकाशी के धराली में जो तबाही हुई है उसके पीछे प्रकृति के साथ कुछ स्वार्थी लोगों द्वारा किया जा रहा दुर्व्यवहार मूल कारण है। हमारी मांग है कि बचाव और राहत का कार्य युद्धस्तर पर किया जाए और लोगों के जीवन को बचाने का हर संभव प्रयास किया जाए। हर एक जीवन अनमोल है। पर्यावरण संरक्षण ही जीवन सरंक्षण की प्रतिभूति होता है।



- **एसआईआर को लागू करने पर भाजपा सरकार को लिया आड़े हाथ**

उन्होंने कहा कि पहाड़ी इलाकों में जिस तरह से आपदा आ रही है। घटनाएं हो रही है। बड़े पैमाने पर नुकसान हो रहा है। वह बहुत चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया और समाजवादियों ने हिमालय बचाओ और नदियां बचाओ का नारा दिया था। हम सबको मिलकर उसी दिशा में काम करना पड़ेगा।साथ ही अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा एसआईआर को लागू करके संविधान का विरोध कर रही है जबकि सपा और इंडिया गठबंधन द्वारा एसआईआर का विरोध संविधान को बचाने की कोशिश है। जनता भाजपा के खिलाफ वोट न डाल सके, इसीलिए भाजपा जनता से वोट देने का अधिकार छीनना चाहती है। यह हारती हुई भाजपा की निशानी है। वर्चस्ववादी भाजपा की एकतंत्री विचारधारा में चुनाव की अवधारणा है ही नहीं। वहां तो मनमर्जी का मनोनयन चलता है। यह घोर निंदनीय है।

# कांग्रेस माह भर शहीदों को नमन करेगी : अजय राय

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रेसवार्ता को सम्बोधित किया। प्रेसवार्ता में पूर्व विधायक रवीन्द्र चौधरी, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत आदि मुख्य रूप से शामिल रहे। प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए अजय राय ने कहा कि भारतीय इतिहास में अगस्त माह एक बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। 1942 में 8 अगस्त को महात्मा गांधी ने करो या मरो का नारा देकर भारत छोड़ो आंदोलन की शुरूआत कर दी थी। उत्तर प्रदेश ने भी इस आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। तमाम ऐसे जिले हैं जहां पर आम लोगों ने सड़कों पर उतरकर अंग्रेजो भारत छोड़ो का नारा बुलंद किया था।

- **कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने प्रेसवार्ता कर माह भर शहीदों के सम्मान में होने वाले कार्यक्रमों की बतायी रूपरेखा**




उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे माह कार्यक्रम कर शहीदों को नमन करेगी और इतिहास के पन्नों में दर्ज आजादी के इस आंदोलन को याद करेगी। कार्यक्रम की श्रृंखला की शुरूआत 08 अगस्त को काकोरी में जयहिन्द यात्रा निकाल कर की जाएगी। इसके बाद 9 अगस्त को प्रयागराज, 10 अगस्त आगरा एवं मुरादाबाद, 11 अगस्त अयोध्या (फैजाबाद), 12 अगस्त आजमगढ़, 14 अगस्त मैनपुरी, 15 अगस्त मऊ, 16 अगस्त चंदौली (धानापुर) एवं जौनपुर, 17 अगस्त वाराणसी, 18 अगस्त गाजीपुर एवं सीतापुर, 19 अगस्त बलिया, 23 अगस्त गोरखपुर, 28 अगस्त सैय्यद राजा चंदौली में कार्यक्रम कर शहीदों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करेगी। अजय राय ने कहा कि भाजपा भारत छोड़ो आंदोलन की बात करती है, उसका फायदा लेने की कोशिश करती है मगर यह सच वह लोगों के बीच नहीं बताती कि उसके पूर्वज सावरकर, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और उसका मूल संगठन आरएसएस भारत छोड़ो आन्दोलन का विरोध कर रहे थे। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 26 जुलाई 1942 को बंगाल के गर्वनर को चिट्ठी लिखकर भारत छोड़ो आन्दोलन को कुचलने की सलाह दी थी। 1942 में कानपुर में हिन्दू महासभा के 24वें सत्र को सम्बाधित करते हुए सावरकर ने अंग्रेजों का साथ देने की बात कही थी।अजय राय ने कहा कि प्रधानमंत्री और उनका पूरा मंत्रिमंडल दिल्ली से लेकर लखनऊ तक स्वदेशी अपनाने की बात कर रहा है। सच यह है कि यह सिर्फ लोगों को बरगलाने की एक कोशिश है। प्रधानमंत्री खुद महंगे विदेशी ब्रांड की वस्तुओं का इस्तेमाल करते हैं जैसे वह जर्मन ब्रांड टं८ इूँ का चश्मा पहनते हैं। उन्होंने कहा कि नीचे से लेकर ऊपर तक भाजपा का सारा अमला विदेशी ब्राण्ड की गाड़ियों से चलता है। इनका पूरा आईटी तंत्र चीनी सामान से भरा पड़ा है। भारत और चीन के व्यापार में भारत का व्यापार घाटा 100 बिलियन डालर तक पहुंच गया है।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य पर हमला

**लखनऊ/रायबरेली** । लोक मोर्चा के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य पर बुधवार को रायबरेली में कथित रूप से करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया है।

पुलिस ने बताया कि मौर्य फतेहपुर जाते समय रायबरेली के सारस चौराहे पर कार्यकर्ताओं के स्वागत कार्यक्रम के लिए रुके थे और जब कार्यकर्ता उन्हें माला पहना रहे थे तभी एक व्यक्ति ने उन पर माला डालते हुए पीछे से थप्पड़ मारा। घटना के तुरंत बाद कार्यकर्ताओं ने हमलावर को पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। इस दौरान मौके पर कुछ पुलिसकर्मी भी मौजूद थे। आरोप है कि इस घटना में दो लोग शामिल हैं और घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मौर्य ने इसे करणी सेना के कार्यकर्ताओं की हरकत बताते हुए कहा कि सत्ता का संरक्षण प्राप्त होने की वजह से इस संगठन के गुंडे प्रदेश की कानून-व्यवस्था को तार-तार कर रहे हैं। घटना के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा, करणी सेना के कुछ कीड़े-मकोड़े इस तरीके से लगातार कानून की धज्जियां उड़ाते रहते हैं। क्योंकि उनका ताल्लुक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बिरादरी से हैं इसलिए ऐसे माफियाओं और गुंडों के खिलाफ योगी सरकार मौन है। उन्होंने कहा, करणी सेना के लोग ऐसे अराजक तत्व हैं जो उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था को मिट्टी में मिलाने का काम कर रहे हैं। जब पुलिस की मौजूदगी में गुंडे माफिया हमला कर रहे हैं तो उसकी गैर मौजूदगी में यह लोग कितना नंगा नाच करते होंगे, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

- **करणी सेना पर आरोप, दो आरोपी हिरासत में**

# खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में रामपुर में 300 करोड़ का किया जा रहा है निवेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति -2023 के तहत प्राप्त परियोजना प्रस्तावों पर समयबद्ध कार्यवाही करने, स्थापित इकाइयों के सब्सिडी आदि के प्रकरणों की समीक्षा करते रहने व प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के क्रियान्वयन पर विशेष रूप से फोकस करने के निर्देश उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियों को दिए हैं।

- **खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में 700 करोड़ के प्रस्तावों को मिली मंजूरी, 150 करोड़ मिलेगा अनुदान**
- **राज्य स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी की बैठक में 52 प्रस्तावों को मिली हरी झंडी**

उप मुख्यमंत्री ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों के माध्यम से उत्तर प्रदेश में अधिक से अधिक पूंजी निवेश कराना है। उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 अंतर्गत गठित राज्य स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी की बैठक कृषि उत्पादन आयुक्त दीपक कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में आयोजित हुई। बैठक में बताया गया कि गुजरात, राजस्थान, हरियाणा व उत्तराखण्ड के उद्यमियों द्वारा रामपुर में लगभग 300 करोड़ के मटर, गाजर, गोभी, पालक, मशरूम आदि के प्रसंस्करण की इकाई स्थापित की जा रही है। 700 करोड़ के प्रस्ताव एसएलईसी से पारित है, जिसमें लगभग 150 करोड़ का अनुदान दिया जायेगा। गोरखपुर/वाराणसी के उद्यमियों द्वारा लगे प्लांटो पर सोलर संयत्र स्थापित किया जा रहा है, जिसमें 75 किलोवाट पर 50 लाख तक का अनुदान दिया जायेगा। आगरा/मथुरा क्षेत्र से रैफर वैन, जिसमे ठंडा प्रसंस्करण सामान देश के सभी क्षेत्रों में भेजा जाता है।

उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण के अपर मुख्य सचिव बीएल मीना द्वारा बैठक के प्रारम्भ में समिति के सदस्यों का स्वागत करते हुए अवगत कराया कि विगत 10 बैठकों में 331 प्रस्तावों की स्वीकृति प्रदान की गयी है। समिति को यह भी अवगत कराया गया कि रेडी टू ईट के 62, सोलर पावर के 58, आईक्यूएफ के 31, सिरियल्स, पल्स के 26, कैटिल फीड के 22, फल एवं सब्जी प्रसंस्करण के 21, दुग्ध प्रसंस्करण के 14, रेडी टू सर्व के 12, बेकरी के 11, मसाला प्रसंस्करण के 11, फोर्टिफाइड राइस के 10, मस्टर्ड आयल के 10, राइस ब्रान आयल के 9, मल्टिग्रेन आटा के 8, गुड प्रसंस्करण के 8, मेडिसिनल आयल के 3, चिकोरी प्रसंस्करण, आइस क्रीम कोन, मीट प्रसंस्करण, ट्रांसपोर्ट सब्सिडी प्रत्येक के 2 तथा हींग एवं शहद प्रसंस्करण के 1-1 प्रोजेक्ट्स कुल 331 प्रस्तावों की स्वीकृति प्रदान की गयी है। यह भी बताया गया कि रामपुर एवं बरेली जनपद फ्रोजेन फूड प्रासेसिंग में हब के रूप में नीति अंतर्गत उभर कर आया है। जिसमें प्रदेश के निवेशकों के साथ-साथ उत्तराखण्ड एवं राजस्थान के उद्यमी द्वारा इन जनपदों ने लीज पर भूमि लेकर फ्रोजेन फूड प्रासेसिंग की यूनिट की स्थापना की जा रही है। प्रत्येक यूनिट को औसतन लगभग 60 हजार कुंतल फल एवं सब्जियों की आवश्यकता होगी, जो प्रदेश में ही उपलब्ध है। वर्ष 2021-22 के भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार के आकड़ों के अनुसार प्रदेश में लगभग 295.84 लाख मी.टन सब्जियों का उत्पादन होता है जो अब बढ़ कर 360.00 लाख मी.टन. हो गया है। फ्रोजेन फूड प्रासेसिंग की यूनिट की स्थापना के समय सम्बन्धित निवेशकों को यूनिट स्थापना के समीप के ग्रामों के कृषकों से समन्वय स्थापित कर फल एवं सब्जियों के उत्पादन के लिए प्रेरित करने, अनुबन्ध करने के साथ भारत सरकार की सीडीपी योजना अंतर्गत प्रस्ताव उपलब्ध कराने के सुझाव के क्रम में निवेशकों द्वारा प्रस्ताव तैयार कराकर उपलब्ध कराया गया, जिसे भारत सरकार को स्वीकृति के लिए प्रेषित कर दिया गया है।



अग्रेत्तर बुधवार को समिति के समक्ष 54 प्रस्ताव परीक्षण एवं निर्णय के लिए प्रस्तुत किये गये। इन 54 प्रस्तावों में से ब्रेड-बेकरी के 2, चिप्स नमकीन के 5, लाली-पाप कैण्डी के 1, कैटिल फीड के 4, फोर्टिफाइड राइस के 1, फ्रोजेन फूड के 20, रेडी टू ईट के 1, फ्रूट जूस के 3, काजू प्रसंस्करण का 1, दुग्ध प्रसंस्करण के 2, मस्टर्ड आयल एक्स्ट्रेक्शन के 1, रिफर वाहन के 3, सोलर पावर के 4, ट्रान्सपोर्ट सब्सिडी का 1 तथा केंद्रीय विश्वविद्यालय आईवीआरआरआई, बरेली तथा बाबा साहब अम्बेडकर विश्वविद्यालय, अमेठी के स्टार्टअप से सम्बन्धित 1-1, कुल 52 प्रोजेक्ट्स के स्वीकृति प्रदान की गयी है। बैठक में थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन एजेंसी द्वारा किए जा रहे सत्यापन कार्य की प्रशंसा करते हुए अध्यक्ष द्वारा और गहनता से ससमय परीक्षण करने की अपेक्षा की गयी।

# दिव्यांगजनों के भरण-पोषण भत्ते में 100 प्रतिशत की वृद्धि

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** योगी सरकार ने दिव्यांगजनों की सुविधाओं में वृद्धि करते हुए एक बड़ा निर्णय लिया है। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित विशेष विद्यालयों/संस्थाओं में निवासरत दिव्यांग संवासियों के भरण-पोषण भत्ते की राशि को 2000 रूपये प्रतिमाह से बढ़ाकर 4000 रूपये प्रतिमाह कर दिया गया है। यह निर्णय बुधवार से प्रभावी हो गया है।

- **विशेष विद्यालयों के आवासीय दिव्यांग छात्रों को अब मिलेंगे प्रतिमाह 4000 रूपय**

प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दिव्यांगजनों के सामाजिक सशक्तीकरण के लिए निरंतर सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। भरण-पोषण भत्ते में की गई यह बढ़ोतरी दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए बड़ी राहत है। यह केवल आर्थिक सहयोग नहीं बल्कि सरकार की संवेदनशील सोच का प्रमाण भी है।

प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार, पूर्व में 25 अप्रैल 2016 को जारी शासनादेश को संशोधित करते हुए यह निर्णय लिया गया है। इस निर्णय की सूचना प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों, मंडलीय उपनिदेशकों, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारियों, विभागीय प्रशिक्षण केंद्रों व आश्रयगृहों के अधीक्षकों तथा राजकीय विशेष विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को दे दी गई है ताकि लाभार्थियों को समय पर इसका लाभ मिल सके।

संक्षेप

## सर्पदंश से विवाहिता की मौत, कोहराम



प्रतापगढ़। सर्पदंश से विवाहिता की मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे रूप युवराज का पुरवा निवासी रामकरन प्रजापति की पत्नी सूबी प्रजापति 28 घर में सो रही थी। बुधवार की सुबह करीब चार बजे उसे सांप ने काट लिया। चीख सुनकर परिजन उसे लालगंज ट्रामा सेंटर ले आये। प्रारंभिक उपचार के बाद सूबी को जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान वहां उसकी मौत हो गयी। मृतका का पति रामकरन रोजीरोटी के सिलसिले में दिल्ली में रहता है। परिजन शव को लेकर घर लौटे तब कोहराम मच गया। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक मृतका के पति के घर पहुंचने पर अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## वांछित गिरफ्तार

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मुकदमें में वांछित को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। सांगीपुर थाना के दरोगा हरेन्द्र कुमार यादव बुधवार सुबह पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर देउम चौराहा के पास से युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने के दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपी शिवा वर्मा पुत्र धीरज वर्मा निवासी तारापुर को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

## आरोपी पकड़ा गया

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने गश्त के दौरान देशी बम के साथ एक आरोपी को धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। उदयपुर थाने के दरोगा रामबली चौहान बुधवार सुबह पुलिस बल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर कटरिया पुल के पास से दलापटटी निवासी सतुल उर्फ अतुल सरोज पुत्र कृशु सरोज को चार देशी बम के साथ गिरफ्तार किया है। दरोगा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ थाने में चार संगीन मुकदमें दर्ज है। आरोपी पर विस्फोटक पदार्थ रखने का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

## पुरानी रंजिश में हुई मारपीट, दो पर केस

प्रतापगढ़। पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट व धमकी को लेकर पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे धतई ऊछापुर गांव निवासी विनोद कुमार सिंह पुत्र रामनरेश सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चार अगस्त की शाम करीब सात बजे वह घूरभीट में एक दुकान पर खड़ा था। आरोप है कि इसी बीच गांव के विकास सिंह पुत्र उदयभान सिंह व संतोष वर्मा उर्फ अन्ना पुत्र लल्लू वर्मा वहां पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर गाली देने लगे। पीड़ित के विरोध करने पर उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। उदयपुर प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बारिश से गिरा मकान, गृहस्थी नष्ट

प्रतापगढ़। क्षेत्र में हुई बारिश के चलते जर्जर मकान ढह गया। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अन्तर्गत अजगरा निवासी अशोक विश्वकर्मा आटो चालक है। पीड़ित के अनुसार मंगलवार को घर पर कोई नही था। बारिश के चलते उसका जर्जर मकान ढह गया। मकान के मलबे में दबकर गृहस्थी के सामान नष्ट हो गये। पीड़ित ने स्थानीय प्रशासन से मदद की गुहार की है।

## चार आरोपितों पर केस दर्ज

प्रतापगढ़। मारपीट गालीगलौज व धमकी को लेकर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के खरावां गौखाड़ी निवासी अरविन्द जायसवाल उर्फ भोले पुत्र स्व0 रामदास जायसवाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चार अगस्त की दोपहर करीब ढ़ाई बजे खेत में बकरी के यूकेलिप्टस के पौधे खाने के विवाद में गांव के मो0 इरशाद पुत्र जुल्फिकार उर्फ मुन्ना, मुबारक पुत्र जुल्फिकार तथा अनुराग व राजू पुत्रगण साहबदीन उसे गाली देने लगे।

# राप्ती नदी का कहर कटान से ग्रामीणों में दहशत



श्रावस्ती। नेपाल से छोड़े गए भारी पानी के चलते राप्ती नदी इन दिनों उफान पर है, जिससे इकौना तहसील के भुतहा, खासियारी, लैबुडवा, गुलवरिया, चिरैंधापुर, मुस्काबाद और डिंगुराजोत सहित कई गांवों में कटान और बाढ़ का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। भुतहा और खासियारी गांवों में राप्ती की तेज धारा ने अब तक 40 से अधिक फलदार पेड़ों को निगल लिया है। इसके साथ ही कई बीघे उपजाऊ खेत भी नदी की भेंट चढ़ चुके हैं। स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि ग्रामीण खेत छोड़कर सड़क किनारे टिन-छप्पर डालकर रहने को मजबूर हो गए हैं। प्रभावित गांवों में दहशत का माहौल है।

नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और कटान की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही। जिला प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अलर्ट जारी कर दिया है। प्रभावित गांवों को खाली कराने के निर्देश दिए गए हैं और लोगों को नजदीकी प्राथमिक विद्यालय में अस्थायी रूप से शरण देने की तैयारी की जा रही है। बाढ़ चौकियों को सतर्क कर दिया गया है। राजस्व, स्वास्थ्य और बचाव दलों की टीमें चौकियों पर तैनात कर दी गई हैं, जो हालात पर निरंतर नजर बनाए हुए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र राहत और बचाव कार्य शुरू करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए तो नुकसान और बढ़ सकता है। प्रशासनिक अमला लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर रहा है और राहत सामग्री की तैयारी की जा रही है। स्थिति फिलहाल चिंताजनक बनी हुई है।

# स्वास्थ्य सेवाओं में कोताही बर्दाश्त नहीं : डीएम

### लापरवाही पर डीएम ने दिए अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश

सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने विकास खंड नौगढ़ स्थित उपकेंद्र हनुमानगढ़िया में आयोजित बीएचएनडी (बिजनेस हेल्थ न्यूट्रिशन डे) दिवस का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, दस्तावेजों की स्थिति और पोषण गतिविधियों का गहन अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने एएनएम से गर्भवती महिलाओं की आवश्यक जांचों की जानकारी ली। उन्होंने एक गर्भवती महिला की जांच अपनी उपस्थिति में कराई। एचआरपी जांच के लिए स्ट्रिप उपलब्ध था। लेकिन एमसीपी कार्ड पर आरसीएच नंबर गलत पाया गया। ड्यू लिस्ट भी अपडेट नहीं मिली। समीक्षा के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा सैम और मैम बच्चों का रजिस्टर भी देखा गया। इसमें पोषाहार वितरण की जानकारी ली गई। एचआरपी रजिस्टर में भारी लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने सीएचओ जय ललिता और एएनएम सरिता गुप्ता पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने दोनों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिए। अन्नप्राशन और पोषाहार वितरण सुनिश्चित किया जाए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बीएचएनडी दिवस पर



गर्भवती महिलाओं की गोद भराई, अन्नप्राशन और पोषाहार वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आंगनबाड़ी और आशा कार्यकताओं को निर्देश दिया कि वे टीकाकरण से एक दिन पहले ही घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को सूचना दें। इससे कोई भी बच्चा या गर्भवती महिला जांच और टीकाकरण से वंचित न रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कर्मियों को निर्धारित मानकों के अनुसार कार्य करना अनिवार्य है।

## ईंट - भट्ठे पर वृद्ध चौकीदार की हत्या

सिद्धार्थनगर- मोहाना थाना क्षेत्र के निरंजनपुर गांव स्थित एक ईंट भट्ठे पर बुधवार सुबह सनसनी फैल गई। वहां काम कर रहे मजदूरों ने ट्रॉली में ईंट लोड करते समय एक वृद्ध का शव ईंटों और मलबे के नीचे दबा हुआ पाया। मृतक की पहचान सुकई पुत्र भदरी, निवासी निरंजनपुर के रूप में हुई है। वह वर्षों से उसी भट्ठे पर चौकीदार के रूप में कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार, सुबह मजदूर भट्ठे से लिवर ट्रॉली में ईंटें लोड कर रहे थे। तभी उनकी नजर संदिग्ध तरीके से रखी गई ईंटों पर पड़ी। जब ईंटें हटाई गईं तो नीचे सुकई का शव मिला। किसी ने हत्या कर शव को ईंट और मलबे से ढक कर छुपा दिया था। शव के शरीर पर कई गहरे चोटों के निशान थे। विशेष रूप से सिर पर गंभीर वार के निशान पाए गए हैं। इससे स्पष्ट है कि सुकई की हत्या बेरहमी से की गई। लंबे समय से चौकीदारी का काम कर रहे थे घटना की सूचना मिलते ही मोहाना थानाध्यक्ष रतीश चंचल पांडे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। भट्ठा परिसर को चारों तरफ से घेरकर साक्ष्य जुटाए गए। भट्ठा मालिक विजय प्रताप जयसवाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा कि सुकई उनके भट्ठे पर लंबे समय से चौकीदारी का काम कर रहे थे। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि यह हत्या है। किसी ने जानबूझकर शव को छुपाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। एडिशनल एसपी प्रशांत कुमार ने वीडियो बयान जारी कर कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हर एंगल से जांच की जा रही है। यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है। साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं।



## फिल्म की तर्ज पर प्रेमिका को उतारा था मौत के घाट

**सिद्धार्थनगर।** निमार्णाधीन लाइब्रेरी में एक महिला की लाश मिली थी। पुलिस ने महिला की हत्या के आरोप में प्रेमी को गिरफ्तार किया है। प्रेमी महिला के प्रेग्नेंट होने से नाराज था। वो अबॉर्शन कराने की जिद कर रहा था। उसको शक था कि बच्चा उसका नहीं है। लेकिन, महिला ये बात नहीं मान रही थी। इसके बाद प्रेमी ने फिल्म दृश्यम की तरह प्रेमिका को मारकर निमार्णाधीन लाइब्रेरी में दफन कर दिया। फिर पूरी रात वहीं पर सोता रहा, जिससे किसी को शक न हो। पुलिस ने प्रेमी को बिहार के चंपारण से गिरफ्तार कर लिया था। बुधवार को उसको जेल भेज दिया गया। मामला शोहरतगढ़ नगर पंचायत का है !4 अगस्त को सिद्धार्थनगर में एक निमार्णाधीन लाइब्रेरी में महिला की लाश मिली थी। कमरे की फर्श खोदकर शव निकाला गया था। बॉडी करीब 7 दिन पुरानी बताई जा रही थी। महिला के चेहरे और हाथ-पैर का मांस गल चुका था। मसूड़े बाहर आ गए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया था। एसपी डॉ. अभिषेक



महाजन ने बताया- महिला नींबू मलिक शादीशुदा थी। वह बिहार में रहती थी। लेकिन, वह करीब 8 महीने से वह अपने पति से अलग रह रही थी। उसका एक बच्चा भी है, जो अपने पिता के पास रहता है। पति से अलग होने के बाद नींबू मलिक अपने प्रेमी शिव बालक के साथ बिहार से सिद्धार्थनगर आ गई थी। यहां दोनों मजदूरी करते और लिव-इन में रह रहे थे। दोनों ने एक साथ लाइब्रेरी में काम शुरू किया। इसी बीच नींबू मलिक प्रेग्नेंट हो गई। इसकी पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी हुई है। नींबू के प्रेग्नेंट होने पर शिव बालक बहुत नाराज हुआ। वो अबर्शन कराना चाहता था। लेकिन, नींबू इस बात के लिए तैयार नहीं थी। दोनों में इस बात को लेकर कई दिनों तक झगड़ा होता रहा। उसने नींबू को मारने का प्लान बना लिया। शिव ने 3 अगस्त की रात नींबू से कहा कि हमें लाइब्रेरी में काम करना है। इसके बाद दोनों लाइब्रेरी पहुंचे। दोनों ने वहीं पर खाना खाया। उसके बाद नींबू सो गई। नींबू के सोने के बाद शिव ने उसके सिर पर सीमेंट के भारी चक्के से 2-3 बार हमला कर दिया। इससे नींबू की मौके पर ही मौत हो गई। एसपी डॉ. अभिषेक महाजन ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल सीमेंट के चक्के को बरामद कर लिया गया है।

## काला नमक चावल पोर्टल का उद्घाटन



सिद्धार्थनगर। कालानमक चावल (बुद्धा राइस) क्रेता विक्रेता सम्मेलन के तैयारी हेतु जी0आई0 टैग प्राप्त जनपद के उपकृषि निदेशक एवं उपायुक्त उद्योग के साथ बैठक जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा सर्वप्रथम एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत काला नमक चावल पोर्टल का उद्घाटन किया गया। क्रेता विक्रेता सम्मेलन का आयोजन दिनांक 8 एवं 9 नवम्बर 2025 को आयोजित होना प्रस्तावित है। जीआई टैग प्राप्त जनपद के उप कृषि निदेशक से काला नमक धान का आच्छादन, काला नमक धान की खेती से जुड़े कृषकों की संख्या/कृषक उत्पादन संगठन एवं उत्पादन के लक्ष्य पर चर्चा कियाग या। उपायुक्त उद्यों के साथ काला नमक चावल के प्रसंस्करण, विपणन की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त कियाग या। काला नमक चावल बोर्ड के विस्तार हेतु अन्य जी आई टैग प्राप्त जनपद से सहयोग करने का निर्देश दिया। काला नमक चावल के उत्पादन हेतु वैज्ञानिक विधि से खेती करने हेतु कृषको को प्रेरित/प्रोत्साहित करें। काला नमक चावल के गुणवत्ता नियंत्रण, मूल्यवर्धन एवं पैकेजिंग पर विस्तृत चर्चा किया गया। काला नमक चावल (बुद्धा राइस) क्रेता विक्रेता सम्मेलन में जी आई टैग प्राप्त 10 जिलों (गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज, बस्ती, संतकबीर नगर, गोण्डा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच) से किसान/उद्यमी/कृषक उत्पादक संगठन को 05-05 स्टाल लगाने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त उपकृषि निदेशक राजेश कुमार, संतकबीरनगरडा0 राकेश कुमार सिंह, गोरखपुर धनन्जय सिंह, गोण्डा प्रेम कुमार ठाकुर, जिला कृषि अधिकारी मो0 मुजम्मिल, उपायुक्त उद्योग उदय प्रकाश, उपायुक्त उद्योग गौरव मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## नेपाल से मक्के की तस्करी में एक गिरफ्तार



सिद्धार्थनगर- शोहरतगढ़ स्थित बढ़नी में एसएसबी की 50वीं वाहिनी जी समवाय मलगहिया ने बुधवार को एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। एसएसबी ने मडनी गांव के पास से एक कार में नेपाल से लाए जा रहे 15 बैग मक्के के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एसएसबी 50वीं वाहिनी जी समवाय मलगहिया के इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि बढ़नी से बलरामपुर की ओर जा रही एक कार में नेपाल से लाया गया मक्का लदा हुआ है। इस सूचना पर नेशनल हाईवे 730 पर नाकाबंदी की गई। जांच के दौरान कार को रोककर तलाशी ली गई। उसमें से 15 बैग मक्का बरामद हुआ। कुल 375 किलोग्राम मक्का नेपाल से लाया जा रहा था। कार चालक से जब कागजात मांगे गए तो वह कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम भगवान दास बताया। वह 54 वर्ष का है। भगवान दास ग्राम बढ़नी, पोस्ट बढ़नी, थाना ढेबरुआ, सिद्धार्थनगर का रहने वाला है। एसएसबी ने आरोपी को मक्के और कार सहित कस्टम विभाग के सुपुर्द कर दिया है।

## आटा चक्की फटने से मजदूर की मौत, एक अन्य घायल

चंदौली। चंदौली जिले के मुगलसराय क्षेत्र में बुधवार को आटा चक्की में हुए एक विस्फोट में 42 वर्षीय एक मजदूर की मौत हो गई तथा एक अन्य श्रमिक घायल हो गया। पुलिस के अनुसार घटना से नाराज ग्रामीणों और मजदूरों के परिजनों ने मिल मालिक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उचित मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने स्थिति को संभाला और ग्रामीणों को जांच व हर संभव मदद का आश्वासन देकर शांत कराया। पुलिस ने बताया कि मुगलसराय थाना क्षेत्र के डांडी में स्थित आशा मिल में बुधवार सुबह 10 बजे एक धमाका हुआ जिसमें चक्की में लगा पत्थर कई हिस्सों में बिखर गया। पुलिस के अनुसार धमाके के समय काम कर रहा मजदूर मुख्तार गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि एक अन्य मजदूर उपाध्याय को भी चोट आई।

# 10 से 28 तक चलेगा राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान

जिला संवाददाता

**श्रावस्ती।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद श्रावस्ती में 10 अगस्त से 28 अगस्त




तक फाइलेरिया मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसका उद्देश्य वर्ष 2030 तक फाइलेरिया का पूर्ण उन्मूलन है। फाइलेरिया एक परजीवी जनित संक्रामक रोग है जो मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलता है। यह रोग वर्षों तक शरीर में छिपा रह सकता है और बाद में हाथ-पैर की सूजन, हाईड्रोसील, और पेशाब में दूधिया द्रव (काइल्यूरिया) जैसे लक्षणों के रूप में प्रकट होता है। इसका स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन हर वर्ष एल्बेन्डाजोल और डीईसी की खुराक लेने से इससे बचाव संभव है। लक्षण न दिखने पर भी दवा लेना अत्यंत आवश्यक है।

## फाइलेरिया रोग बड़ा दुखदायी, दूर करो मिल कर सब भाई



**श्रावस्ती।** सीएमओ डॉ. अशोक कुमार सिंह ने पत्रकारों से बताया कि फाइलेरिया से बचाव के लिए हर नागरिक को साल में एक बार दवा जरूर खानी चाहिए, यह अभियान जनहित में चलाया जा रहा है सभी लोग दवा लें, दूसरों को भी प्रेरित करें और जनपद को फाइलेरिया मुक्त बनाने में सहभागी बनें। उन्होंने ये भी कहा कि कुछ लोग अपने बच्चों को दवा देने से कतराते है क्योंकि उन्हें लगता है दवा नुकसान कर सकती है ,लेकिन ये सच नहीं है, कुछ प्रतिशत लोगों को बुखार आ सकता है, मतली जैसा लग सकता है, शरीर पर चकत्ते भी कुछ देर के लिए आ सकते है, यदि ऐसा होता है तो मेडिकली इसे अच्छी बात मानी जाती है ऐसा ज्यादातर उन लोगों को होता है जिनको फाइलेरिया होने की संभावना अधिक होती है ,शरीर में मौजूद बीमारी के जीवाणु जब मृतप्राय होने लगते है तो इस प्रकार के लक्षण आ सकते है जिससे घबराने जैसी कोई बात नहीं है सिंह ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से हमें श्रावस्ती को फाइलेरिया से पूर्ण मुक्त करना है इसीलिए, संदेश के माध्यम से जागरूकता फैलाई जा रही है फाइलेरिया रोग बड़ा दुखदाई, दूर करो मिल कर सब भाई अभियान की प्रमुख विशेषताएं उक्त कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार सिंह, डॉ. वी. के. श्रीवास्तव , अपर मुख्य चिकित्साधिकारी , डॉ. कृष्ण कांत अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, बबिता वाजपेई , कंसल्टेंट, राकेश कुमार गुप्ता , जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एनएचएमप्रमुख अधिकारीगण मौजूद रहे।

## हैदराबाद से 3 बच्चों के साथ श्रावस्ती के लिए निकली महिला नहीं पहुंची घर



कटरा, श्रावस्ती। 1 अगस्त 2025 को हैदराबाद के पल्ली रेलवे स्टेशन से गोरखपुर एक्सप्रेस द्वारा एक महिला रिंका देवी अपने तीन बच्चों के साथ गोंडा के लिए रवाना हुईं। बताया गया कि स्टेशन पर दिन में लगभग 11 बजे रिंका देवी के पति मालिक राम ने स्वयं आकर उन्हें ट्रेन में बैठाया। जिन्हें थाना इकौना के अंतर्गत श्रावस्ती के ग्राम डकाही के मजरा कर्मोहना अपने ससुराल आना था। इस यात्रा में रिंका देवी के साथ उनकी तीन संतानें थीं – बड़ी बेटी कंचन देवी (उम्र लगभग 12 वर्ष), बेटा सौरभ (7 वर्ष) और सबसे छोटी बेटी श्रद्धा (3 वर्ष)। यह पहला अवसर था जब रिंका देवी बच्चों के साथ हैदराबाद से अकेले यात्रा कर रही थीं। रिंका देवी का मायका जनपद बहराइच के थाना विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम जलालपुर में है।

## एक ही रात दो घरों से हजारों की नकदी व जेवरात उड़ा ले गये चोर



प्रतापगढ़। बेखौफ चोर एक ही रात दो घरों की हजारों की नकदी व हजारों के जेवरात उड़ा ले गये। बुधवार सुबह घर में हुई चोरी की जानकारी होने पर परिजन आवाक रह गये। चोरी की घटना को लेकर पीड़ितो ने पुलिस को तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के मेढ़ावां गांव की सुशीला सिंह पत्नी स्व0 कालीबक्श सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती मंगलवार की रात घर के लोग सो रहे थे। रात करीब तीन बजे पीड़िता शौच के लिए उठी तो कमरा खुला व सामान बिखरा देख आवाक रह गयी। पीड़िता कमरे में पहुंची तो आलमारी तथा बक्शा का ताला टूटा मिला और उसमें रखे नौ हजार की नकदी व कीमती सामान गायब मिला। वहीं सुबह सोकर उठने पर गांव के ही अतुल सिंह पुत्र स्व0 सुरेन्द्र बहादुर सिंह के घर से भी ग्यारह हजार की नकदी व हजारों के जेवरात की चोरी का पता चला। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन कर वापस लौट गयी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पंचवटी धाम में ऊं नमः शिवाय के जप में जुटे श्रद्धालु, लोकमंगल की प्रार्थना



प्रतापगढ़। रामपुर बावली के समीप अनेहरा स्थित आरएसएस इण्टर कालेज के समीप पंचवटी धाम में बुधवार को ऊँ नमः शिवाय के सामूहिक जाप में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी दिखी। धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने देवाधिदेव महादेव का रूद्राभिषेक एवं पूजन अर्चन कर महादेव का गुणगान किया। शंखध्वनि व वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य ऊँ नमः शिवाय जाप में लोक मंगल की प्रार्थना भी हुई। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व प्रधान पं. रमाशंकर शुक्ल व सह संयोजक समाजसेवी बलराम शुक्ला ने पंचवटी धाम का भव्य श्रृंगार किया। वही धाम में असंख्य दीप प्रज्वलित हुए। पंचवटी धाम में फूलों के श्रृंगार को देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। प्रधान दिवाकर शुक्ल ने संस्कृत विद्वानों को सम्मानित किया। इस मौके पर समाजसेवी डा0 चन्द्रेश सिंह, अरूण त्रिपाठी, श्यामशंकर शुक्ल, अनंतराम शुक्ल, जटाशंकर शुक्ल, रामकृष्ण शुक्ल, राज नारायण शुक्ल, प्रभाकर शुक्ल, आदि रहे।

## नियमों को धता बताकर संचालित विद्यालयों को थमायी गयी नोटिस, हड़कंप

प्रतापगढ़। नियमों को धता बताकर बिना मान्यता के संचालित स्कूलों को नोटिस मिलने से बुधवार को हडकंप का माहौल दिखा। जिले के बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने इन विद्यालयों को नोटिस जारी करते हुए अनियमित कक्षाओं के संचालन को बंद करने के निर्देश दिये हैं। लालगंज के खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार सिंह की जांच में क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक विद्यालय मान्यताविहीन पाये गये हैं। बीईओ ने इन बगैर मान्यता के संचालित हो रहे विद्यालयों पर कार्रवाई के लिए बीएसए को आख्या भेजी है। बीएसए भूपेन्द्र सिंह ने लालगंज क्षेत्र के बेनीमाधव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नया का पुरवा, जीएम पब्लिक स्कूल, विद्यासागर शिक्षा संस्थान मटियारा अगई, धर्मराज यादव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कालूराम खजुरी, संजय गांधी विद्या मंदिर रायपुर तियांई, माता शांती देवी पब्लिक स्कूल, बैजनाथ प्राथमिक विद्यालय वर्मा नगर, राजवंत पब्लिक स्कूल अगई, सरस्वती ज्ञान मंदिर रानीगंज कैथौला, सावित्री ज्योतिबाफुले कान्वेंट स्कूल पयागीपुर के प्रबन्धकों व प्रधानाध्यापकों को नोटिस के जरिए तीन दिन के भीतर स्कूल संचालन बंद किये जाने के निर्देश दिये हैं। नोटिस जारी होते ही विद्यालयों में हडकंप का माहौल देखा गया। बीईओ सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि नोटिस को अमल मे नही लाया गया तो आरोपी विद्यालयों के संचालको के खिलाफ निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## भारत जन कल्याण योजना से सस्ता मिल रहा राशन



सेमरी, श्रावस्ती। देश में बढ़ती महंगाई के बीच आमजन को राहत देने के लिए भारत जन कल्याण योजना वरदान बनकर सामने आई है। इस योजना के अंतर्गत जरूरतमंदों को रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं 20 से 40 प्रतिशत तक सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। श्रावस्ती जनपद में इस योजना के तहत अब तक 20 से अधिक जनकल्याण दुकानें स्थापित की जा चुकी हैं। इसी क्रम में सेमरी चौराहे पर नवल किशोर सिंह ने अपने मकान पर भारत जन कल्याण दुकान की शुरूआत की। इस दुकान का उद्घाटन भारत जन कल्याण योजना के मार्गदर्शक डॉ. अवधेश कुमार पांडेय के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। उद्घाटन के दौरान डॉ. पांडेय ने बताया कि यह योजना आम आदमी को महंगाई की मार से बचाने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि योजना का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सस्ती एवं गुणवत्तापूर्ण वस्तुएं पहुंचाना है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिक, महिलाएं एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे। लोगों ने योजना की सराहना करते हुए इसे गरीबों के हित में एक ठोस कदम बताया।

## किशोर की नदी में डूबने से मौत



सिद्धार्थनगर- भवानीगंज थाना क्षेत्र के कुआँनो नदी के भालूकोनी घाट पर बुधवार को एक दुखद घटना घटी। अपने साथियों के साथ नहाने गए 15 वर्षीय किशोर की नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बस्ती जिले के सोनहा थाना क्षेत्र के चंदोखा गांव निवासी सुमित पुत्र राजकुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सुमित अपने गांव के कुछ साथियों के साथ कुआँनो नदी के भालूकोनी घाट पर नहाने गया था। बुधवार शाम करीब 4:30 बजे नदी में नहाते समय वह डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। स्थानीय लोगों ने इस घटना की जानकारी भवानीगंज थाने को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से नदी से कुछ दूरी पर किशोर के शव को बाहर निकाला गया। थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने बताया कि घटना के बाद किशोर के परिजन उसे इलाज के लिए बस्ती ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई।

संक्षेप

## पीड़ित ने लगायी सुरक्षा की गुहार

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के भोपा बाजार निवासी हरी प्रसाद पटेल ने जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर अपने ही गांव के एक व्यक्ति पर भिन्न-भिन्न आरोप लगाते हुए सुरक्षा की गुहार लगाया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के भोपा बाजार निवासी हरी प्रसाद पटेल ने जनसुनवाई पोर्टल पर दिये गए शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि मेरे मकान के सटे आराजी नंबर 48 रकबा तीन कट्ठा जमीन है। जिसमें गांव का ही एक मनबढ़ युवक जोर जबरदस्ती गाड़ी खड़ा करता है।मना करने पर फौजदारी आमदा हो जाता है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे भाई श्रीकांत पटेल जो काफी मन्द बुद्धि का है, उससे फर्जी कागजात बनवाकर जमीन कब्जाने की बात कह रहा है। उनका आरोप है कि उक्त व्यक्ति द्वारा मेरे भाई के नाम से बैंक में खाता खोला गया। तथा उसी से विड्राल फार्म भरवाकर तथा एटीएम द्वारा सारा पैसा निकाल लिया गया। उन्होंने उक्त युवक पर मनबढ़ दबंग तथा जालसाज होने का आरोप लगाया है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। मेरे पति श्री श्रवण कुमार मिश्रा, सर्विस नं.-14536337A, रैंक मानद/नायब सुबेदार के सर्विस अभिलेखों में नाम त्रुटिवश माया देवी है जब कि सही नाम माया मिश्रा है। अतः मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाय। पता- 454/A, लोक नगर, उन्नाव, 209801, उत्तर प्रदेश

## सूचना

सूचित हो कि मेरा मूल विक्रय पत्र जो उपनिबंधक कार्यालय सदर सुलतानपुर के रिकार्ड में बही नं.-1, जिल्द- 1464, पेज-136 से 137 क्रमांक- 4300 दिनांक-07.10.1988 जो भूखण्ड सं.- 83 मी. स्थित ग्राम खैराबाद तहसील सदर जिला सुलतानपुर, जिसे मैंने व मेरे भाई अतुल कुमार जायसवाल पुत्र स्व. राम लखन जायसवाल ने श्रीमती सीता अग्रवाल पत्नी श्री जोगीराम से खरीदा था, वास्तव में कहीं खो गया है। **अजय जायसवाल पुत्र स्व. राम लखन जायसवाल सुलतानपुर।**

**Hon. Balasaheb Thackeray Agribusiness and Rural Transformation (SMART) Project(www.smart-mh.org)**

**E-TENDER NOTICE NO:- 2025_DOAWB_1207001_1**

Construction of Warehouse (2000 MT) & Machinery Shed (145 Sq.M.)

The Government of Maharashtra is implementing the World Bank-funded SMART Project. **Agrovision Farmer Producer Company Limited, Ahilynagar** is one of the beneficiaries under the project and inviting online bids on **https://mahatenders.gov.in** for above mentioned works. The estimated cost of work is ***Rs. 231.34 lakhs (Including GST)***. The last date for submission of online bid is **10/09/2025 up to 02:00 PM**. Any updates or notices shall be published on aforementioned websites only.

**District Implementation Unit, SMART Project Dist. Ahilyanagar**

**कार्यालय ग्राम पंचायत रामलोक विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

**पत्रांक /मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2025-26/** **दिनांक 06.08.2025**

**अल्पकालीन निविदा**

राज्य वित्त/पंचम वित /15 वां वित /आई.सी.डी.एस./मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रामलोक के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2025.-26 में निम्न निर्माण हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 13.08.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | प्रथम श्रेणी ईटा | एम.एस.स्टील खिड़की/दरवाजा | सरिया | गिट्टी | सीमेन्ट बैग | मौरंग |
| 1 | प्रा.वि. बेलाहार के पास आंगनवाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य | 17673 नग | 9.56 कुं0 | 24.75 कुं0 | 32.45 घन मी. | 336 बैग | 23.39 घन मी. |

**नियम शर्ते**

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत रामलोक के कार्यालय में 07.08.2025 से दिनांक 13.08.2025 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत रामलोक के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 07.08.2025 से दिनांक 13.08.2025 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जता सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत रामलोक के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 13.08.2025 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

**मंगालाल**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत रामलोक**
**विकास खण्ड धौरहरा**

**नवल किशोर**
**ग्रा.वि. अधिकारी**
**ग्राम पंचायत रामलोक**
**विकास खण्ड धौरहरा**

# 10 वर्षों से नहीं मिला न्याय

- हाई कोर्ट के डायरेक्शन की भी समय सीमा हुई समाप्त
- बेदखली में 9 एअर छोड़ना बना विवाद का कारण

जिला संवाददाता

**मझगांवा,गोरखपुर।** पुलिस और राजस्व के बीच तो जमीनी मामले उलझे हुए रह जाते हैं और पीड़ित न्याय के लिए थाने और तहसील का चक्कर लगाते लगाते थक जाता है। और अतिक्रमण कारी धीरे धीरे जमीन पर कब्जा कर लेता है। पीड़ित अपनी जमीन के लिए फिर न्यायालय का दरवाजा खटखटाता है लेकिन तब तक वह अपने जमीन से हाथ धो बैठता है कानूनी दांव पेंच में वर्षों न्याय की उम्मीद लगाए रहता है की क्या पता एक दिन न्याय जरूर मिले। कुछ ऐसा ही मामला गगहा थाना क्षेत्र के हाटा बाजार का है जहां सड़क की कीमती जमीन के लिए 2015 से कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है। मामला थाना तहसील, जिला के साथ ही हाईकोर्ट तक चला गया, लेकिन उक्त जमीन का विवाद समाप्त नहीं हुआ। पीड़ित न्याय के लिए कानून का सहारा लेता रहा लेकिन उसे 10 साल बाद भी न्याय नहीं मिल सका। हाटा बाजार में गाटा संख्या 857 का बैनामा ललिता देवी ने 2015 में लिया था उनकी जमीन पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया था अपनी जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए थाना और तहसील का चक्कर काटती रही। अन्ततः 2019 में तत्कालीन उपजिलाधिकारी बासगांव व थाना प्रभारी गगहा के नेतृत्व में भारी फोर्स के साथ बेदखली का कार्य शुरू हुआ तो अधिकारियों को विरोध का सामना भी झेलना पड़ा, लेकिन अधिकारियों ने बेदखली का काम जारी रखा। अंत में 9 एअर जमीन बेदखली से वंचित रह गयी जो आज भी विवाद का कारण बनी हुई है। उक्त जमीन बैनामा होने के बाद दो वर्षों तक आपत्ति होने के कारण खारिज दाखिल से वंचित रही लेकिन 2017 में आपत्ति को खारिज करते हुए ललिता देवी के नाम से खारिज दाखिल कर दी गई। अपनी जमीन पर कब्जा पाने के लिए ललिता देवी उच्चाधिकारियों के यहां दौड़ती रहीं और न्याय पाने की उम्मीद में 2020 में गोलोकवासी हो गयी। अब उस जमीन को पाने के लिए उनके बेटों ने हाई कोर्ट की शरण ली है हाई कोर्ट से डायरेक्शन लेकर आए और उसकी समय सीमा भी समाप्त हो गयी लेकिन न्याय नहीं मिला।

### उपजिलाधिकारी ने बेदखली के साथ लगाया था अर्थ दण्ड

उपजिलाधिकारी बासगांव ने 11 दिसम्बर 19 को बेदखली का आदेश करते हुए अवैध कब्जा का दोषी मानते हुए दो हजार रू का आर्थिक दण्ड लगाया था। तो वहीं जनवरी 24 में कमिश्नर न्यायालय ने विपक्षी की अपील को निरस्त करते हुए लिखा कि अगर कोई स्थगन आदेश हो तो वापस लिया जाता है लेकिन इतना सब होने के बाद भी विवादित जमीन सीमांकन के बाद भी खाली नहीं करायी जा सकी बल्कि उस पर निर्माण कार्य होता रहा। अब पुनः पीड़ित हाई कोर्ट की शरण में पहुंचकर न्याय की आस लगाए हुए है।

*इस संबंध में उप जिला अधिकारी बांसगांव ने बताया कि जांच करा कर रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।*

*वहीं इस संबंध में गगहा थाना प्रभारी सुशील कुमार ने कहा कि क्योंकि यह मामला राजस्व से संबंधित है जब राजस्व टीम आएगी और उनके द्वारा जो दिशा निर्देश होगा उसी हिसाब से विधि कार्रवाई की जाएगी।*

## ओवरब्रिज पर लगाई गई लाइट पोलों पर लगे बल्व गायब

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के निबिहवा रेलवे क्रासिंग पर बने ओवरब्रिज पर लगवाया गया विद्युत प्रकाश ध्वस्त हो गया है। दर्जनों विद्युत पोलों पर प्रकाश के लिए लगवाये गये विद्युत बल्व गायब हो चुके हैं। ओवरब्रिज पर अब अंधकार का साम्राज्य है। बताते चलें कि निबिहवा रेलवे क्रासिंग पर लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए ओवरब्रिज का निर्माण सरकार द्वारा कराया गया। तथा उस पर प्रकाश की व्यवस्था के लिए दर्जनों रोड लाइटें लगवाई गई। स्थानीय कुछ लोगों का कहना है कि कुछ महीने तक तो ओवरब्रिज पर रोशनी की व्यवस्था चकाचक रही। लेकिन कुछ महीने बाद रोड लाइटें के खम्भों पर से बल्ब गायब होना शुरू हो गया। और आज स्थिति यह है कि उक्त ओवरब्रिज पर केवल विद्युत पोल ही खड़े रह गये है। सभी पोलों पर से बल्ब गायब हो चुके हैं।

## व्यापारी भाजपा अध्यक्ष से मिले, कार्रवाई की मांग



ऊसराहार, इटावा। ऊसराहार में खाद्य विभाग अधिकारियों द्वारा व्यापारियों से की मारपीट को लेकर व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण गुप्ता से मिलकर घटना में दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की गयी जिस पर जिलाध्यक्ष अरुण गुप्ता ने जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से वार्ता कर व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और गैर जिम्मेदाराना व्यवहार के लिए दोषी खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई करने को कहा इस सम्बन्ध में भाजपा जिलाध्यक्ष ने अरुण गुप्ता ने बताया कि जिलाधिकारी ने मामले की जांच अपर जिलाधिकारी को सोंपी है उन्होंने जांच के बाद दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी व्यापारी के साथ मारपीट करने वाले कर्मचारी पर मुकदमा दर्ज कराने को कहा है। व्यापारियों की सुरक्षा और सम्मान के लिए हर संभव स्तर पर मदद की जाएगी। व्यापारियों में व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल कौशल, रवि चक्रवर्ती, सरसईनावर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनुज गुप्ता, नरेंद्र गुप्ता, गोपाल मिश्र आदि शामिल रहे।

## नर सेवा ही नारायण सेवा : अन्नू गुप्ता



इटावा। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में प्रदेश महामंत्री, विधान परिषद सदस्य व कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र प्रभारी अनूप गुप्ता का जन्मदिन विष्णु हरिपुरम कॉलोनी में संचालित सरोज वृद्धाश्रम में मनाया गया। अनूप गुप्ता के जन्मदिन के अवसर पर जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ वृद्धाश्रम में 45 महिला, पुरुष बुजुर्गों को अंगवस्त्र वितरित किए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि आज इस आश्रम में आकर यहां की उत्कृष्ठ व्यवस्थाएं देखकर मैं बेहद प्रभावित हुआ हूं यहां रह रहे सभी बुजुर्गो को जीवनोपयोगी जरूरी सुविधाएं संस्था की ओर से निशुल्क प्रदान की जा रही है जो बेहद ही सराहनीय है चूंकि नर सेवा ही नारायण सेवा भी होती है अतः संस्था बधाई की पात्र है उन्होंने भविष्य में संस्था को हर संभव सहयोग देने की बात भी कही। इस अवसर पर जिलामहामंत्री प्रशांत राव चैबे, जिला मंत्री जितेंद्र गौड़, जिला उपाध्याय हरनाथ कुशवाह, पूर्व चेयरमेन इकदिल डॉ सौरभ दीक्षित, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा रोहित शाक्य, अमित तिवारी श्मानुश, विमलेश शाक्य, सन्नी शर्मा, अंकित सैनी, उदयवीर दोहरे, प्रीति दुबे, वैभव दुबे उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मना कमलेश पासवान का जन्मदिन



मझगांवा, गोरखपुर। गगहा मंडल के हटा बाजार स्थित एक निजी प्रतिष्ठान में भाजपा कार्यकताओं ने बांसगांव के सांसद और केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अजीत वर्मा ने केक काटकर जन्मदिन की शुरूआत की। जन्मदिन के अवसर पर सभी भाजपा कार्यकताओं ने एक दूसरे को केक खिलाकर बधाई दी। इस दौरान मंडल महामंत्री विनय शुक्ला, शशि भूषण राय, पंकज सिंह, लाला गॉड, कौशलेश दुबे, महेंद्र पासवान जनार्दन मौर्य सुरेंद्र सिंह सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे ।जन्मदिन समारोह में भाजपा कार्यकताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान के जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कार्यकताओं ने एक दूसरे को केक खिलाकर जन्मदिन की खुशी में भाग लिया। कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी भाजपा कार्यकताओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंडल अध्यक्ष अजीत वर्मा के नेतृत्व में सभी कार्यकताओं ने जन्मदिन समारोह को सफल बनाया।

## नया आधार कार्ड बनाने के लिए पैसा मांगने वाली महिला कर्मचारी पर हुई कार्रवाई

- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा नौसढ़ में नया आधार कार्ड बनवाने के नाम पर धनउगाही को लेकर हुई कार्रवाई

### खबर का असर

गीडा, गोरखपुर। गोरखपुर के गीडा क्षेत्र में स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा नौसढ़ में नया आधार कार्ड बनवाने के नाम पर धनउगाही का मामला सामने आया था। लोकप्रिय समाचार पत्र वॉयस ऑफ लखनऊ ने नया आधारकार्ड बनवाने के नाम पर लिए रुपए, शिकायत₹ शीर्षक से 05 अगस्त के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर को संज्ञान में लेते हुए शाखा प्रबंधक अमित सिंह ने तत्काल कार्रवाई करते हुए महिला आपरेटर को तत्काल प्रभाव से हटा दिया और एजेंसी के खिलाफ कार्यवाही के लिए शीर्ष नेतृत्व को पत्र भेजा है।

बता दे कि नौसड़ स्थित यूनियन बैंक में एक एजेंसी द्वारा नया आधारकार्ड आवेदन एवं बायोमेट्रिक किया जाता है। कुछ लोगों ने आरोप लगाया था कि नया आधार आवेदन के नाम पर महिला ऑपरेटर द्वारा 200 रुपये लिया जा रहा है, जो नियम विरुद्ध है। शाखा प्रबंधक ने लोगों से अपील किया कि नया आधार आवेदन पूरी तरह से निःशुल्क है। अगर कोई कर्मचारी किसी प्रकार शुल्क लेता है तो तत्काल संबंधित अधिकारी को सूचित करें। ऐसे लोगों तत्काल चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।


नया आधारकार्ड बनवाने के नाम पर लिए रुपये, शिकायत
- शिकायतकर्ता ने 200रु लेने का लगाया गंभीर आरोप
- यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा नौसढ़ का मामला
- निःशुल्क है नए आधारकार्ड का आवेदन

## युवक घायल

इकदिल, इटावा। क्षेत्र में आगरा कानपुर नेशनल हाईवे पर फूफई ओवरब्रिज के पास खड़े ट्रक में बाइक टकराने युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला मैनपुरी थाना कोतवाली, गांव गोपालपुरा के रहने वाले रामविलास का 22 वर्षिय बेटा रजत बुधवार साढे दस बजे अपने बुआ के घर गांव बिजौली थाना बकेवर से बाइक से अपने घर जा रहा था तभी उपरोक्त स्थान पर पहले से पंचर खड़े ट्रक से पीछे से बाइक अनियंत्रित होकर तकरा जाने से युवक घायल हो गया।

## दिव्यांग बच्चों के पेरेंट्स काउंसलिंग का हुआ आयोजन

चौरीचौरा, गोरखपुर। ब्लॉक संसाधन केंद्र सरदार नगर में समावेशित शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के देखभाल रखरखाव एवं उनके शिक्षण प्रशिक्षण हेतु दिव्यांग बच्चों के पेरेंट्स काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार तथा चन्द्रप्रकाश शुक्ला की अध्यक्षता में किया गया ।परामर्शदाता के रूप में स्पेशल एजुकेटर गिरजेश कुमार मिश्र, अरुण कुमार द्विवेदी नितीश सरोज द्वारा दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को अनेक प्रकार की दिव्यांगता के बारे में जागरुक किया गया। तथा बताया गया कि माता-पिता अपने संबंधित दिव्यांग बच्चों की देखभाल रखरखाव व उनको शैक्षणिक सपोर्ट किस प्रकार से प्रदान कर सकते हैं। और परिषदीय विद्यालयों में संचालित विभिन्न प्रकार की दिव्यांग बच्चों से संबंधित योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई ।जिसमें होम बेस्ड एजुकेशन से संबंधित दिव्यांग बच्चों की देखभाल रखरखाव व बेसिक शिक्षा विभाग की एस्कॉर्ट स्टाइपेंड जैसी सुविधाओं योजनाओं के बारे में और कैसे बच्चे को स्वावलंबी आत्मनिर्भर बनाकर समाज की मुख्य धारा से जोड़ा जाए, आदि तमाम प्रकार की गतिविधियों के बारे में चर्चा किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभागी 53 अभिभावक उपस्थित रहे। सभी माता-पिता अभिभावक को भावनात्मक रूप से दिव्यांग बच्चों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। दिव्यांग प्रेरक के रूप में अखिलेश सिंह प्र.अ.प्राथमिक विद्यालय चौरा प्रथम प्र.अ.सुभाष शर्मा प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मनपुर एवं तमाम अभिभावक गण उपस्थित रहे ।कार्यक्रम के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार द्वारा बताया गया कि दिव्यांग बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभाओं का अवलोकन कर उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का माध्यम बनाकर दिव्यांग बच्चों को स्वावलंबी एंव आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है ।

## दो शातिर अभियुक्त मुठभेड़ में गिरफ्तार

इटावा। चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुये मात्र 6 घंटे में 2 अन्तर्जनपदीय अभियुक्तों को पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार। कब्जे से 2 अवैध तमन्चा



315 बोर, 4 जिन्दा कारतूस, 3 खोखा कारतूस व मिस कारतूस 315 बोर एवं चोरी की भैंस, चोरी का पिकअप घटना में प्रयुक्त की गयी बरामद। थाना बसरेहर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

बुधवार को वादी अनिल कुमार पुत्र अगर सिंह निवासी नगला भिखन थाना फ्रेंडस कालोनी द्वारा तहरीरी सूचना दी गयी कि मंगलवार की रात्रि को मेरे घर के दरवाजे पर बंधी मेरी 2 भैंसो को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है जिसके संबंध मे थाना फ्रेण्डस कालोनी पर मामला दर्ज किया गया। थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र से भैंस चोरी की सूचना प्राप्त होने पर थाना बसरेहर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग की जा रही थी ।इसी दौरान राहिन रोड स्थित गौतमबुद्ध अकादमी स्कूल के पास एक बोलेरो पिकअप आती हुई दिखाई दी, जिसे रोकने का प्रयास किया गया तो पिकअप सवार तेज गति से खारजा बम्बा, बसरेहर से ग्राम रम्पुरा की ओर भागने लगे। थाना बसरेहर पुलिस टीम द्वारा तत्काल वाहन का पीछा किया गया। पीछा किये जाने के दौरान बोलेरो पिकअप सवार व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किये गये जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी जिसमे चाँद उर्फ छिदुवा उर्फ चाहर पुत्र टेनी उर्फ मुन्सी उर्फ हुड्डा के दोनों पैरो तथा आरिफ पुत्र शानू के बाँए पैर में गोली लगी। पुलिस टीम द्वारा दोनो अभियुक्तों को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। 2 अभियुक्त अँधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहें, जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष बसरेहर सौरभ सिंह, उ.नि. सौरभ राणा रहे। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने नाम चाँद उर्फ छिदुवा उर्फ चाहर पुत्र टेनी उर्फ मुन्सी उर्फ हुड्डा निवासी चमनगंज थाना अलीगंज एटा, आरिफ पुत्र शानू निवासी अंसारी मोहल्ला थाना अलीगंज एटा बताया।

## वृद्धजनों की देखभाल केवल दायित्व नहीं, सामाजिक कर्तव्यः कुलपति



सैफई, इटावा। वृद्धजन समाज की नींव हैं, उन्हें गतिशीलता, सम्मान और लंबी उम्र देना केवल चिकित्सा नहीं, बल्कि हमारा सामाजिक कर्तव्य है। यह कहना था उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह का, जो बुधवार ट्रामा सेंटर सेमिनार हॉल में को हड्डी एवं जोड़ सप्ताह के अंतर्गत आयोजित शैक्षणिक सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय को जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में आगे बढ़कर कार्य करना चाहिए और सभी विभागों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। कुलपति ने निर्देश दिया कि शीघ्र ही विश्वविद्यालय में वृद्धजनों के लिए विशेष सुपर स्पेशियलिटी जेरियाट्रिक ओपीडी की स्थापना की जाए, जहां अनुभवी चिकित्सकों और अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ सेवा दी जा सके। कार्यक्रम का आयोजन अस्थि रोग विभाग और सैफई आर्थोपेडिक एसोसिएशन के सहयोग से ट्रॉमा सेंटर स्थित सेमिनार हॉल में किया गया। शुभारंभ दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुआ। संचालन डॉ. मोहम्मद जोहेब और डॉ. यश श्रीवास्तव ने किया। आयोजन अध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष प्रो. सुनील कुमार ने स्वागत भाषण में कहा कि हड्डी एवं जोड़ सप्ताह का उद्देश्य केवल इलाज नहीं, बल्कि समाज में रोकथाम, जागरूकता और समय पर पहचान को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि गिरने की घटनाएं और हड्डियों से जुड़ी बीमारियां वृद्धावस्था में आम हैं, जिन्हें सही जानकारी और नियमित जांच से रोका जा सकता है। इस वर्ष की थीम ओल्ड पे गोल्ड वृद्धजनों के लिए समग्र देखभाल हम सभी को उनकी गरिमा और सुरक्षा की याद दिलाती है। इस दौरान प्रो-वाइस चांसलर डॉ. रामकांत यादव, डीन मेडिकल डॉ. आदेश कुमार, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसपी. सिंह, डॉ. पीके जैन और एसओए संरक्षक डॉ. डी.के. दुबे ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी और समाजहित में बताया।

## व्यापारी को थप्पड़ मारने के विरोध में डीएम को सौंपा ज्ञापन




इटावा। उसराहा में व्यापारी राजीव कौशल की दुकान पर खाद्य विभाग की एक टीम दुकान में रखी खाद्य सामग्री का सैंपल लेने के लिए पहुंचे जिस पर दुकानदार द्वारा अधिकारी गणों से विनम्रता पूर्वक कहा गया कि आप किस विभाग से हैं और आपका क्या परिचय है जिस पर अभिहित अधिकारी आग बबूला हो गए और दुकानदार को धमकियां देने लगे तेरी क्या औकात है कि तू मेरा परिचय पूछेगा और व्यापारी को थप्पड़ जड़ दिया जिससे आक्रोशित उसराहार कस्बे के समस्त व्यापारीगढ़ एकत्रित हो गए। ज्ञापन देने पहुंचे जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चैहान ने कहा कि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल जनपद इटावा पुरजोर इस घटना का विरोध करता है और मांग करता है की जिला अभिहित अधिकारी पर पद के दुरुपयोग कर जबरन वसूली करने के उद्देश्य से व्यापारी के साथ मारपीट का मामला थाना ऊसराहार में पंजीकृत कराया जाए साथ ही ऐसे अधिकारियों को जिले से पद मुक्त कर बर्खास्त किया जाए और उनकी संपत्ति की जांच कराई जाए साथ ही खाद विभाग को यह निर्देशित किया जाए की वह अपनी सैंपलिंग की जांच को त्योहारों से 15 दिन पूर्व ही ना चलाएं बल्कि पूरे साल भर निरंतर चलाएं वसूली के उद्देश्य से त्योहार के 15 दिन पूर्व ऐसे अभियान चलाना भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं क्योंकि व्यापारी त्योहारों के वक्त अच्छी दुकानदारी के चलते ऐसे अधिकारियों से पल्ला झाड़ने के लिए उनकी मनमानी शर्तें मानने को बेहोश हो जाते हैं किसी भी व्यापारी की दुकान में ग्राहकों के मध्य यदि कोई अधिकारी जाकर छापा मारता है या सैंपल भरता है तो इसका प्रभाव उसे व्यापारी की दुकानदारी पर पड़ता है इसलिए अविलंब ऐसे छापा एवं सैंपल पर रोक लगाई जाए इस अवसर पर प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चैहान जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा जिला महामंत्री रमेश यादव उसराहार के अध्यक्ष रवि चक्रवर्ती जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### व्यापार मंडल ने मासिक पत्रिका भेंट की

इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का प्रतिनिधिमंडल जीएसटी कमिश्नर एसपी राव दीक्षित राज्यकर ग्रेड वन से जिलाध्यक्ष जागेश्वर प्रसाद अग्रवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की मासिक पत्रिका भेंट की।

## अगस्त क्रांति दिवस समारोह 9 अगस्त को

### शिवपाल सिंह यादव होंगे मुख्य अतिथि



इटावा। देश के अमर शहीदों की नमन करने के लिए मौलाना आजाद सामाजिक एकता समिति के तत्वावधान में 9 अगस्त शनिवार को सुबह 11 बजे से दीपू चैधरी मैरिज होम के प्रांगण में अगस्त क्रांति दिवस समारोह का आयोजन किया गया है, जिसमें देश के कई वरिष्ठ विचारक राजनेता उद्बोधन हेतु पधार रहे हैं, जिनमें समाजवादी नेता और पूर्वमंत्री शिवपाल सिंह यादव मुख्य अतिथि, पूर्व सांसद मो. अदीब साहब मुख्य वक्ता तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व अपर महाधिवक्ता राजबहादुर सिंह यादव कार्यक्रम के अध्यक्ष होंगे। इसके अलावा कई और विशिष्ट विद्वान वक्ता कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

संस्था के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक जमील कुरैशी ने बताया कि हमारी संस्था दो दशक से लगातार अगस्त क्रांति दिवस समारोह आयोजित करती आ रही है, जिसमें देश प्रदेश के अनेक नामचीन महानुभाव विचारक आजादी के इन वर्षों ने हमने क्या खोया क्या पाया, और क्या हमारा प्यारा भारत देश शहीदों के सपनों का भारत बन पाया, इस पर गंभीर विमर्श प्रस्तुत करते रहे हैं। इस बार भी समारोह में देश के मौजूदा हालातों और भावी उम्मीदों के सम्बन्ध में विद्वान वक्तागण अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। हमारा सभी जिम्मेदार देशभक्त नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस कार्यक्रम में पधारकर कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उनके विचारों को सुनने के लिए समय से पधारे। इस अवसर पर प्रदेश के पूर्व अपर महाधिवक्ता राजबहादुर सिंह यादव के अलावा टिल्लू यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## युक्ति पांडेय को डिप्टी सीएम ने किया सम्मानित

इटावा। संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर आईपीएस बनने वाली जिले की लाडली बेटी युक्ति पांडेय को प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने लखनऊ में प्रतीक चिन्ह तथा सम्मान पत्र देकर किया सम्मानित। यह सम्मान मिलने पर युक्ति को बधाई देने वालों का तांता लग गया। राज्यपाल द्वारा सम्मानित डॉ. हरीशंकर पटेल, युक्ति पांडेय के गुरु सुद्दीप त्रिपाठी, समाजसेवी सुधीर मिश्रा, श्रद्धा पटेल, इन्जी. राजेश कुमार वर्मा, प्रधानाध्यापक रमेश चन्द्र राजपूत, अशोक राजपूत, अनिल राजपूत, अशोक यादव, राजेश सिंह, सहायक अध्यापक संजीव राजपूत, श्रुति पटेल, शुभी पटेल, तेजस पटेल आदि ने बधाई देते हुए कहा कि युक्ति पाण्डेय ने यह उपलब्धि हासिल कर केवल अपने माता पिता ही नहीं, समूचे इटावा जनपद का गौरव बढ़ाया है।

संक्षेप

## चारा लेने गये किशन की नाले में डूब कर हुई मौत

लखीमपुर खीरी। बुधवार की दोपहर थाना खमरिया क्षेत्र के जंगली नाथ मंदिर के निकट चारा लेने गए किसान की नाला पार करते समय बह रहे नाले के पानी मे डूब कर किसान की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया और पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। जानकारी के मुताबिक थाना खमरिया क्षेत्र में बुधवार की दोपहर राजू (45) पुत्र रमई निवासी ग्राम महेवा मजरा मुंशीपुरवा चारा लेने खेतों की तरफ गया था। जंगलीनाथ मन्दिर के सामने नाला को पार करते हुए नाले के पानी मे डूब गया। घटना की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची खमरिया पुलिस ने गोताखोरों की मदद से राजू के शव को बाहर निकाला और पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। राजू की मौत के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। तीन से रुक रुक हो रही बारिश से नाले नदी उफान पर है।

## संदिग्ध परिस्थिति में पुजारी का पेड़ से लटका मिला शव

जंगबहादुरगंज खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के ब्लॉक पसगवां क्षेत्र के नगर पंचायत बरबर के मोहल्ला विजय नगर निवासी पुजारी राधे श्याम पुत्र प्यारेलाल उर्म करीब 62 वर्ष का शव ग्राम मकसूदपुर के पास स्थित साधु बाबा आश्रम में एक पेड़ से लटका हुआ मिला। लोगो ने बताया कि यह पुजारी करीब 20 वर्षों से इसी आश्रम पर सेवा कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पसगवां पुलिस को मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट मिला है। जिसमें लिखा है कि फांसी लगाई मरजी से इसमें किसी का कोई दोष नहीं ठहराया जाए। जिसके बाद मौजूद भाई सहित लोगों द्वारा सुसाइड नोट पर प्रश्न चिन्ह उठने लगे मृतक के भाई का आरोप है कि मेरे पुजारी भाई बहुत कम पढ़े लिखे थे ऐसा लगता है उनकी हत्या करके शव को पेड़ से लटकाया गया है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में चौकी प्रभारी बरबर से जानना चाहा तो उन्होंने फोन उठाना उचित नहीं समझा।

## युवती नकदी व जेवरात लेकर प्रेमी के साथ फरार

गोला गोकर्णनाथ,खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र निवासी युवती को एक युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया। जिसके पिता ने युवक और उसकी मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। युवती के पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि सोमवार को उसकी 19 वर्षीय पुत्री को टिहुलिया निवासी प्रिंस वर्मा पुत्र रामू वर्मा अपने साथ भगा ले गया। उसका कहना है कि उसकी पुत्री 20 हजार रुपए की नकदी, दो सोने की अंगूठी भी अपने साथ ले गई है। इस मामले को लेकर गांव के प्रधान को जब प्रिंस वर्मा के घर बुलाया तो प्रिंस की मां उसकी पुत्री को बाहर लेकर आईं और उसे भगा दिया।

## रंजिशन मारपीट का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने तीन लोगों पर रंजिशन मारपीट का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम चैरठिया निवासी सद्दाम सिंह ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह और उसका भाई अजगर खेत में खाद डाल रहे थे। इसी दौरान गांव निवासी तीरा सिंह उसके पुत्र सुच्चा सिंह, सतनाम सिंह आये और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट की। इसके बाद जान से मारने की धमकी देकर चले गये।

## महाविद्यालय में तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

पलियाकलां खीरी। राजकीय महाविद्यालय पलिया कलॉ-खीरी में ?हर घर तिरंगा' कार्यक्रम 2025 के प्रथम चरण के अन्तर्गत डा० सूर्यप्रकाश शुक्ल की अध्यक्षता में महाविद्यालय में तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की छात्राओ ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया और तिरंगा से सम्बन्धित रंगोली बनायी। डा० वसीम खान, विश्राम, आकर्ष विश्वकर्मा निर्याणक की भूमिका में रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा० सूर्यप्रकाश शुक्ल द्वारा छात्राओ को इसी तरह उत्साह पूर्वक ?हर घर तिरंगा' कार्यकम 2025 को सफल बनाने का आह्वान किया गया। रंगोली प्रतियोगिताओ में विभिन्न टोलियों की अनेक छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# बाढ़ पीड़ितों तक पहुंचे एडीएम

## तहसील सदर व धौरहरा क्षेत्र का भ्रमण किया, गांव-गांव पहुंचा भोजन



**लखीमपुर खीरी।** हाथ में छतरी, घुटनों तक पानी और चेहरे पर संकल्प बुधवार को ऐसा ही मानवीय चेहरा नजर आया एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह का, जब वे बाढ़ पीड़ितों का हाल जानने खुद पानी में उतरकर गांव-गांव पहुंचे। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर सदर और धौरहरा तहसील के बाढ़ प्रभावित गांवों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने न सिर्फ हालात देखे, बल्कि ग्रामीणों से सीधे संवाद कर मदद का भरोसा भी दिलाया। एडीएम सबसे पहले एसडीएम अश्विनी कुमार सिंह के साथ रेहरिया गांव पहुंचे। पानी भरे रास्तों को पार करते हुए वे ग्रामीणों के बीच पहुंचे और उन्हें ढांढस बंधाया।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भोजन दोनों समय हर हाल में पहुंचे और किसी जरूरतमंद को अनदेखा न किया जाए। इसके बाद केवलपुरवा राहत शिविर और खानीपुर बाढ़ चौकी का निरीक्षण किया गया। चिकित्सा और पशुपालन टीमों को सतर्क रहने को कहा गया। धौरहरा तहसील के गोडियाना मजरा टहारा गांव में भी एडीएम पहुंचे। उन्होंने एसडीएम शशिकांत मणि के साथ ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानीं और हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बेचेलाल महाविद्यालय स्थित राहत केंद्र और ओएनजीसी हॉस्पिटल का भी जायजा लिया। एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि राहत कार्यों में कोई लापरवाही न हो, हर जरूरतमंद तक मदद पहुंचे। प्रशासन बाढ़ प्रभावित लोगों के साथ हर कदम पर खड़ा है।

### गांव-गांव पहुंचा भोजन, चेहरों पर लौटी उम्मीद की रोशनी

निरीक्षण के तुरंत बाद एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह के निर्देश पर राजस्व प्रशासन की टीमें हरकत में आ गईं। दोनों तहसीलों में बाढ़ प्रभावित गांवों में लंच पैकेट लेकर कर्मचारी पहुंचे और सैकड़ों परिवारों को भोजन उपलब्ध कराया। प्रशासन की प्राथमिकता है कि कोई भी व्यक्ति भूखा न रहे।

## चटकीं लाठियां, पांच घायल

धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में बच्चों बच्चों के विवाद में चटकी लाठियों से पांच लोग घायल हो गए जिनका इलाज सी एच सी धौरहरा में शुरू हुआ। हालांकि पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दे दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत घुरघुट्टाबुजुर्ग निवासी फूलमती पत्नी साहेबलाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दोपहर लगभग तीन बजे बच्चों बच्चों के विवाद के बाद गांव निवासी पुत्तीलाल, राजकुमार, चक्र पाल व चक्र पाल की पत्नी ने आकर भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडों से हुई मारपीट में मेरे पति सोहनलाल, पुत्र अंकित व संतोष, देवरानी सुनीता व पुत्री पूनम को घायल कर दिया। इस मामले में सभी घायलों का सी एच सी धौरहरा में इलाज चल रहा है। उपरोक्त प्रकरण में पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच के बाद आरोपियों पर आवश्यक कार्रवाई होगी।

## निर्बाध गति से मानसून पेट्रोलिंग हेतु वितरण किए गये रेनकोट

पलियाकलां खीरी। दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी वन एवं वन्य जीवों से परिपूर्ण है। वर्तमान में वर्षा ऋतु अपनी चरमावस्था पर है। इस कठिन मौसम में वन एवं वन्य जीवों की सुरक्षा हेतु निर्बाध गति से मानसून पेट्रोलिंग किए जाने हेतु दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग पलिया खीरी के समस्त फील्ड कर्मचारियों लगभग 480 को विश्व प्रकृति निधि द्वारा रेनकोट का वितरण किया गया। इसमें डा० मुदित गुप्ता, सीनियर लैण्डस्कैप कोआर्डिनेटर, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इण्डिया का विशेष सहयोग रहा।

## आर्य कन्या महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता

लखनपुर खीरी। आर्य कन्या महाविद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आर्य कन्या



स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हर घर तिरंगा 2025 के प्रथम चरण में डॉ सविता शुक्ला के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। झलकारी बाई ग्रुप में स्नेहा कशिश नैंसी प्रियांशी रीना ने तृतीय सावित्रीबाई ग्रुप में दीक्षा मुस्कान संजना प्रिया एवं लक्ष्मी ने द्वितीय। एवं लक्ष्मी बाई ग्रुप में हिमांशी अनामिका शिवानी लक्ष्मी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया डॉ क्षमा तिवारी एवं डॉ प्रीती सिंह ने प्रतियोगिता का निर्णय दिया। प्रो रेखा पाण्डेय ने छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। एन सी सी कैडेट्स एवं छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ सविता शुक्ला एवं डॉ प्रियंका सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ रेखा पाण्डेय, श्रीमती अर्चना सिंह श्रीमती शिवांगी सक्सेना, डॉ क्षमा तिवारी डॉ प्रीती सिंह, डॉ प्रियंका सिंह, डॉ सविता शुक्ला, डॉ पूजा शुक्ला वीना चौरसिया डॉ राखी चौहान एन सी सी कैडेट्स एवं महाविद्यालय की छात्रों ने प्रतिभाग किया।

## पेयजल परियोजनाओं की डीएम ने की समीक्षा

लखीमपुर खीरी। बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कलक्ट्रेट सभागार में जिले में जल जीवन मिशन के तहत संचालित पेयजल परियोजनाओं की गहन समीक्षा की और दो टूक कहा कि जल आपूर्ति में देरी अब बर्दाश्त नहीं होगी।



बैठक के दौरान डीएम ने जिले में कार्यरत दो प्रमुख निर्माण एजेंसियों एनसीसी लिमिटेड और वीटीएल लिमिटेड द्वारा संचालित कुल 904 परियोजनाओं (एनसीसी की 667 और वीटीएल की 237) की प्रगति का विस्तार से आंकलन किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो योजनाएं लगभग पूर्ण हो चुकी हैं, उनमें तत्काल जलापूर्ति शुरू करवाई जाए। वहीं जिन योजनाओं में कार्य अधूरा है, उन्हें गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ जल्द से जल्द पूरा किया जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जल जीवन मिशन ग्रामीण जनता की आधारभूत जरूरतों से जुड़ा है और इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने निर्माण एजेंसियों को चेताते हुए कहा कि शिथिलता पाए जाने पर कार्रवाई तय है। बैठक में सीडीओ अभिषेक कुमार ने परियोजना की अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत की। समीक्षा बैठक में डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, डीपीआरओ विशाल सिंह, जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता अविनाश गुप्ता समेत संबंधित विभागों के अधिकारी व तकनीकी टीम के सदस्य मौजूद रहे।

## पालिकाध्यक्ष ने मरीजों को बांटे फल



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता के जन्मदिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों को फल वितरित किए।

इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष ने अनूप गुप्ता के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। फल वितरण के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा भाव से मरीजों के हाल-चाल लिए और उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दीं। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला ने कहा कि अनूप गुप्ता संगठन के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनका जीवन समाज सेवा को समर्पित है और वे हमेशा कार्यकर्ताओं को दिशा दिखाते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से कुम्भी मण्डल अध्यक्ष रविन्द्र कटियार, भाजपा नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला महामंत्री विनोद स्वर्णकार, नगर महामंत्री राजेश राठौर, मीडिया प्रभारी विजय मिश्रा, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी, सीजीएन पीजी कालेज के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष विजय बाजपेयी, पूर्व नगर महामंत्री अनुराग गुप्ता, शक्ति केंद्र संयोजक शिवम गुप्ता, नवनीत वर्मा समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### वैश्य समाज ने मनाया भाजपा प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता का जन्मदिन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) वैश्य समाज द्वारा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने एकत्र होकर केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और भगवान भोलेनाथ से उनके दीर्घायु व उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रेम चंद जायसवाल, पूर्व सभासद पंकज गुप्ता, राजेश गुप्ता, प्रभात गुप्ता बीनू, प्रमोद गुप्ता, सुरेश गुप्ता, अखिलेश जायसवाल, अनुराग गुप्ता, श्याम गोपाल गुप्ता, निश्चल गुप्ता, आदित्य गुप्ता सहित अनेक लोग शामिल थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में राखी निर्माण पर हुई कार्यशाला




गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) रक्षाबंधन पर्व को लेकर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बुधवार को एक विशेष राखी निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने पारंपरिक उत्साह और सृजनशीलता के साथ भाग लिया और आकर्षक, रंग-बिरंगी एवं रचनात्मक राखियाँ तैयार कीं। कार्यशाला का आयोजन विद्यालय के आचार्य के मार्गदर्शन में किया गया, जिन्होंने छात्राओं को न केवल राखी बनाने की विधि सिखाई, बल्कि रक्षाबंधन के सांस्कृतिक महत्व से भी परिचित कराया। कार्यशाला के दौरान छात्राओं ने मौलिकता, हस्तकौशल और कलात्मकता का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया। कक्षा 11 की छात्रा साक्षी मिश्रा ने कहा कि यह कार्यशाला बहुत आनंददायक रही। हमें अपनी बनाई हुई राखियों से त्योहार मनाने का अवसर मिलेगा, जो गर्व और आत्मसंतोष की अनुभूति देता है। कक्षा 9 की छात्रा रितिका वर्मा ने कहा कि राखी बनाते समय हमें अपने परिवार और भाई-बहन के साथ बिताए गए पलों की याद आई। यह एक भावनात्मक अनुभव भी रहा। वहीं कक्षा 10 की श्रेया गुप्ता ने कहा कि इससे हमारी रचनात्मकता को उड़ान मिली। विद्यालय का वातावरण पूरे दिन उल्लास और भाईचारे से भरा रहा। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया एवं प्रबंध समिति के सदस्यों ने छात्राओं के कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

## विधायक ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) विधायक अमन गिरि ने अधिकारियों के साथ बिजुआ क्षेत्र के ग्राम बझेड़ा पहुंचकर बाढ कटान का निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक अमन गिरि ने बिजुआ क्षेत्र के ग्राम बझेड़ा में आई बाढ़ व कटान का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों को हरसम्भव सहायता करने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में प्रशासन अपनी नजर बनाए हुए है। प्रभावित लोगों तक हरसंभव मदद पहुंचाई जाएगी। किसी को बेघर नहीं होने दिया जाएगा। उन्होने कहा कि शासन भी इस ओर गंभीर रूख अपनाए है। इस मौके पर प्रधान सोडी, रामगुलाम पांडे, डॉ बच्चू सिंह, सुधीश बाजपेई, नरेश त्रिवेदी, शेरू, संतराम, सतपाल सिंह, आनंद किशोर, सभासद भोली, रामसरन आदि मौजूद रहे।

सवालों के घेरे में सिस्टम-राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री कृष्ण वर्मा का कहना है कि सरकार ने जो करोड़ों खर्च किए, उसका हिसाब कौन देगा, बांधों की मरम्मत और सिल्ट सफाई का काम अधूरा क्यों छोड़ा गया, प्राकृतिक आपदा के नाम पर घड़ियाली आंसू बहाने वाले नेता, बाढ़ से पहले क्यों चुप थे। श्री कृष्ण वर्मा ने हाईकोर्ट से न्याय और जनता से जागरूकता की अपील करते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है जब गांव, किसान और खेत को राजनीति के चक्रव्यूह से बाहर निकालने की आवश्यकता है।

## शरदकालीन गन्ना बुआई, फसल सुरक्षा पर हुई कृषक गोष्ठी



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) ग्राम बाबूपुर में आयोजित कृषक गोष्ठी में शरदकालीन गन्ना बुआई, फसल सुरक्षा और वैज्ञानिक विधियों के जरिए गन्ना उत्पादन बढ़ाने पर गहन चर्चा हुई। कार्यक्रम का आयोजन बजाज चीनी मिल द्वारा किया गया। गोष्ठी में गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र शाहजहांपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक, गन्ना विभाग के अधिकारी और मिल प्रतिनिधि उपस्थित रहे। गन्ना वैज्ञानिक डॉ. आरडी तिवारी ने किसानों को गन्ना फसल में लगने वाले प्रमुख रोग जैसे रेड रॉट, टॉप बोरर और पोक्का बोइंग की पहचान व रोकथाम के उपाय बताए। उन्होंने को-0118, को-15023, कोलख-14201, कोशा-13235 जैसी उन्नत किस्में अपनाने की सलाह दी और कार्बनिक व रासायनिक उर्वरकों का संतुलित प्रयोग करने पर बल दिया। डॉ. पीके कपिल, सहायक निदेशक, ने ट्रेंच विधि, सहफसली खेती, नर्सरी प्रबंधन और पेड़ी फसल देखरेख की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने की अपील की जिससे उत्पादन में वृद्धि हो सके। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर ने किसानों को सर्वे/सट्टा प्रक्रिया व गन्ना विकास योजनाओं से अवगत कराया।

## डीएम ने किया खन्नौत व गर्रा नदी का निरीक्षण



शाहजहांपुर / जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने खन्नौत नदी (हनुमत धाम) और गर्रा नदी (अजीजगंज तटबंध) का निरीक्षण किया। डीएम ने बताया कि 7 अगस्त को खन्नौत नदी में लगभग 3 फीट जलस्तर बढ़ने की संभावना है। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने और अपना सामान सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने की अपील की। निरीक्षण के दौरान डीएम ने राहत शिविर, बाढ़ चौकी, नाव, चिकित्सा जैसी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और सभी अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, एडीएम अरविन्द कुमार, एसडीएम संजय पाण्डेय, तहसीलदार सतेन्द्र कटियार समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

## बाढ़ से निपटने के लिए जिला प्रशासन अलर्ट सभी तैयारियां पूर्ण



शाहजहाँपुर। बाढ़ की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर पूर्व तैयारियाँ सुनिश्चित की जा रही हैं। जनपद के 13 थाना क्षेत्रों में चिन्हित लगभग 120 ग्राम/मोहल्ले जहाँ बाढ़ आने की आशंका है या पूर्व में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। इन सभी क्षेत्रों में सतर्कता और राहत कार्यों हेतु निम्न बिंदुओं पर विशेष कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया बाढ़ चौकियों की स्थापना की गई है। संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ नियंत्रण चौकियां स्थापित की जा रही हैं, पुलिस विभाग द्वारा प्रशिक्षित ऋछडडऊफएरढडठरए टीमों को आवश्यकता पड़ने पर राहत एवं बचाव कार्यों हेतु तुरंत सक्रिय रहने हेतु निर्देशित किया गया। गोताखोरों की तैनाती की गई। नदी व जलभराव संभावित क्षेत्रों में प्रशिक्षित गोताखोरों को चिन्हित कर उनकी तैनाती की जा रही है, जो रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए तत्पर रहेंगे। रऊफ्रऋ और ठऊफ्रऋ से समन्वय स्थापित किया गया है। किसी भी आपात स्थिति में इनकी त्वरित उपलब्धता के लिए जिला प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन इकाई के साथ नियमित संवाद किया जा रहा है। समय पर सूचनाएं पहुंचाने हेतु वायरलेस, मोबाइल नेटवर्क और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से सक्रिय सूचना तंत्र विकसित किया गया है। समस्त थानों को यह निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्र के बाढ़ संभावित ग्रामों की पहचान कर सतत निगरानी रखें, स्थानीय संसाधनों जैसे गोताखोरों एवं नावों की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित रेस्पॉन्स दें। हम जनपदवासियों से अपील करते हैं कि किसी भी आपदा या आकस्मिक स्थिति में घबराएं नहीं, प्रशासन द्वारा जारी निदेर्शों का पालन करें और जरूरत पड़ने पर तुरंत डायल 112 या नजदीकी थाने से संपर्क करें। पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क एवं तैयार है। हमारा उद्देश्य है कि किसी भी प्रकार की जनहानि न हो तथा राहत एवं बचाव कार्य पूरी संवेदनशीलता और तत्परता से संपन्न हों।

## हाईटेंशन बिजली के तारों से टकराई कांवरियों की ट्रॉली, दो की मौत दो घायल

शाहजहांपुर। यूपी के शाहजहांपुर में बीच सड़क पर लटक रहे थे हाइटेंशन लाइन के तार, चपेट में आई ट्रैक्टर ट्राली, दो कांवरियों की मौत दो गंभीर रूप से झुलसे। 11 हजार की बिजली की लाइन की चपेट में आने से ट्रॉली में उतरा करंट जिससे ट्रैक्टर चालक और उसमें बैठे एक युवक की मौत हो गई, जबकि कई लोग गंभीर रूप से झुलस गए। मृतकों की पहचान सुखबीर और जसवीर के रूप में हुई है, दोनो बुधवार को ग्रामीणों के साथ कांवड़ लेकर जाने वाले थे इसीलिए ट्राली को तैयार कर दूसरी जगह पर खड़ी करने जा रहे थे, हादसा थाना परौर क्षेत्र के कुंडरिया गांव में हुआ है। यहां गांव कुंडरिया से बुधवार को ग्रामीणों का जत्था कांवड़ लेकर जाने की तैयारी कर रहा था, उसके लिए गांव के कुछ युवक ट्रैक्टर ट्राली को तैयार कर रहे थे। युवक ट्रैक्टर ट्रॉली में जाल लगाकर डीजे बांध रहे थे, उसके बाद ट्रैक्टर चालक सुखबीर और गांव का ही रहने वाले जसवीर समेत कुछ अन्य युवक ट्रैक्टर ट्राली को तैयार करके दूसरी जगह पर खड़ी करने जा रहे थे, इसी दौरान हादसा हो गया। सीओ जलालाबाद अजय राय ने बताया कि अचानक ट्रैक्टर ट्राली हाइटेंशन तार की चपेट में आ गयी, जिससे उसमे करंट उतर आया, करंट लगने से झटका लगते ही कई लोग ट्राली से नीचे गिर गए। जिसमे दो की मौत हो गई, जबकि तीन लोग झुलस गए, जिनको तत्काल बदायूं के अस्पताल भेजा गया, हादसे के बाद पूरे गांव में मातम छा गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरने की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## रेडक्रॉस ने वर्षा आपदा पीड़ितों को राहत देने को उपलब्ध तिरपाल



शाहजहांपुर। वर्षा आपदा से प्रभावित जरूरतमंद परिवारों के लिए इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी ने तिरपाल वितरण कार्य शुरू किया है। अभियान की शुरूआत रेडक्रॉस सचिव डॉ. विजय जौहरी ने पूर्व केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कृष्णा राज के माध्यम से तारीन जलालनगर निवासी परवेज को तिरपाल सौंपकर की। डॉ. जौहरी ने बताया कि कच्चे और झोपड़ीनुमा मकानों में रहने वाले लोग जिनके घर बारिश में टपकते हैं, वे रेडक्रॉस से संपर्क कर तिरपाल प्राप्त कर सकते हैं। डॉ. जौहरी ने कहा कि रेडक्रॉस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आपदा राहत कार्यों में सक्रिय रहेगा और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर जरूरत के संसाधनों की सूची तैयार कर मुख्यालय भेजी जाएगी। इस अवसर पर कृष्णा राज ने रेडक्रॉस के सेवाभाव की सराहना की। कार्यक्रम में विपिन सक्सेना, आदित्य गुप्ता, जय नारायण मिश्रा, मोहनीश गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## तालाब में डूबा मिला लावारिस शव

शाहजहांपुर। शाहजहांपुर रेलवे स्टेशन मास्टर शहबाजनगर थाना सदर बाजार को सूचित करते हुए बताया। कि एक अज्ञात व्यक्ति पुरुष उम्र करीब 45 बर्ष का सव शाहजहांपुर पीलीभीत रेलवे ट्रैक के पोल ल्लङ्क 81/7 व 81/8 के बीच रेलवे ट्रैक के किनारे गहरे तालाब में पानी में डूबा हुआ पड़ा है सूचना पर थाना सदर बाजार पुलिस मौके पर पहुंची तथा फील्ड यूनिट टीम को भी मौके पर बुलाया गया मृतक अज्ञात के सव को स्थानीय लोगो की मदद से ट्यूब के जरिये तालाब से निकलबाया गया मृतक का सव सड़ी गली अबस्था में फुला हुआ था जिसमे कीड़े पड़े हुए थे मृतक का सव देखने से करीब 02 दिन से पानी में डूबा हुआ प्रतीत हो रहा है मृतक अज्ञात गुलाबी रंग की शर्ट व काली पेंट व पत्तेदार अंडर वियर पहने है जिसके दाहिने हाथ पर सत्यपाल गुदा हुआ है जिसकी सिनाख्त के स्थानीय स्तर पर काफी प्रयास किये गये किन्तु सिनाख्त नहीं हो सकी है यदि किसी थाने पर इस व्यक्ति के सम्बन्ध में कोई गुमसुदगी अंकित हो या किसी के पास कोई सूचना हो तो थाना सदर बाजार के ू४ ल्लङ्क 9454404220 व 9719571561 पर सूचित करने की कृपा करें मृतक अज्ञात के सव को बाद पचनामा कार्यबाही पोस्टमॉर्टम हेतु भेजा गया है।

संक्षेप

## दीवार गिरने से मलबे में दब कर वृद्धा की मौत

जौनपुर। गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के सकरा दलित बस्ती में मंगलवार की रात आठ बजे खाना बनाते समय मिट्टी की कच्ची दीवार गिरने से महिला की मलवे में दब कर मौत हो गयी। बताते है कि सकरा गांव निवासी नगडू राम की 65 वर्षीया पत्नी कलौता रात में खाना बना रही थी बरसात हो रहा था अचानक भरभरा कर कच्ची मिट्टी की दिवाल गिर गयी जिससे वह उसमें दब गयी परिजन द्वारा शोर मचाने पर ग्रामीण पहुंच कर बड़ी मसक्कत के बाद मिट्टी खोद कर हटाया। तब जाकर शव बाहर निकाला गया सूचना पर गौराबादशाहपुर थाने की पुलिस पहुंच कर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया सुचना पर हल्के का लेखपाल व राजस्व की टीम पहुंच कर छानबीन की।

## दारोगा ने थाने में युवक को पीटकर किया घायल

जौनपुर। इंसाफ की आस में थाने गया युवक खुद अन्याय का शिकार हो गया। जलालपुर थाना क्षेत्र के शंकरपुर गांव निवासी देवेश का अपराध इतना था कि उसने थाने में सुबह से बंद अपने मामा के बेटे अमित पर लगे आरोपों के बारे में दरोगा से जानकारी लेनी चाही। इस बात पर दरोगा ने देवेश पर पहले थप्पड़ों की बौछार की फिर लात-घूंसे और आखिर में पट्टों से पीट-पीटकर उसे अधमरा कर दिया गया। देवेश के कान से खून बाहर निकल गयें और आंखों में खून जम गया, शरीर के अन्य जगहों पर कई जगह चोटों के निशान दिखाई दिए।यह घटना बीते रविवार रात करीब 9 बजे की है। किसी तरह अपनी जान बचाकर थाने से निकले देवेश ने तत्काल 1076 हेल्पलाइन नम्बर पर अपनी शिकायत दर्ज कराई और इंसाफ की गुहार लगाई। परिजन उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी ले गए, जहां से डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## प्रधान ने गांव में 500 पौधे लगवाये

जौनपुर। सिरकोनी विकास खण्ड क्षेत्र के भगरी गांव के प्रधान सुनील कुमार ने अपने ग्राम पंचायत में 500 फलदार पेड़ लगवा कर एक नजीर पेश किय ज्ञात हो ब्लॉक मुख्यालय से भगरी गांव के लिए लगभग एक हजार पेड़ लगवाने के लिये आया था।जिसमें शीशम,जामुन,अमरूद व सागवान आदि के पेड़ थे।ग्राम प्रधान सुनील कुमार ने ऊक्त एक हजार पेड़ को ग्रामीणों को देकर उसे लगाने के लिए प्रेरित किया।इसके बाद उन्होंने अपने पास से पौधशाला से 500 फलदार पेड़ मंगवाया।जिसमे आम,लीची,कटहल,चीकू और नींबू का पेड़ थे।इन सभी को गांव के सार्वजनिक जमीन पर लगवाया।प्रधान श्री सुनील कुमार ने कहा कि इतने संख्या में पेड़ लगवाने से गांव में फलदार पेड़ हो जाएंगे।जिससे आने वाले समय मे लोगो को फायदा मिलेगा।फलदार पेड़ लगाने से लोग जागरूक होंगे। चीकू और लीची के पेड़ से व्यवसाय होगा।

## इमाम हुसैन की शहादत को पुरसा पेश किया

जौनपुर। नसीर हाउस मोहल्ला कटघरा में एक से दस सफर तक मुनाकिद होने वाली मजलिसों को उलेमा व जाकेरिन ने खिताबत किया ,जिसमें हजरत इमाम हुसैन उनके साथियों और खानदान की कर्बला के मैदान में तीन दिन की भूख व प्यास में दी गई शहादत को याद किया। वाके ए कर्बला के बाद सभी को गिरफ्तार करके जिस तरह कर्बला से कुफा और शाम ले जाया गया यजीद की फौज ने जो जुल्म किए उन सब पर जाकेरिन ने रोशनी डाली। इमाम हुसैन की बहन जैनब और इमाम हुसैन के बेटे इमाम जैनुल आबेदीन का हर मजलिस में खुसूसी जिक्र हुआ जनाबे सकीना की शहादत की मुनासेबत से आखिरी मजलिस में शबिहे ताबूत सकीना व शबिहे अलम हजरत बरामद हुआ। जुलूस अंजुमन बज्म ए अजा कटघरा के हमराह कर्बला कटघरा पहुंच कर खत्म हुआ।पहली मजलिसों को डॉ सैयद कमर अब्बास , आबिद आगा खान , सैय्यद असलम नकवी , उरूज हैदर खान , हसन अकबर खान साहब, , सैयद सलमान अली , सैय्यद सफदर हुसैन जैदी , तनवीर हैदर खान आदि ने सम्बोधित किया।

# कई गांव बाढ़ की चपेट में, ग्रामीणों ने किया पलायन



जौनपुर। जिले में गोमती नदी में जलस्तर बढ़ने की वजह से कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। चंदवक के बलुआ गांव में घरों में पानी घुस गया है, लोग सुरक्षित स्थानों पर रहने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है प्रशासन की अनदेखी की वजह से उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। कई एकड़ फसलें भी डूब गई हैं और श्मशान घाट भी प्रभावित हुए हैं. लोग घर छोड़कर तिरपाल डालकर सुरक्षित स्थानों पर अस्थाई रुप से रहने को मजबूर हैं। पिछले पांच दिनों से इस गांव के लोग बाढ़ से पीड़ित हैं लेकिन, अभी तक जिला प्रशासन को इसकी खबर तक नहीं है। यहां रह रहे लोगों के घरों का सामान डूबने से खाने-पीने की दिक्कतें बढ़ गई हैं. लोगों ने बताया कि नमक प्याज रोटी खाकर किसी तरह से वो लोग जीवन बिता रहे हैं। उन्हें अभी तक किसी तरह की मदद नहीं मिली है. बाढ़-बारिश से यूपी के कई जिले प्रभावित हैं. जौनपुर भी गोमती नदी के बढ़ते हुए जलस्तर की चपेट में हैं। केराकत और चंदवक क्षेत्र के कई गांव इसकी चपेट में हैं। इसमें बीरभंपुर, बरमलपुर, बलुआ, चंदवक, बरइच समेत कई गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। केराकत क्षेत्र में गोमती नदी के किनारे जलस्तर बढ़ने से श्मशान घाट डूब गए हैं. इस वजह से अब श्मशान घाट पर दाह संस्कार भी नहीं हो पा रहा है. पास के सुरक्षित स्थानों पर दाह संस्कारे हो रहे हैं. जौनपुर के जिलाधिकारी का दावा है कि जौनपुर में बाढ़ है ही नहीं. प्रशासन की तरफ से बाढ़ से राहत और बचाव के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है, जब बाढ़ आएगी तो डीएम साहब का दावा है कि उससे निपट लिया जाएगा. लेकिन केराकत विधानसभा क्षेत्र के हालात प्रशासनिक दावों की पोल खोल रहे हैं। बीरभानपुर गांव के रहने वाले दयाराम गौड़ की मां की सड़क हादसे में सात दिनों पहले मौत हो गई. परिवार ठीक से तेरहवीं भी नहीं कर पाया. तबतक बाढ़ ने दोहरी मार दे दी. घर में पानी घुसने से सारा सामान डूब गया. परिवार समेत दयाराम अब तिरपाल और तीन शेड डालकर रहने को मजबूर हैं. उनका आरोप है कि पांच दिन बीतने के बाद भी जिले का कोई प्रशासनिक अधिकारी उनकी हाल खबर लेने नहीं पहुंचा. करीब एक महीने पहले दयाराम की 8 साल की बेटी की सांप काटने की वजह से मौत हो चुकी है. घर में रखा आनाज, गृहस्थी का सामान अब डूब गया. खाने पीने में काफी दिक्कतें हो रही है.। नमक, प्याज और रोटी खाकर लोग खुद और बच्चों का पेट पाल रहे हैं। राजू प्रसाद की पत्नी आरती ने बताया कि उनके तीन बच्चे हैं. घर में बाढ़ का पानी का घुसने से घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। सांप बिच्छू जिसे जहरीले जानवर निकल रहे हैं. परिवार के लोग काफी डरे हुए हैं. बाढ़ की वजह से उनके बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं. बताया गया कि गोमती नदी में पानी बढ़ने की वजह सेनदी के किनारे कई गांव बाढ़ से प्रभावित हो गए हैं. बाढ़ में करीब सैकड़ों एकड़ की फसल भी डूबकर बर्बाद हो गई है, लेकिन प्रशासन की तरफ से किसी तरह की मदद नहीं की गई।

## बाढ़ प्रभावित गांवों में वितरित की गयी राहत सामग्री



मीरजापुर। जिले के कोन ब्लॉक के बाढ़ प्रभावित गांवों हरसिंहपुर, मल्लेपुर और श्रीपट्टी में बुधवार को उप जिलाधिकारी गुलाब चन्द्र और विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष माता सहाय जी ने संयुक्त रूप से पहुंचकर बाढ़ पीड़ितों की स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद प्रभावित परिवारों को खाद्य सामग्री, पुड़ी-सब्जी, फल और अन्य आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रांत सत्संग प्रमुख महेश तिवारी, जिला मंत्री श्रीकृष्ण सिंह, जिला सह मंत्री अभय मिश्रा, विभाग संयोजक प्रवीण मौर्य, जिला सह सत्संग प्रमुख गणेश, नगर संयोजक चन्द्रप्रकाश समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर पीड़ितों की सेवा में तत्परता दिखाई और संकट की घड़ी में सहयोग का भरोसा दिलाया।

## ड्रॉप मोर क्रॉप के तहत कृषक प्रशिक्षण

जौनपुर। जिला उद्यान अधिकारी डा० सीमा सिंह राणा ने अवगत कराया है कि ड्राप मोर क्राप योजनान्तर्गत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र बक्शा मे किया गया। विभाग द्वारा संचालित योजना पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना के बारे मे जानकारी दी गयी। योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष विभाग को 2065 हेक्टेयर के लक्ष्य प्राप्त हुए है। योजनान्तर्गत ड्रिप व मिनी स्प्रिंकलर सिंचाई सयन्त्र की स्थापना पर लघु सीमान्त कृषक को 90 प्रतिशत व पोर्टेबल स्प्रिंकलर, रेनगन पर 75 प्रतिशत तक अनुदान की सुविधा उपलब्ध है। मिनी व ड्रिप सिंचाई पद्धति अपनाकर श्रम की बचत, पानी की बचत कर उत्पादन बढाकर किसान अपनी आय को बढा सकते है। किसानों से अनुरोध है कि वे इस वैज्ञानिक विधि को अपनाएं और अपनी फसल को सुरक्षित व लाभकारी बनाएं। योजना का लाभ प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर दिया जायेगा। कृषको से अपील है कि आनलाइन नचउपच पोर्टल पर पंजीयन कराये अथवा अधिक जानकारी हेतु कार्यालय मे सम्पर्क कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ० सुरेश कुमार कन्नौजिया, द्वारा वैज्ञानिक विधि से मशरूम की खेती तथा हाईटेक नर्सरी से पौध बुक करने सम्बन्धित जानकारी दी गयी। डा० राजीव कुमार सिंह द्वारा नवीन वैज्ञनिक तकनीकी के माध्यम से सब्जी की खेती, डा० श्रीमती प्रगति यादव डा० रूपेश सिह द्वारा कीट एवं रोग से बचाव के विषय मे विस्तार से जानकारी दी गयी।

## भाजपा नेत्री ने सीमा पर तैनात जवानों को भेजी राखी

मीरजापुर। जिले से सीमा सुरक्षा बल के जवानों को भाई-बहन के पवित्र पर्व के प्रतिक रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में 551 राखियां भेजीं हैं। रक्षा बंधन के पावन अवसर पर देश की सरहद पर तैनात फौजी, सैनिक भाइयों के लिए भी रक्षासूत्र भेजकर उनको एहसास कराया कि आपकी बहन आपके वजह से देश में सुरक्षित है। मिर्जापुर जिले की भाजपा नेत्री संगीता मिश्रा ने अपनी वार्षिक



परंपरा को कायम रखते हुए देश की सीमाओं पर तैनात जवानों के लिए राखी भेजी। इस वर्ष भी उन्होंने लगभग 551 राखियों को जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार के माध्यम से सीमा सुरक्षा बल ( बीएसएफ ) और माओवादी मोर्चे पर तैनात सैनिकों तक पहुंचाया। बताते चलें कि यह परंपरा पिछले कई वर्षों से अनवरत जारी है, जिसका उद्देश्य सैनिकों को यह एहसास दिलाना है कि देशवासी उनके बलिदान को भूलते नहीं। संगीता मिश्रा ने कहा, हमारे जवान कठिन परिस्थितियों में देश की रक्षा करते हैं। रक्षा बंधन पर राखी भेजकर हम उन्हें अपनी शुभकामनाएं और सम्मान प्रकट करते हैं।इस अवसर पर उन्होंने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा को भी राखी बांधी और महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता जताई। जवानों ने इस भावनात्मक पहल की सराहना की और इसे देशवासियों के प्यार का प्रतीक बताया। यह पहल न केवल सैनिकों का हौसला बढ़ाती है, बल्कि समाज में एकता और सम्मान का संदेश भी देती है।

# स्कूली में बच्चों ने निकाली तिरंगा यात्रा



जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। जनपद में परीषदीय विद्यालयों के बच्चों के द्वारा तिरंगा यात्रा निकाल कर लोगो के मन में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने के साथ ही भारत को आजादी दिलाने में जिन वीर शहीदों ने अपने प्राण न्यौछावर किये है, उन्हे याद भी किया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत जनपद के विभिन्न विद्यालयों में देशभक्ति पर आधारित विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया। पीएमश्री कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय, अमरौना डोभी, कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय डोभी में छात्रों द्वारा तिरंगा रैली निकाली गई तथा कला एवं रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। कम्पोजिट विद्यालय सबरहद में रंगोली बनायी गयी। कंपोजिट विद्यालय रन्नो के द्वारा क्राफ्ट मेकिंग कार्यशाला आयोजित की गयी।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, मुफ्तीगंज में छात्राओं ने तिरंगे पर आकर्षक चित्र बनाकर अपनी सृजनात्मकता प्रदर्शित की। युपीएस बदलापुर सिरकोनी के बच्चों द्वारा सैनिकों व पुलिसकर्मियों के लिए बनाई गई राखियाँ डाक द्वारा भेजी गई। चित्रकला, रंगोली एवं राखी बनाने की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कई विद्यालयों में बच्चों द्वारा सैनिकों व पुलिसकर्मियों के लिए बनाई गई राखियाँ डाक द्वारा भेजी गईं। तिरंगा रैली के दौरान बच्चों ने भारत माता की जय, वन्दे मातरम एवं इंकलाब जिंदाबाद जैसे नारों से माहौल को देशभक्ति से भर दिया। जीजीआइसी मछलीशहर, राजकीय उच्चतर विद्यालय उत्तरगांवा धमार्पुर, जीएचएस नरहन केराकत, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर सिकरारा सहित अन्य माध्यमिक विद्यालयों में भी तिरंगा रैली, पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## बाढ़ क्षेत्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें: एडीएम

आजमगढ़। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी वि/रा गंभीर सिंह की अध्यक्षता में आपदा की तैयारियों के सम्बन्ध में दूसरी समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 ने कहा जहां पर नदी का जलस्तर बढ़ रहा है, वहां पर सभी संबंधित अधिकारी अपने विभाग से संबंधित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। उन्होंने निर्देश दिया कि बाढ़ क्षेत्र में जिन अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वे सभी प्रॉपर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहे। उन्होंने निर्देश दिया कि राहत शिविर में पर्याप्त चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित हो तथार आवश्यकतानुसार पर्याप्त दवाएं एवं एंटी वेनम की उपलब्धता सुनिश्चित हो। इसके साथ ही राहत शिविर में पशुओं के लिए चारा, शुद्ध पेयजल, खाद्य सामग्री, विद्युत व्यवस्था आदि की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि राहत शिविर में आवश्यकतानुसार जनरेटर की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बाढ़ क्षेत्र में जिन अधिकारियों/ कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है, उनका फोन नंबर उपलब्ध करायें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनसे संपर्क करते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा सके। अपर जिलाधिकारी वि/रा ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया की बाढ़ एरिया में कोई भी विद्युत तार नीचे न लटके तथा किसी भी पोल में करंट नहीं उतरना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहत शिविर में पर्याप्त विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो। राहत शिविर केन्द्रों में इलेक्ट्रिशियन की प्रॉपर ड्यूटी लगायें। उन्होने पशुपालन विभाग को निर्देश दिया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं का शत प्रतिशत टीकाकरण कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि बाढ़ के दौरान छोटी नाव का प्रयोग नहीं किया जाएगा, इसके लिए बड़ी नाव का प्रयोग किया जाए तथा गोताखोरों की पर्याप्त व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपनी तैयारियों एवं संसाधनों को एक बार अवश्य चेक कर लें। उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि बाढ़ से संबंधित समस्त सूचनाओं का आदान-प्रदान करें। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कितने ग्राम, पशु, महिला/पुरुष, बच्चे आदि प्रभावित हैं, उनकी सूची ग्राम प्रधान, लेखपाल एवं सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर से उपलब्ध कराएं।

## शिक्षकों की सेवा सुरक्षा को बहाल करे सरकार

जौनपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एक जुट द्वारा धरना विनय कुमार वर्मा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व हुआ।पच्चीस सूत्रीय ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक को दिया गया। ज्ञापन एसोसिएट विवेक सिंह ने प्राप्त किया।ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष विनय वर्मा ने शिक्षकों को संबोधित हुए करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा समाप्त की गई सेवा सुरक्षा को तत्काल बहाल करे।शिक्षकों के तमाम परिलब्धियों को सरकार धीरे-धीरे समाप्त कर रही हैं जिसे तुरंत बहाल किया जाना चाहिए। शिक्षकों के लिए मेडिकल व्यवस्था फ्री की जाय।जो कि केंद्रीय कर्मचारियों के समान लागू किया जाना चाहिए।अगर सरकार हमारे 25 सूत्री मांग पत्र नहीं मानती है तो उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर ओम प्रकाश यादव, आनंद स्वरूप यादव,रामेश्वर गोस्वामी,शरद कुमार,पचेर्ता, रविकांत,सूरज प्रकाश, विक्रमाजीत यादव,रवि प्रकाश यादव, राय साहब पटेल, विपिन कुमार ,ओमकार यादव, सूरज कुमार यादव ,जय हिंद यादव, गुलाब यादव आदि उपस्थित रहे।

## विद्यालय के किचन, स्टोर रूम से चोरी



आजमगढ़। जिले के निजामाबाद थाना क्षेत्र के फरिहा चौकी अंतर्गत फरिहा कंपोजिट विद्यालय में बीती रात अज्ञात चोरों ने किचन और स्टोर रूम का ताला तोड़कर दो गैस सिलेंडर, चावल, दाल और छात्रों के लिए रखा अन्य खाद्य सामान चुरा लिया। यह घटना मंगलवार रात की है, जब चोरों ने ताला तोड़ने में सफलता हासिल की। बताया जा रहा है कि सोमवार रात को भी चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़ने का प्रयास किया था, लेकिन वे नाकाम रहे। इसके अगले दिन मंगलवार रात को चोरों ने न केवल किचन रूम का ताला तोड़ा, बल्कि स्टोर रूम से भी सामान चुरा लिया। इससे एक दिन पहले, सोमवार को चोरों ने स्कूल के कंप्यूटर रूम का ताला तोड़ा था, लेकिन तब कोई नुकसान नहीं हुआ था। घटना की सूचना मिलने पर फरिहा के ग्राम प्रधान अबू बकर खान विद्यालय पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही फरिहा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। लगातार दो दिनों में हुई चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी है।

## पुलिस के साथ अभद्रता करने वाले दो गिरफ्तार

आजमगढ़। कोतवाली थाना पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने और पुलिस कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार करने के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मोनू सोनकर (22) और सोनू सोनकर (25), दोनों पुत्र टिल्टू सोनकर, निवासी कटरा अनंतपुरा, थाना कोतवाली, आजमगढ़ के रूप में हुई है। बताते चलें कि 03 अगस्त को शाम करीब 6:30 बजे, कांस्टेबल सच्चिदानंद और होमगार्ड चालक राजेश राय पेट्रोल लेकर हर्रा की चुंगी से लौट रहे थे। रास्ते में फल खरीदने के लिए चैक पर रुकने के दौरान, तीन व्यक्तियों ने एक राहगीर से गाली-गलौज और धक्का-मुक्की शुरू कर दी। पास खड़े एक व्यक्ति ने पुलिस कर्मियों से हस्तक्षेप करने का अनुरोध



किया। जब सच्चिदानंद और राजेश ने बीच-बचाव का प्रयास किया, तो तीनों आरोपियों और उनके दो अन्य साथियों ने पुलिस कर्मियों के साथ गाली-गलौज, हाथापाई और वर्दी फाड़ने की घटना को अंजाम दिया। आरोपियों ने सरकारी मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त करने की कोशिश की और जान से मारने की धमकी दी। स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया। घटना के आधार पर थाना कोतवाली में मामला दर्ज किया गया। बदरका चैकी प्रभारी उप-निरीक्षक राज नारायण पाण्डेय, कांस्टेबल नीरज कुमार और विकास सरोज की टीम ने अभियुक्त मोनू सोनकर और सोनू सोनकर को उनके घर कटरा अनंतपुरा से शाम 8:45 बजे गिरफ्तार किया। अन्य अभियुक्तों की तलाश और विधिक कार्रवाई जारी है।

## इग्नू में प्रवेश की नामांकन तिथि बढ़ी, 15 तक करें आवेदन

आजमगढ़। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से सम्बद्ध केंद्र डीएवीपीजी कालेज की समन्वयक प्राफेसर शिल्पा त्रिपाठी ने बताया कि इग्नू विश्वविद्यालय के माध्यम से बी.ए., एम.ए., बी.कॉम., एम.कॉम. जैसे लोकप्रिय पाठ्यक्रमों के साथ-साथ विविध सर्टिफिकेट व डिप्लोमा हेतु नामांकन कर सकते है। इसकी पूर्व निर्धारित तिथि की समय सीमा बढ़ाकर अब 15 अगस्त 2025 कर दी गई है। जिज्ञासु विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर है जो नियमित शिक्षा के बंधनों से मुक्त रहकर अपनी सुविधा और रूचि के अनुरूप उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं। प्रोफेसर त्रिपाठी ने बताया कि डीएवी पीजी कॉलेज, आजमगढ़ में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) का अध्ययन केंद्र 48034 सुचारु रूप से संचालित है, जो शिक्षा-प्रेमियों के लिए एक सशक्त शैक्षिक मंच प्रदान कर रहा है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त हमारे केंद्र में पुस्तकालय, ई-लर्निंग संसाधन, कार्यशालाएँ और परामर्श सत्र जैसी सेवाएँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध हो रही हैं। इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू की बेवसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इग्नू अध्ययन केंद्र 48034 में प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः ऑनलाइन है। इच्छुक छात्र अधिक जानकारी एवं मार्गदर्शन हेतु प्रोफेसर शिल्पा त्रिपाठी, समन्वयक मोबाइल 9415304343 पर या किसी भी कार्यदिवस में विद्यालय पर सम्पर्क कर सकते है।

## पूर्व सांसद के आगमन का खटिक समाज ने किया विरोध



जौनपुर। अखिल भारतीय खटिक विकास मंच की बैठक नई मण्डी शीतला चैकियां में छब्बूलाल की अध्यक्षता में हुई। मंच के नगर अध्यक्ष गहेन्द्र प्रसाद सोनकर ने कहा कि वर्ष 2009 के बाद इण्डियन जस्टिस पार्टी के उदितराज भाजपा में सम्मलित होकर सांसद बने और इण्डियन जस्टिस पार्टी को विलय कर दिया तथा दूसरी बार टिकट न मिलने पर नाराज होकर कांग्रेस में चले गये। उदित राज का जब पूरी जमीन राजनीत खिसक गयी एवं सत्यानाश हो गया तो उनको राजनीति करने के लिए खटिक बिरादरी याद आने लगी और जहाँ बहादुर सोनकर को बबुल के पेड़ में लटका कर हत्या किया गया था उसी स्थान पर उदित राज जी खटिक समाज की बैठक में भाग लेने आ रहें हैं।बैठक में खटिक समाज के लोगों ने इनका विरोध जताया है, और कहा है कि यदि पूर्व सांसद उदितराज होटल पहुँचे या जौनपुर किसी कोने पर सभा करेंगे तो हम लोग खुलकर विरोध करेंगे। बैठक में छब्बूलाल, महेन्द्र प्रसाद, पप्पू, विजय कुमार, सुरेशचन्द्र, सुदर्शन, गुड्डु, रतन चन्द, विनोद, रंजीत, बरसातू, सुबास, रत्तीलाल, प्रदीप, सुरेश, सन्तोष, दिलीप सहित सैकड़ों की संख्या में खटिक सोनकर बिरादरी के लोग उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा को लेकर कई दुकानों से लिये गये सैम्पल

आजमगढ़। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ तथा जिलाधिकारी महोदय आजमगढ़ के आदेश के क्रम में जनपद में रक्षा बन्धन पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के लिए मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु खाद्य पदार्थो की शुद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित कराये जाने हेतु मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का एक छापा दल सर्वप्रथम रोडवेज बस स्टेशन के सामने दो खाद्य प्रतिष्ठान पर छापामार संदेह के आधार पर खोया एवं छेने से निर्मित 1 बर्फी तथा 01 छेने की मिठाई का नमूना संग्रहित किया।

तत्पश्चात टीम रैदोपुर स्थित एक प्रतिष्ठित मिष्ठान भण्डार से 01 रंगीन बूंदी का लड्डू व 01 छेने की मिठाई का नमूना लिया। प्रतिष्ठान पर व्याप्त गंदगी पर तथा खुले कूडेदान होने के कारण मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रतिष्ठान के मालिक को चेतावनी देते अविलम्ब व्यवस्थित करने का आदेश दिया तथा सिधारी से 01 बेसन के लड्डू का नमूना लिया गया। छापेमार दल के द्वितीय टीम द्वारा रानी की सराय बाजार स्थित मिठाई की दुकानों से 01 पेड़ा तथा 01 छेना का नमूना लिया गया। प्रथम दृष्टया छेना संदूषित प्रतीत होने पर तथा अस्वच्छकर परिस्थिति में भण्डारण के कारण लगभग 25 किग्रा छेना खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा नष्ट कराया गया जिसकी अनुमानित कीमत रू0 6250/- आंकि गयी। छापेमार की कार्यवाही से दुकानदारों में हडकम्प मच गया तथा दुकानदार दुकान बन्द कर भाग गये। छापेमार दल सैदद्वारा स्थित एक मिष्ठान प्रतिष्ठान से प्रथम दृष्टया अवमानक प्रतीत हो रहे 01 खोया का नमूना जांच हेतु लिया तथा लगभग 30 किग्रा0 खोया अस्वच्छकर परिस्थिति में भण्डारित होने के कारण नष्ट करा दिया गया, जिसकी अनुमानित कीमत रू0 8400/- आंकि गयी। उसी प्रतिष्ठान से उस खोया से निर्मित 01 पेडे का नमूना संग्रहित किया गया तथा एक अन्य प्रतिष्ठान से 01 बेसन के लड्डू का नमूना लिया गया। कुछ दूर आगे ही सेठवल बाजार से 02 बूंदी का लड्डू व 01 पेडे का नमूना लिया गया। कोटवा निकट बेलइसा से 01 छेने की मिठाई का नमूना लिया गया। इस प्रकार आज कुल विभिन्न प्रकार की 14 मिठाईयों का नमूना संग्रहित कर प्रयोगशाला जांच हेतु प्रेषित किया गया।

## पत्रकार और उनके परिवार के हर सुख-दुख का सहभागी होगा वीआईपी प्रेस सोशल क्लब : रोहित

मीरजापुर। जनपद के नवगठित वीआईपी प्रेस सोशल क्लब के सदस्यों ने सामूहिक रूप से दिवंगत पत्रकार दिनेश उपाध्याय के आवास पर जाकर शोक



श्रद्धांजलि प्रकट कर संगठन की ओर से आर्थिक सहयोग राशि प्रदान किया है। इस दौरान संगठन के साथियों ने कहा कि वीआईपी प्रेस सोशल क्लब पत्रकार और उनके परिवार के हर सुख-दुख का सहभागी होगा। क्लब के जिलाध्यक्ष रोहित गुरु त्रिपाठी ने कहा दिनेश उपाध्याय एक जुझारू और कर्मठ पत्रकार रहें हैं, जिनकी मौत से सभी मर्माहत हैं।श्रद्धांजलि के वक्त अत्यंत भावुक एवं करुणाप्रद दृश्य उपस्थित हो गया। इस अवसर पर क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश भाई पटेल द्वारा 10 हजार, जिलाध्यक्ष रोहित त्रिपाठी द्वारा 5 तथा प्रबंधक दीपक त्रिपाठी द्वारा 5 हजार का आर्थिक सहयोग दिनेश उपाध्याय की इंटरमीडिएट में अध्ययनरत बेटी को पठन-पाठन के लिए दिया गया, ताकि पढ़ाई में व्यवधान न हो। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सलिल पाण्डेय, वीआईपी प्रेस ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष रोहित गुरु त्रिपाठी, दीपक त्रिपाठी, रवींद्र जायसवाल, बृजेश गौड़, गुफरान एवं शिवम मालवीय आदि मौजूद रहें।

संक्षेप

## 4 अभियुक्तों की खोली गयी हिस्ट्रीशीट, होगी सघन निगरानी

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोल कर सतत निगरानी करते हुए सख्त कार्यवाही की जा रही है।इस अभियान के दौरान जनपद में कुल 4 अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट सम्बन्धित थाने पर खोलकर उनके सम्बन्ध में नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। जिसका उद्देश्य जनपद में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। जिसमें बघौचघाट से 2 अभियुक्त सोनू यादव पुत्र नागेन्द्र यादव महुअवा खुर्द थाना बघौचघाट और पिन्टू शाही पुत्र स्व. योगेन्द्र शाही साकिन पकहां थाना बघौचघाट, महुआडीह से अभियुक्त चन्द्रशेखर यादव पुत्र शत्रुघन यादव जिगनी बाजार थाना महुआडीह से बरहज से अभियुक्त प्रदीप कुमार गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता पटेल नगर पूर्वी थाना बरहज शामिल हैं।

# मां ही ने अपने सहयोगियों के साथ बेटी का शव निकाला था कब्र से

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के पटहेरिया शहदौली के कब्रिस्तान से शव गायब होने के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। मृतक किशोरी को जिंदा करने के लिए उसकी मां ने ही उसकी

● पटहेरवा पुलिस ने कब्रिस्तान से शव गायब होने के मामले का किया खुलासा

मौसी व एक अन्य के साथ मिलकर झाड़ फूंक करने के लिए शव को कब्र से बहर निकाला था। सुबह हो जाने के चलते शव को कब्रिस्तान से कुछ दूरी पर मंदिर के पीछे छोड़ फरार हो गए थे।पटहेरिया उर्फ शहदौली निवासी दस वर्षीय गुलफ़्सा पुत्री बिस्मिल्लाह का गोरखपुर मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान 18 जुलाई की देर रात मौत हो गयी थी। परिजन 19 जुलाई की दोपहर उसका शव गांव के कब्रिस्तान में दफन कर दिये थे। 21 जुलाई की सुबह उसके कब्र खुदा होने और शव गायब होने की सूचना जंगल में आग की तरह फैल गई थी मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण जुट गए थे। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने कब्रिस्तान सहित अगल बगल के झाड़ियों में शव की खोज बिन में जुट गई। वहीं फोरेंसिक टीम भी घटना स्थल पर पहुंच जांच पड़ताल की। करीब आठ घंटे की खोज बिन के बाद किशोरी का शव कब्रिस्तान से करीब डेढ़ सौ मीटर की दूरी पर टावर के पास मंदिर के पीछे झाड़ियों में मिला था। जबकि शव के आस पास से दो नकाब और एक नीले रंग कि साड़ी भी बरामद हुआ था। मामले में मृतक किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच में जुटी थी।मामले का लगभग दो स प्ताह बद सफल अनावरण करते हुए बुधवार की दोपहर पुलिस क्षेत्राधिकारी राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि मृत किशोरी



को जिंदा करने की नियत से झाड़ फूंक का सहारा लेने के लिए उसकी मां जुबैदा खातून, उसकी मौसी सुबेदा खातून निवासी धुरिया इमलिया थाना तमकुही के साथ मिलकर झाड़ फूंक करने वाले तबारक निवासी बलुआ तकिया थाना पटहेरवा और सुगनू खा निवासी पटहेरिया के साथ मिलकर कब्र से शव बाहर निकाला था सुबह हो जाने के चलते शव टावर के पास झाड़ियों में छोड़ भाग निकले थे। इस संबंध मे क्षेत्रधिकारी तमकुही राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि सात साल से कम सजा होने के प्रावधान के चलते आरोपियों को 41( 1) के तहत नोटिस देकर छोड़ दिया गया। इस मामले का खुलासा करने वाली टीम मे थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्र, उप निरीक्षक सच्चिदानंद यादव, उपनिरीक्षक श्रवन कुमार, हेड कांस्टेबल फूलचंद चौधरी, कास्टेबल पवन कुमार गुप्ता शामिल रहे।

## लम्पी स्किन डिजीज से पशुपालकों से सतर्कता बरतने की अपील

**देवरिया** ।जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने जानकारी देते हुए बताया कि लम्पी स्किन डिजीज (छरऊ) गोवंशीय एवं महिषवंशीय पशुओं में फैलने वाला एक विषाणु जनित रोग है, जो मुख्यतः मच्छरों, चिचड़ियों और मक्खियों के काटने से फैलता है।

जनपद देवरिया में इस रोग के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए पशुपालन विभाग द्वारा व्यापक अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत गोवंशीय पशुओं का निःशुल्क टीकाकरण किया जा रहा है रोग की निगरानी एवं त्वरित नियंत्रण के लिए कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है, जिसे डा. यू.के. सिंह, उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, देवरिया सदर द्वारा संचालित किया जा रहा है। पशुपालक किसी भी प्रकार की समस्या अथवा जानकारी हेतु उनसे मोबाइल नम्बर 9415833790 पर संपर्क कर सकते हैं। लम्पी रोग के प्रमुख लक्षणों में पशुओं को हल्का पूरे शरीर पर गोलाकार गांठों (नोड्यूल्स) का उभरना शामिल है।

## पेंशनरों की बैठक में समस्याओं पर चर्चा

**देवरिया।** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन की बैठक देवेंद्र मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने अपनी अपनी समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें डॉ रामनरेश सिंह बताया कि मैं स्वेच्छा से अपने तरफ से राष्ट्रपति महोदया को सैनिकों की सहायतार्थ 5 लाख रुपए का चेक मिलकर देना चाहते है। जिसको लेकर संबंध में पत्राचार कर के अवगत कराए। राजवंशी राजभर ने अपने साथ हुए अभद्रता एवं जान से मारने की धमकी का मुद्दा उठाया। अंत में अध्यक्ष देवेंद्र मणि त्रिपाठी ने भरोसा दिलाया कि उक्त मुद्दों को लेकर संगठन आवाज बुलंद करेगा। हनुमान तिवारी, वीरेंद्र मिश्रा और भगवान दुबे ने भी अपना मामला उठाया। बैठक में रामनिहाल प्रसाद, रामसागर मौर्य, धनेसर तिवारी, दीनानाथ पासवान, अखिलेश तिवारी, भृगुनाथ यादव आदि उपस्थित रहे।

## कांग्रेस की बैठक में ब्लॉक और मंडल कमेटी के मजबूती पर चर्चा



**कसया।** नगर के गोपालगढ़ मार्ग स्थित कांग्रेस पार्टी के कार्यालय पर ब्लॉक कांग्रेस की मासिक बैठक सम्पन्न हुई जिसमें संगठन सृजन के तहत ब्लॉक और मंडल कमेटी के मजबूती पर चर्चा की गई जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव गोरख यादव, जिला उपाध्यक्ष अरुण कुमार चौबे, सहित पदाधिकारियों ने सांगठनिक मजबूती पर बल दिया और ब्लॉक के मंडल अध्यक्षों को कमेटी गठन और विस्तार को लेकर टिप्स दिए। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन की लहर चल रही है। लोकप्रिय नेता राहुल गांधी पूरे देश में सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रहे हैं आज पूरा देश उनके साथ खड़ा है। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की मुहिम में जुट जाएं और डोर टू डोर समर्पक करने का कार्य करें। वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा में कांग्रेस इंडिया गठबंधन भारी बहुमत से जीतकर सरकार बनाएगी। इस दौरान कसया ब्लॉक प्रभारी शबनम खातून, ब्लॉक उपाध्यक्ष बृजेश जैसवाल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महासचिव अरविंद द्विवेदी, ब्लाक महासचिव प्रीतम कुमार शुक्ला, राजीव गांधी मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह, इंदिरा गांधी मंडल अध्यक्ष यशवंत कुमार भारती सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

## विज्ञान संचारक समूह के संस्थापक की श्रध्दांजलि सभा में उमड़ा भारी जनसमूह



**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के नोनापार निवासी एवं विज्ञान संचारक समूह के संस्थापक व केशव मिश्र विचार मंच के संस्थापक अनिल त्रिपाठी के ब्रह्मभोज के अवसर पर आयोजित श्रध्दांजलि सभा मे श्रध्दा सूमन अर्पित करने वाले की उमडी भीड ।

श्रध्दांजलि सभा को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीशचंद्र तिवारी ने कहा कि विज्ञान संचारक समूह के संस्थापक व आचार्य केशवचन्द्र मिश्र के संस्थापक प्रतिभा के धनी व इस संस्थाओं के माध्यम से पूरे प्रदेश मे विज्ञान की अलख जगाने वाले को कभी भुलाया नही जा सकता ।उनकी स्मृतियाँ सदैव ह्रदयपटल पर छायी रहेगी ।

संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रयागराज अशोक सिंह ने कहा कि विज्ञान यात्रा का अन्त नही है ।लेकिन उसकी हर कोई समझ नही पाता ।जिसको साहित्यिक क्षेत्र से होते हुए भी अनिल त्रिपाठी ने समझाजिसको देश व विदेश मे भी समझा गया ।

विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने श्रध्दांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हमारे विधानसभा क्षेत्र सहित पुरे जनपद मे इनके निधन से अपूर्णीय क्षति हुई है ।

कार्यक्रम के शुभारंभ की कडी मे छोटे-छोटे बच्चों द्वारा स्व त्रिपाठी के विज्ञान के प्रसार प्रचार से सम्बंधित विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किया गया और प्रश्नों की प्रतियोगिता भी आयोजित की गयी ।जिसमे बच्चों ने बढ चढ कर प्रतिभाग किया ।श्रध्दांजलि सभा को डॉ अजयमणि त्रिपाठी वकील सिंह मिथिलेश कुमार सिंह विश्वामित्र मिश्र सभी प्रधानाचार्य गण पत्रकार लियाकत अहमद कैप्टन जितेन्द्र पाण्डेय विजेन्द्र शुक्ल डॉ अभय द्विवेदी प्रधानाचार्य प्रेमचन्द्र मिश्र आई टी आई देवरिया के निदेशक सुरेन्द्र कुशवाहा प्रधानाचार्य प्रेमचन्द्र चौहान रेहाना खातुन प्रेमचन्द्र मिश्र मारुतिनंदन मिश्र पद्ममाकर मिश्र उपेन्द्र उपाध्याय विशाल सिंह रविकांत मणि त्रिपाठी आशुतोष द्विवेदी कमलनयन चतुर्वेदी शैलेश त्रिपाठी अजीत तिवारी फुलेना यादव व विनय तिवारी द्वारा अपनी श्रध्दा सूमन अर्पित किया गया ।

## बिजली की समस्याओं को लेकर भाकियू ने की महापंचायत

जिला संवाददाता

**देवरिया।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भारतीय किसान यूनियन के तत्वाधान मे बरियारपुर बिजली घर पर बिजली की समस्याओं को लेकर किसान महापंचायत की गई। किसान महापंचायत को संबोधित करते हुए भाकियू पूर्वी उ०प्र० उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि बरियारपुर बिजली घर पर बहुत ही अत्यधिक लोड है। करीब 300 गांवों एवं बरियारपुर नगर पंचायत के 32 टोले पर बरियारपुर बिजली घर से बिजली दी जा रही हैं। बिजली घर पर जितना लोड है उस लोड को कम करने हेतु नौतन फीडर गुड्डीजोर या अन्य किसी गांव में तथा गोरया फीडर के सिधूआ या अन्य किसी भी गांव जहां जमीन उपलब्ध हो वहां पर 33/11 के०वीं०ए० का नया बिजली घर बनाया जाय जिससे बिजली समस्या का स्थाई समाधान हो। भाकियू पूर्वी उ०प्र० सचिव विनोद गुप्ता ने कहा कि बरियारपुर विद्युत उपकेंद्र से बिजली बार बार ब्रेकडाउन होने, बार बार ट्रिप



होने से मात्र 10 से 12 घंटा या 12 घंटा से 14 घंटा तक ही बिजली मिल रही हैं जिससे आम जनता में बहुत ही आक्रोश बढ़ता जा रहा हैं। जिला संयोजक सदानंद यादव ने कहा कि आजादी के बाद जो भी बिजली के तार लगे ओ जर्जर हो गए हैं जिसके कारण बिजली के तार बार बार टूट रहे हैं। श्री यादव ने कहा बरियारपुर नगर पंचायत के लिए अलग फीडर बनाने का कार्य बहुत दिनों से निमार्णाधीन हैं जिसके कारण नगर के लोगों को अच्छी बिजली नहीं मिल पा रही हैं। जिला महासचिव धनंजय सिंह ने कहा कि निजी नलकूप कनेक्शन हेतु किसानों द्वारा आवेदन करने बाद भी घूसखोरी के चलते किसानों को कनेक्शन नहीं दिए जा रहे है। महापंचायत के अन्त में बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता अमित सिंह, अधिशासी अभियंता अमित सक्सेना, उप खण्ड अधिकारी अरुण कुमार, नायब तहसीलदार देवरिया, थानाध्यक्ष बरियारपुर मय फोर्स पंचायत स्थल पर आए और बिंदुवार चर्चा करके ज्ञापन लिए और समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिए। महापंचायत में भाकियू के जिला सलाहकार मदन चौहान जिला उपाध्यक्ष श्यामदेव राय जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह , जिला उपाध्यक्ष पंचानंद मिश्र,जिला संगठन मंत्री दिग्विजय नारायण कुशवाहा अभय नंदन बरनवाल,सुरेन्द्र चौहान,अजय कुमार सिंह बृजेश यादव, सुदामा चौरसिया,सत्यनारायण कुशवाहा, बृजराज मौर्य,डाक्टर सुरेन्द्र चौहान,शेषनाथ सिंह,उमाशंकर सिंह, नरसिंह पटेल, मुन्ना सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## रक्षाबंधन के कारण थाना समाधान दिवस की तिथि में बदलाव

**देवरिया ।** अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) जैनेंद्र सिंह ने बताया कि अगस्त महीने में थाना समाधान दिवस 09 अगस्त 2025 (शनिवार) को आयोजित किया जाना था। लेकिन इसी दिन रक्षाबंधन का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण अब यह कार्यक्रम 11 अगस्त 2025 (सोमवार) को पूर्व निर्धारित समय पर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह बदलाव केवल इसी तिथि तक सीमित है, बाकी रोस्टर यथावत रहेगा।

## डोल मेला में अश्लील गीत की कोई गुंजाइश नहीं: थानाध्यक्ष



**तमकुहीराज, कुशीनगर।** आगामी डोल मेला व रक्षाबंधन त्यौहार को लेकर बुधवार को पटहेरवा थाने पर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ ।इस दौरान थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों से पर्व त्यौहार शांतिपूर्ण माहौल में आपसी भाई चारे के साथ मनाए जाने की अपील की गई ।साथ ही डोल मेले में अश्लील गानों के प्रसारण की कोई गुंजाईश नहीं है सख्ती के साथ इसपर अमल होंगी अश्लील गीत पर रोक के साथ ही मानक में ही डीजे बजाए जाने की अपील थानाध्यक्ष ने की

बुधवार की दोपहर पटहेरवा थाने पर पीस कमेटी का बैठक हुआ ।इसमें क्षेत्र के विभिन्न कस्बों, चौराहों पर आयोजित होने वाले डोल मेले के आयोजन कताओं के साथ हुई बैठक में थानाध्यक्ष ने बताया कि डोल मेला शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जाना है ।इसको लेकर मानक में डीजे बजाए जाने के साथ ही अश्लील गानों के प्रसारण नहीं किए जाने की बात बताई गई ।साथ ही रक्षाबंधन व अन्य पर्व त्यौहार को प्रेम व भाईचारे के साथ मनाने की अपील की ।पर्व त्यौहार और डोल मेले के दौरान किसी भी तरह का अराजकता फैलाने वाले बक्से नहीं जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ।इस दौरान एस एस आई हरिराम सिंह यादव, इजहार खान, पप्पू राय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## ज्ञान, कौशल और मूल्य आधारित शिक्षा के नये युग की शुरुआत है : प्रो.शम्भुनाथ

**बरहज,देवरिया।** स्थानीय बाबा राघवदास भगवानदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय आश्रम में बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के पांच वर्ष पूर्ण होने पर उसकी उपलब्धियां विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर-प्रदेश के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सन्त विनोबा स्नातकोत्तर

● राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर-प्रदेश के बैनर तले कार्यक्रम आयोजित

महाविद्यालय देवरिया के प्राचार्य तथा भारतीय शिक्षण मंडल गोरक्ष प्रांत के उपाध्यक्ष प्रो. अर्जुन मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 केवल एक नीति नहीं, बल्कि भारत को ज्ञान आधारित महाशक्ति बनाने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि पांच वर्ष पहले केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को मंजूरी दी थी। इस नीति ने शिक्षा व्यवस्था को जड़ों से बदलने की दिशा में कई ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। पांच वर्षों में स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां दर्ज हुई हैं। प्राथमिक से माध्यमिक स्तर तक शिक्षा को बाल विकास की मनोवैज्ञानिक अवस्थाओं के अनुरूप बनाया गया। शिक्षा को रटने से हटाकर क्रिटिकल थिंकिंग, रचनात्मकता और नैतिक मूल्यों पर केंद्रित किया गया। उच्च शिक्षा में लचीलापन लाते हुए छात्रों को किसी भी वर्ष पर पढ़ाई



रोकने या पुनः शुरू करने की सुविधा मिली।अनुसंधान और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए देशभर के विश्वविद्यालयों में प्रारंभ हुआ।

कहा कि मातृभाषा और भारतीय भाषाओं में शिक्षा की पहल से विद्यार्थियों को जड़ों से जोड़ा गया। स्कूल स्तर पर व्यावसायिक पाठ्यक्रम जोड़े गए, जिससे रोजगारोन्मुख शिक्षा को बढ़ावा मिला।

अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.शम्भुनाथ तिवारी ने कहा कि ठएढ 2020 के कारण न केवल साक्षरता दर और नामांकन अनुपात बढ़ा है, बल्कि छात्रों की सीखने की क्षमता और रोजगार कौशल में भी सुधार हुआ है। यह नीति शिक्षा को केवल डिग्री प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि जीवन-कौशल और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप बनाने का माध्यम बन चुकी है। शुरूआत अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके हुआ। मंगलाचरण विनय कुमार मिश्र ने तथा सरस्वती वंदना कुमारी ज्योति गुप्ता ने प्रस्तुत किया। संचालन राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डा.अरविन्द पांडेय ने किया। कार्यक्रम को प्रो.दर्शना श्रीवास्तव, प्रो.आरती पांडेय, डा.आभा पांडेय, डा.राकेश कुमार सिंह,डा. वेद प्रकाश सिंह ने संबोधित किया। डा.धनन्जय तिवारी एवं प्रदीप शुक्ला ने भजन प्रस्तुत किया। इस दौरान प्रमुख रूप से प्रो.सूरज गुप्ता,डा.मंजू यादव,प्रज्ञा तिवारी,डा.अनुज श्रीवास्तव, डा.विवेकानन्द पांडेय, डा.सज्जन गुप्ता, सोनाली सोनकर, खुशबू सोनकर मौजूद रही।

## संयुक्त अभियान में वाहनों की हुई चेकिंग



**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में यातायात प्रभारी गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस द्वारा सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी के साथ संयुक्त अभियान चलाकर स्कूली बच्चों को ले जाने वाली बसों का वैध प्रपत्र चेक किया गया तथा शहर क्षेत्र में कसया ढाला, मालवीय रोड एवं बस स्टैंड सड़क पर गाड़ी खड़ा कर सवारी भरने वाले अनुबंधित बसों, ईझरिक्शा एवं ऑटो टेम्पो के विरुद्ध एम वी एक्ट में चालान एवं सीज की कार्यवाही की गयी एवं नो पार्किंग में खड़े वाहनों का चालान किया गया, जिसमें 118 वाहनों का ई-चालान किया गया व 4 वाहनों को सीज किया गया तथा वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।

## चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति का धरना जारी

**देवरिया।** चीनी मिल चलाओ संघर्ष समिति संयुक्त महा मोर्चा के तत्वाधान में बैतालपुर चीनी मिल को चलाने हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में चल रहा किसानों का धरना बुधवार को 230 वें दिन जारी रहा। धरना सभा को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष बृजेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि देश में सर्वाधिक चीनी मिल वाला जिला देवरिया आज अपने एक आदत चीनी मिल के लिए तरस रहा है। इस अवसर पर, रामलाल गुप्ता, चंद्रिका यादव, विजय शंकर, संजय दीप कुशवाहा, अभय कुमार, अशोक मालवीय, घनश्याम, वंश बहादुर सिंह, संजीव कुमार शुक्ला, हारून रशीद, पिंटू पांडे, जनार्दन प्रसाद शाही आदि उपस्थित रहे।

## गन्ने की खेती मशीन से करायेगी ढाढा चीनी मिलः करन सिंह

**कसया, कुशीनगर।** नगर पालिका परिषद कुशीनगर क्षेत्र के ग्राम अभिनयकपुर में शरद कालीन गन्ना बुवाई एवं गन्ना कृषि यंत्रों के विषय पर गन्ना विकास गोष्ठी का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने गन्ने की बैज्ञानिक विधि से खेती की जानकारी किसानों को दी।



विदित हो कि शरद कालीन गन्ने की बैज्ञानिक खेती के प्रति कृषकों को जागरूक करने, गन्ने के साथ सहफसली खेती को बढ़ावा देने,गन्ने की खेती में यंत्रों का प्रयोग एवं उसका लाभ, गन्ना विकास के लिए चीनी मिल की योजनाओं की जानकारी देने आदि के विषय में जानकारी देने के लिए अधिशासी अध्यक्ष करन सिंह के मार्गदर्शन में ढाढा चीनी मिल द्वारा गांव गांव में विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। ढाढा चीनी मिल के सहायक उपाध्यक्ष गन्ना मनोज कुमार विश्नोई ने किसानों को बताया कि गन्ने की खेती में मजदूरों की बढ़ती समस्या को देखते हुए ढाढा चीनी मिल द्वारा सभी प्रकार के गन्ना कृषि यंत्र अनुदान पर कृषकों को उपलब्ध करा रही है। अब गन्ने की खेती मशीन से कराएगी ढाढा चीनी मिल चीनी मिल में गन्ना बुवाई, गुड़ाई, कटाई, छिलाई का यंत्र कृषकों को दिया जा रहा है, इसका प्रदर्शन भी कराया जा रहा है। उप्र गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच के पूर्व सहायक निदेशक ओमप्रकाश गुप्ता ने शरद काल में ट्रेंच विधि से अधिक उपज देने वाली प्रमुख प्रजातियां को 0118, को15023, कोसा 18231आदि की बुवाई करें। अपनी आय बढ़ाने के लिए किसान गन्ने के साथ आलू, लहसुन, प्याज गोभी, गेहूं, टमाटर, मसूर, टोरिया, आदि की सहफसली खेती करें, इससे आय बढ़ेगी। किसानों ने कहा गन्ने के दाम न बढ़ने गन्ने की खेती में लगात बढ़ने के कारण गन्ना बोना छोड़ रहे हैं। एक एकड़ गन्ना बोने से बचने तक 50 से 60000 रुपए से अधिक खर्च रहा है। कसया गन्ना समिति के सचिव सुरेंद्र चौहान के अनुसार 25% गन्ना क्षेत्रफल घट गया है। वर्ष 2024 -25 में 1690 हेक्टेयर था। इस बार घटकर 1268 हेक्टेयर हो गया है। अधिशासी अध्यक्ष करण सिंह के अनुसार गन्ना क्षेत्र बढ़ाने के लिए 15 हजार एकड़ गन्ना शरद कालीन गन्ना बुवाई का लक्ष्य रखा गया है। उपाध्यक्ष गन्ना रविंद्र सिंह ने कहा गन्ना विकास से ही किसानों का विकास होगा। गन्ने का विकास तभी होगा जब वैज्ञानिक ढंग से खेती होगा। गन्ना विकास अधिकारी दीपक तिवारी ने गन्ना सट्टा सर्वे प्रदर्शन पर बताया कृषक दिनेश राय ने कहा पर्ची हॉयल की सबसे बड़ी समस्या है। अध्यक्षता प्रगतिशील किसान श्री रामचन्द्र यादव ने किया। गोष्ठी में किसान श्रीरामचन्द्र यादव, दिनेश राय, योगेंद्र सिंह, द्वारिका सिंह, महेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

## बिजली विभाग ने चलाया अभियान, दो लोगों पर की एफआईआर और बकाए पर काटे 66 कनेक्शन

**बरहज,देवरिया।** प्रबंध निदेशक पूर्वांचल निगम के निर्देशानुसार ज्यादा बिजली चोरी वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर गौरा जयनगर क्षेत्र में बिजली विभाग ने बृहद मेगा ड्राइव अभियान चलाया।

बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता के नेतृत्व में गौरा फीडर के गौरा जयनगर समेत दर्जनों मुहल्लों में बिजली विभाग की दो टीमों ने सुबह से ही चेकिंग शुरू

● प्रत्येक फीडर पर फीडर मैनेजर की हुई नियुक्ति, फीडर स्तर पर तय होगी जवाबदेही
● बिजली चोरों में हड़कंप मचा
● 12.68 लाख का बिजली बिल बकाया है

किया। जिससे बिजली चोरों में हड़कंप मचा रहा। 134 उपभोक्ताओं की बिजली चेकिंग में दो उपभोक्ता को बिजली की चोरी करते पकड़े गये। जिन पर एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई की गई है ।इस 66 घरों की बिजली बिल बकाया होने पर काटी गयी। जिनके ऊपर लगभग 12.68 लाख का बिजली बिल बकाया हैं ।चेकिंग के दौरान करीब 3.87 लाख रुपए के बकाये की वसूली की गयी।

बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता ने बताया कि आज पूरे खण्ड के अधिकारियों, कर्मचारियों की दो टीमों को चेकिंग में लगाया गया था ।प्रबन्ध निदेशक के निदेर्शानुसार प्रत्येक फीडर पर अधीक्षण अभियंता से लेकर, अधिशाषी अभियंता, उपखण्ड अधिकारी, अवर अभियंता, तकनीशियन सहित कुशल निविदा कर्मियों को फीडर मैनेजर के तौर पर नियुक्त किया गया है। जिससे फीडर पर शतप्रतिशत बिलिंग, राजस्व वसूली एवं गुणवत्ता पूर्वक विद्युत आपूर्ति कराने में मदद मिलेगी एवं फीडर स्तर पर सुधार न होने पर उच्च स्तर से जवाबदेही तय की जाएगी।

समस्त उपभोक्ताओं को सही एवं समय पर बिल प्रदान करने के लिए अब मीटर रीडर्स के साथ एक विभागीय कर्मी लगाया गया है।

जिससे मीटर रीडर्स गलत बिल न बना सके मीटर रीडर्स एवं विभागीय कर्मी की मॉनिटरिंग डिस्कॉम मुख्यालय कंट्रोल रूम से भी की जाएगी। इसके अतिरिक्त युद्धस्तर पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं।

जिससे उपभोक्ताओं को ऑटोमैटिक रीडिंग के माध्यम से बिल प्राप्त होगा एवं गलत रीडिंग पर अंकुश लगेगा। उपभोक्ता यूपीपीसीएल कंज्यूमर एप के माध्यम से अपना खपत,बिजली बिल देख एवं जमा करा सकते हैं । प्रत्येक वितरण क्षेत्र में अधिक बिजली चोरी वाले क्षेत्र को चिन्हित कर आगे भी अभियान लगातार चलता रहेगा। खंड में एक सप्ताह में चयनित एक फीडर पर चेकिंग पूर्ण कराकर बिजली चोरी एवं बकायेदारों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी ।

10 हजार रुपए से अधिक बकायेदारों के विद्युत विच्छेदन कर शिकंजा कसा जाएगा एवं बिजली चोरी कर रहे उपभोक्ताओं के कनेक्शन को काटकर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया जाएगा ।

## सीता-राम विवाह कथा सुन भाव-विभोर हुए भक्त

बरहज, देवरिया। नगर पंचायत भलुअनी के मां भगवती पैलेस में 9 दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के 6वें दिन की कथा में राम सीता विवाह प्रसंग सुन कर श्रद्धालु भावविभोर हो गये। अयोध्या से पधारे आचार्य धीरज कृष्ण महाराज ने श्रीराम सीता विवाह की कथा सुनाते हुए कहा कि राजा जनक के दरवार में शिव धनुष रखा हुआ था, एक दिन सीता ने घर की सफाई के दौरान उसे उठाकर दूसरी जगह रख दिया, यह देख राजा जनक को आश्चर्य हुआ, क्योंकि वह धनूष किसी से उठता नही था, राजा ने प्रतिज्ञा की कि जो भी प्रत्यंचा चढाऐगा उसी के साथ सीता का विवाह होगा। स्वयंबर की तिथि निर्धारण कर सभी राजा महाराजाओं को निमंत्रण भेजा गया। वहा आये सभी लोगों ने एक एक कर धनुष उठाने की कोशिश की। किसी को भी इसमे सफलता नही मिली। गुरू की आज्ञा से श्रीराम धनुष उठाकर प्रत्यांचा चढाने लगे तभी धनुष टुट गया, धूमधाम से सीता राम का विवाह संपन्न हुआ।

स्वर्ग से देवताओं ने फूलो की बारीश की। कथा के दौरान आकर्षक का केन्द्र बने श्रीराम व सीता की आरती व मंगल गीत गा कर महिलाओ ने आशीर्वाद लिया। संगीत की धुनों पर भजन सुनाकर भजन गायक रघुपति व दीपक ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान बरहज अनंत पीठ आश्रम के पीठाधीश्वर अंज्जनेय दास महाराज ने रामभक्तों को संबोधित कर श्रीराम कथा के जीवन महत्व के बारे मे बताया। इस दौरान विजय कौशल महाराज, आदित्य त्रिपाठी, कृष्णा जी, राहुल मद्धेशिया, भरत वर्मा, मनोज कुमार मद्धेशिया, भगवान दास मद्धेशिया, संतोष मद्धेशिया, संजय वर्मा, लक्ष्मण वर्मा, विनोद मद्धेशिया मौजूद रहे।

संक्षेप

## खाद भंडार पर जमा हुई किसानों की भीड़

सीतापुर। खाद की किल्लत को लेकर लगातार किसान परेशान नजर आ रहा है। लहरपुर में कोतवाली रोड पर स्थित खाद की दुकान पर बड़ी संख्या में किसान खाद लेने के लिए पहुंचे लेकिन उन्हें खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही। जिसको लेकर किसानों में काफी आक्रोश भी देखने को मिला और तत्काल मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली प्रभारी विजेंद्र सिंह समेत चार उपनिरीक्षक व पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। किसानों को समझा बुझाकर खाद की दुकान को खुलवाया गया और व्यवस्थित ढंग से किसानों को लाइन में लगाकर खाद वितरित की गई। किसानों ने मांग की है कि उन्हें सही रेट में और समय से यूरिया उपलब्ध कराई जाए ताकि उनकी फसल बर्बाद होने से बचाई जा सके।

## दो मासूम बेटियों को छोड़ प्रेमी संग चली गयी महिला

सीतापुर।सिधौली तहसील परिसर में बुधवार को एक अनोखा मामला सामने आया। जिसने हर किसी को हैरान कर दिया। यहां एक विवाहित महिला अपने प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ गई और अंततः पति ने उसे प्रेमी संग जाने की अनुमति दे दी। बताया गया कि सिधौली क्षेत्र निवासी 25 वर्षीय शिवानी बीते पांच दिनों पूर्व अपने ससुराल से अचानक गायब हो गई थी। परिजनों को शक था कि वह अपने प्रेमी दीपक निवासी चक गांव, जनपद बाराबंकी के साथ चली गई है। हालांकि पति राजेन्द्र उर्फ गोलू ने कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की पर परिजन लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। काफी खोजबीन के बाद जब शिवानी के मायके पक्ष पर दबाव डाला गया तो वह बुधवार को अपने प्रेमी दीपक के साथ सिधौली तहसील पहुंची। यहां दोनों पक्षों में कहासुनी और हंगामा शुरू हो गया। मौके पर मौजूद लोगों की भीड़ लग गई करीब 8 वर्ष पूर्व विवाह बंधन में बंधी शिवानी की दो मासूम पुत्रियां 5 और 4 वर्ष की हैं जिन्हें उसने पीछे छोड़ने का फैसला कर लिया। तमाम समझाने-बुझाने के बावजूद शिवानी अपने प्रेमी को छोड़ने को तैयार नहीं हुई। आखिरकार पति राजेन्द्र ने अपनी बेटियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शिवानी को दीपक के साथ जाने की सहमति दे दी।

## महिला संबंधी अपराध मामले में युवक को सुनायी गयी सजा

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली व अभियोजन की सतत प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप न्यायालय द्वारा महिला संबंधी अपराध में अभियुक्त को 3 वर्ष 4 माह सश्रम कारावास एवं 40 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी। आपको बताते चले कि पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन कनविक्टेशन अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में लहरपुर कोतवाली पर पंजीकृत मुकदमा अपराध की गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अभियोजन द्वारा मुकदमे की प्रभावी पैरवी के चलते 5 अगस्त को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पास्को एक्ट के द्वारा दोष सिद्ध अभियुक्त अशरफ अली पुत्र बिलाल अहमद निवासी सुल्तानपुर शाहपुर को धारा 354 भारतीय दंड संहिता व 8 पास्को एक्ट के अंतर्गत 3 वर्ष 4 माह सश्रम कारावास एवं 40 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

# सरकार पूरे प्रदेश में डेवलपमेंट के कार्य कर रही: नंदी






जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिले की दो नगर पालिकाओं में चल रहे नगर पालिका परिषद के उपचुनावो के तहत भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के पक्ष में प्रदेश के औद्योगिक विकास निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ( नंदी ) द्वारा महमूदाबाद और मिश्रिख में चुनाव प्रचार किया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम उन्होंने महमूदाबाद में चुनावी जनसभा को संबोधित किया उन्होंने महमूदाबाद के मतदाताओं से महमूदाबाद में भारतीय जनता पार्टी की ट्रिपल इंजन सरकार बनाने का आवाहन किया उन्होंने महमूदाबाद के लोगों से बताया कि जिस तरह प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश में डेवलपमेंट के कार्य कर रही है लेकिन जहां पर भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधि नहीं है वहां पर विकास होने में कठिनाई होती है उन्होंने कहा अभी तक महमूदाबाद में समाजवादी पार्टी का नगर पालिका अध्यक्ष था जिससे यहां नगर में विकास अवरुद्ध हुआ है उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का नगर पालिका अध्यक्ष बनते ही महमूदाबाद नगर का स्वर्णिम विकास हम सबको देखने को मिलेगा। उन्होंने महमूदाबाद के नागरिकों से प्रत्याशी संजय वर्मा के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। बैठक में जिले के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वरशरण सिंह ने भी महमूदाबाद वासियो से भाजपा प्रत्याशी संजय वर्मा को विजई बनाने का आवाहन किया राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं निवर्तमान सांसद राजेश वर्मा ने महमूदाबाद नगर पालिका परिषद में कमल खिलाने का आवाहन किया और सभी को विश्वास दिलाया कि भारतीय जनता पार्टी को नगर पालिका परिषद में विजय मिलते ही महमूदाबाद का सर्वांगीण विकास किया जाएगा। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया एवं महमूदाबाद की जनता के समक्ष भारतीय जनता पार्टी के एजेंडे के विषय में विस्तार से बात की। और भाजपा प्रत्याशी को विजई बनाने की अपील भी की। चुनावी जनसभा को मिश्रित सांसद अशोक रावत एमएलसी पवन सिंह चौहान विधायक आशा मौर्य विधायक ज्ञान तिवारी विधायक निर्मल वर्मा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर आदि ने संबोधित किया तदुपरांत मंत्री नंद गोपाल नंदी द्वारा मिश्रित नगर पालिका क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी सीमा भार्गव के पक्ष में चुनावी सभा का आयोजन किया गया उन्होंने मिश्रिख व नैमिष क्षेत्र की जनता से भाजपा प्रत्याशी सीमा भार्गव को विजई बनाने का आवाहन किया। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने मिश्रिख के सभी कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों से चुनाव के अंतिम दिनों में अथक प्रयत्न कर जन जन का आशीर्वाद प्राप्त करने का आवाहन किया और मिश्रित नगर पालिका परिषद के मतदाताओं से मिश्रिख में कमल खिलाने का आवाहनकिया । कार्यक्रम को अवध क्षेत्र की क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा ब्लॉक प्रमुख रामकिंकर पांडे जिला उपाध्यक्ष नीरज वर्मा झल्लर विधायक रामकृष्ण भार्गव प्रत्याशी सीमा भार्गव सहित भाजपा नेताओंने संबोधित कर मिश्रिख में भाजपा प्रत्याशी को विजई बनाने की अपील की।

## सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर रहने को मजबूर ग्रामीण

सीतापुर।पिसावां विकास खंड के दुबावां गांव में बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। गांव के कई मकान पानी में डूब गए हैं, जिससे ग्रामीण स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में शरण लेने को मजबूर हैं। बाढ़ पीड़ितों में राम प्रसाद, बालक राम, तोताराम, प्रेमचंद, बटेश्वर, मूलचंद, अमरू, शिवकुमार जैसे कई परिवार शामिल हैं, जो अपने घर और सामान खो चुके हैं। गांव के प्रधान कुशाग्र दीक्षित ने बताया कि प्रशासन की ओर से अभी तक पीड़ितों को कोई सहायता नहीं मिली है, जिससे उनकी मुश्किलें बढ़ रही हैं। लेखपाल अरुणेन्द्र ने जानकारी दी कि 79 प्रभावित लोगों का सर्वे किया जा चुका है और त्वरित सहायता के लिए अधिकारियों को सूचित किया गया है। उन्होंने कहा कि पानी का स्तर कम होने के बाद क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वे किया जाएगा, जिसके आधार पर पीड़ितों को सहायता राशि उनके खातों में हस्तांतरित की जाएगी। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की सुस्ती के कारण उन्हें तत्काल राहत नहीं मिल रही है।

# दर्जनों घरों के सामने भरा पानी, निकलना दूभर

सीतापुर। बिसवां इलाके में पानी की निकास न होने के कारण काफी दिनों से गांव के मुख्य मार्ग पर बरसात व नालियों का गंदा पानी भरा होने से सैकड़ों की आबादी प्रभावित है। इस बारे में ग्राम पंचायत द्वारा कोई ठोस कदम न उठाए जाने से यह समस्या और भी बढ़ गई है।दो माह से अधिक समय से घरों के सामने रास्ते पर पानी भरा होने से अब उसमें दुर्गंध भी उठने लगी है जिससे कभी भी संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका बन गई है। बिसवां विकास खण्ड के जहांगीराबाद कस्बे में सीतापुर - बहराइच मुख्य मार्ग से पोस्ट आफिस व श्याम श्री हास्पिटल के बीच होता हुआ एक चैड़ा इंटरलॉकिंग खड़ञ्जा मार्ग खान क्लीनिक व गुलशन प्लाईवुड से आगे तक गया हुआ है जिस पर काफी समय से गंदा बदबूदार पानी भरा हुआ है। पानी की निकास न होने से नालियों से निकलने वाला पानी खड़ञ्जा मार्ग पर भरा रहता है। इधर बरसात होने के कारण लगभग 200 मीटर रास्ते पर भारी मात्रा में पानी भरा हुआ है जिसमें होकर निकलना यहां के बाशिंदों के लिए मजबूरी बन गया है। लगभग एक दर्जन घरों के सामने महीनों से गंदा व बदबूदार पानी भरा होने से किसी भी समय संक्रामक रोगों के फैलने के आसार बन गये हैं। घरों के आसपास गंदा पानी भरा रहने से नलों का पानी भी दूषित हो गया है। ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान से लेकर मुख्यमंत्री तक प्रार्थना पत्र दिया परन्तु आज तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई। अगर बारिश नहीं थमी तो यहां आसपास के रहने वाले तक हार कर रास्ते पर भरे पानी में नाव चलाकर विरोध जताने की तैयारी में हैं।बताते चलें कि जिम्मेदारों से तालमेल कर जहांगीराबाद के लगभग आधा दर्जन तालाबों को लोगों ने धीरे-धीरे पाट कर कब्जा कर लिया है या कर रहे हैं जिससे बरसात व नालियों का पानी तालाबों में न जाकर गांव के रास्तों पर भर रहा है जिसकी समुचित निकास न होने से काफी समय से यह समस्या बनी हुई है। जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण गांव के तालाब धीरे-धीरे पट रहे हैं, आखिर पानी जाये तो जाये कहां...। दिन व रात में खान क्लीनिक पर मरीज का इलाज कराने लाने पर भारी कठिनाई होती है। दर्जनों नमाजियों को भी इसी रास्ते पर होकर नमाज पढ़ने जाने में समस्या है।इसके अलावा गुलशन प्लाईवुड व घरों तक जाने में काफी परेशानी हो रही है। तमाम ग्रामीणों ने इस पानी की निकासी के लिए कोई ठोस योजना बनाकर इस नरक से जल्द से जल्द निजात दिलाये जाने की मांग की है। इस सम्बन्ध में खंड विकास अधिकारी बिसवां सुमित कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है परन्तु पानी निकासी के लिए नाला बनवाया जाना है जिसके लिए राजस्व विभाग जगह चिन्हित करेगा। जैसे ही नाले की जगह मिलती है। अविलंब नाला बनवा कर पानी निकासी की व्यवस्था करा दी जायेगी।

# बड़ा चौराहा व गांधीनगर तिराहा के रीडिजाइन का मंडलायुक्त ने निरीक्षण



उन्नाव (वीओएल)।मंडलायुक्त डॉक्टर रोशन जैकब द्वारा विकास भवन सभागार में विकास कार्य एवं राजस्व कार्यो की समीक्षा की गयी। इसके उपरांत बड़े चौराहे एवं गांधीनगर तिराहे के री डिजाइन एवं सौंदर्यकरण के कार्य का स्थलीय निरीक्षण डीएम गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की उपस्थित में किया गया।

निरीक्षण के दौरान डीएम गौरांग राठी ने बताया कि बड़े चौराहे के चारों तरफ पहले अभियान चलाकर खाली कराया गया है।इसके अतिरिक्त पार्किंग हेतु कचहरी पुल के साइड में स्टैंड का निर्माण किया जा रहा है। अतिक्रमण से निजात पाने के लिए गाड़ियों की पार्किंग की जाएगी। इस पर मंडलायुक्त ने निर्देशित किया कि चौराहे के तीनो ओर जाने वाले रास्तों के आसपास अतिक्रमण मुक्त रखा जाए इसके अतिरिक्त पानी की निकासी हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निर्वाध विद्युत आपूर्ति के संबंध में अधीक्षण अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए मंडलायुक्त डा0 रोशन जैकब ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में मानक के अनुसार बिजली की सप्लाई हो बिजली संबंधी जो शिकायत आ रही हैं उनका समय पर निस्तारण हो। साथ ही बिजली केंद्रों पर एक हेल्प डेस्क लगाएं ताकि उपभोक्ता को परेशान ना होना पड़े। कहा नागरिकों से फीडबैक लें कोई भी दिक्कत नहीं आनी चाहिए व्यवस्था सुधार करें बिल का सही मिलान करें किसी भी गरीब को परेशान ना होना पड़े। वर्षा का समय है बिजली संबंधी कोई भी दिक्कत ना हो दिक्कत आने पर त्वरित समाधान निकालें। जिस एरिया में ज्यादा बिजली संबंधी शिकायतें हैं वहां पर कैंप लगाकर निस्तारण करें। एकीकृत बागवानी विकास मिशन के संबंध में जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि बागवानी का जो लक्ष्य तय है उसे पूर्ण किया जाए। अवसर पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व सुशील कुमार गोंड़ अपर जिला अधिकारी न्यायिक अभिताभ कुमार यादव, उप जिलाधिकारी सदर क्षितिज द्विवेदी, सचिव, उ० शु० वि० प्रा० नवीन चंद्र एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## कुष्ठ आश्रम में फल वितरण कर मनाया गया भाजपा नेता अनूप गुप्ता का जन्मदिन



सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व लखीमपुर खीरी से एमएलसी अनूप गुप्ता के जन्मदिवस पर खैराबाद में सेवा और संवेदना का अनोखा उदाहरण देखने को मिला। नगर पालिका परिषद खैराबाद के अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता उर्फ बबलू ने इस खास मौके को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए कुष्ठ आश्रम में फल वितरित कर मानवता का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरूआत फल वितरण से हुई, जिसमें अभिषेक गुप्ता के साथ नगर पालिका के कई वार्ड सदस्य, नगर कर्मचारी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने आश्रम में रह रहे लोगों से संवाद कर उनका हालचाल जाना और उन्हें किसी भी जरूरत में मदद का भरोसा दिलाया। इस मौके पर अभिषेक गुप्ता बबलू ने केक काटकर अनूप गुप्ता के स्वस्थ, दीघार्यु जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि अनूप गुप्ता जैसे कर्मठ, जमीनी और जनसेवा को समर्पित नेता से संगठन को नई दिशा और ऊर्जा मिल रही है। उनके नेतृत्व में कार्यकर्ता समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में नगर पालिका के वार्ड सभासदों सहित कई गणमान्य नागरिक, भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग शामिल हुए। पूरे आयोजन में सेवा, सादगी और संवेदना का अद्भुत संगम देखने को मिला। जिसने जन्मदिन जैसे निजी अवसर को जनसेवा से जोड़कर एक अनुकरणीय उदाहरण पेश किया।

## किसान जनशक्ति महासभा ने सुमित कुमार मिश्र को बनाया जिलाध्यक्ष



उन्नाव। किसान हितों के लिए संघर्षरत संगठन किसान जनशक्ति महासभा द्वारा एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सुमित कुमार मिश्र को उन्नाव जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं राजेश जायसवाल को जिला महामंत्री व निखिलेश प्रताप सिंह को जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर गोलू मिश्रा, पुष्पेन्द्र मिश्रा, नागेंद्र तिवारी, संजय मिश्रा, मुकुट तिवारी, सोना पाण्डेय व संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम सिंह, राष्ट्रीय सचिव धनंजय सिंह, मंडल अध्यक्ष राजपाल रावत, तथा राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी आदित्य सैनी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने नव नियुक्त जिला अध्यक्ष सुमित मिश्रा को संगठन की नीतियों एवं किसान हित में निरंतर कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दीं। भीम सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन हर जिले में मजबूत नेतृत्व तैयार कर किसानों की आवाज बुलंद करेगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सतर्क हुआ प्रशासन: जर्जर भवनों का कराया जायेगा सर्वेक्षण

सीतापुर। सिधौली क्षेत्र के खैरन देश नगर में बीती डिंब रात कच्ची दीवार के भरभरा कर गिरने से दो नाबालिग बच्चियों की दर्दनाक मौत के बाद प्रशासन सतर्क हो गया है।

हादसे की गहन जांच और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी कार्यालय से दो महत्वपूर्ण आदेश जारी किए गए हैं। लेखपालों व राजस्व निरीक्षक को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित कच्चे व जर्जर मकानों का त्वरित सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। सर्वे में जो मकान जोखिमपूर्ण पाए जाएंगे वहां निवास कर रहे परिवारों को तुरंत सुरक्षित स्थान पंचायत भवन आश्रय केंद्र में शिफ्ट करने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। इसके अतिरिक्त खंड शिक्षा अधिकारी सिधौली को संबोधित पत्र में क्षेत्र के समस्त सरकारी एवं निजी विद्यालयों का निरीक्षण कर उनकी संरचनात्मक स्थिति के विवरण हेतु जीपीएस एवं फोटोग्राफ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। जो विद्यालय भवन जोखिमकर पाए जाएंगे वहां पढ़ाई की व्यवस्था भी प्राथमिकता से निकटतम पंचायत भवन या सुरक्षित भवनों में कराने का प्रावधान किया गया है। बारिश एवं खस्ताहाल मकानों, पशु-हानि या जलभराव से जुड़ी आपदाओं के त्वरित निवारण हेतु सिधौली तहसील में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

## आरती शर्मा बनी परामर्श केंद्र की सह सचिव

जिला संवाददाता(vol)




सीतापुर।राष्ट्रीय सेवा परिषद द्वारा संचालित विधि परामर्श केंद्र की बैठक केंद्र कार्यालय पर किया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्र की अध्यक्ष रेखा द्विवेदी ने की बैठक के दौरान विभिन्न मुद्दों के चर्चा के साथ समिति का विस्तार किया गया।

समिति कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए आरती शर्मा को समिति का सह सचिव मनोनीत किया। अध्यक्ष रेखा द्विवेदी ने मनोनीत पदाधिकारी को बधाई देते हुए कहा कि केंद्र का उद्देश्य पीड़ित लोगो को न्याय के लिए उचित उचित सलाह मिल सके इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। बैठक के अंत मे कोषाध्यक्ष विभम द्विवेदी ने आभार जताया। बैठक के दौरान अध्यक्ष रेखा द्विवेदी महासचिव अंजू द्विवेदी, न्यायपीठ सदस्य अंकित श्रीवास्तव, सह सचिव आरती शर्मा, रिकू, व कोषाध्यक्ष विभम द्विवेदी रहे इसके साथ ही सोशल मिडिया के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, महसचिव विजय शुक्ल वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक प्रजापति, जिला उप सचिव डॉ विकाश जैन. प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी, प्रदेश महसचिव आशुतोष शुक्ला, राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय ने नव मनोनीत पदाधिकारी आरती शर्मा को शुभकामनाए दी।

## फांसी पर झूली युवती की मौत

पुरवा, उन्नाव। स्थानीय मोहल्ला जोतपुर में युवती फांसी के फंदे पर लटक गई। जानकारी होने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। बता दें कि नगर के मोहल्ला जोतपुर निवासी विजय गुप्ता के मकान में ग्राम कटार थाना मूसानगर निवासिनी कोमल देवी पत्नी रजनीश कुशवाहा पुत्र शंकर गौतम निवासी थाना रानियां कानपुर देहात किराए पर रहती थी। जिसको पड़ोसियों ने शाम करीब 07 बजे फांसी के फंदे पर लटके देखा। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। साथ में फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची। जहां मृतका के शव को उतारकर पंचायतनामा भरकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी। वही फोरेंसिक टीम ने मौके की स्थित की जांच की। मृतका कोमल ने करीब एक वर्ष पहले रजनीश के साथ घर से भागकर मंदिर में शादी कर ली थी। मृतका का पति रजनीश पुरवा जोतपुर निवासी रामबाबू विश्वकर्मा के ट्रक का ड्राइवर है। घटना की जानकारी होने के एक घंटे पहले ही मृतका का पति रजनीश गुवहाटी ट्रक ले जाने के लिए घर से निकला था। रामबाबू विश्वकर्मा ने ही रजनीश को विजय गुप्ता का मकान किराए पर दिलाया था। पड़ोसी सूत्रों की माने तो घटना संदिग्ध हैं। मृतका का पति अपनी पहचान गलत बताता था। दोनों पति पत्नी गैर जाति के है। मृतका के श्रृंगार को देखकर नहीं लगता कि अभी विवाह हुआ है। ऐसे में लिव इन रिलेशनशिप की संभावना भी जतायी जा रही है। प्रभारी निरीक्षक अमरनाथ यादव ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# आपदा प्रबंधन को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत: मयंकेश्वर

जिला संवाददाता



सीतापुर। उत्तर प्रदेश शासन के राज्यमंत्री व जनपद सीतापुर के प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने बुधवार को जनपद के एक दिवसीय दौरे पर आकर रामपुर मथुरा ब्लॉक में बाढ़ राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान उन्होंने बाढ़ में मकान क्षतिग्रस्त होने पर तीन लाभार्थियों कृ नंद किशोर, चन्दर और रुदल को राहत राशि के चेक वितरित किए।

मंत्री ने कहा कि आपदा प्रबंधन को और अधिक मजबूत बनाए जाने की जरूरत है, जिसके लिए तहसीलवार नोडल अधिकारी भी नामित किए जाएं। प्रभारी मंत्री ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों में 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए तथा राहत व बचाव कार्यों की रणनीति पर भी चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बाढ़ चैकियों में समुचित प्रबंध, सड़कों की गड्ढा मुक्ति, और संपर्क मार्गों को दुरुस्त रखना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, प्रभावित क्षेत्रों में नियमित एंटी लार्वा छिड़काव, समय पर राहत किटों का वितरण, और स्वास्थ्य शिविरों की स्थापना सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने चिकित्सा कैम्पों में चिकित्सकों की पर्याप्त तैनाती, दवाओं की उपलब्धता, और बीमार व्यक्तियों के समुचित उपचार की बात कही। साथ ही पशु चिकित्सा विभाग को भी एक्टिव मोड में काम करने के निर्देश दिए, जिसमें टीकाकरण और चारा वितरण प्रमुख रहा। राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने महमूदाबाद तहसील के गणेशपुर तटबंध और ग्राम चिलमई के डॉ. भीमराव अम्बेडकर डिग्री कॉलेज स्थित राहत शिविर का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने तटबंध योजना से जुड़े कार्यों की गुणवत्ता की जांच की और संबंधित गांवों को राहत योजना से जोड़ने की समीक्षा की। राहत शिविर में उन्होंने भोजन वितरण व्यवस्था, चिकित्सा कैम्प, और अन्य आवश्यक सुविधाओं का जायजा लिया तथा आमजन से सीधा संवाद कर उन्हें सरकार की ओर से हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। बैठक में भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी,जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार, अधिशासी अभियंता विशाल पोरवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### क्षति का सर्वे कराकर राहत राशि का वितरण सुनिश्चित करें: मंत्री

प्रभारी मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि राहत व बचाव कार्यों में कोई लापरवाही न हो, और प्रभावित लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी नियमित भ्रमणशील रहें और समय से क्षति का सर्वे कराकर राहत राशि का वितरण सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने क्षेत्रीय समस्याओं को मंत्री जी के समक्ष रखा, जिस पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्रवाई ,छह लोगों के लिये नमूने

सीतापुर।पिसावां इलाके में त्योहारों के मौसम को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिलावटखोरी पर नकेल कसने के लिए ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू की है। बुधवार को टीम प्रभारी हृदय नारायण के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों दिवाकर और सोमनाथ ने कस्बे में छापेमारी की। इस दौरान खोया, पनीर सहित छह खाद्य नमूने एकत्र किए गए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। हृदय नारायण ने बताया कि यह कार्रवाई खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए की गई है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामनरेश ने कहा कि त्योहारों के दौरान मिलावट की आशंका बढ़ जाती है, इसलिए विभाग की टीमें नियमित रूप से छापेमारी कर रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि भविष्य में भी ऐसी कार्रवाइयां जारी रहेंगी, ताकि उपभोक्ताओं को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध हों। विभाग की इस पहल से स्थानीय लोगों में विश्वास बढ़ा है।

# पर्चा बनवाने से डॉक्टर को दिखाने तक धक्के खाते मरीज, तीमारदार



उन्नाव।जिला अस्पताल के स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी को ग्रहण लगा है। अस्पताल आने वाले मरीजों को पर्चा काउंटर और दवा काउंटर पर अफरा-तफरी जैसी समस्याओं का आए दिन सामना करना पड़ता है। जिला अस्पताल में पेट संबंधी बीमारियों से पीड़ित मरीजों को डॉक्टर द्वारा अल्ट्रासाउंड कराने के लिए ओपीडी पर्चे पर लिखा जाता है। लेकिन मरीजों के मुताबिक पुरुष अल्ट्रासाउंड मे सोनोलॉजिस्ट द्वारा 50 से 60 ओपीडी पर्चे पर अल्ट्रासाउंड करने की बात कहकर मरीजों को चलता कर दिया जाता है। वहीं गंभीर मरीज और दूर से आए मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसमें बच्चे और बुजुर्ग को भी घंटों अल्ट्रासाउंड कराने के लिए इंतजार कराया जाता है। सोनोलॉजिस्ट द्वारा पेशाब रोककर अल्ट्रासाउंड कराने की सलाह दी जाती है लेकिन बच्चे और बुजुर्ग उतनी देर इंतजार नहीं कर पाते हैं जिसके कारण उनकी जांच सही से नहीं हो पाती है।

### सैंपल, रजिस्ट्रेशन एक ही काउंटर पर मरीज परेशान

इस समय जिला अस्पताल मैं अधिकांश मरीज जुकाम, बुखार, खासी पेट दर्द के मरीज आ रहे हैं। बुखार के मरीजों में टाइफाइड और मलेरिया के लक्षण मिल रहें हैं। इससे डॉक्टर उन्हें ब्लड जांच कराने की सलाह देते हैं। औसतन प्रतिदिन 150-200 मरीज जांच कराने पहुंचते हैं। यहां मरीजों का पंजीकरण और ब्लड सैंपल लेने के लिए एक ही काउंटर है। इससे मरीजों को घंटों लाइन में लगकर धक्का-मुक्की का सामना करना पड़ता है।

### बोले सीएमएस

सीएमएस डॉ. राजीव गुप्ता ने बताया कि डायग्नोस्टिक सेंटर में रजिस्ट्रेशन और ब्लड सैंपल का काउंटर अलग कराने की व्यवस्था जल्द करा देंगे।और अल्ट्रासाउंड के लिए मरीजों का समाधान कराने का पूरा प्रयास करेंगे।

संक्षेप

## विदेश से आये यात्री का मोबाइल चोरी

**ललितपुर।** नेपाल देश के काठमांडू राज्य अंतर्गत जीवा में रहने वाले दिवाकर गौतम पुत्र स्व.कोमल प्रसाद गौतम ने जीआरपी पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह ट्रेन संख्या 22469 वन्दे भारत एक्सप्रेस में सवार होकर खजुराहो से हजरत निजामुद्दीन के लिए सफर कर रहा था। उन्होंने तहरीर में अपना पीएनआर नम्बर साझा करते हुये बताया कि उनका आरक्षण ट्रेन के कोच संख्या सी-14 की सीट संख्या 10 पर था। सफर के दौरान वह अपनी सीट पर सोया हुआ था, जब उसकी आंख खुली तो वह ललितपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचा हुआ था, जहां उन्होंने जांच की तो पाया कि उनका मोबाइल गायब था। मोबाइल गायब होने की सूचना उन्होंने ट्रेन में ड्यूटी पर तैनात टीम को सूचना दी। दिवाकर गौतम ने इस प्रकरण की जानकारी हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पहुंचकर जीआरपी पुलिस को भी दर्ज करायी। इसके बाद यह जांच ललितपुर जीआरपी पुलिस को स्थानान्तरित की गयी है। जीआरपी ललितपुर पुलिस ने नैपाल निवासी दिवाकर गौतम की तहरीर पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## अवध विवि में पीजी के विभिन्न पाठ्यक्रमों में 178 छात्रों ने लिया प्रवेश

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय आवासीय परिसर के पीजी पाठ्यक्रमों में चल रही काउंसलिंग के तहत आज 6 अगस्त को बायोटेक में 31, एमपीएड में 28, अप्लाइड साइकोलॉजी में 10, समाजशास्त्र में 28 फिजिक्स में 11 इलेक्ट्रॉनिक में तीन छात्रों ने अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों का सत्यापन कराकर काउंसलिंग कराई और प्रवेश लिया। समन्वयक प्रो शैलेंद्र कुमार ने बताया कि कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के निर्देश पर पीजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आज 300 छात्रों को काउंसलिंग के लिए बुलाया गया था जिसमें से 111 छात्रों ने काउंसलिंग कराकर प्रवेश लिया।

वही परिसर में संचालित पीजी, यूजी पाठ्यक्रमों में रिक्त सीटो पर सीधे प्रवेश जारी है।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

जिला संवाददाता



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा बिजनौर शहर तथा आसपास के बाढ़ प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को बाढ़ से प्रभावित लोगों को राहत सामग्री पहुंचाने सहित आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी (प्रशासन) विनय कुमार सिंह, वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, उप जिलाधिकारी बिजनौर, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका बिजनौर विकास कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी जसजीत कौर बुधवार की सुबह लगभग 7 बजे स्थानीय आवास विकास कालोनी पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान वर्तमान में वहां जल भराव की स्थिति नहीं पाई गई, रात में पानी की निकासी हो चुकी थी, एक दो गहरी गलियों में पानी भरा हुआ पाए जाने पर उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि तत्काल पंप लगाकर पानी की निकासी सुनिश्चित कराएं। उसके बाद बुखारा स्थित सरकारी कालोनियों में पानी भर जाने की शिकायत पर वहां निरीक्षण किया तो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कॉलोनी तथा दयानंद इंटर कॉलेज के समीप तृतीय श्रेणी कर्मचारी कॉलोनी में जल भराव की स्थिति पाई गई। उन्होंने उक्त समस्या के समाधान के लिए भी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, बिजनौर को निर्देशित किया कि तत्काल दोनों कॉलोनीयों से पंप द्वारा पानी की निकासी कराई जाए।

उसके बाद उनके द्वारा सेंट मेरी स्कूल से आगे सड़क के किनारे कूड़ा पड़ा हुआ पाए जाने पर उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि सेंट मेरी से शहर के बाहर ग्राम पेदी तक अच्छी तरह सफाई कराएं और सड़कों के किनारे पर कहीं भी कूड़ा नजर नहीं आना चाहिए। जिलाधिकारी द्वारा खो बैराज, ग्राम मण्डावली, ग्राम रावली एवं कण्व ऋषि आश्रम पर बाढ़ की कैफियत का भी जायजा लिया गया।

ग्राम मंडावली के निरीक्षण के दौरान रावली तक सड़क पर पानी बहता हुआ पाए जाने पर उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि जिन ग्रामों में जल भराव की स्थिति है, उनको सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित करते हुए उनके खान-पान सहित सभी आवश्यक सामग्री उन्हें उपलब्ध कराएं तथा उनके पशुओं के लिए चारे की भी समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। खो बैराज में जलस्तर में स्थिरता पाई गई तथा खो बैराज से कण्व आश्रम तक पुश्ते के करीब रहने वाले लोगों को भी खाने के पैकेट, राहत सामग्री एवं पशुओं के लिए चारा आदि व्यवस्था करने के लिए उन्होंने उप जिला अधिकारी को निर्देशित किया।

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

**ललितपुर।** कृषि विज्ञान केन्द्र ललितपुर एवं आयुष चिकित्सालय, दैलवारा के संयुक्त तत्वाधान में केवीके द्वारा अंगीकृत ग्राम ककरूआ ब्लाक-जखौरा के पंचायत भवन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस मौके पर डा0 धर्मेन्द्र मौर्य, मुख्य चिकित्साधिकारी, आयुष चिकित्सालय, दैलवारा एवं ककरूआ ग्राम प्रधान पप्पू अहिरवार रहें। कार्यक्रम का संचालन डा0 दिनेश तिवारी, सस्य वैज्ञानिक द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की रूप रेखा डा0 सरिता देवी, गृह वैज्ञानिक द्वारा की गयी। सस्य वैज्ञानिक द्वारा बताया गया कि स्वास्थ्य शिविर लगाने से पहले ग्राम ककरूआ में पी0आर0ए0 (ग्रामीण सहभागिता मूल्यांकन) किया गया। जिससे लोगो को ग्रामीण स्तर पर क्या स्वास्थ्य समस्याऐं पता चली।

जिसमें महिलाओं द्वारा कमजोरी थकान, दर्द आदि बताया गया। जिसके आधार पर गृह वैज्ञानिक द्वारा समय-समय पर कुपोषण से बचाव पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किय गये एवं प्रथम पंक्ति प्रदर्शन के अन्तर्गत गृहवाटिका लगवाई गयी।

## बाढ़ पीड़ितों को बांटी गयीं राहत किट



**बांदा।** तहसील पैलानी व तहसील बबेरू क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित गांवों में जन प्रतिनिधियों की उपस्थिति में राहत किट बांटी गयी। पैलानी क्षेत्र के ग्राम शंकरपुरवा मजरा नांदादेव में 50 राहत किट, लौमर गांव में 20, ग्राम बजरंगी डेरा मजरा तारा में 30, अमचैली गांव में 1, ग्राम पंडवन डेरा व तगड़ा डेरा मजरा सिंधनकला में 100 किट वितरित की गयीं। इसी प्रकार तहसील बबेरू क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित गांव औगासी में 35 राहत किट, ग्राम मरका में 65 राहत किट का वितरण किया गया। सूचना कार्यालय की जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि पैलानी तहसील के गांवों में 200 लंच पैकेट तथा औगासी में 200 राहत किट बांटी गयीं। बताते चलें कि इन बाढ़ प्रभावित गांवों में तमाम लोगों को घर छोड़कर ऊंचे स्थानों पर शरण लेनी पड़ी थी और घर और ग्रहस्थी का सामान लगभग पानी में बर्बाद हो गया था। हालांकि केन और यमुना नदी का जल स्तर धीरे-धीरे कम हो रहा है। अब लोग राहत शिविरों को छोड़कर घरों की ओर पलायन कर रहे हैं।

## ब्रह्मलीन संत दुलाराम कुलारिया की दसवीं पुण्यतिथि मनी

**ललितपुर।** निस्वार्थ सेवा भाव, गौसेवी और मानव सेवा में भारत की राष्ट्रपति प्रतिभा देवीसिंह पाटिल द्वारा सम्मानित, राज्य के सर्वोच्च सम्मान, राष्ट्रीय मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा राष्ट्रीय रत्न अवार्ड 2003, समाज द्वारा विश्वकर्मा रत्न अवार्ड से सम्मानित आदि अनेक सम्मानों से अलंकृत, संस्कृति के आदर्श, आध्यात्मिक और लोकाचारों के धनी, ब्रह्मलीन संत दुलारामजी कुलारिया की दसवीं पुण्य स्मृति में पंचरत्न विश्वकर्मा समाज और मार्निंग वॉक डैम ग्रुप ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम व विचार गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में संतजी के जीवन पर वृहद प्रकाश डाला गया। इस दौरान व्ही-5 अध्यक्ष विजय डयोडि ?ा, सौरभ यादव, जिला पंचायत सदस्य अमर विश्वकर्मा घुटारी, प्राचार्य डा.महेश झां, आचार्य लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, प्रो.प्रसन्न विश्वकर्मा, अनूप ताम्रकार, मनोज झा, कैलाश नारायण झा, एड.सत्येंद्र विश्वकर्मा, प्रो.गंगाराम विश्वकर्मा, कमल विश्वकर्मा, अनुज सोनी, लखनलाल, प्रकाश खरे, आधार यादव, रवि त्रिमूर्ति, संदीप यादव, मनोज बिरारी, जगत, राहुल झा, रामप्रकाश झा, द्वारिका झा, नदीम खान, लकी सैनी, रानू, भागचंद संतोष, कृपाल के अलावा महाविद्यालय के विद्यार्थी मौजूद रहे।

## गौ-संरक्षण की समीक्षा



**बांदा।** शासन से नामित डॉ राजीव कुमार सक्सेना निदेशक रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र पशुपालन विभाग की अध्यक्षता में मंडलीय समीक्षा बैठक हुई। इससे पूर्व निदेशक ने ब्लाक बबेरू के अंतर्गत संचालित बृहद गौवंश वन्य विहार बड़ा गांव का निरीक्षण किया और अधिकारियों को गो-आश्रय स्थलों में सभी गोवंशों को संरक्षित किए जाने, इनके रख-रखाव, भरण-पोषण तथा अन्य सुविधाएं दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होने पशुपालन विभाग की चल रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में डॉ अशोक कुमार अपर निदेशक ग्रेड-2 ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों से कहा कि गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंशों को कीचड़ से बचाव एवं भोजन की पर्याप्त व्यवस्थाएं कराई जाएं। गो-आश्रय स्थलों में अनिवार्य रूप से शत-प्रतिशत टैगिंग की जाए साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में टीकाकरण एवं प्रभावित पशुओं को चिकित्सा उपलब्ध कराई जाए। उन्होने कहा कि प्रदेश में सघन एफएमडी टीकाकरण चलाया जा रहा है।

इसे देखते हुए प्रत्येक पशु को टैग लगाकर उसका टीकाकरण कराया जाए और पशुपालक एवं उनके पशुओं का विवरण धारक पशुधन ऐप पर अनिवार्य रूप से अपलोड किया जाए। बैठक में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ एस के वैश्य, महोबा, चित्रकूट एवं हमीरपुर के साथ ही मंडल के उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एवं डॉ श्रीराम कुशवाहा पशु चिकित्सा अधिकारी बक्छा-कुरौली तथा अन्य पशु चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

## 1.71 करोड़ के लोन फर्जीवाड़े का पर्दाफाश

जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जिले में फाइनेंस सेक्टर से जुड़ा एक बड़ा लोन फ्रॉड सामने आया है, जिसमें 1.71 करोड़ की भारी-भरकम धनराशि फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से लोन के रूप में स्वीकृत कराई गई। यह मामला बजाज फाइनेंस लिमिटेड से जुड़ा है, जिसके

- आठ अज्ञात आरोपियों पर एफआईआर दर्ज
- बजाज फाइनेंस कम्पनी से जुडा है मामला

इलाइट चैराहा स्थित प्रबंधक संदीप सिंह सोलंकी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आठ अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मई से जुलाई 2025 के बीच झांसी, ललितपुर और आसपास के बुंदेलखंड क्षेत्र की कुल 11 शाखाओं के नाम पर यह फजीर्वाड़ा अंजाम दिया गया। आरोपितों ने मकान मालिकों के नाम, बिजली बिल, केवाईसी दस्तावेज आदि का दुरुपयोग कर फर्जी दस्तावेज तैयार किए और उनके माध्यम से बिजनेस लोन स्वीकृत करा लिए। चैंकाने वाली बात यह है कि मकान मालिकों को इस धोखाधड़ी की भनक तक नहीं लगी, और उनके नाम से लोन पास कराकर रकम अन्य खातों में ट्रांसफर कर दी गई। कई मामलों में आरोपितों ने पीड़ितों के मोबाइल नंबर और बैंक खातों तक को अपने नियंत्रण में ले लिया। एफआईआर के अनुसार, इस जालसाजी में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों प्रक्रिया का दुरुपयोग किया गया। आरोपितों ने लोन की संपूर्ण प्रक्रिया को इस कदर गुप्त रखा कि लाभार्थियों को पता तक नहीं चला कि उनके नाम पर इतना बड़ा ऋण स्वीकृत हो चुका है।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि यह फजीर्वाड़ा किसी एक व्यक्ति का काम नहीं, बल्कि एक संगठित दलाल गिरोह द्वारा अंजाम दिया गया। इसमें डीएसए एजेंट, बैंक कर्मचारी, बिचैलिए और अन्य अज्ञात लोग शामिल बताए जा रहे हैं। पुलिस ने इस प्रकरण में भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 318(4) (धोखाधड़ी से संबंधित संगठित अपराध), 338 (जालसाजी), 336(3) (डेटा और पहचान की चोरी), तथा 340(2) (आर्थिक अपराध की साजिश) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को कई अहम तकनीकी सुराग प्राप्त हुए हैं। मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस तकनीकी विशेषज्ञों और बैंक अधिकारियों की मदद ले रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस संगठित गिरोह के सदस्य कानून के शिकंजे में होंगे। बजाज फाइनेंस लिमिटेड को इस धोखाधड़ी से 1.71 करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष आर्थिक नुकसान हुआ है। कंपनी ने संबंधित सभी लोन खातों की समीक्षा शुरू कर दी है और भविष्य में ऐसे फजीर्बाड़ों से बचने के लिए नई निगरानी प्रणाली लागू करने की बात कही है।

## पुलिस ने ड्रोन वीडियो वायरल करने के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया



**बिजनौर।** सोशल मीडिया पर ड्रोन वीडियो पोस्ट करने पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ कारवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर उनका चालान कर दिया है।

जानकारी के अनुसार थाना नजीबाबाद क्षेत्र के कस्बा साहनपुर निवासी मनीष कुमार पुत्र श्याम सुंदर व मोहल्ला रमपुरा निवासी अजीम पुत्र वसीम ने सोशल मीडिया पर ड्रोन की वीडियो म्यूजिक के साथ पोस्ट कर क्षेत्र में अफवाह फैलाने का काम किया था। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों द्वारा सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट की गई थी। ड्रोन अफवाह को लेकर कई लोगो द्वारा पुलिस से शिकायत की गई थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक ड्रोन, एक ड्रोन कैमरा, और तीन बैटरियां और उसके चार्जर बरामद किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर उनका चालान कर दिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सौरभ सिंह, उपनिरीक्षक रामवीर शर्मा, सिपाही रुपेन्द्र, मोनू आदि शामिल रहे।

## साइबर जागरूकता अभियान, आरक्षी ठगी का शिकार

जिला संवाददाता



***बांदा।*** साइबर अपराधों से लोगों को बचाने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले के सभी थानों में बुधवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। एक तरफ पुलिस ने छात्र-छात्राओं और आम लोगों को साइबर क्राइम से बचाव संबंधी सावधानियों के बारे में अवगत कराया।

वहीं दूसरी तरफ नरैनी कोतवाली के आरक्षी छल का शिकार बने, उनसे 8 लाख 34 हजार 600 रुपये ऐंठ लिए गये। नरैनी कोतवाली में आरक्षी पद पर तैनात कानपुर नगर निवासी दिनेश कुमार शर्मा ने एसपी पलाश बंसल को संबोधित तहरीर में आपबीती बयां की है। आरक्षी के अनुसार फेसबुक और व्हाट्सऐप के जरिए एक इनवेस्टमेंट कंपनी बाइनरी 424 के तन्मय अधिकारी से बातचीत कर 7 जुलाई को 10 हजार रुपये का पहला निवेश किया था। तब से 28 जुलाई तक 8,34,600 रुपये का भुगतान कर चुका है। पैसा निकालने की बात करने पर पुनः 69,500 जमा करने को कहा। ऐसा कहने से लगा कि उससे छल हो रहा है। सभी भुगतान फोन-पे के जरिए किए गये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच निरीक्षक राजेश कुमार मिश्रा को सौंपी है।

इस बीच साइबर जागरूकता अभियान के चलते छात्र-छात्राओं व लोगों को साइबर क्राइम से बचाव के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया गया कि ओटीपी किसी को साझा न करने, अनजान वीडियो कॉल रिसीव न करने, लॉटरी, ईनाम के कॉल, मैसेज के फ्रॉड होने की संभावना होने, अनजान व्यक्ति को यूपीआई पिन न बताने आदि सोशल नेटवर्किंग साइट पर होने वाले फ्रॉड की जानकारी दी। साइबर अपराध से तत्काल सुरक्षा व शिकायत दर्ज करने के लिए साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी गयी।

## हर घर तिरंगा अभियान, निभायें जिम्मेदारीः राज्य मंत्री



**बांदा।** भाजपा जिला कार्यालय में हर घर तिरंगा कार्यक्रम की कार्य योजना को लेकर बैठक हुई। जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि वर्ष 2014 के पलहे की सरकारों के समय देश में आतंकवाद बढ़ रहा था। पाकिस्तान ने देश में आतंकवादियों की घुसपैठ कराई तथा आतंकवादियों ने देश को निस्तनाबूद करने का भरसक प्रयास किया। परंतु 15 अगस्त 1947 के बाद जब देश आजाद हुआ और अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार बनी तो यहां की सेना ने लड़ाई लड़ी और पाकिस्तान को पराजित करने का काम किया। कहा कि इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सेना ने आतंकवादियों को खत्म कर देश का गौरव बढ़ाया। इसी तरह ऑपरेशन सिन्दूर में आतंकवादियों की फैक्ट्री को नष्ट करने का काम किया। अब भारत शक्तिशाली देश बन गया है। राज्यमंत्री ने भाजपा के चलाए जाने वाले मतदाता पुनरीक्षण अभियान व हर घर तिरंगा की सफलता के लिए पदाधिकारियों व कार्यकताओं से जिम्मेदारी के साथ जिले से लेकर बूथ स्तर तक कार्य करने को कहा और वोटर लिस्ट से फर्जी मतदाताओं का नाम हटवाने तथा वास्तविक मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में शामिल कराने को कहा। जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने कहा कि यदि मण्डल के सभी पदाधिकारी 1- संयोजक, 2- सहसंयोजक, 3- मंडल अध्यक्ष, 4- मंडल प्रभारी व 5- मंडल प्रवासी योजना बनाकर कार्य करेंगे तो मतदाता पुनरीक्षण व हर घर तिरंगा कार्यक्रम पूरी तरह सफल होगा। कहा कि 10 से 15 अगस्त तक तिरंगा यात्रा मंडल स्तर पर निकाली जाएगी। भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि तिरंगा यात्रा के बाद 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका विचार गोष्ठी, प्रदर्शनी व घर-घर तिरंगा लगाया जाएगा। बैठक में पूर्व विधायक राजकरन कबीर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय सिंह, पुरूषोत्तम पाण्डेय, मतदाता पुनरीक्षण के जिला संयोजक उत्तम सक्सेना, राजर्षि शुक्ला, वंदना गुप्ता, ममता मिश्रा, निखिल सक्सेना, राजनारायण द्विवेदी, प्रेमनारायण द्विवेदी, मनोज पुरवार मौजूद रहे।

## सीएमओ ने किया बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा



**बांदा।** बाढ़ प्रभावित गांवों में गंदगी और बदबू फैलने की जानकारी मिलने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विजेन्द्र कुमार सिंह ने बाढ़ प्रभावित ब्लाक तिन्दवारी एवं जसपुरा के ग्राम बजरंगी डेरा, लोमार, तथा पैलानी डेरा का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जनपद स्तरीय संक्रामक रोग निरोधी टीम एवं ब्लाक स्तरीय टीम ने वहां कार्य किया। स्वास्थ्य टीमें निरन्तर प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर लगा रहीं हैं एवं घर-घर ओ0आर0एस0 पैकेट, पीने योग्य पानी बनाने के लिये क्लोरीन की गोलियों का वितरण किया जा रहा है। बुधवार को स्वास्थ्य शिविर में 87, 31 व 102 मरीजों का इलाज किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने लोगों को सफाई, रूके पानी का निस्तारण, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, क्लोरीन टेबलेट्स के उपयोग की विधि एवं संक्रामक रोगों से बचाव की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 मुकेश पहाडी, जिला मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार, एच0एस0 राकेश खरे, मलेरिया निरीक्षक भानू प्रताप सिंह, फाइलेरिया निरीक्षक दिलीप कुमार सिंह मौजूद रहें।

## गेवरा-गुन्देरा में मछलियों के अवैध शिकार का आरोप, भेजा ज्ञापन

**ललितपुर।** तहसील तालबेहट के ग्राम कन्धारी में मछली शिकार के लिए पांच किमी नदी का पट्टा स्वीकृत कराकर सांठगांठ कर नदी पर अवैध कब्जा कर निर्धारित से अधिक क्षेत्र में मछली का शिकार किये जाने का आरोप लगाया गया है। इस सम्बन्ध में मछली ठेकेदारों व कर्मचारियों ने लामबंद होकर मत्स्य विभाग के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद को ज्ञापन भेजा है। बताया कि कंधारी की पांच किमी नदी का पट्टा किया गया था, लेकिन मत्स्य माफियाओं द्वारा विभाग से सांठगांठ कर ग्राम गेवरा-गुन्देरा तक 7 किमी दूर तक और ग्राम उगरपुर कंधारी की सीमा तक 7 किमी नदी पर अवैध कब्जा कर मछली का अवैध शिकार किया जा रहा है। जबकि दोनों नदियों का पट्टा स्वीकृत नहीं हुआ है। आरोप है कि मछली माफियाओं द्वारा शिकायत करने पर उल्टी शिकायत करते हुये प्रताड़ित किया जा रहा है। बताया कि मछली ठेकेदारों द्वारा अवैध शिकार करने से सरकार को लगभग 25 लाख रुपये के राजस्व की क्षति हो रही है। ऐसी स्थिति में उन्होंने एक कमेटी बनाकर मछली माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही किये जाने और अवैध शिकार करने वाली समितियों को ब्लैकलिस्ट किये जाने की मांग उठायी है।

## शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी तय



**ललितपुर।** बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती अर्चना पटेल ने विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य में महिला जनसुनवाई की। उन्होंने महिलाओं की समस्याओं को एक-एक कर गंभीरतापूर्वक सुना और उपस्थित अधिकारियों को त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। इस अवसर

- लगातार लम्बित चल रही शिकायतों का अगली सुनवाई तक निस्तारण कराने के महिला आयोग ने दिए निर्देश
- महरौनी तहसील में जनचैपाल कर फरियादियों की समस्याएं सुनी

पर मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान एवं उप जिलाधिकारी अभीजीत सिंह ने मा0 सदस्या का बुके भेंट कर स्वागत किया।

जनसुनवाई के दौरान अधिकारियों की कम उपस्थिति पर सदस्या ने घोर नाराजगी जाहिर की और निर्देश दिये कि आगामी जनसुनवाई में यदि ये स्थिति देखी गई तो सम्बंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। मौके पर प्रार्थना पत्रों की समीक्षा में पाया गया कि कई शिकायतें विगत कई जनसुनवाईयों से लगातार लंबित चली आ रही हैं, जिनमें एक शिकायत स्वास्थ्य विभाग की थी, सदस्या ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि शिकायत का तत्काल निस्तारण कराकर अवगत करायें। उन्होंने कहा कि कई फरियादी दूरस्त क्षेत्रों से आते हैं और अपनी पीड़ा बताते हैं, साथ ही कई फरियादी तो आने में भी सक्षम नहीं हैं, फोन पर ही अपनी समस्या बता पाते हैं।

ऐसे व्यक्तियों की समस्या का यदि समाधान नहीं होता तो जनसुनवाई का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि उक्त शिकायतों का अगली सुनवाई से पूर्व निस्तारण हो जाना चाहिए अन्यथा आपकी कार्यशैली से सरकार को अवगत कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि कोई पात्र व्यक्ति योजनाओं के आवेदन करने में सक्षम नहीं हैं और बार-बार विभाग के चक्कर लगा रहे हैं तो मानवीय दृष्टिकोण रखते हुए विभागीय अधिकारी उनका आवेदन भरवाने की व्यवस्था करायें और उन्हें योजना का लाभ दिलायें। उन्होंने जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार आपको अपना बेटा प्यारा होता है, उसी प्रकार अपनी बहु को भी बेटी के समान सम्मान दें और बहुएं भी अपने ससुराल को अपने माता-पिता का घर समझकर ही सबका सम्मान करें। जनसुनवाई के बाद सदस्या ने महरौनी तहसील सभागार में जनचैपाल कर ग्रामीण क्षेत्र के गरीब, असहाय व जरुरतमंद

## किसान संघ ने गुलदार के हमलों से बचाव एंव मुआवजे की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



जिला संवाददाता

**धामपुर, बिजनौर।** गुलदार के लगातार हो रहे हमलों से निजात दिलाने के लिए बुधवार को किसान सेवा (अ) के जिलाध्यक्ष इकराम कुरैशी के नेतृत्व में संगठन के कार्यकताओं ने उप जिलाधिकारी रीतू रानी की अनुपस्थिति में उनकी स्टेनो को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। किसान सेवा द्वारा दिये गए ज्ञापन में बताया गया कि गुलदार द्वारा तहसील क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में लगातार हमले किए जा रहे हैं। मामला का जिक्र करते हुए कहा कि शेरकोट क्षेत्र के मोहल्ला तराई रामसहायवाला में अफसार अहमद पुत्र अबरार अहमद के घर में बंधी सात बकरियों को गुलदार ने निवाला बना लिया। अफसार मजदूरी कर अपने छोटे बच्चों के साथ गुजर-बसर करता है, ऐसे में यह नुकसान उसके लिए बड़ा संकट बन गया है। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई कि गुलदार को पकड़वाने के लिए क्षेत्र में पिंजरे लगाए जाएं ताकि लोगों को राहत मिल सके साथ ही ऐसे हमलों पर रोक लग सके। ज्ञापन में पीड़ित को उचित मुआवजा दिए जाने की भी मांग की गई, जिससे कि एक गरीब मजदूर को हुए नुकसान की भरपाई हो सके। ज्ञापन देने वालों में अहमद, सरफराज अहमद, इमरान नवाज आदि शामिल रहे।

## प्रोफेसर तारिक हमीद की पुस्तक केस डिस्कशन इन सर्जरी प्रेरणा बनी




**स्योहारा।** सफदरजंग अस्पताल नई दिल्ली में सर्जरी विभाग के प्रोफेसर डॉ0 तारिक हमीद ने चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनकी नवीनतम पुस्तक केस डिस्कशन इन सर्जरी को प्रसिद्ध प्रकाशक सीबीएस पब्लिशर्स द्वारा प्रकाशित किया गया है। स्योहरा निवासी प्रोफेसर डॉ0 तारिक हमीद की यह पुस्तक एमबीबीएस और एमएस छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक संसाधन बन गई है, जिसमें 63 केस डिस्कशन शामिल हैं और इसे राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) के नवीनतम दिशा निर्देशों के अनुसार अद्यतन किया गया है। प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर ही पुस्तक की सैकड़ों प्रतियाँ बिक चुकी हैं, जो इसकी लोकप्रियता और उपयोगिता को दशार्ता है।

डॉ0 हमीद की यह सफलता ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है। शिक्षक फहीम अहमद ने कहा कि डॉ0 तारिक हमीद की उपलब्धि से हम सभी को गर्व है। यह हमारे छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण है कि कठिन परिश्रम और समर्पण से कोई भी ऊँचाइयाँ प्राप्त की जा सकती हैं। डॉ0 हमीद की यह पुस्तक न केवल भारत में, बल्कि विदेशों में भी चिकित्सा छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अध्ययन सामग्री बन रही है, प्रोफेसर डॉ0 तारिक हमीद की मेहनत की वजह से स्योहारा सहित पूरे जिा बिजनौर का नाम राष्ट्रीय एंव अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन हो रहा है। डॉ0 तारिक हमीद की इस उपलब्धि के लिए उनको हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ मिल रही है।

# चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा

हाल के वर्षों में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव में कराने के मामले में भारत के चुनाव आयोग ने वैश्विक प्रतिष्ठा अर्जित की है। लेकिन जिस तरह देश में चुनाव आयोग को निशना बनाया जा रहा है, सियासी जमातें गैर जिम्मेदारी की हद तक जाकर चुनाव आयोग की प्रतिष्ठा धूमिक करने का प्रयास कर रही हैं उससे एक बात उजाकर हो रही है कि नेता किस हद तक सांविधानिक संस्थानों के साथ खिलवाड़ करने को आमादा है। भारत का चुनाव किसी नेता के उपहास का पात्र नहीं है। उस पर राजनीतिक आरोप चस्पा करना सियासी नादानी की कही जायेगी। चुनाव आयोग की भूमिका तटस्थ और निष्पक्ष है, यह विश्व के कई देश सत्यापित कर चुके हैं। वह देश के चुनावों का संचालक है, जो पार्षद-विधायक से मंत्री, मुख्यमंत्री और सांसद से प्रधानमंत्री तक का निर्णायक निर्वाचन तय करता है। चुनाव आयोग कांग्रेसी अथवा भाजपाई या वामपंथी नहीं हो सकता। उसके फैसलों और अभियानों पर सवाल उठाए जा सकते



हैं, आपत्तियां जताई जा सकती हैं, लेकिन किसी 'एटम बम' से उसके अस्तित्व के खात्मे की प्रहारात्मक धमकी नहीं दी जानी चाहिए। यह संवैधानिक अपराध भी है। बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) किया गया। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट सार्वजनिक की गई है। खुद चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि 65.44 लाख से अधिक नाम काट दिए गए हैं, लिहाजा अब कुल मतदाता 7.24 करोड़ रह गये हैं। पहले मतदाताओं की संख्या 7.89 करोड़ से अधिक थी। नाम कटने का आंकड़ा बहुत बड़ा है, लिहाजा सर्वोच्च अदालत का दखल निश्चित है। खुद अदालत ने ऐसे दखल की बात कही थी। जब 12-13 अगस्त को सुनवाई होगी, तब चुनाव आयोग जवाबदेह होगा कि इतने बड़े पैमाने पर मतदाता क्यों हटाए गये? मतदाता हटाने का मतलब है किसी का मताधिकार छीनना। भारतीय लोकतंत्र और संविधान में मताधिकार छीना नहीं जा सकता, क्योंकि यह एक संवैधानिक, मौलिक अधिकार है। मताधिकार के जरिए ही लोकतांत्रिक सत्ताएं चुनी जाती हैं। जनमत ही लोकतंत्र की बुनियाद है। ड्राफ्ट वोटर लिस्ट के मद्देनजर बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बाकायदा मीडिया ब्रीफिंग करते हुए चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि मतदाता सूची में उनका नाम नहीं है। आयोग स्पष्ट करे कि उनका नाम क्यों काटा? अब वह चुनाव कैसे लड़ पाएंगे? तेजस्वी ने मतदाता पहचान पत्र का जो एपिक नंबर बताया, वह अधिकृत नहीं था। चुनाव आयोग ने तुरंत स्थिति को स्पष्ट किया और कहाकि तेजस्वी के भ्रामक दुष्प्रचार को बेनकाब कर दिया। चुनाव आयोग ने उनके मतदाता पहचान पत्र का क्रमांक और एपिक नंबर का खुलासा करते हुए कहा कि उन्होंने इसी एपिक नंबर के आधार पर 2015, 2020 के चुनावी नामांकन दाखिल किए थे और वह विधायक चुने गए थे। उसी आधार पर वह उप मुख्यमंत्री भी बने। अब भी नेता प्रतिपक्ष के संवैधानिक पद पर हैं। उन्होंने इसी वोटर आईडी कार्ड के आधार पर ही 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदान किया था। सवाल है कि क्या तेजस्वी के पास दो-दो मतदाता पहचान पत्र हैं? यदि हां, तो यह चुनावी अपराध है, लिहाजा तेजस्वी को जेल भी हो सकती है अथवा कुछ अंतराल के लिए चुनाव लड़ने के अयोग्य भी घोषित किया जा सकता है। चुनाव आयोग ने तेजस्वी को नोटिस भेज कर स्पष्टीकरण मांगा है और जांच के लिए कार्ड की मूल प्रति भी मंगवाई है। तेजस्वी बीते लंबे अर्से से आयोग को बदनाम कर रहे थे। उसे भाजपा का प्रकोष्ठ तक करार दे दिया था। उसे गोदी आयोग प्रचारित किया जा रहा था। तेजस्वी पर चुनाव आयोग की छवि धूमिल करने, मानहानि करने के भी आरोप हैं। दरअसल आयोग ने बिहार में जो एसआईआर कराया है, उस पर विपक्ष के आरोप हैं कि उनके वोट बैंक के नाम सूची से काटे जा सकते हैं। बहरहाल अब नजरें सर्वोच्च न्यायालय पर हैं। जहां तक एसआईआर की बात है तो स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव के लिए त्रुटि रहित मतदाता सूची होना पहली शर्त है।

### विचार

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

-टॉलस्टॉय.

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

-प्रेमचंद.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

-स्वामी विवेकानन्द.

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

-महावीर स्वामी.

# भयावह तबाही से फिर दहल गया उत्तराखंड



वीना गौतम

**2020 से 2025 के बीच उत्तराखंड और हिमाचल में अत्यधिक वर्षा, बादल फटने और इस तरह की जलप्रलय की 7,700 से भी ज्यादा आपदाएं हुई हैं। इसमें 161 लोगों की मौत और 230 से ज्यादा लोगों के गायब होने की बात सरकारी आंकड़ों में दर्ज है लेकिन व्यावहारिक ज्ञान रखने वाला समझ सकता है कि सरकारी आंकड़ों और हकीकत में कितना बड़ा फासला होगा।**

प्राकृतिक आपदायें मानव के लिए हमेशा चुनौती रही हैं। 16-17 जून 2013 की रात का जिक्र आते ही नींद में भी लोग सिहर जाते हैं। जब आकाश में बिजली चमक रही थी और नीचे मंदाकिनी नदी, काल बनकर उमड़ रही थी। 2013 के केदारनाथ जैसा भयावह मंजर 5 अगस्त 2025 को दोपहर 12 बजकर 40 मिनट पर उसके बाद 1 बजकर 27 मिनट और फिर 2 बजे यानी तीन बार उत्तरकाशी के तीन गांव में दोहराया गया। पहले धराली में रूह कंपा देने वाला मंजर 34 सेंकड के भीतर सब कुछ तबाह कर गया। गंगोत्री के रास्ते में मुख्य ठहराव स्थल के रूप में जाना जाने वाला धराली गांव महज 34 सेंकड की जलप्रलय में तबाह हो गया और मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, चीफ सेक्रेटरी आनंद वर्धन की मानें तो लगभग 700 की आबादी वाले गांव में 4 लोगों की मौत हो गई और 100 लोग लापता हैं। 150 से ज्यादा घरों वाले इस गांव में 30 होटल रिसॉर्ट तथा 25 होम स्टे वाले गांव में महज आधे मिनट के भीतर, आधे से ज्यादा घरों, होटलों और रिसोर्ट्स का नामोनिशान नहीं बचा। ऐसे में जाहिर है प्रशासन द्वारा बतायी गई हताहत लोगों की संख्या अनुमान से भी कहीं ज्यादा हो सकती है।

अभी लोग धराली के इस भयावह मंजर की हतप्रभता की जकड़ में ही थे कि ठीक दोपहर 12 बजे धराली गांव से 5 किलोमीटर दूर हर्सिल गांव में भी धराली की तरह ही एक भयावह बादल फट गया और तेलगाढ़ नाले में आयी ऊफनती हुई बाढ़ ने सेना के एक कैंप को अपनी चपेट में ले लिया। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक 11 जवान लापता थे और सेना का हैलीपेड बिल्कुल तबाह हो चुका था। हर्सिल की तबाही भी अभी हाहाकार कर रही थी कि ठीक 3 बजे एक और तबाही पास के सुक्खी गांव में हुई। यहां भी एक दर्जन से ज्यादा लोगों के गायब होने की बात कही जा रही है। हिमालय की दरार पर बसा धराली का यह भयावह मंजर 10 साल में तीसरी बार देखने को मिला। साल 2013 और 2014 में भी यहां



बादल फटे थे, तब भी खीर नाले ने भी ऐसी तबाही मचायी थी। इससे पहले सन 1864 में भी इसी तरह की तबाही ने धराली का नामोनिशान मिटा दिया था। 10 साल पहले भूगर्भ वैज्ञानिकों ने शासन-प्रशासन को धराली गांव को कहीं और बसाने की सलाह दी थी। कहते हैं प्रशासन ने भी गांव वालों से इसकी गुजारिश की थी, लेकिन यह गांव गंगोत्री के रास्ते में उस जगह बसा है, जहां गंगोत्री धाम तक पहुंचने से पहले का आखिरी बड़ा कैंप लगता है।

**सामयिक**

जाहिर है यहां तीर्थयात्रियों से बहुत ज्यादा आमदनी होती है, तो भला ऐसी कमाई वाली जगह को छोड़कर कौन जाना चाहता है। जबकि भूगर्भ वैज्ञानिकों ने शासन, प्रशासन और गांव वालों को तब भी बताया था कि आपदाओं के लिहाज से धराली गांव आपदा बम पर बैठा हुआ है। मगर सोर्स सिफारिश लगवाकर और शासन-प्रशासन में ओहदेदार अधिकारियों को खिला पिलाकर यहां के लोग अपनी जगह पर ही बने रहे और 2013 के बाद तीसरी बार फिर से आपदा की चपेट में आने के कारण दो तिहाई से ज्यादा गांव का सारा ढांचा पतझड़ में गिरे मृत पत्तों की तरह उड़ गया। धराली ट्रांस हिमालय की मेन सेंट्रल थर्स्ट में बसा हुआ है, वह भी 4000 मीटर के ऊपर। दरअसल यह थर्स्ट एक दरार है, जो मुख्य हिमालय को ट्रांस हिमालय से जोड़ती है। यह भूंकप का अति संवेदनशील क्षेत्र है, जिस पहाड़ से खीर गंगा नदी निकलती है। वह 6000 मीटर की ऊंचाई पर है। इसलिए जब सैलाब आता है तो वह बुलेट की माफिक तेज और भयावह होता है। अब तक के उदाहरण बताते हैं कि धराली में जब जब तबाही आयी है, वह हृदयविदारक ही आयी है। दरअसल पानी का प्रवाह इतने वेग से आता है कि मजबूत से मजबूत लोहे और सीमेंट का स्ट्रक्चर पानी के बुलबुले की तरह ध्वस्त हो जाता है।

पिछले पांच सालों में यानी 2020 से 2025 के बीच उत्तरराखंड और हिमाचल में अत्यधिक वर्षा, बादल फटने और इस तरह की जलप्रलय की 7,700 से भी ज्यादा आपदाएं हुई हैं। हालांकि इनमें सरकारी आंकड़ों के मुताबिक मौतें बहुत ज्यादा नहीं हुई। कुल 161 लोगों की मौत का और 230 से ज्यादा लोगों के गायब होने का ही सरकारी दस्तावेज पुष्टि करते हैं। लेकिन व्यवहारिक बुद्धि रखने वाला कोई भी इंसान समझ सकता है कि इन सरकारी आंकड़ों और हकीकत में कितना बड़ा फासला होगा। लेकिन असली चिंता की बात तो यह है कि जब महज 1875 दिनों के भीतर ही दर्ज आंकड़ों के मुताबिक 7000 से ज्यादा जल प्रलय की छोटी बड़ी सामान्य से लेकर बेहद डरावनी घटनाएं घटी हैं, इसके बाद भी हिमाचल और उत्तराखंड की सरकारों ने बार बार इन घटने वाली तबाही की घटनाओं को रोकने के लिए आखिर क्या ठोस उपाय किए हैं? उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश गर्व से ढिंढोरा पीटते हैं कि वे देश के सबसे पर्यटक अनुकूल राज्य हैं और दोनो ही राज्य दिन रात देश विदेश के पर्यटकों को अपने यहां बुलाने के लिए नयी से नयी कोशिशें करते रहते हैं। आखिर इन राज्यों की सरकारों और प्रशासन को लगातार यह डराने वाला मंजर क्यों परेशान नहीं करता कि हर गुजरते साल के साथ मानसूनी आपदाओं में भयानक वृद्धि होती जा रही है? जब हजारों सालों से यहां स्थित धार्मिक तीर्थस्थलों पर लोग पहुंचते रहे हैं तो सरकारों को ये क्यों लगता है कि आज का इंसान बिना लग्जरी सुविधाओं के यहां तक नहीं पहुंच सकता। दरअसल यहां की सरकारें, प्रशासन और स्थानीय लोग पर्यटकों की खुशी और उनके आराम के लिए इन दुर्गम स्थानों पर सुविधाओं का यह रेला नहीं खड़ा कर रहीं, यह रेला तो वे अपनी दिन दूनी, रात चैगुनी कमाई की ख्वाहिशों के लिए कर रहे हैं।

दरअसल यह सरकारों से लेकर स्थानीय लोगों तक का लालच है कि वह प्रकृति को अंगूठा दिखाते इस पूरे साल इन क्षेत्रों को पर्यटकों से आबाद रखना चाहते हैं। आखिर किसी 150 वाले गांव में 30 से ज्यादा होटल व रिसोर्ट्स कहां का सामान्य आंकड़ा है? छोटे से गांव में इतने ज्यादा होटल, रिसोर्ट्स, सीमेंट कंक्रीट के ढांचे, महज पैसों के लालच के लिए गांव को तबाही के बम में तब्दील कर लेना नहीं तो और क्या है? जितना जरूरी हो हमारी राज्य सरकारों को उनके प्रशासनिक अमले को और स्थानीय लोगों को ये समझना होगा कि धरती के चप्पे चप्पे को पर्यटन की ऐशगाह या धर्म के फैशनेबल उन्माद के हवाले नहीं किया जा सकता। हाल के सालों में देश के पहाड़ी राज्यों को जिस तरह बार बार तबाही के मंजरों ने झकझोरा है, उससे जितना जल्दी हो सभी पीड़ित पक्षों को यह अक्ल आना जरूरी है कि कुदरत सिर्फ दोहन के लिए नहीं है। प्रकृति का संरक्षण भी उतना ही जरूरी हो गया है।

### सोशल मीडिया

सबका साथ, सबका विकास भाव के साथ पीतल नगरी मुरादाबाद के चहुंमुखी विकास हेतु आज 1172 करोड़ की 87 विकास योजनाओं शिलान्यास/लोकार्पण किया। सीएम योगी.



भाजपा एसआईआर लागू कर संविधान का ही विरोध कर रही है। हमारे द्वारा एसआईआर विरोध संविधान को ही बचाने की कोशिश है, ये हारती हुई भाजपा की निशानी है। अखिलेश यादव



आंध्र प्रदेश के लिए कई नयी घोषणा की गयी हैं, जो विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे, सहज संपर्क और तेजी से आर्थिक विकास के लिए एक मंच स्थापित करना है। निहिन गडकरी.



# रचनात्मक आदतें

### अंतर्दृष्टि

रचनात्मकता जीवन में आनन्द का रस घोल देती है। कई बार हमारी आदतें, हमारी प्रवृत्तियां जिसे हम खराब भाषा में लत भी कह सकते हैं, अगर उनका रचनात्मक उपयोग किया जाये, उनके पीछे भागने के बजाय उनका सदुपयोग कर सृजन में उपयोग किया जाये, तो वह दरअसल हमारी ताकत भी बन जाती हैं। हानिकारक आवेशों से मुक्त रहकर यदि मनोवृत्तियों का उपयोग किया जाये तो वे हानि पहुंचाने की बजाय हितकर ही सिद्ध होंगी। सर्वथा संसार त्यागियों की तो बात छोड़ दीजिए पर अधिकांश मनुष्यों को जो संसार में रहते हैं और जिनको भली बुरी सभी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। सभी मनोवृत्तियों से काम लेना आवश्यक होता है। इसलिए हमारा कर्तव्य यही है कि अपनी मनोवृत्तियों और इन्द्रियों को ऐसी ही सधी हुई अवस्था में रखें। मनुष्य की जो मनोवृत्तियां जन्म से ही दी गयी हैं, वे सब उपयोगी एवं महत्वपूर्ण हैं। यदि उनको ठीक प्रकार से प्रयोग में लाया जाये तो प्रत्येक व्यक्ति अत्यंत सुख-शांतिपूर्वक जीवन व्यतीत कर सकता है। हम देखते हैं कि दुर्भाग्यवश लोग उनका सदुपयोग करना नहीं जानते और उन्हें बुरे मार्ग से खर्च करके अपने लिए तथा दूसरों के लिए दुखों की सृष्टि करते हैं। हम देखते हैं कि कई मनोवृत्तियों की संसार में निन्दा होती है। कहा जाता है कि यह बातें पाप और दुख की जड़ है। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को जी भर कर कोसा जाता है और कहा जाता है कि इन्हीं के कारण संसार में अनर्थ हो रहे हैं। इस प्रकार का कथन किस हद तक सही हैं इसका विचारवान पाठक स्वयं निर्णय कर सकते हैं। यदि काम बुरी वस्तु है, त्याज्य है, पापमूलक है तो उसका उपयोग न तो सत्पुरुषों को ग्राह्य हो सकता था और न बुरी बात का अच्छा परिणाम निकल सकता था। परन्तु इतिहास दूसरी ही बात सिद्ध करता है। ब्रह्मा, विष्णु, महेश, विवाहित जीवन व्यतीत करते हैं। व्यास, अत्रि, गौतम, वशिष्ठ, विश्वामित्र, याज्ञवल्क्य, भारद्वाज, च्यवन आदि प्रायः सभी प्रधान ऋषि सपत्नीक रहते थे और संतानोत्पादन करते थे। दुनिया में असंख्य पैगम्बर, ऋषि, अवतार महात्मा, तपस्वी, विद्वान, महापुरुष हुए हैं, यह सब किसी न किसी माता पिता के संयोग से ही उत्पन्न हुए थे। यदि काम सेवन बुरी बात है तो उसके द्वारा उत्पन्न हुए बालक भी बुरे ही होने चाहिए। बुरे से अच्छे की सृष्टि कैसे हो सकती है? कालोंच से सफेदी कैसे निकल सकती है? इन बातों पर विचार करने से स्पष्ट हो जाता है कि काम स्वयं कोई बुरी वस्तु नहीं है। परमात्मा ने अपनी सर्वश्रेष्ठ कृति मनुष्य में कोई बुरी बात नहीं रखी, काम भी बुरी बात नहीं है। बुरा केवल काम का दुरुपयोग है। दुरुपयोग करने से तो अमृत भी विष बन सकता है।

# एक चिंतन पुरस्कार के लिए

### व्यंग्यलोक

जब से फाउण्डेशन ने राज्य के साहित्यकारों के लिए पचास हजारी पुरस्कार की घोषणा की है, तब से लिखने-पढ़ने से संन्यास ले चुके लोग भी अपनी कलम-कूँची को झाड़-पोंछकर लिखने के उपक्रम में लगे हैं। एक मोटी राशि ने उनका साहित्यकार जगा दिया है तथा आम आदमी, सर्वहारा का दर्द तथा प्रगतिवादी चेतना को भूलकर अर्थवादी जाल में फँसे दिखाई देने लगे हैं। वैसे साहित्यकार कह यही रहे हैं कि वे इस सेठिया पुरस्कार को नहीं लेंगे, लेकिन पर्दे के पीछे लेने के पूरे जोड़-तोड़ बैठा रहे हैं। फाउण्डेशन के इस पुरस्कार से राज्य अकादमी के पुरस्कारों का महत्त्व अपने आप घट गया है, क्योंकि पुरस्कार प्रतिभा के नहीं, आर्थिक चेतना पर केन्द्रित हो गये हैं। इधर फाउण्डेशन ने राज्य के साहित्यकारों को अपने यहाँ से दूसरे साहित्यकार का नाम पुरस्कार के लिए भेजने के प्रस्ताव-पत्र भेजे, उधर हर साहित्यकार के मन में एक विचार ने अंगड़ाई ली कि, 'क्यों नहीं मैं ही ले लूँ?' इस तर्ज पर सबने अपने पास आये प्रस्ताव-पत्रों पर अपना ही नाम प्रस्तावित कर भिजवा दिया। किसी-किसी ने यह सावधानी बरती कि प्रस्ताव दूसरों के नाम से भिजवाये। यह धारणा साहित्यकारों में पुष्ट होती जा रही है कि दूसरा उनके लिए कुछ नहीं करेगा। जो कुछ करना है स्वयं उनको करना है, इसलिए वे पुरस्कार के लिए अपने आप मिलने की इंतजार में नहीं हैं अपितु वे स्वयं इसके लिए प्रयत्नशील हो गये हैं। सबसे बड़ी समस्या फाउण्डेशन के सामने यह खड़ी हो गयी है कि वह पुरस्कार किसे दे? राज्य के सभी तीन सौ साहित्यकारों ने अपने-अपने नाम भिजवा दिये हैं। इसलिए सर्वसम्मत निर्णय जटिल हो गया है। सबने अपने नाम भेजे हैं, इसलिए केवल प्रस्तावों के आधार पर तो निर्णायक हल निकाल पाना मुश्किल है। इधर हर साहित्यकार का मन इस बात के लिए आशान्वित है कि उसे तैयार रहना चाहिए, पता नहीं उसे ही पचास हजार का पुरस्कार मिल जाये। कई एक साहित्यकारों को इस बात की पीड़ा है कि चाहे किसी 'ऐरे गैरे नत्थू खैरे' को पुरस्कार मिल जाये लेकिन, मुझे नहीं मिलना चाहिए। इसके लिए वे भाँति-भाँति के उपाय कर रहे हैं। उन्हें सबसे ज्यादा खतरा मुझसे है। हालाँकि मुझ में ऐसा कुछ नहीं है, लेकिन मुझे अनेक साहित्यिक लाभ सहज ही मिलते गये हैं अतः उनके मन में यह आशंका घर कर गई है कि यह भी कहीं मुझे ही न मिल जाये। इसके लिए वे जाली नामों से मेरे खिलाफ वहाँ वातावरण खराब कर रहे हैं। शायद फाउण्डेशन ने तो यह सोचा भी नहीं होगा कि उसे ये दिन भी देखने पड़ेंगे। लेकिन होनी को कौन टाले? सिवाय ऊलजलूल पत्र आने के, फाउण्डेशन में कोई रचनात्मक डाक आती ही नहीं। एक-दूसरे के खिलाफ आरोप भरे पत्र आते रहते हैं। इसको देखते हुए यह भी लगता है कि कहीं पुरस्कार को बन्द करने का निर्णय न लेना पड़े।



पूरन सरमा

# अंग्रेजों के खिलाफ नटों ने समाज को किया जागरूक



### विमर्श

गगन शर्मा

नट जाति भारत की उन पारंपरिक घुमन्तू जातियों में से एक है, जिसकी पहचान उसकी कला, शारीरिक चातुर्य और लोक मनोरंजन से जुड़ी रही है। सदियों तक नटों ने भारतीय समाज को न केवल अपनी कलाओं से आनंदित किया, बल्कि अपनी सांस्कृतिक जीवंतता और सामूहिकता से समाज को जोड़े रखने का कार्य भी किया। आधुनिक युग में भले ही इस जाति को समाज के हाशिये पर खड़ा कर दिया गया हो, परंतु इनका इतिहास गौरवपूर्ण और प्रेरणास्पद रहा है। 'नट' शब्द संस्कृत के 'नट' या 'नटन' से उत्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ होता है - नृत्य करने वाला, प्रदर्शन करने वाला अथवा अभिनेता। पुराणों, महाकाव्यों और नाट्यशास्त्र में नटों का उल्लेख राजदरबारों के विशिष्ट कलाकारों के रूप में मिलता है। भरतमुनि के नाट्यशास्त्र में 'नट' को एक विशिष्ट विद्या का ज्ञाता बताया गया है, जिसमें नृत्य, संगीत, व्यायाम और शारीरिक कौशल का समावेश होता है। कई ग्रंथों में मेलों, उत्सवों और शाही आयोजनों में नटों के प्रदर्शन का उल्लेख है। युद्ध पूर्व, वीरता का संचार करने हेतु नट गीतों और नृत्यों के माध्यम से सैनिकों को प्रेरित करते थे। मौर्य, गुप्त और चोल साम्राज्यों में नटों को दरबारी कलाकारों की श्रेणी में रखा जाता था। मंदिरों में 'नट-मंडप' बनाए जाते थे, जहाँ पर्वों और उत्सवों में नटों का प्रदर्शन होता था।

मध्यकाल में, नट समुदाय ने शाही दरबारों से लेकर आम जनजीवन तक अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। महाराणा प्रताप जैसे वीर शासक की सेना में नट जाति के लोगों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि नटों का योगदान केवल कलात्मक नहीं था, बल्कि युद्धनीति और रणनीति में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण थी। वे रस्सियों, बाँसों और करतबों में पारंगत थे। दुर्गों पर गुप्त रूप से चढ़ने और शत्रु की सुरक्षा-व्यवस्था को भेदने में उनका योगदान अमूल्य था। नट समुदाय बिना किसी उपकरण के ऊँचाइयों पर चढ़ने की कला में सिद्धहस्त होता था, जो गुप्तचरी और छापामार युद्ध में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। तलवारबाजी, लाठी, भाला और लठैती जैसी पारंपरिक युद्धकलाओं में नट अत्यंत दक्ष होते थे। युद्ध से पहले नृत्य, ढोल-नगाड़े और वीर रस से परिपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से सेना का उत्साहवर्धन करना भी उनके ही जिम्मे होता था। नटों की बहुपरतीय क्षमताएँ जैसे कला, युद्ध, चातुर्य और समर्पण इस संघर्ष में उपयोगी सिद्ध हुईं।

स्वतंत्रता संग्राम के दौरान, नटों ने अपनी पारंपरिक कलाओं जैसे गीत, व्यंग्य, और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध जनचेतना जागृत की। ये जाति कला के माध्यम से प्रतिरोध का प्रतीक बन गई थी। कई नट कुशल योद्धा भी रहे हैं, जो लाठी, तलवार और लठैती जैसी युद्ध कलाओं में निपुण थे। बाँस पर करतब, रस्सी पर चलना, मुँह से आग निकालना, नकली युद्ध, तथा ढोल-झांझ की संगत में नृत्य इन तमाम विधाओं में नटों की दक्षता समाज के मनोरंजन और जागरूकता दोनों का माध्यम बनी। वे केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं थी, वे परंपराओं के संवाहक भी थे। जब दूरदर्शन, रेडियो और समाचार पत्र जैसे संचार माध्यम उपलब्ध नहीं थे, तब नट जाति ही गीतों और नाटकों के माध्यम से सूचना और समाचारों की वाहक बनती थी। इसीलिए अंग्रेजों ने 1871 में 'क्रिमिनल ट्राइब्स एक्ट' पारित कर नटों सहित कई घुमन्तू जातियों को 'अपराधी जनजातियाँ' घोषित कर दिया। इस काले कानून ने नटों की सामाजिक स्थिति को गहरा आघात पहुँचाया। बिना किसी अपराध के, इनकी कई पीढ़ियाँ केवल अपने जन्म के आधार पर अपराधी मान ली गईं। स्वतंत्रता के बाद भले ही यह कानून रद्द कर दिया गया हो, किन्तु आज भी समाज का दृष्टिकोण अब भी संदेहात्मक बना हुआ है। आज का नट समुदाय अत्यंत गंभीर सामाजिक विडंबनाओं से ग्रस्त है, शिक्षा की भारी कमी, विशेषकर लड़कियों की शिक्षा लगभग नगण्य है। बाल विवाह, नशे की लत, बेरोजगारी, और आर्थिक असुरक्षा जैसी समस्याएँ व्यापक रूप से मौजूद हैं। नटों की पारंपरिक कला और संस्कृति लुप्त होती जा रही है क्योंकि अगली पीढ़ी इस उपेक्षित पेशे से बाहर निकलने का प्रयास कर रही है। सरकारी योजनाओं में नाम होते हुए भी जमीन पर इनका लाभ नगण्य है। देश को अपनी सांस्कृतिक आत्मा को बचाना है, तो नट जैसी घुमन्तू जनजातियों को सम्मान, शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार देना अत्यंत आवश्यक है। यह केवल पुनर्वास नहीं होगा, बल्कि भारत की सांस्कृतिक पुनर्रचना की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम होगा।

## आप की बात

### उर्वरकों पर सब्सिडी बढ़ायें

देश में खाद सब्सिडी को न सिर्फ जारी रखने की जरूरत है बल्कि इसे इतना बढ़ाने की जरूरत है जिससे किसान आसानी से खाद खरीदकर खेती कर सकें। दरअसल खाद महंगी होने से कृषि लागत बढ़ जाती है और किसान कम खाद का प्रयोग करते हैं जिससे उत्पादन भी कम होता है। इसलिए सरकार को उर्वरकों पर सब्सिडी बढ़ानी चाहिए। किसानों को प्रायः खेती में नुकसान उठाना पड़ता है। किसानों को महंगाई से बचाने और उर्वरकों की संतुलित आपूर्ति के लिए केन्द्र सरकार ने सब्सिडी बढ़ा दिया है। इससे रबी की बुआई में किसानों को निश्चय ही सुविधा मिलेगी। चूंकि उर्वरकों के खरीददार किसान होते हैं और दूर दराज के गांवों में किसानों से ब्रिकेता क्या रेट वसूलेंगे इस पर कुछ कहा नहीं जा सकता है। ऐसे में सरकार को उर्वरक की सब्सिडी तय करने के साथ ही अधिकतम खुदरा मूल्य भी तय कर देनी चाहिए। खुदरा मूल्य सरकार अपनी तरफ से तभी तय कर सकती है अगर कंपनी को बिक्री दर और वास्तविक लागत के बीच जो डिफिसिट है उसकी भरपायी सरकार सब्सिडी के जरिए करती है। हाल के कुछ महीनों में उर्वरकों के दामों में भारी वृद्धि देखने को मिली है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद तो उर्वरकों के दाम बेतहासा बढ़े हुए हैं। अगर इन बढ़ी हुई कीमतों को सब्सिडी के जरिए सरकार बाजार में कम नहीं करती है तो इससे किसानों पर बड़ा आर्थिक बोझ आयेगा और संभव है कि किसान बहुत महंगी खाद का प्रयोग कर ही न पायें। दरअसल किसानों की आय नहीं बढ़ रही है और लागत बढ़ती जा रही है, ऐसे में जरूरी है कि खाद के दाम को कम रखा जाये ताकि किसानों की लागत न बढ़े।

**महेश कुमार सिंह, लखनऊ.**

### जन कल्याण की योजनाएं

केन्द्र सरकार ने गरीबों को बड़ी राहत देकर एक तरह संवेदनशीलता का परिचय दिया है। यह हमारी अर्थव्यवस्था, राष्ट्रीय शक्ति, किसानों की मदद और गरीबों को भूखा न रहने देने का राष्ट्रीय संकल्प है कि केन्द्र सरकार ने निःशुल्क राशन योजना को आगे भी जारी रखने का फैसला किया है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना के तहत मुफ्त राशन को आगे बढ़ाया गया है या फिर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले राशन पर जो दो-तीन रुपये प्रति किलो उपभोक्ताओं को भुगतान करना पड़ता है, उसे खत्म किया गया है। लेकिन जो भी हो और जैसे भी हो, अगर सरकार 81 करोड़ गरीबों को निःशुल्क राशन देने का संकल्प दिखाती है, तो इसकी तारीफ करनी पड़ेगी। यह मानना पड़ेगा कि यह कोई सियासी चाल नहीं है बल्कि गरीबों के प्रति कल्याणकारी नीति का हिस्सा है। इससे गरीबों का सशक्तीकरण हुआ है। इससे कोई इनकार नहीं कर सकता है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत प्रत्येक व्यक्ति को प्रति माह पांच किलो चावल या गेहूं मिलता है और इस अनाज के लिए कार्ड धारकों को प्रति किलो गेहूं दो रुपये और प्रति किलो चावल तीन रुपये का भुगतान करना पड़ता है। 2020 में जब कोरोना आया और सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की शुरुआत की जिसमें राशन कार्ड धारकों को खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिलने वाले पांच किलो राशन के अतिरिक्त पांच किलो राशन और मुफ्त देने का फैसला किया था। उस समय एक किलो चना या दाल भी योजना के तहत दिया जाता था। इस तरह प्रत्येक व्यक्ति को जिसके पास राशन कार्ड था, उसे महीने में दस किलो राशन फ्री मिलता रहा और फ्री राशन से कोरोना के दौरान गरीबों का चूल्हा जलता रहा। अगर यह योजना नहीं आयी होती तो संभव था कि कोरोना के दौरान जो आत्महत्या की घटनाओं की लगातार खतरें आ रही थीं, उसकी बाढ़ आ जाती। निःशुल्क राशन ने करोड़ों गरीबों के जीवन की रक्षा की है, इससे कोई इन्कार नहीं कर सकता। फिलहाल सरकार ने दोनों योजनाओं को मिला दिया है।

**प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## इग्नू में प्रवेश आवेदन तिथि 15 तक

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आवासीय परिसर में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. हिमांशु शेखर सिंह ने बताया कि जुलाई 2025 सत्र में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 15 अगस्त 2025 तक बढ़ा दी गई है।

छात्र इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

प्रो. हिमांशु सिंह ने सभी इच्छुक विद्यार्थियों से आग्रह किया है कि वे अंतिम तिथि से पूर्व अपना पंजीयन अवश्य करा लें। इग्नू में स्नातक, स्नातकोत्तर, डिप्लोमा और प्रमाण पत्र जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है।

प्रवेश से संबंधित विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट अथवा अध्ययन केंद्र से प्राप्त की जा सकती है।

वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा के अनुसार जुलाई 2025 सत्र उन छात्रों के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है, जो किसी कारणवश जनवरी 2025 सत्र में प्रवेश नहीं ले पाए थे।

# रामलला के दरबार तक भक्तों की यात्रा होगी और अधिक सहज

### भक्ति पथ, राम पथ, जन्मभूमि पथ के साथ आस्था पथ बना आस्था का नया आयाम

जिला संवाददाता

- अयोध्या में आस्था पथ का भव्य निर्माण, रामायण काल की दिव्यता से जुड़ा आधुनिक नव निर्माण
- 0.225 किमी लंबे मार्ग का निर्माण 5 करोड़ रुपए की लागत से अंतिम चरण में

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या, जहां प्रभु श्रीराम ने जन्म लिया, उनके चरणों की पावन धूल से पवित्र यह भूमि अब एक नए स्वरूप में भक्तों का स्वागत कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या के गौरव को पुनः स्थापित करने और श्रीराम भक्तों को सहज, सुरक्षित और भव्य अनुभव देने हेतु आस्था पथ का निर्माण कराया है। यह मार्ग भक्ति पथ से राम गुलेला होते हुए सीधे श्रीराम जन्मभूमि पथ तक पहुंचता है, जो न केवल भौगोलिक रूप से बल्कि आध्यात्मिक दृष्टि से भी अयोध्या के हृदय को जोड़ता है। 0.225 किलोमीटर लंबा यह मार्ग लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित किया जा रहा है। यह मार्ग अब केवल एक सड़क नहीं, बल्कि श्रद्धा, संस्कृति और सनातन परंपरा का जीता-जागता प्रतीक बन चुका है।

रामायण के अनुसार, श्रीराम का जीवन त्याग, मयार्दा और लोक कल्याण का प्रतीक रहा है। जिस पथ पर प्रभु श्रीराम कभी माता कौशल्या के साथ चले होंगे, वही मार्ग आज ह्लआस्था पथह्ल के रूप में विकसित हो रहा है। यह मार्ग अतीत की सांस्कृतिक विरासत और वर्तमान की विकास दृष्टि का अद्वितीय संगम है। इस मार्ग के माध्यम से श्रद्धालु अब राम जन्मभूमि मंदिर तक और भी सहजता से पहुंच सकेंगे। जिस स्थान को देखने के लिए वर्षों तक प्रतीक्षा की गई, वह अब आधुनिकता और आस्था के समन्वय से सुसज्जित किया जा रहा है।

12 दिसंबर 2023 को प्रारंभ हुए इस कार्य को लोक निर्माण विभाग खंड चार द्वारा तीव्र गति से पूरा किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता शशि भूषण सिंह के अनुसार, मार्ग में यूटिलिटी डक्ट, ड्रेनेज, जलापूर्ति पाइप लाइन, सीसी मार्ग जैसे सुविधाजनक



ढांचे पहले ही तैयार किए जा चुके हैं। बारिश के मौसम में जलभराव न हो, इसका विशेष ध्यान रखते हुए उन्नत ड्रेनेज सिस्टम डाला गया है। स्ट्रीट लाइटिंग और फर्नीचर जैसे सौंदर्यात्मक कार्य अंतिम चरण में हैं, जबकि फुटपाथ निर्माण हेतु स्वीकृति मिल चुकी है और यह कार्य भी अगस्त माह के अंत तक पूर्ण होने की संभावना है।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, जो अब भारत की आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बन चुका है, से जुड़ने वाला यह पथ भक्तों के लिए ह्लरामपथह्ल के नव स्वरूपह्ल के रूप में स्थापित हो रहा है। यह केवल ईंट-पत्थरों से बना एक रास्ता नहीं, बल्कि हर उस श्रद्धालु की भावना का उत्तर है, जो वर्षों से रामलला के दर्शन हेतु सुविधाजनक यात्रा की प्रतीक्षा कर रहा था।

योगी सरकार की यह पहल अयोध्या की धार्मिक गरिमा को नई ऊँचाई दे रही है। मंदिर निर्माण के साथ-साथ नगर की संरचना, साफ-सफाई, यातायात और पर्यटक सुविधा को भी एक समग्र दृष्टि से विकसित किया जा रहा है।स्थानीय नागरिकों और देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं ने इस परियोजना की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। उनका कहना है कि अयोध्या अब न केवल धार्मिक नगरी के रूप में बल्कि एक आदर्श सांस्कृतिक और पर्यटन स्थल के रूप में विश्वपटल पर उभर रही है। यह मार्ग रामायण कालीन गौरव और आधुनिक भारत के निर्माण का ऐसा सेतु है, जो केवल अयोध्या को ही नहीं, समस्त भारतवर्ष को भावनात्मक रूप से जोड़ता है। यह मार्ग दशार्ता है कि जहां श्रद्धा होती है, वहीं विकास होता है। और जब नेतृत्व संकल्पित हो, तो इतिहास भी वर्तमान में उतर आता है।

## प्रवर्तन दल ने ओवरलोड मिलने पर लगाया 4.38 लाख रुपये जुर्माना, वाहन सीज



**बाराबंकी।** परिवहन विभाग ने ओवरलोडिंग को रोकने के लिये विशेष अभियान चलाया। जिसमें कई वाहनों का पकडकर जुमार्ना लगाया गया। और कुछ को सीज किया गया। इस दौरान पकड़े वाहनो को थानो मे निरुद्ध करने मे प्रवर्तन दल को काफी दिक्कतो का सामना भी करना पड़ा। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि डग्गामार व ओवरलोडिग के खिलाफ आज बुधवार को यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने विशेष अभियान चलाते हुये 80 टन ओवरलोड़ मिलने पर एक वाहन पर 4.38 लाख रुपये जुमार्ना लगाते हुये थाना रामसनेहीघाट मे निरुद्ध किया। तो वही पत्रावलियो की जांच करने पर 1 डग्गामार वाहन का चालान किया।

## लीगल एड क्लीनिक में विधिक सहायता शिविर का आयोजन

**बहराइच** । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली तथा उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार के निर्देशन में नालसा वीर परिवार योजना-2025 कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला सैनिक बोर्ड कल्याण, बहराइच में स्थापित लीगल एड क्लीनिक में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को सम्बोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/अपर जिला जज विराट शिरोमणि ने बताया कि मा. सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली द्वारा संचालित नालसा वीर परिवार सहायता योजना-2025 कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यालय जिला सैनिक कल्याण बोर्ड, बहराइच में स्थापित लीगल एड क्लीनिक का उद्देश्य भूतपूर्व सैनिकों तथा उनके परिवार के सदस्यों व आश्रितों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान किया जाना है। श्री शिरोमणि ने बताया कि लीगल एड क्लीनिक में तैनात पराविधिक स्वयं सेवक/नामिका अधिवक्ता अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बहराइच द्वारा विधिक सहायता प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर सैनिक कल्याण बोर्ड बहराइच के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी तथा भूतर्पूव सैनिक उपस्थित रहे।

## डीआईओएस ने किया जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी का शुभारंभ



**बाराबंकी।** पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में क्वांटम युग की आरंभ, संभावनाएं एवं चुनौतियां विषय पर जनपद स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी 2025 का शुभारंभ जिला विद्यालय निरीक्षक ओ0पी त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया।संगोष्ठी मे डीआईओएस श्री त्रिपाठी ने कहा कि विज्ञान आज के वर्तमान युग का आधार है। और तकनीकी की माध्यम से हम उसे साकार रूप में परिणित कर रहे है। आज के आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के युग में मानव ने विभिन्न क्षेत्र में नए कीर्तिमान हासिल किए है। जरूरत है हम मानवीय कल्याण के लिए विज्ञान का प्रयोग करें। संगोष्ठी में जनपद के सभी ब्लॉक के चयनित दो-दो विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें छात्रा दिव्यांशी चैहान प्रथम स्थान, छात्रा अदिति बैसवाल द्वितीय स्थान और छात्र सूर्यांश शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल के रूप में जय प्रकाश पटेल, सुनील कुमार सिंह, रानी किरन, अनीश कुमार ने अपनी भूमिका का निभाई।

## 33 एमएलडी एसटीपी का मण्डलायुक्त ने किया निरीक्षण

- प्लांट की तकनीकी संरचना, सीवेज प्रवाह की वर्तमान स्थिति व कार्य के गति की ली जानकारी

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त राजेश कुमार ने बुधवार को नमामि गंगे परियोजना के तहत अयोध्या में निमार्णाधीन 33 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का स्थलीय निरीक्षण कर परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त जयेन्द्र कुमार अधीक्षण अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) ज्ञानेंद्र कुमार चैधरी, अधिशासी अभियंता, परियोजना से जुड़े अभियंता, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि, सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। आयुक्त ने प्लांट की तकनीकी संरचना, सीवेज प्रवाह की वर्तमान स्थिति तथा कार्य की गति की जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि इस परियोजना में कुल 15 नालों को एसटीपी से जोड़ा जाना है, जिसमें से 8 नालों को इंटरसेप्ट कर एसटीपी से जोड़ दिया गया है। इससे लगभग 80 प्रतिशत सीवेज प्रवाह का उपचार अब इस संयंत्र के माध्यम से किया जा रहा है।शेष 7 नालों को नगर क्षेत्र में यूपी जल निगम (अर्बन) द्वारा निमार्णाधीन सीवर लाइन के माध्यम से एसटीपी से जोड़ा जाएगा, जिसका कार्य अंतिम चरण में है। यह कार्य अगस्त 2025 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।अधिकारियों ने आयुक्त महोदय को यह भी अवगत कराया कि प्लांट का ट्रायल रन 21 मार्च 2025 से प्रारंभ हो चुका है तथा एसबीआर तकनीक आधारित सभी ट्रीटमेंट यूनिट्स वर्तमान में सफलतापूर्वक क्रियाशील हैं।निरीक्षण के दौरान यह भी बताया गया कि बांधा क्षेत्र में स्थित अंतिम स्लूस गेट वाल्व को उच्च बाढ़ जलस्तर के कारण अभी तक स्थापित



नहीं किया जा सका है। जल स्तर घटते ही इसे तत्काल स्थापित कर दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त एसटीपी तक पहुंचने वाले संपर्क मार्ग को 400 मिमी ऊंचा करने का प्रस्ताव पर्यटन निदेशालय को भेजा गया है, जिसकी स्वीकृति की प्रतीक्षा है। निरीक्षण उपरांत आयुक्त महोदय ने परियोजना की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि सभी शेष कार्यों को नियत समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि अगस्त 2025 तक एसटीपी का पूर्ण संचालन सुनिश्चित हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि एसटीपी के क्रियाशील होने से सरयू नदी में अशोधित जल के प्रवाह को पूरी तरह रोका जा सकेगा, जो स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। ंडलायुक्त राजेश कुमार ने माझा प्रस्तावित टेम्पल म्यूजियम हेतु चयनित भूमि का भी नगर आयुक्त, पर्यटन विभाग एवं संबंधित अधिकारियों के साथ संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया।

## दिव्यांगता की विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किये जायेंगे राज्य स्तरीय पुरस्कार

**बहराइच** । विश्व दिव्यांग दिवस 03 दिसम्बर 2025 के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा 12 विभिन्न श्रेणियों में राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान करने की व्यवस्था की गयी है। योजनान्तर्गत दक्ष दिव्यांग कर्मचारी/स्वनियोजित दिव्यांगजन, दिव्यांगजन हेतु सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता, प्लेसमेंट अधिकारी या एजेंसी के लिए सेवायोजकों, दिव्यांगजन के निमित्त कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति तथा सर्वश्रेष्ठ संस्था, प्रेरणास्रोत, दिव्यांगजन के जीवन सुधारने के निमित्त सर्वश्रेष्ठ नवीन अनुसंधान या उत्पाद विकास, दिव्यांगजन हेतु बाधामुक्त वातावरण के सृजन हेतु सर्वश्रेष्ठ कार्य, दिव्यांगजन को पुनर्वास सेवाएं प्रदान करने वाले, सर्वश्रेष्ठ सृजनशील दिव्यांग वयस्क व्यक्तियों एवं सर्वश्रेष्ठ बालक/बालिका, सर्वश्रेष्ठ ब्रेलप्रेस, दिव्यांगजन के लिए सर्वोत्तम अनुकूल वेबसाइट, सर्वश्रेष्ठ दिव्यांग खिलाडियों तथा दिव्यांगजन के सशक्तीकरण हेतु कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए अर्ह होंगे। यह जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी वी.पी. सत्यार्थी ने बताया कि ह्यह्यराज्य स्तरीय पुरस्कारह्लह्ल के लिए इच्छुक व्यक्ति एवं स्वैच्छिक संस्थान अपने आवेदन पर वांछित अभिलेखों एवं प्रपत्रों के साथ विकास भवन स्थित जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी बहराइच के कार्यालय में 03 दिवस में जमा कर सकते हैं।

# सपा ने मुस्लिम धर्मगुरुओं को भी किया शामिल: वसीम राईन

जिला संवाददाता

- धर्मगुरु फिरंगी महली, जमीयत उलेमा ए हिंद के सदर मौलाना मदनी, बुखारी ने मुसलमानों के साथ किया धोखा

**बाराबंकी।** मुसलमानों को 18 प्रतिशत आरक्षण का झूँठा ऐलान करने की साजिश में समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम धर्मगुरुओं को भी शामिल कर लिया। और हुआ वही वोट लेकर सत्ता में आने के बाद सपा वादा भूल गई। हैरत तो यह कि सपा के सुर में सुर मिलाने वाले मौलाना भी सपा से दूर नही हुए बल्कि उनका साथ पहले की तरह मजबूत है। अब यह बताने की जरुरत नही कि झूठ किसने बोला और शिकार कौन हुआ। उक्त बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने आगे कहा कि वर्ष 2012 के चुनाव से पहले जारी विधानसभा के सपा के घोषणापत्र में मुसलमानो को 18 प्रतिशत आरक्षण देने का ऐलान किया गया। सपा के इस ऐलान में मुसलमानों के धर्मगुरु फिरंगी महली व जमीयत उलेमा ए हिंदे सदर मौलाना मदनी, बुखारी आदि भी शामिल रहे और मुसलमानों से समाजवादी पार्टी के पक्ष में वोट करने की अपील की। सपा ने तो मुसलमानों के साथ धोखा किया। और उनसे बड़ा फरेब मौलाना व धर्मगुरुओं ने किया। सपा द्वारा 18 फीसदी आरक्षण का वादा पूरा न किये जाने पर किसी ने उनके इस कृत्य का विरोध नही किया। राष्ट्रीय



उपाध्यक्ष ने कहा कि इससे जाहिर है कि जितना मुसलमान सियासी दलों की साजिश का शिकार हुए उससे अधिक वह मुस्लिम धर्मगुरु व अगुवाई करने वालो के निशाने पर रहे। बार बार किसी की कठपुतली बनने से बेहतर है कि मुसलमान उसके साथ कदम से कदम मिलाए जो भागीदारी व हिस्सेदारी की बात करे और न सिर्फ कहे बल्कि करके दिखा दे।

# भाजपा जिला कार्यालय पर हर घर तिरंगा यात्रा अभियान का आयोजन

**बहराइच।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर हर घर तिरंगा यात्रा अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी शिवभूषण सिंह उपस्थित रहे ।कार्यशाला के अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे ने की ।मंच संचालन कार्यक्रम के जिला संयोजक व जिला महामंत्री नन्हेंलाल लोधी ने किया। अपने उदबोधन में जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पार्टी द्वारा घर-घर तिरंगा यात्रा का कार्यक्रम किया जाना है। संसद में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता आज भारत के दूसरे उत्सव और गौरव गान का समय है यह विजय उत्सव आतंक हेडक्वार्टर को मिट्टी में मिलना है यह विजय उत्सव सिंदूर की सौगंध को पूरा करने का है यह विजय उत्सव भारत की सेवा के शौर्य और समर्थ का है इस कारण से भी हम सभी को इस कार्यक्रम के माध्यम से हर घर तिरंगा और यात्रा के माध्यम से लोगों के दिलों में राष्ट्र भक्ति जगाने का कार्य करेंगे। मुख्य अतिथि शिव भूषण सिंह ने कहा कि आपकी बार मन की बात में माननीय प्रधानमंत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान के लिए सब का जोश हाई रहता है। गरीब और अमीर हो छोटा घर हो या



बड़ा घर हो तिरंगा फहराकर राष्ट्र भक्ति से और ओतप्रोत होता है। हम सबको बस यही कार्य करना है कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुषों पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि और माल्यार्पण करने के पश्चात वंदे मातरम गीत जिला मंत्री हेमा निगम व पुष्पा चौधरी ने प्रस्तुत किया व कार्यक्रम के समापन के अवसर पर राष्ट्रगान जिला मंत्री डॉक्टर डिंपल जैन व महिला मोर्चा जिला संयोजिका रंजीता श्रीवास्तव के द्वाराप्रस्तुत किया किया गया। पयागपुर विधानसभारणविजप्रताप सिंह धीरेंद्र मोहन आर्य जिला मंत्री सुनील श्रीवास्तव संजय राव हेमाआदि उपस्थित रहे।

## जन्म से कटे होंठ व तालू निःशुल्क पंजीकरण शिविर मे 97 मरीजों ने कराया परीक्षण



**बाराबंकी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में जन्म से कटे होंठ व कटे तालू से ग्रसित मरीजों के इलाज हेतु निःशुल्क पंजीकरण शिविर लगाया गया। शिविर मे मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश यादव ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सीएमओ कार्यालय में 1 अगस्त से 6 अगस्त तक पांच दिवसीय कैंप में 97 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण हुआ। जिसमे 66 मरीजों को ऑपरेशन एंव 31 मरीजों को स्पीच थेरेपी के लिए चिन्हित किया गया। अमेरिका की स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के निदेशक डॉ0 वैभव खन्ना एवं डॉ0 आदर्श कुमार भूमिका निभा रहें है। पंजीकृत मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन एवं सम्पूर्ण इलाज लखनऊ हेल्थ सिटी अस्पताल में किया जायेगा। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी आरबीएसके डॉ0 डी0के श्रीवास्तव ने बताया कि भविष्य में यदि कोई मरीज इस बीमारी से ग्रसित हो तो डीईआईसी प्रबंधक डॉ0 अवधेश सिंह एवं स्माइल ट्रेन सस्था प्रतिनिधि नीरज कुमार शर्मा के मोबाइल नम्बर 9454159999, 9565437056 पर संपर्क स्थापित कर सकते है।

## तार में फंसे सारस की ग्रामीणों के सहयोग से वन कर्मी ने बचायी जान



**बीकापुर-अयोध्या।** बुधवार को बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सभा कोंछा के मजरे कोंहारन का पुरवा के समीप किसानों द्वारा छुट्टा जानवरों से फसल सुरक्षा के लिए लगाए गए तार में एक सारस फंस गया जो काफी प्रयास के बाद भी निकल नहीं सका।

घायल सारस पर ग्रामीणों की नजर पड़ी तो सरस को निकलने का प्रयास करते करते घायल हो चुका था। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने सारस की जान बचाने का प्रयास करते हुए डायल 112 पुलिस एवं वन विभाग को घटना से अवगत कराया। सूचना पर पहुंचे डायल 112 पुलिस की उपस्थिति में वनकर्मी तारकनाथ चैबे ने ग्रामीण राम मूरत प्रजापति, शिवमूरत प्रजापति, मुकेश प्रजापति, सोनू, संदीप, झब्बर, शिव प्रकाश मिश्रा, सिंटू मिश्रा के सहयोग से तार में फंसे सारस को निकाला तथा घायल सारस का इलाज करने के बाद उसे छोड़ दिया जो उड़कर अपने जोड़े के पास चला गया। बनकर्मी तारकनाथ के इस सराहनीय प्रयास को लोगों ने खूब सारा हना किया।

# चार अनाथ बेसहारा कन्याओं के पालनहार बने समाजसेवी राजन

जिला संवाददाता



- बकचुना गांव में 8 गुणे 8 के टीनशेड मकान में रह रहा गरीब परिवार
- परिवार को आवास दिलाने के लिए बीडीओ व एसडीएम मिल्कीपुर से की बात
- गरीब महिला का अंतिम संस्कार करवा

**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के बकचुना गांव के दलित विजित कुमार पासी की पत्नी दीपांजलि पासी का आकस्मिक निधन हो गया गरीबी का ये हाल की पैसे के चलते 1 दिन अंतिम संस्कार नहीं हो पाया जिसकी सूचना किसी ने समाजसेवी राजन पांडेय को दी तुरंत राजन पांडेय ने अपने तीनों बेटों को उस परिवार के मध्य भेजकर आर्थिक मदद भेजकर उस महिला का अंतिम संस्कार करवाया उस महिला के मृत्यु के बाद चार बच्चे अनाथ हो गए।मृतक दीपांजलि के परिवार की बदहाल स्थिति के बारे में सुनते ही जिले के चर्चित समाजसेवी राजन पाण्डेय ने तुरंत परिवार की मदद करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी और उन बच्चों से मिलने बकचुना गांव पहुंच गए।

समाजसेवी पाण्डेय अपने साथ उक्त पीड़ित परिवार के लिए दो चारपाई, गद्दा, दरी, चद्दर, कम्बल, सभी के लिए पांच - पांच सेट कपड़े के साथ दाल, चावल ,आटा ,सब्जी, रिफाइंड सहित लगभग 3 महीना का पूरा रोजमर्रा सामान के साथ 5000रुपए का त्वरित आर्थिक सहयोग करके उनके दुखों को बांटने का प्रयास किया।

समाजसेवी राजन पाण्डेय की आंखे परिवार की गरीबी देखते ही नम हो गई क्योंकि 6 लोगों का परिवार 8 गुणे 8 के कमरे में टीनशेड डाल कर रहता था। उन्होंने वहां उपस्थित लोगों को भरोसा दिलाया कि इन बच्चों को वो हमेशा अपने बच्चों की तरह पालेंगे और इनके लालन पालन में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी उनको परिवार को दिलाया कि इस परिवार के हर सुख दुःख में वो शामिल होते रहेंगे। समाजसेवी ने मृतका दीपांजलि के पति विजित कुमार के साथ चार बच्चों को जब टीन शेड के नीचे देखा तो ग्राम प्रधान तथा ग्राम पंचायत अधिकारी पर आग बबूला हो गये और उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर तथा खण्ड विकास अधिकारी अमानीगंज से कार्यवाही की मांग की और आवास दिलाने की बात कही।

समाजसेवी राजन पाण्डेय ने जिले के सभी राजनैतिक पार्टियों के नेताओं और समाज के तथाकथित ठेकेदारों पर निशाना साधा और उन्होंने कहा कि चुनाव आते ही समाजसेवियों और नेताओं की कतार लग जाती है, लेकिन इन दलित बेसहारा लोगों को न तो आवास दिलाया जाता है और न ही कोई सुविधा मुहैया कराई जाती है। राजन पाण्डेय ने आगे कहा कि ऐसे लोगों की सहायता करने से बड़ा दान पुण्य धर्म का कार्य कुछ नहीं हो सकता इसलिए जब तक उनकी आखिरी सांस रहेगी तब तक ऐसे परिवारों की हर यथासंभव मदद करते रहेंगे। उक्त अवसर पर राजन पाण्डेय के साथ पप्पू तिवारी अनिल मिश्रा मोंटी शुक्ला अमित पांडेय अंकित पांडेय जिला पंचायत सदस्य अर्पित पांडेय विश्वास कबाड़ी बब्बू पांडेय सुरेंद्र शुक्ल सहित सैकड़ो ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता का जन्मदिवस मनाया गया



**बहरइच।** बृजेश पाण्डेय जी ने वृद्धाआश्रम में वृद्ध जनों को भोजन व फल वितरित कर प्रदेश महामंत्री जी के दीघार्यु जीवन की मंगल कामना की :आज दिनांक 6 जुलाई 2025 को भाजपा के प्रदेश महामंत्री सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता जी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी बहराइच जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय जी ने सभी कार्यकताओं के साथ बहराइच जनपद के राजापुर माफी स्थित ओल्ड एज होम वृद्धा आश्रम पहुंचकर वृद्ध जनों के साथ केक काटकर प्रदेश महामंत्री जी का जन्म दिवस मनाया। बृजेश पाण्डेय जी ने सभी वृद्ध जनों को भोजन व फल वितरित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश महामंत्री जी के स्वस्थ दीघार्यु जीवन की मंगल कामना की। जिला अध्यक्ष बृजेश पाण्डेय जी ने आश्रम पर उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि अनूप गुप्ता जी ने अपना संपूर्ण जीवन समाज सेवा के लिए लगा दिया उन्होंने समाज व राष्ट्र की सेवा के लिए अविवाहित रहते हुए अपना पूर्ण कालिक जीवन धारण किया। आज उनके जन्मदिवस के अवसर पर सभी ईश्वर से यह मंगल कामना करते हैं कि ईश्वर उन्हें स्वस्थ दीघार्यु जीवन प्रदान करें जिससे वह समाज व राष्ट्र के लिए सतत लंबी सेवा दे सकें और हम सभी को निरंतर उनका मार्गदर्शन भी प्राप्त होता रहे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राहुल राय जी,जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह जी, नन्हे लाल लोधी जी, जिला मंत्री सुनील श्रीवास्तव जी,हेमा निगम जी, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र मिश्रा जी,नगर अध्यक्ष अमित शर्मा जी, सतीश सिंह जी, युवा मोर्चा संयोजक अरुणेन्द्र सिंह अंकित जी के साथ आशीष त्रिवेदी जी, राजकुमार वर्मा जी, पंकज केवट जी, प्रभात शुक्ला जी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

संक्षेप

## एसडीएम ने किया बाढ़ संभावित क्षेत्रों और गौशालाओं का निरीक्षण

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देश पर सभी तहसीलों के एसडीएम ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी और राहत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने गौशालाओं का भी निरीक्षण किया, जहां पशुओं के आश्रय स्थल, चारा-पानी, प्रकाश, जल निकासी, चिकित्सा व्यवस्था आदि का जायजा लिया। सभी उप जिलाधिकारियों ने बाढ़ चौकियों में तैनात स्वास्थ्य, पशुपालन, आंगनबाड़ी आदि विभाग के कर्मचारियों को निर्देश दिया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की समस्या आने पर राहत कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाएं और प्रभावित लोगों को सहायता, जैसे भोजन, पानी, चिकित्सा सुविधा और सुरक्षित आश्रय, शीघ्र उपलब्ध कराएं। गौशालाओं में पशुओं के चारे और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। बीमार गोवंशों को अलग करा के उनका उचित उपचार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन स्थिति पर पूरी तरह से नजर रखे हुए है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है।

## राखी त्योहार पर बसों में मुफ्त यात्रा पर महिलाओं में खुशी

**लालगंज, रायबरेली।** रघुवीर अस्पताल की प्रबंध निदेशक डॉक्टर मोनिका मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रक्षाबंधन के पावन अवसर पर महिलाओं को तीन दिन बसों में फ्री यात्रा का तोहफा देकरबहुत ही सराहनीय कार्य किया है। योगी सरकार के इस पुनीत कार्य से महिलाओं में खुशी की लहर दौड़गई है। रक्षाबंधन में महिलाओं को भाइयों के घर राखी बांधने जाने में अब आसानी रहेगी। सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की अध्यक्ष इंदू बाजपेई, प्रधानाचार्य ममता सिंह ने कहा कि योगी ने रक्षाबंधन के अवसर पर महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा का अवसर देकर निश्चित रूप से बहुत ही प्रशंसनीय कार्य किया है। पूर्व की सरकारों ने कभी महिलाओं की सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया था। वहीं सर्राफा मंडी की किरन गुप्ता, तिकोना पार्क की नीलू गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष राम रानी वर्मा ने भी योगी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि तीन दिन बसों में महिलाओं के लिए मुक्त यात्रा की घोषणा वास्तव में बहुत ही नेक कार्य है।

## एसडीएम की फटकार के बाद नैया निर्माण शुरू

**महराजगंज, रायबरेली।** कैर नैया नाला पुल के पास दोनों तरफ से बंधा खुल जाने की सूचना मिलते ही एसडीएम सचिन यादव व तहसीलदार मंजुला मिश्रा दलबल के साथ कैर नैया नाला पुल पर पहुंचकर हकीकत परखी तथा विभागीय अधिकारियों को जल्द ही रास्ता सही करवाने व बाईपास शुरू करवाने की बात कही जिसको गंभीरता से लेते हुए जेई राजेश यादव ने आनन-फानन काम शुरू करवा दिया है। बीते सोमवार की रात से कैर नैया नाला पुल के बाईपास पर दोनों तरफ से बांध खुल जाने से बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया था। ऐसे में सिर्फ दो पहिया वाहन ही वहां से आ जा सकते थे। लेकिन आज बुधवार लगभग 3:30 बजे जलस्तर लगभग एक मीटर बढ़ गया जिससे बाईपास और चिटक गया और दो पहिया वाहनों का भी आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया।

# आरेडिका में स्वच्छता अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन




**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में एक अगस्त से 15 अगस्त तक स्वच्छता अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने हेतु इंजीनियरिंग विभाग ने आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का विवरण जारी किया है। तथा एक अगस्त को स्वच्छता शपथ के साथ विभिन्न प्रकार के स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 2 अगस्त को आरेडिका आवासीय परिसर में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु ह्यह्यस्वच्छ रेल स्वच्छ भारतह्यह्य की थीम के साथ प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। ह्यह्यआजादी का जश्न, स्वच्छता के संकल्प संगह्यह्य तथा ह्यह्यस्वच्छ रेल स्वच्छ भारत कार्यक्रमह्यह्य के तहत स्काउट एवं गाइड के द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं काव्य पाठ का आयोजन किया गया। 3 अगस्त को आरेडिका के जन सम्पर्क विभाग द्वारा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए कई स्थानों पर स्वच्छता सेल्फी बूथ, सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों जैसे- फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, यूट्यूब, पब्लिक एप आदि के माध्यम से इस मुहीम को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया जो कि लगातार जारी है। 4 अगस्त को सामूहिक श्रमदान के माध्यम से आरेडिका सोलर पैनल, मथना नाला के आस-पास साफ- सफाई की गयी। 5 अगस्त को आरेडिका के सरस्वती प्रेक्षागृह के सामने साफ- सफाई की गयी। 6 अगस्त एडमिन कार्यालयों तथा फैक्ट्री परिसर स्थित कार्यालयों में लोगों द्वारा साफ- सफाई कर इस अभियान को गति प्रदान की जा रही है। आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा ने बताया कि आरेडिका प्रशासन ह्यह्यस्वच्छ रेल स्वच्छ भारतह्यह्य मुहिम में सरकार के प्रयासों को सकार रूप प्रदान करने के लिए द्दढ संकल्पित है। सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सभी यूनियनों के कर्मचारी प्रतिनिधियों को स्वच्छता अभियान में विशेष योगदान देने के लिए प्रेरित किया।

## चार शातिर चोर गिरफ्तार

**रायबरेली।** बछरावां थाना पुलिस ने चोरी की एक बड़ी घटना को सुलझाते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से पांच सोलर पैनल, एक हैण्डपम्प, एक टुल्लू मोटर, एक एलईडी टीवी और एक सेटअप बॉक्स बरामद किया गया है। यह कार्रवाई थाना बछरावां क्षेत्र में चलाए जा रहे अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत की गई।

# तिरंगा महोत्सव में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिया कि हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों और आम जन मानस को भी आमंत्रित किया जाए। सभी तैयारियां पहले ही करा ली जाए। सभी विभाग आपस में समन्वय बना के कार्य करेंगे। जिस विभाग को तिरंगा निर्माण का जो लक्ष्य दिया गया है उसे समय से पूरा करें। जिले में हर घर तिरंगा कार्यक्रम जोश और उत्साह के साथ मनाया जाए।



कार्यक्रम तीन चरणों मे होगा। प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त तक चलाया जा रहा है, जिसमें स्कूल, कालेज, सार्वजनिक स्थानों आदि पर कार्यशालाएं व प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इसी क्रम में द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त तक चलेगा जिसमे वृहद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। जिनमे तिरंगा मेला, तिरंगा महोत्सव ,तिरंगा प्रदर्शनी,तिरंगा रैली आदि का आयोजन किया जाएगा। तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक चलेगा,जिसमें सभी शासकीय भवनों, शैक्षणिक संस्थानों, होटलों, कार्यालयों आदि में ध्वजारोहण समारोह और तिरंगा व्यवस्था कराया जाना है। इस मौके पर पीडी सतीश प्रसाद मिश्रा, जिला पर्यटन अधिकारी सुधीर कुमार गिरी, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव सिंह, जिला पंचायती राज अधिकारी सौम्यशील सिंह, श्रमायुक्त रोजगार, जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी संतोष गौतम सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनसमस्याओं को लेकर कटका क्लब ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



**सुलतानपुर (वीओएल)।** कटका क्लब सामाजिक संस्था ने क्षेत्र की गंभीर जनसमस्याओं को लेकर सिटी मजिस्ट्रेट प्रीति जैन को एक ज्ञापन सौंपा। संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्र ह्यविनम्रह्ल ने बताया कि अयोध्या-प्रयागराज राजमार्ग पर स्थित कटका बाजार के पास स्टेट बैंक के सामने सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार स्थानीय प्रशासन को सूचना देने के बावजूद सड़क का नवीनीकरण नहीं किया गया है। इस अवसर पर एडवोकेट वेदांग त्रिपाठी ने सेमरी मोड़ पर सूखे पेड़ों की समस्या को उठाया। उन्होंने बताया कि पेड़ों की सूखी टहनियाँ आए दिन टूटकर गिर रही हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। आमजन की मांग है कि इन सूखे पेड़ों को जल्द से जल्द काटकर हटाया जाए। इसके अलावा, बाजार की नालियों में गंदगी का अंबार लगा है और बारिश के कारण पानी सड़कों पर भर रहा है। कथावाचक शनि मिश्र ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन जल्द समस्याओं का समाधान नहीं करता है, तो जनआंदोलन की राह अपनाई जाएगी। ज्ञापन देने वालों में नितिन मिश्र, विजय शंकर मिश्र, आशीष पांडेय, प्रवीण तिवारी, आशुतोष शुक्ला, सुधीर यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

## पति ही निकला पत्नी का हत्यारा

**अमेठी।** जामो थाना क्षेत्र के फत्ते का पुरवा गांव में 31 जुलाई की रात एक महिला की निर्मम हत्या का खुलासा पुलिस ने महज कुछ दिनों में कर दिया. खेत में मिला महिला का शव और घटनास्थल से बरामद सेविंग ब्लेड ही पुलिस को कातिल तक पहुंचाने में अहम कड़ी साबित हुआ. चौंकाने वाली बात यह रही कि हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि खुद पति ने ही की थी. आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त ब्लेड भी बरामद कर लिया है। एक अगस्त को पुलिस को सूचना मिली थी कि फत्ते का पुरवा मजरे पूरब गौरा गांव के बाहर खेत में एक महिला का शव पड़ा है. मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा. मृतका की पहचान इलाइची देवी ( 45 वर्ष ) पत्नी दादू मंगता के रूप में हुई. । पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में जांच शुरू हुई. शव के पास से एक सेविंग ब्लेड का रैपर ( ड"ील्ल रैं५ी ढश्रे४ रङ्मल्ल'ी२२ ) मिला, जिसके आधार पर पुलिस ने क्षेत्र के दुकानदारों से पूछताछ की । गौरा चौराहे पर दुकानदार सुशील कुमार ने बताया कि 31 जुलाई की शाम को दादू मंगता ने पान, सुपारी, गुटखा और एक ब्लेड खरीदी थी. वहीं, पास में रहने वाले धर्मेन्द्र मंगता ने बताया कि उसने रात में दादू को अपनी पत्नी के पीछे-पीछे जाते देखा था, लेकिन लौटते समय वह अकेला था. । जांच के दौरान मृतका के पति के बयान विरोधाभासी निकले. उसने दावा किया था कि पत्नी बाजार गई थी, जबकि सीसीटीवी फुटेज व चश्मदीदों ने साबित कर दिया कि महिला घर से ज्यादा दूर नहीं गई थी ।

## खीरों सीएचसी में नहीं होता इलाज सीधा रेफर, डॉक्टर रहते हैं गायब

**खीरों, रायबरेली।** स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक और उत्तर प्रदेश सरकार भले ही ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के दावे कर रहे हों, लेकिन रायबरेली जिले की खीरों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की हकीकत इन दावों की पोल खोलती है। यहाँ की हालत यह है कि मामूली बीमारी में भी मरीजों को बिना इलाज के जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। रेफर करना अब सीएचसी की आदत बन गई है, जिससे न सिर्फ मरीजों को मानसिक व आर्थिक कष्ट होता है, बल्कि सरकारी संसाधनों की भारी बबार्दी भी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इमरजेंसी में आए मरीजों को भी घंटों डॉक्टर का इंतजार करना पड़ता है। जांच या इलाज की कोई सुविधा ना मिलने पर उन्हें मजबूरी में 200 रुपये तक खर्च कर जिला अस्पताल जाना पड़ता है, जहां वे निजी खर्च पर एक्स-रे और अन्य जांच करवाते हैं। खीरों सीएचसी में महिला डॉक्टर तैनात तो हैं, लेकिन वे अक्सर अनुपस्थित रहती हैं। नतीजतन प्रसव पीड़ित महिलाओं को तत्काल प्रभाव से जिला अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। इससे कई बार रास्ते में ही महिलाओं की हालत बिगड़ने जैसी घटनाएं भी हो चुकी हैं। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि सीएचसी में कई डॉक्टरों की उपस्थिति केवल रजिस्टर तक सीमित है। हर महीने वेतन जरूर निकाला जा रहा है, लेकिन हकीकत में वे ड्यूटी पर नहीं आते। यदि इस पूरे मामले की गोपनीय जांच कराई जाए, तो यह स्पष्ट हो सकता है कि कितने डॉक्टर कार्यरत हैं और कितने सिर्फ नाम के हैं।

## पीड़ित परिवार को विधायक ने दिया दैवीय आपदा का चार लाख का चेक



**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** रविवार को भुवरपुर गांव निवासी श्रीराम की तेज बारिश के दौरान पेड़ गिरने से बिजली के खंभे की चपेट में आने से मौत हो गई थी। बुधवार को क्षेत्रीय विधायक राजप्रसाद उपाध्याय ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर दैवीय आपदा राहत योजना के तहत मृतक की पत्नी को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। श्रीराम पांडेय बाबा बाजार में मोची की दुकान लगाने जा रहे थे। इसी दौरान तेज बारिश के चलते एक महुआ का पेड़ गिर पड़ा। जान बचाने के लिए भागते समय वे पास में बिजली के खंभे की चपेट में आ गए, जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। विधायक राजप्रसाद उपाध्याय बुधवार को मृतक के घर पहुंचे और श्रीराम की पत्नी जसमती को राहत राशि का प्रमाणपत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा की स्थिति में पीड़ित परिवारों को त्वरित और पारदर्शी सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। लाभार्थियों के खाते में सीधे धनराशि भेजी जाती है। यदि कोई इस प्रक्रिया में बाधा डालने या पैसे की मांग करने का प्रयास करे, तो तत्काल सूचना दें। तहसीलदार जयसिंहपुर मयंक मिश्र ने बताया कि चार लाख की राशि जसमती के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजी जा चुकी है। यहां पर ब्लॉक प्रमुख चंद्र प्रताप सिंह, प्रधान राजकुमार, गुड्डू उपाध्याय, आशीष सिंह, अनिल पाठक सीटू पांडेय, मुकेश तिवारी, प्रेम बहादुर यादव, रणजीत वर्मा आदि मौजूद रहे।

# शिक्षकों की बीएलओ ड्यूटी का विरोध तेज, शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

जिला संवाददाता (vol)

**सुलतानपुर।** जिले में पंचायत चुनाव की तैयारियों के तहत चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में बेसिक शिक्षकों की बीएलओ ड्यूटी लगाए जाने पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने कड़ा ऐतराज जताया है। इस मुद्दे को लेकर शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित एसडीएम सदर विपिन कुमार द्विवेदी से मिला और ज्ञापन सौंपकर शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से मुक्त करने की मांग की।

संघ का कहना है कि शिक्षकों का कार्य शिक्षण है, जबकि बार-बार गैर-शैक्षणिक कार्यों में लगाए जाने से न केवल शिक्षकों पर अनावश्यक भार पड़ता है, बल्कि बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होती है। ज्ञापन में मांग की गई कि बेसिक शिक्षकों को बीएलओ की जिम्मेदारी से तत्काल मुक्त किया जाए। प्रतिनिधिमंडल में



सदर तहसील अंतर्गत कुड़वार, दूबेपुर और कूरेभार ब्लॉकों के शिक्षक संघ पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसमें कुड़वार ब्लॉक अध्यक्ष निजाम खान, दूबेपुर ब्लॉक अध्यक्ष राम बहादुर मिश्रा, तहसील प्रभारी अब्दुल मजीद, कूरेभार ब्लॉक संरक्षक डॉ. रीतेश सिंह, दूबेपुर मंत्री हेमंत यादव, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष धीरेंद्र राव, सुहेल सिद्दीकी, मुजफ्फर कलीम खान, मुहम्मद मुजतबा, बृजेश मिश्रा, विनय पांडेय, रमन तिवारी, राजकुमार गुप्ता, जयप्रकाश पांडेय, राजमणि यादव, अशरफ मुईद, प्रभात श्रीवास्तव, खुर्शीद अहमद, शिव नारायण वर्मा, प्रमोद पांडेय, अरुण कुमार सिंह, शिवेंद्र पांडेय, देवेश मिश्रा, विमल कुमार और राकेश शुक्ला शामिल रहे। संघ ने आग्रह किया है कि यदि शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से मुक्त नहीं किया गया, तो संगठन सांगठनिक विधा से आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होगा।

## गायत्री शक्तिपीठ अमेठी पर चिंतन शिविर व दीप यज्ञ संपन्न



**अमेठी।** मंगलवार देर शाम गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में चिंतन शिविर एवं दीप यज्ञ का आयोजन भावपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य वंदनीया माताजी भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में जनजागरण, साधना, स्वाध्याय और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम की शुरूआत शांतिकुंज हरिद्वार से आए प्रतिनिधि अरुण साहू द्वारा गुरुदेव को समर्पित भावभीना गीत ह्लगुरुदेव कृपा कर दो, तुमको न भूल पायेंङ्खह्व के सुमधुर गायन से हुई, जिससे पूरे परिसर में एक दिव्य ऊर्जा का संचार हुआ। मुख्य वक्ता उप जोन समन्वयक कैलाश नाथ तिवारी ने गायत्री परिवार की स्थापना, वंदनीया माताजी के विराट व्यक्तित्व और युग निर्माण मिशन में उनके अविस्मरणीय योगदान की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि 2026 में अखंड दीपक के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। माताजी ने अखण्ड दीपक की देखभाल के साथ, मिशन से लोगों को अपनी आत्मीयता से जोड़ा। उन्होंने बताया कि गायत्री तपोभूमि, मथुरा के निर्माण हेतु माताजी ने अपने आभूषण तक समर्पित कर दिए। गायत्री परिवार की नींव में गुरुदेव की तपस्या, माता जी का त्याग निहित है ।

डॉ. त्रिवेणी सिंह ने जानकारी दी कि वंदनीया माताजी की 99वीं जयंती पर 20 सितंबर को सामूहिक जप तथा 21 सितंबर को अमेठी जनपद में रक्तदान महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन माताजी के सेवा-संकल्प और गुरुदेव के साहित्य के प्रचार-प्रसार को समर्पित होगा। इस अवसर पर राजर्षि रणंजय सिंह की पुण्यतिथि पर विशेष दीप आहुतियाँ देकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। युवा समन्वयक डॉ. प्रवीण सिंह दीपक ने राजर्षि को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि ह्लधर्म प्रचार, शिक्षा प्रसार और समाज सुधार के सूत्रों पर चलते हुए राजर्षि ने अमेठी को एक नई दिशा दी। उन्होंने गायत्री शक्तिपीठ के निर्माण में राजर्षि के अमूल्य योगदान को याद करते हुए लोगों से आह्वान किया कि वे युग निर्माण मिशन से जुड़कर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

## नवोदय परीक्षा को लेकर मॉडल प्राथमिक विद्यालय में अभिभावक बैठक आयोजित

**कूरेभार, सुलतानपुर।** शिक्षा क्षेत्र कूरेभार के मॉडल प्राथमिक विद्यालय कूरेभार में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी को लेकर एक विशेष बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विद्यालय परिवार के साथ नवोदय के लिए आवेदन करने वाले 11 छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों ने सहभागिता की। बैठक का उद्देश्य बच्चों की बेहतर तैयारी के लिए अभिभावकों की सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

> ● बच्चों की सफलता के लिए शिक्षक-अभिभावक मिलकर करेंगे प्रयास

प्रधानाध्यापिका अंजना त्रिपाठी ने बताया कि बीते वर्ष विद्यालय के छात्र हर्षित का नवोदय विद्यालय में चयन हुआ था, जो समस्त स्टाफ के सहयोग और बच्चे की मेहनत का परिणाम था। इस वर्ष 11 बच्चों का आवेदन नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए किया गया है। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वे बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करें, उन्हें घर पर अनुशासित वातावरण में अध्ययन हेतु प्रेरित करें और नियमित रूप से विद्यालय भेजें। विद्यालय की ओर से नवोदय परीक्षा की तैयारी कर रहे सभी 11 बच्चों को निःशुल्क अध्ययन सामग्री उपलब्ध करवाई गई है, जिससे कोई बच्चा संसाधनों की कमी के कारण पीछे न रह जाए। इस बैठक में शिक्षिकाएं नीलम यादव, पूजा, पपइया सहित अन्य स्टाफ व सभी बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों की सफलता हेतु सामूहिक प्रयास करने की प्रतिबद्धता जताई विद्यालय का यह प्रयास न केवल नवोदय परीक्षा की तैयारी को नई दिशा देगा, बल्कि अभिभावकों को भी शैक्षणिक प्रक्रिया में भागीदार बनाकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखेगा।

## जीजीआईसी में निकली भव्य तिरंगा रैली




**सुलतानपुर।** पीएम श्री केशकुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज सुलतानपुर में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत तिरंगा रैली एवं राखी निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया। केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, सुलतानपुर ने एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। इस तिरंगा रैली में विद्यालय की लगभग 500 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली में छात्राओं ने अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज थामे देशभक्ति के नारों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय तक गईं, जिससे समूचा वातावरण राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। रैली का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, देशप्रेम तथा तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना है। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में छात्राओं के लिए राखी बनाने की कार्यशाला भी आयोजित की गई। कार्यशाला में छात्राओं ने पारंपरिक एवं नवाचारी तरीके से सुंदर-सुंदर राखियाँ तैयार की, जो नारी सशक्तिकरण और भारतीय संस्कृति के मूल्यों को दर्शाता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या पल्लवी सिंह ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्राओं में रचनात्मकता, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रभक्ति की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका डॉ रीना केसरवानी, डॉ. दीपा द्विवेदी, डॉ मुक्ता सिंह, अंजना सिंह, सुनीता देवी सरोज, तृप्ति मिश्रा, सीमा यादव उपस्थिति रहीं।

## बारिश के चलते बेघर हुई महिला को बीडीओ ने पंचायत भवन में दिलाया आसरा

**लालगंज, रायबरेली।** बीडीओ गगनदीप सिंह ने पूरे जीत मजरे हरीपुर गांव की बेघर हुई महिला विटूला देवी को पंचायत भवन में फिलहाल आवास उपलब्ध करा कर उसके रहने का समुचित प्रबंध कर दिया है। महिला बिटूला देवी ने बताया कि बीडियो साहब ने रहने और खाने-पीने का प्रबंध कर दिया है। अब उसे किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है। खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह ने बताया कि घर गिरी में जो नगद सहायता राशि मिलती है, वह भी महिला को उपलब्ध करा दी गई है। महिला का आवास पहले से ही प्रधानमंत्री योजना में प्रस्तावित है लेकिन बारिश में घर गिर जाने से महिला को मुख्यमंत्री आवास योजना के लिए संस्तुति की गई है। शीघ्र ही मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत उसको घर दिलाया जाएगा। इसके अलावा समाज कल्याण विभाग से भी महिला और उसके बच्चों को हर संभव सहायता दिलाई जाएगी। महिला के पति रामस्वरूप का पहले ही देहांत हो चुका है। महिला के चार छोटे-छोटे बच्चे हैं। पति के न होने के चलते महिला को घर गृहस्थी चलाने में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

## अंडरपास संचालित न होने के कारण दलित बाहुल्य आबादी परेशान

**बछरावां, रायबरेली।** बिशनपुर ग्राम सभा के दलित बाहुल्य गांव बगाही टापू बन चुका है और जो एक रास्ता था उसे रास्ते पर लगभग एक वर्ष से अंडर पास न बन पाने से लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। वहीं दूसरी तरफ अंडरपास बनवाने वाली कार्यदायी संस्था द्वारा 90 दिन में निर्माण कर आवागमन दुरुस्त करने का ग्रामीणों से वादा किया गया था। वही जब निर्माण नहीं कराया गया तो ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया जिसकी अगुवाई नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह राम जी, ग्राम सभा बिशनपुर के प्रधान अरुण नारायण ने किया क्योंकि बगाही दलित बाहुल्य गांव है। जिसमें लगभग हजारों की संख्या में दलित बाहुल्य लोग रह रहे हैं और आलम तो यह है कि उनका दावा अपनी पढ़ाई दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए 10 किलोमीटर का चक्कर लगाकर आना जाना पड़ता है वहीं दूसरी तरफ दो दिनों की बरसात में बगाही गांव के दलितों के लिए विकराल समस्या हो गई है वहीं दूसरी तरफ रक्षाबंधन का त्यौहार कैसे मनाएंगे दलित बहन बेटियां और कैसे होगी इन बच्चों की पढ़ाई दवा कोई भी प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी इस पर बोलना मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। ग्रामीणों की समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों की गुहार पर आज बछरावां के नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने मौके का निरीक्षण करके प्रोजेक्ट मैनेजर आशीष से उनके मोबाइल नंबर पर बात की तो उन्होंने बताया कि शीघ्र ही निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। रक्षाबंधन से पूर्व अंडरपास का आवागमन शुरू कर दिया जाएगा जिससे ग्रामीणों को समस्या का सामना ना उठाना पड़े। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी ने ग्रामीणों से बताया कि हम आपके साथ हैं आपके आवागमन की व्यवस्था शीघ्र ही सुचारू रूप से शुरू करवा दी जाएगी।

# 15 तक 3 चरणों में चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

**अमेठी।** हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम संजय चौहान व एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में डीएम ने बताया शासन के निदेर्शानुसार जनपद में 2 से 15 अगस्त तक 3 चरणों में हर घर तिरंगा अभियान-2 चलाया जायेगा। उन्होने बताया है कि जनपद में प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त तक, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त तक तथा तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक चलेगा। प्रथम चरण 2 अगस्त से 8 अगस्त तक चलेगा जिसमें स्कूलों की दीवारों और बोर्डों को तिरंगा से प्रेरित कला से सजाया जायेगा, विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई जायेंगी, स्कूलों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों आदि पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन, सैनिकों एवं सिपाहियों को राखी एवं पत्र का



प्रेषण किया जायेगा तथा सार्वजनिक स्थानों/बाजारों को तिरंगा के रंगों को प्रदर्शित करने के लिए तिरंगे धागों युक्त तिरंगा बुनाई और धागे की गतिविधि का आयोजन कराया जायेगा।

उन्होने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान का द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त तक चलेगा, जिसमें तिरंगा महोत्सव के रूप में एक ही दिन तिरंगा मेला व भव्य तिरंगा म्यूजिकल कॉन्सर्ट का वृहद आयोजन किया जायेगा, तिरंगा महोत्सव का आयोजन जनप्रतिनिधियों और अन्य विशिष्ट व्यक्तियों एवं खिलाड़ियों की उपस्थिति में कराया जायेगा। तिरंगा महोत्सव आयोजित होने वाले प्रमुख स्थल पर तिरंगा मेला का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेश सरकार के स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पाद तथा सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम विभाग के सहयोग से निर्मित उत्पादों स्थानीय उत्पादों, तिरंगा रंग की थीम वाली वस्तुओं (खाद्य सामग्री/ परिधान/ वस्त्र/श्रृंगार सामग्री आदि) की बिक्री पर केन्द्रित तिरंगा मेला का आयोजन तथा मेले में तिरंगा प्रदर्शनी का प्रदर्शन भी किया जायेगा। जिसकी सेल्फी वेबसाइट www.harghartiranga.com पर अपलोड की जायेगी। वीआईपी कार्यक्रम के दिन, व्यापक जनभागीदारी के साथ, प्रसिद्ध व स्थानीय कलाकारों द्वारा देशभक्तिपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ भव्य तिरंगा संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जनपद के पुलिसकर्मियों, अर्धसैनिकबलों, एनसीसी, एनएसएस, सिवल डिफैन्स, होमगार्ड्स एवं खेल विभाग आदि के सहयोग से तिरंगा बाइक रैली, तिरंगा साइकिल रैली आयोजित की जायेगी। तिरंगा रैलियों, यात्राएं बृहद तिरंगे कपड़े के साथ तिरंगा रैलियों यात्राओं का आयोजन सभी शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों ब्लॉकों व पंचायतों में आयोजित किए जाएंगे, जिनमें स्कूली बच्चों, युवाओं और सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। तिरंगा और उससे सम्बन्धित वस्तुओं आदि की बिक्री को व्यापक रूप से प्रोत्साहित करते हुए स्थानीय बाजारों में सौंदर्यपरक तिरंगा प्रकाश व सजावट किया जायेगा।

संक्षेप

## गंग नहर में लिपटा मिला अज्ञात महिला का शव

**मथुरा।** थाना राया क्षेत्र के अंतर्गत मथुरा मार्ग पर बुधवार की सुबह गांव नगला विजयी के समीप मांट ब्रांच गंगनहर में लगभग 35 बर्षीय अज्ञात महिला का शव चादर मै लिपटा मिला है। आशंका है कि महिला की हत्या कर शव को चादर में लपेटकर नहर में फेंका गया है। घटना की जानकारी होते ही लोगो की भीड़ एकत्रित हो गयी। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल मय फोर्स के घटनास्थल पर पहुंच गए और शव को नहर से बाहर निकलवाकर शव के शिनाख्त के प्रयास किये लेकिन शव की शिनाख्त नही हो सकी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका की उम्र 35 वर्ष प्रतीत हो रही है उसने सलवार पाजामी पैरो में बिछुए पाजेब पहने हुए है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है।

## सात जुआरी गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा घर के अन्दर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 07 अभियुक्तगणों को 51160 रुपए सहित गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा जनपद में सटोरियों जुआरियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना सिरसागंज पुलिस टीम ने बुधवार को करहल रोड पानी की टंकी के पास कृष्णा नगर अर्चना सिंह के घर में जुआ खेल रहे 07 अभियुक्तगण प्रदीप कुमार पुत्र मुन्नालाल लखन गिहार पुत्र रामू गिहार भुवनेश कुमार पुत्र अमर सिंह राहतखान उर्फ बल्लू पुत्र अब्दुल शहीद खाँ शनी अली पुत्र इस्त्याक अली सोनू पुत्र सब्बीर खाँ अर्चना सिंह उर्फ भुरिया पत्नी दिलीप कुमार को माल फड व जामातलाशी 51160 रुपए सहित गिरफ्तार किया गया, थाना पुलिस ने गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर सार्वजनिक जुआ अधि0 पंजीकृत कर अभियुक्तगणों को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## यौन शोषण के मामले में डिप्टी कमिश्नर सहित छह सस्पेंड

**मथुरा।** यौन शोषण के मामले में डिप्टी कमिश्नर सहित छह अन्य लोगों को सस्पेंड कर दिया गया है। दरअसल, कमलेश कुमार पांडेय राज्य कर विभाग मथुरा खंड एक में तैनात थे। उनकी अधीनस्थ महिला अधिकारी ने उन पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि कई अवसरों पर उन्होंने उसके साथ अनैतिक व्यवहार किया था। महिला अधिकारी द्वारा लगाए गए यौन शोषण के आरोपों की जांच का जिम्मा आंतरिक परिवाद समिति (विशाखा) को दिया गया था। छह सदस्यीय समिति पर जांच के नाम पर आरोपी अधिकारी को बचाने और जिम्मेदारी का पालन न करने का आरोप लगा। इस समिति के सदस्य थे- कोमल छाबड़ा, प्रतिभा, पूजा गौतम, संजीव कुमार, सुनीता देवी, वीरेन्द्र कुमार, जिन्हें निलंबित कर दिया गया है. गौरतलब है कि डिप्टी कमिश्नर कमलेश कुमार पांडेय पर कई मौकों पर अनैतिक व्यवहार और यौन शोषण का आरोप लग चुका है। फिलहाल, प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर कमलेश कुमार पांडेय को निलंबित कर संयुक्त आयुक्त बांदा कार्यालय से सम्बद्ध किया गया है। वहीं, विशेष सचिव कृतिका ज्योत्सना को जांच अधिकारी नामित कर आगे की जांच सौंपी गई है। मंगलवार देर शाम संयुक्त सचिव रघुबीर प्रसाद ने सभी 6 अधिकारियों का निलंबन आदेश जारी किया। इस एक्शन से महकमे में हड़कंप मच गया। राज्य कर विभाग में यौन उत्पीड़न के आरोप में यह बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

# किसानी पर संकट, कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन



**मथुरा।** प्राकृतिक आपदा से हुये नुकसान से आक्रोशित किसानों ने आज भारतीय किसान यूनियन भानु के बैनर तले कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन किया और कहा कि सरकारी विभागों की उदासीनता के चलते किसानों को बड़ा नुकसान झेलना पड़ रहा है जिसकी भरपाई न हुई तो बड़ा आंदोलन किया जायेगा। किसानों के इस आंदोलन को लेकर टैंक चौराहे और वेटनरी कालेज के पास किसानों को रोकने के लिए भारी पुलिस बल तैनात रहा। दोपहर में बड़ी संख्या में किसान ट्रैक्टर ट्रॉलियों में कलेक्ट्रेट को निकले तो पुलिस द्वारा रोके जाने पर उनका आक्रोश बढ़ गया और सड़क पर ही बैठ गए जिससे काफी काफी दूर तक वाहनों की लाइन लगी रही। तेज धूप में स्कूली वाहनों में बच्चे भी जाम में फंसे रहे। इसे देखते हुए पुलिस द्वारा किसानों को सड़क किनारे ट्रैक्टर ट्रॉली खड़ी कर कलेक्ट्रेट जाने की अनुमति दी गई। जहां किसानों ने अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि कहीं अधिक वर्षा तो कहीं सूखे से किसानों को भारी नुकसान हुआ है और जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे। ज्ञापन में डीएपी यूरिया की उपलब्धता पर आक्रोश व्यक्त किया। उनकी कहना था कि अधिकारियों की मिली भगत से डिस्ट्रीब्यूटर कालाबाजारी कर रहे हैं जिससे लंबी-लंबी लाइनों में खड़े होकर मनमानी कीमतों पर खाद मिल रही है। बिजली की समस्या को लेकर किसानों का कहना था कि शासन प्रशासन द्वारा ग्रामीण अंचल में 18-20 घंटे बिजली आपूर्ति का दावा किया जा रहा है लेकिन वास्तव

में जर्जर विद्युत लाइनों के कारण यह आपूर्ति 10 से 12 घंटे भी नहीं मिल पा रही है। लक्ष्मीनगर विद्युत स्टेशन पर एसडीओपर किसानों ने अभद्रता का आरोप लगाया उनके विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। किसानों का कहना था कि जलभराव के कारण विभिन्न क्षेत्रों में स्थिति गंभीर है। जलभराव के कारण डेंगू, मलेरिया, और वायरल बुखार का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। नहर, बंबा और माइनरों की सफाई न होने से किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। उनका कहना था कि पशु चिकित्सालयों में चिकित्सकों की कमी के चलते पशुओ को उपचार नहीं मिल पा रहा है। तहसील स्तर पर किसानों की शिकायतों को निपटाने में उनका आर्थिक शोषण किया जा रहा है। इसके अलावा आवारा पशुओं से भी किसान परेशान हैं। कहा गया है कि महावन से पचावर मार्ग से चैड़ीकरण करण को लेकर जो कार्य चल रहा है उससे सड़कें कई क्षेत्रों में सकरीं होने पर यातायात की समस्या उत्पन्न होगी। पानीगांव के नगला फारम को मुख्य मार्ग से जोड़े जाने नगर निगम के वार्ड 19 जमुनापार के नगला कोल्हू मार्ग में कचरा ढोने वाले वाहनों से मार्ग जर्जर हो गया है जिसके गड्ढों में गंदा पानी भर जाता है और आवागमन में परेशानी होती है।

## अब्दुल रहमान ने उगले कई राज, तमाम चेहरे होंगे बेनकाब

**आगरा।** अवैध धर्मांतरण गिरोह के मास्टरमाइंड अब्दुल रहमान को मंगलवार को सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ में कई और नामों का पता चला है। यह लोग गिरोह के लिए काम कर रहे थे। फंडिंग से लेकर युवतियों को धर्मांतरण के लिए तैयार करने में मदद कर रहे थे। पुलिस अब इनके बारे में जानकारी जुटा रही है। जल्द ही और भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं। पुलिस गिरोह के पाकिस्तान, नेपाल और म्यांमार से कनेक्शन की भी पड़ताल कर रही है। गिरोह के 13 आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका है। 18 जुलाई को पुलिस ने सदर क्षेत्र की रहने वाली दो सगी बहनों को कोलकाता के तपसिया इलाके से बरामद किया था। साथ ही देश के अलग-अलग राज्यों से 10 आरोपियों को भी दबोचा था। आरोपियों से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर गिरोह के दिल्ली निवासी मास्टरमाइंड अब्दुल रहमान उर्फ महेंद्र पाल सिंह को 21 जुलाई को गिरफ्तार किया था। तब से वह पुलिस की रिमांड पर ही था। उससे पूछताछ के बाद उसके दो बेटों समेत तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। उससे गिरोह के बारे में जानकारी जुटाई गई। उसके मोबाइल में व्हाट्सएप चैट और कॉल डिटेल भी खंगाली गई, जिसमें पाकिस्तान के छह नंबरों का भी पता चला। पुलिस ने अब्दुल रहमान के अलावा 13 अन्य आरोपियों से भी पूछताछ की। इसमें गिरोह से जुड़े 20 से अधिक और भी नाम सामने आए हैं। यह लोग फंडिंग से लेकर धर्मांतरण के लिए युवतियों को तैयार करते थे। यह सभी अलग-अलग राज्य के रहने वाले हैं। इनके बारे में पुलिस जानकारी जुटा रही है। पुलिस के मुताबिक, अब्दुल रहमान मूलरूप से फिरोजाबाद का रहने वाला है। उसने 35 साल पहले धर्म परिवर्तन किया था। उसका नाम महेंद्र पाल था। मजदूरी करता था। बाद में वो दिल्ली में जाकर बस गया। वह जेल में सजा काट रहे कलीम सिद्दीकी के लिए काम करने लगा। उसका नेटवर्क चला रहा था। उसकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसके घर से बड़ी संख्या में पुस्तकें बरामद की थीं। इन पुस्तकों को धर्मांतरण के लिए युवक और युवतियों को दिया जाता था। इसमें कलीम सिद्दीकी और अब्दुल रहमान का नाम लिखा था। आरोपी की कॉल डिटेल व व्हाट्सएप चैट से पाकिस्तान के अलावा नेपाल, म्यांमार तक जाने की जानकारी भी सामने आई है।

● हिंदू युवतियों के धर्मांतरण से लेकर विदेशी फंडिंग तक का किया खुलासा

## साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**फिरोजाबाद।** थाना साइबर अपराध पुलिस टीम द्वारा सतर्कता की ओर एक कदम जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में आज ब्लूमिंग बड्स पब्लिक स्कूल शिकोहाबाद में साइबर क्राइम जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्रों को डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई एवं उन्हें साइबर अपराधों से सतर्क रहने हेतु जागरूक किया गया। जिसमें साइबर अपराध क्या है और इसके विभिन्न प्रकार जैसे हैकिंग फिशिंग साइबर बुलिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी आदि, सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग कैसे करें। मजबूत पासवर्ड बनाना और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का महत्व। अनजान लिंक, वेबसाइट या ईमेल से सतर्क रहने की आवश्यकता। साइबर अपराध की स्थिति में शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया हेल्पलाइनः 1930 आदि के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब सरल भाषा में देकर उन्हें साइबर सुरक्षा के प्रति सजग किया गया।

## किसान की संदिग्ध हालत में मौत, गांव करहारा में अकेले रहता था, गले पर निशान, हत्या की आशंका

**आगरा।** किरावली थाना क्षेत्र के गांव करहारा में 58 वर्षीय किसान वनवीरसिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। मृतक के भाई हरेंद्रसिंह के अनुसार, वनवीरसिंह अपने घर पर अकेले रहते थे। रात करीब 11 बजे तक वनवीरसिंह से फोन पर बात हुई थी। सुबह लगभग 10 बजे जब हरेंद्रसिंह पहुंचे तो उन्होंने अपने भाई को मृत अवस्था में पाया। घटनास्थल पर घर का सारा सामान बिखरा हुआ था और मृतक के मोबाइल से सिम कार्ड गायब था। हरेंद्रसिंह ने पुलिस को 112 पर सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की और मृतक का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का कहना है कि मृतक के गले पर निशान मिले हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। एसएसआई राकेश सागर ने बताया कि किसान की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। उन्होंने कहा कि मृतक के पैरों में चप्पल पहनी हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दो पक्षों में खूनी संघर्ष : लाठी-डंडों से मारपीट महिला और अन्य घायल, वीडियो वायरल

**आगरा।** फतेहपुर सीकरी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुनहरा में सोमवार को जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों के बीच कहासुनी के बाद लाठी-डंडों से जमकर मारपीट हुई। इस झगड़े में दोनों पक्षों के महिला और पुरुष घायल हुए। एक पक्ष के तेजवीर पुत्र पीखन सिंह ने बताया कि वह अपनी निजी जमीन पर टीन शेड लगा रहा था। इसी दौरान दूसरे पक्ष के योगेंद्र सिंह, चोहन सिंह, निवेश, मोहित और बवली समेत अन्य लोगों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में तेजवीर और उनके भाई अजू सिंह घायल हो गए। विवाद के दौरान सोहन सिंह का छत से तमंचा लहराते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस इस वीडियो की जांच कर रही है। दूसरे पक्ष के मोहित सिंह और बवली भी झगड़े में घायल हुए हैं। मोहित सिंह ने तेजवीर सिंह, अनु सिंह और अन्य लोगों के खिलाफ तहरीर दी है। दोनों पक्षों ने पुलिस को शिकायत दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों से तहरीर प्राप्त हो गई है और नियमानुसार जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

## हर घर तिरंगा अभियान 2025 को लेकर डीएम ने की अधीनस्थों संग समीक्षा

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में हर घर तिरंगा अभियान 2025 के संबंध में जनपद के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक हुई संपन्न। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय पर्व ह्वस्वतंत्रता दिवसह्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यालयों को तिरंगा लाइटों से सजाए। सभी उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी आदि अपने अपने कार्यालयों की साज सज्जा करे। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट एवं नाजिर को कलेक्ट्रेट परिसर को तिरंगा लाइटों से सजाने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार को निर्देश दिए कि एक वृहद बाइक रैली का आयोजन कराए। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख चैराहों, गलियों, रोड़ों को सजाया जाए तथा जनपद के एंट्री प्वाइंटों की साज सज्जा की जाए। उन्होंने कहा कि प्रमुख स्थानों पर सेल्फी प्वाइंट बनाए जाए। नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत आदि क्षेत्रों में वॉल पेंटिंग कराई जाए। उन्होंने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान 2025 में अधिकाधिक जन सहभागिता हेतु लोगों को आमंत्रित करे तथा लोगों को अपने अपने घरों में तिरंगा लगाने हेतु प्रोत्साहित करे। उन्होंने कहा कि जनपद के हर घर में तिरंगा लहराना चाहिए। पर्व के रूप में इस आयोजन को मनाए। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्राम पंचायत स्तर पर 100-100 झंडे, जिला पूर्ति अधिकारी को कोटेदारों के माध्यम से 150-150 झंडे, गैस एजेंसी व पेट्रोल पंप संचालकों से 100-100 झंडे, बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक से प्रति विद्यालय से 10-10 झंडे, उपायुक्त उद्योग को व्यापारियों एवं उद्यमियों के माध्यम से 15 हजार झंडे क्रय कराते हेतु उक्त अभियान को सफल बनाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी थानों, चैकी, कोतवाली आदि को तिरंगा लाइटों से सजाने एवं तिरंगा लगाने के निर्देश दिए। संपूर्ण परिसर में तिरंगा लगाए जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी दुकानों, पेट्रोल पंपों, होटलों, गैस एजेंसियों, रेस्टोरेंटों, प्रतिष्ठानों, रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडो आदि को तिरंगा से सजाया जाए।

## आजाद मार्केट में कभी भी हो सकता है हादसा, पार्षद ने नगरायुक्त को कराया अवगत, सौंपा ज्ञापन



**मथुरा।** महानगर के डीग गेट स्थित जर्जर जीर्ण शीर्ण आजाद मार्केट अपनी बदहाली पर नौ नौ आसू रो रहा है। उसकी दशा दिशा सुधारने के लिए पार्षद मुन्ना मलिक ने नगर आयुक्त जब प्रवेश को ज्ञापन दिया है। नगर निगम मथुरा वृंदावन वार्ड सं.-31 के पार्षद व नेता पार्षद दल समाजवादी पार्टी मुन्ना मलिक ने नगर निगम के नगर आयुक्त बताया कि आजाद मार्केट डीग गेट में दुकानें एवं सड़क जर्जर अवस्था में है जिससे स्थानीय दुकानदारों और ग्राहकों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। प्रथम तल पर आने वाले 2, झीने भी क्षतिग्रस्त हो चुके है जिससे कभी भी बड़ा हादसा घटित हो सकता है। मार्केट की सड़क खरंजा पूर्ण रूप से उखड़ चुके हैं। और तो और आपराधिक किस्म के युवाओ ने इसको अपना अड्डा बना रखा है।

2005 में मार्केट निर्मित होने के पश्चात निगम द्वारा कोई कार्य मरम्मत आदि का नहीं कराया गया है। पूर्व की बोर्ड बैठक में भी आजाद मार्केट का मुद्दा पार्षद मुन्ना मलिक ने उठाया था। आजाद मार्केट इस समय अव्यवस्थाओं में कैद है। मार्केट की हालत बदतर हो गई है। दो मंजिला भवन पूर्ण जर्जर हालत में पहुंच गया है। मार्केट में सड़क के नाम पर सिर्फ और सिर्फ गड्ढे ही नजर आते हैं। दुकानें जर्जर हो चुकी हैं और इसमें कारोबार करने में व्यापारियों को हर समय डर लगा रहता है। भूतल और पहली मंजिल मिलाकर मार्केट में 144 दुकानें हैं। इन दुकानों में हर प्रकार की दुकानें हैं, जिनमें होल सेल, रिटेल, कबाड़, डॉक्टर, अधिवक्ताओं के कार्यालय, गिलेट की पायजेब, भगवान की पोशाक, मूर्तियां, तस्वीरें आदि बिकती हैं। आजाद मार्केट की दुकानों को नगर पालिका ने लीज पर दिया और सभी दुकानें कारोबारियों ने ले लीं। मार्केट का रख रखाव नगर पालिका ने अपने हाथ में रखा। कुछ समय तक तो व्यवस्थाएं दुरुस्त रहीं। फिर धीरे धीरे आजाद मार्केट अव्यवस्थाओं की भेंट चढ़ गई। मार्केट का कोई हिस्सा ऐसा नहीं है जो जर्जर न हो। यहां कारोबारियों का कहना है कि वह लोग हर समय मौत के साए में बैठे रहते हैं। कई दुकानों की छतों के लेंटर गिर चुके हैं जो बचे हैं उनका प्लास्टर भी धीरे धीरे गिर रहा है। मार्केट का रख रखाव नगर निगम के पास है लेकिन नगर निगम भी इस ओर ध्यान नहीं देरहा है।

## गोवर्धन विधायक ने किया एसडीएम सदर के साथ कई स्थानों का निरीक्षण



**मथुरा।** जनपद के जलप्लावित क्षेत्र से जल की निकासी को लेकर जहां जिला प्रशासन ने रात दिन एक कर दिया हैं वहीं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि भी पूरी तरीके से ग्रामीणों को राहत पहुंचने में जुटे हुए हैं। गोवर्धन के विधायक ठाकुर मेघ श्याम सिंह ने एसडीएम सदर आईएएस अभिनव जैन के साथ कई स्थानों का निरीक्षण किया। विधायक गोवर्धन मेघश्याम सिंह ने ग्राम छड़गाँव खेरिया सेरसा आदि ने जल भराव के संबंध में क्षेत्र का निरीक्षण किया गया तथा ग्रामवासियों के साथ बैठक की। इस दौरान तत्काल जल निकासी के लिए संबंधित विभाग को यथोचित कार्यवाही के लिए निर्देश दिये गये। विधायक ने पंप सेट नालियों की सफाई तथा पुलिया की खुदाई कराकर जल निकासी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रभावित किसानों एवं परिवारों को मुआवजा दिया जाएगा। सर्वे के कार्य विभागों द्वारा किए जा रहे है। इस दौरान उनके साथ उप जिलाधिकारी सदर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन, खंड विकास अधिकारी फरह नेहा रावत, सिंचाई विभाग, कृषि विभाग तथा नायब तहसीलदार मौजूद रहे।

## सीएम आगरा को फिर पकड़ा गये झुनझुना

**आगरा।** यूपी के मुखिया योगी आदित्यनाथ की मंडलीय समीक्षा बैठक में मंत्री व विधायक ने उद्यमियों के दर्द के बारे में कोई चर्चा नहीं की। ताज ट्रेपेजियम जोन (टीटीजेड) में सुप्रीम कोर्ट की बंदिशों से छटपटा रहे उद्योग-धंधों की मंगलवार को मुख्यमंत्री की मंडलीय समीक्षा बैठक में अनदेखी हो गई। मंडलभर से मंत्री और विधायक आए लेकिन किसी ने सीएम के समक्ष औद्योगिक गतिरोध दूर कराने की मांग नहीं उठाई। न ही किसी जनप्रतिनिधि ने इस संबंध में कोई चर्चा की। इस पर उद्यमियों ने निराशा जाहिर की। आगरा के अलावा मथुरा, फिरोजाबाद और भरतपुर तक टीटीजेड है। 14 अक्तूबर 2024 के सुप्रीम कोर्ट के आदेश से टीटीजेड में नए उद्योगों की स्थापना और विस्तार पर रोक है। इस वजह से करीब 1 लाख करोड़ का निवेश प्रभावित हो रहा है। पर्यावरण दृष्टि से संवेदनशील टीटीजेड में औद्योगिक संगठन रियायत की मांग उठा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में प्रभावी पैरवी, गाइडलाइंस का सरलीकरण और प्रोत्साहन की मांग है।

ंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुक्त सभागार में मंडलीय विकास कार्यों और परियोजनाओं की समीक्षा की लेकिन इस समीक्षा बैठक में टीटीजेड की बंदिशों का कोई जिक्र नहीं हुआ। आगरा डेवलपमेंट फाउंडेशन के सचिव केसी जैन का कहना है कि आगरा व आसपास क्षेत्र में पिछले 10 महीने से कोई नया उद्योग शुरू नहीं हो सका। श्रमिकों का पलायन हो रहा है। लघु उद्योग भारती जिलाध्यक्ष विजय गुप्ता ने कहा कि टीटीजेड से प्रभावित उद्योग-धंधों के कारण उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार को छूट की घोषणा करनी चाहिए, जिससे निवेश प्रोत्साहित किया जा सके। उद्यमी राजीव बंसल का कहना है कि ताजमहल के बदले उद्योगों की बलि नहीं चढ़नी चाहिए। बंदिशों के कारण सैकड़ों उद्योग बंद हो गए। उद्यमी पूरन डावर ने भी टीटीजेड में औद्योगिक गतिरोध खत्म करने की मांग की। आपको बता दें कि ताजनगरी में टीटीजेड की बंदिशों के चलते इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर आईएमसी, आईओसीएल की मथुरा रिफाइनरी का विस्तार, जयपुर हाईवे स्थित महुअर का लेदर पार्क, ताजमहल की डाउन स्ट्रीम में रबर डैम निर्माण आदि फंसे हुए है। यहां गौरतलब है कि इन मुद्दों पर आगरा के सभी जनप्रतिनिधि जनता से वोट मांगकर संसद व विधान सभा तक पहुंचे लेकिन यह जनप्रतिनिधि सिर्फ अपना-अपना हित साधने में व्यस्त है। सबसे बड़ी बात यह है कि ताजनगरी की लोकसभा हो या विधान सभा सभी सत्ता दल के है।

● सीएम की बैठक में टीटीजेड की बंदिशों पर अनदेखी, मंत्री और विधायक तक ने नहीं रखा व्यापारियों का दर्द

## फिरोजाबाद और टूंडला के बीएलओ व पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

जिला संवाददाता (vol)

**फिरोजाबाद।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचक नामावली वृहद् पुनरीक्षण 2026 के पुनरीक्षण कार्य को कुशलतापूर्वक सम्पादित करने हेतु जिलाधिकारी रमेश रंजन के निर्देशन में तहसील फिरोजाबाद एवं टूण्डला से सम्बन्धित बी0एल0ओ0 एवं पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण बुधवार को महात्मा गॉधी बालिका इण्टर कॉलेज, स्टेशन रोड़ फिरोजाबाद में सम्पन्न हुआ।

अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहन लाल गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण कक्षवार प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रषिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा 11 कक्षों में प्रदान किया गया। तहसील फिरोजाबाद के कुल 229 बीएलअ0 में से 183 बीएलओ तथा कुल 33 पर्यवेक्षक में से 32 पर्यवेक्षक प्रषिक्षण में उपस्थित रहें। इसी प्रकार तहसील टूण्डला के कुल 188 बी0एल0ओ0 में से 182 बी0एल0ओ0 तथा कुल 12 पर्यवेक्षक में से 12 पर्यवेक्षक प्रषिक्षण में उपस्थित रहें। जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया है कि सम्बन्धित सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उप जिलाधिकारी अनुपस्थित बीएलओ एवं पर्यवेक्षक के विरूद्ध राज्य निर्वाचन आयोग पंचायत एवं नगरीय निकाय के नियमावली के सुसंगत धाराओं के अनुसार कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। प्रशिक्षण में उप जिलाधिकारी फिरोजाबाद एवं टूण्डला जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी तहसीलदार फिरोजाबाद, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी, सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्य प्रषिक्षक अश्वनी कुमार जैन इत्यादि उपस्थित रहे।

## आराध्य को भाव की डोरी से झुला रहे भक्त

**वृन्दावन।** सेवाकुंज स्थित श्रीकृष्णा बलराम मंदिर में श्रावण मास के पावन पर पर चल रहे पांच दिवसीय झूलन महोत्सव में देसी विदेशी श्रद्धालु अपने आराध्य को भाव की डोरी से झुला रहे हैं। मंदिर के महंत मधुसूदन गोस्वामी महाराज ने बताया कि श्रावण मास प्रिया प्रियतम का प्रिय मास है। इसमें भाव और अनुराग से आराध्य की प्रीति प्राप्ति का प्रयास करना चाहिए। भक्त प्रातः काल से ही भगवान का हिंडोला विभिन्न फूलों और पत्तियों से अपने हाथों से तैयार करते हैं तथा शाम होते ही उन्हें हिंडोला में विराजित कर भावपूर्ण संकीर्तन करते हैं तथा उनके समक्ष गायन, वादन और नृत्य कर अपने सात्विक भावों का निवेदन करते हैं। इसके साथ ही प्रभु को विशिष्ट भोग भी अर्पित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि भारत के विभिन्न प्रांतों के साथ ही रुस, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, यूक्रेन, टर्किए, जर्मनी, अमेरिका आदि से भक्तजन तीर्थनगरी में पहुंचे हैं। जो प्रतिदिन परिक्रमा, यमुना दर्शन तथा नाम संकीर्तन में संलग्न होकर अपने जीवन को धन्य बना रहे हैं।

## बर्खास्त कर्मचारियों ने डीएम से लगायी गुहार

**आगरा।** नगर पंचायत किरावली के 11 बर्खास्त कर्मचारियों की बहाली और अधिशासी अधिकारी एवं सेवा प्रदाता फर्म के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को किसान मजदूर नेता चौधरी दिलीप सिंह की अगुवाई में कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने डीएम को मांगपत्र सौंपते हुए जल्द न्याय की गुहार लगाई। धरने में शामिल कंप्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर और सफाईकर्मियों सहित 11 कर्मचारियों को 19 मार्च को बिना कारण नौकरी से निकाल दिया गया था। कर्मचारियों का आरोप है कि नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने तानाशाही रवैया अपनाते हुए बिना कोई पूर्व नोटिस दिए सेवा समाप्ति के आदेश जारी कर दिए। मामले की गंभीरता को देखते हुए किसान नेता चौधरी दिलीप सिंह ने डीएमको प्रकरण की जानकारी दी, जिसके बाद एडीएम (वित्त एवं राजस्व) सुभांगी शुक्ला से जांच कराई गई। जांच में कर्मचारियों पर कोई आरोप सिद्ध नहीं हुआ। इसके बावजूद अधिशासी अधिकारी व सेवा प्रदाता फर्म ने एडीएम के 4 जुलाई और 1 अगस्त को जारी बहाली आदेशों की अवहेलना की। डीएम से वार्ता के बाद उन्होंने तीन दिन में सेवा बहाल कराने और दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## महिलाओं व बालिकाओं को मिशन शक्ति के तहत किया जागरूक

**फिरोजाबाद।** महिला कल्याण विभाग हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा, अकाउंटेंट मोहिनी शर्मा एवं अरुण कुमार द्वारा जिला मेडिकल कॉलेज परिसर में मिशन शक्ति के तहत वृहद जन जागरुकता अभियान चलाया गया और मौके पर उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को बाल सेवा योजना कन्या सुमंगला आदि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के विषय में विस्तार से बताते हुए। राष्ट्रीय कृत टोल फ्री हेल्प लाइन नंबरों के विषय में जागरूक किया। हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा, अकाउंटेंट मोहिनी शर्मा जिला पीपीएम समन्वयक मनीष कुमार, जन आधार कल्याण समिति सचिव प्रवीन कुमार शर्मा, चर्चित फाउंडेशन कोषाध्यक्ष कश्मीर सिंह एवं अरुण कुमार ने संयुक्त रूप से रेड टेप मूवमेंट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन की जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा ने मिशन शक्ति के उद्देश्यों को बताते हुए पोक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम कार्यस्थल पर महिलाओं से संबंधित लैंगिक उत्पीड़न कन्या सुमंगला योजना, दहेज प्रथा कन्या भ्रूण हत्या बाल सेवा योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना के साथ-साथ महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं के विषय में विस्तार से बताया। मोहिनी शर्मा ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के विषय में विस्तार से बताते हुए चाइल्ड हेल्पलाइन नं. 1098, वीमेन हेल्प नंबर 1090, डायल 112, घरेलू हिंसा 181, साइबर क्राइम 1930, क्षय रोगी हेल्पलाइन 1800116666, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, उपराज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ हेल्पलाइन 1800419023, नेशनल हाईवे अथॉरिटी हेल्पलाइन 1033, एंबुलेंस सेवा 102 व अन्य राष्ट्रीय कृत टोल फ्री हेल्प लाइन नंबरों के प्रति जागरूक किया।

## डीएम ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से की वार्ता



**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन ने सीडीओ शत्रोहन वैश्य के साथ जनपद के विभिन्न स्थानों का निरीक्षण करने के साथ-साथ विकासखंड शिकोहाबाद के ग्राम पंचायत दिखतौली में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से वार्ता कर उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी ली, डीएम ने इन महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार बहुत सस्ते दर पर लोन उपलब्ध कराती है, आप सब इन लोन का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाएं और आपके द्वारा किए गए कार्यों को और विस्तार करें, जिससे अधिक से अधिक आपकी आर्थिक प्रगति हो और आप आत्मनिर्भर बन सकें, डीएम को अवगत कराया गया कि इस गांव में कुल 17 समूह का गठन हुआ है जिसमें 15 समूह सक्रिय हैं, यहां की महिलाएं विभिन्न प्रकार की व्यवसाय में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही है, जिनमें चूड़ी उद्योग, जनरल स्टोर, अचार-पापड़ बनाने का उद्योग प्रमुख है, डीएम ने कहा आप सब 15 दिन में एक बार आपस में बैठक जरूर करें, जिससे आपसी वैचारिक आदान-प्रदान कर अपने आपको और सशक्त बना सकें। ग्राम दिखतौली में पंचायत भवन में बने बच्चों के अध्ययन हेतु नवनिर्मित पुस्तकालय का उद्घाटन भी किया, यहां पर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के अध्ययन में लगे बच्चों से उन्होंने वार्ता भी की, जिसमें बच्चों ने डीएम को बताया यहां पुस्तकालय बनने से हमें अध्ययन हेतु अब बाहर नहीं जाना पड़ता है, डीएम ने बीडीओ को निर्देशित किया कि यहां बेहतर वाई-फाई की सुविधा प्रधान की जाए, जिससे बच्चों के अध्ययन में सुविधा हो।

डीएम ने अपने इस भ्रमण के दौरान शिकोहाबाद शहर के गंगानगर प्रतापपुर चौराहा आदर्श नगर फ्रेंड्स कॉलोनी में जल भराव का निरीक्षण किया, जहां डीएमको अवगत कराया गया कि इस जल निकासी हेतु दो पुलिया बनाने का प्रस्ताव है, जिसके अंदर से जल निकासी की व्यवस्था की जाएगी, डीएम ने कहा कि इस कार्य को व्यवस्थित रूप से ससमय पूरा करें। इसके बाद डीएम मुख्यमंत्री पर्यटन विभाग सहभागिता योजना अंतर्गत 346.94 लाख की लागत से शिकोहाबाद सुभाष तिराहे से रेलवे स्टेशन तक तिरंगा एवं लाइटिंग कार्य का निरीक्षण किया, इसकी कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल है, जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि इस कार्य को 15 अगस्त से पहले अवश्य पूरा कर लें। इसके पश्चात डीएम ग्राम पंचायत रूरिया में यमुना नदी के किनारे 361.43 लाख की लागत से बन रहे ईको पर्यटन कार्य का निरीक्षण करने गए, डीएम ने कहा कि आने वाले समय में यह स्थल ईको पर्यटन की दृष्टि से जनपद का महत्वपूर्ण केंद्र होगा, इसलिए इसके विकास में विलंब नहीं होना चाहिए।

संक्षेप

## तमिलनाडु की आर्थिक वृद्धि दर बढ़कर 11.19 प्रतिशत पर

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने बुधवार को कहा कि शासन में द्रविड़ मॉडल की अपनाने वाले राज्य की आर्थिक वृद्धि दर बढ़कर 11.19 प्रतिशत हो गई है, जो एक नया रिकॉर्ड है। स्टालिन ने नगर प्रशासन और जल आपूर्ति विभाग में नियुक्ति आदेश जारी करने के बाद कहा कि राज्य की आर्थिक वृद्धि दर काफी प्रभावशाली ढंग से बढ़ रही है, जो चर्चा का विषय है। शहर में, पूरे देश में यही चर्चा है कि हमारे द्रविड़ मॉडल वाले शासन में तमिलनाडु की आर्थिक वृद्धि दर बढ़कर 11.19 प्रतिशत हो गई है और यह एक सुखद समाचार है। तमिलनाडु की आर्थिक वृद्धि दर एक नये शिखर पर पहुंच गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य 14 वर्षों के बाद एक बार फिर डीएमके शासन के दौरान इतनी प्रभावशाली वृद्धि देख रहा है। ऐसा हम नहीं कह रहे हैं। केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के संशोधित अनुमानों के अनुसार, 2024-25 के दौरान तमिलनाडु ने 11.19 प्रतिशत की वृद्धि हासिल कर ली है। यह आंकड़ा इस साल की शुरुआत में पेश किए गए तमिलनाडु सरकार के बजट में अनुमानित वृद्धि से लगभग 2.2 प्रतिशत अधिक है। राज्य की आर्थिक वृद्धि, जिसके पहले लगभग 9.69 प्रतिशत (2024-25) रहने का अनुमान था, अब बढ़कर 11.19 प्रतिशत हो गई है।

## निसान ने लॉन्च किया मैग्नाइट कूरो स्पेशल एडिशन

नई दिल्ली। निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने आज अपने बहु-प्रतीक्षित निसान मैग्नाइट कूरो स्पेशल एडिशन की लॉन्चिंग की घोषणा की। यह कंपनी की लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी का स्ट्राइकिंग एवं प्रीमियम, ब्लैक थीम पर आधारित वैरिएंट है। 8.30 लाख रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) की शुरूआती कीमत के साथ कूरो स्पेशल एडिशन में द बोल्डेस्ट ब्लैक फिलॉसफी को अपनाते हुएबोल्डेस्ट स्टाइलिंग, बेहतरीन इंटीरियर ब्लैक थीम और जापान से प्रेरित डिजाइन का इस्तेमाल किया गया है। नई निसान मैग्नाइट कूरो स्पेशल एडिशन 11,000 रुपये की आकर्षक कीमत पर बुकिंग के लिए उपलब्ध रहेगा। मैग्नाइट कूरो स्पेशल एडिशन का नाम जापानी भाषा से लिया गया है। जापानी में ब्लैक यानी काले को कूरो कहा जाता है। इसमें सॉफिस्टिकेशन और जापान के डिजाइन की झलक दिखेगी। स्पेशल एडिशन की एक अनूठी विजुअल आइडेंटिटी होगी, जिसमें पूरा एक्सटीरियर एवं इंटीरियर ब्लैक होगा, जिससे बाहर और अंदर से प्रीमियम और स्टाइलिश लुक आएगा।

## हिमालया बेबीकेयर का नया कैंपेन लॉन्च

नई दिल्ली। हिमालया बेबीकेयर ने वर्ल्डब्रेस्टफीडिंग वीक के अवसर पर एक कैंपन लॉन्च की है। #हरकदमहरमाँकेसाथ शीर्षक वाला यह अभियान उन चुनौतियों को उजागर करता है, जिनका सामना माताओं को सार्वजनिक स्थानों पर स्तनपान कराने के दौरान गोपनीयता और सहयोगी माहौल के अभाव में करना पड़ता है।



इस विचार से प्रेरित होकर कि एक माँ का आराम और आत्मविश्वास केवल घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं होना चाहिए, हिमालया बेबीकेयर पूरे भारत में लाखों माताओं के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसमें एक माँ को अपने घर के आरामदायक माहौल में शांति से शिशु को दूध पिलाते और लोरी गुनगुनाते हुए दिखाया गया है। जैसे-जैसे दृश्य धीरे-धीरे मेट्रो स्टेशनों, हवाई अड्डों, मॉल और बस स्टॉप जैसे सार्वजनिक स्थानों की ओर बढ़ता है, उसका आत्मविश्वास डगमगाने लगता है, उसकी आवाज लड़खड़ा जाती है, और बैठने में असहजता झलकती है।

## भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने अहम भूमिका निभायेगा यूपी

नोएडा। इस बार का इंफ्रास्ट्रक्चर चैप्टर उत्तर प्रदेश के इंफ्रास्ट्रक्चर और विकास पर केंद्रित होगा। इसका मकसद राज्य को देश के सबसे तेजी से विकसित होते क्षेत्रों में स्थापित करना है, जो भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभा रहा है। टीओआई डायलॉग्स इंफ्रास्ट्रक्चर चैप्टर के 6वें एडिशन की घोषणा कर रहा है। इस प्रमुख पहल का उद्देश्य है नीति-निमार्ताओं, उद्योग जगत के नेताओं और सिविल सोसायटी के प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाना, ताकि देश के सामने मौजूद विकास से जुड़े अहम अवसरों और चुनौतियों पर असरदार संवाद हो सके। यह मंच विविध विचारों को जोड़कर भारत की ग्रोथ स्टोरी को दिशा देने और सहयोगी बदलाव की प्रेरणा देने का काम करता है।

# सेंसेक्स में 166 अंकों की गिरावट

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति की घोषणा के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को शुरूआती तेजी बरकरार नहीं रह पायी और बीएसई सेंसेक्स में 166 अंक की गिरावट रही। आईटी और स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से लगातार दूसरे दिन बाजार नुकसान में रहा।



तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 166.26 अंक यानी 0.21 प्रतिशत टूटकर 80,543.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 261.43 अंक तक गिर गया था। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में 18 नुकसान में जबकि 12 लाभ में रहे। पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 75.35 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,574.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 110.35 अंक तक टूट गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में सन फार्मास्युटिकल्स, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, इटर्नल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, आईटीसी और एलएंडटी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बीईएल, अदाणी पोर्ट्स, भारतीय स्टेट बैंक, ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। व्यापार तनावों के बावजूद, घरेलू बाजार मजबूत बना रहा और निफ्टी 24,500 अंक के प्रमुख समर्थन स्तर के आसपास मजबूती से टिका रहा। औषधि क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा। क्षेत्र पर शुल्क चेतावनियों का असर दिखा। भारतीय रिजर्व बैंक ने अमेरिकी शुल्क को लेकर अनिश्चितता के बीच बुधवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय किया। आरबीआई ने 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर के अनुमान को 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। वहीं चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को घटाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया गया है जबकि पहले इसके 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। एशियाई बाजारों में, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी स्थिर रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी का रुख था। अमेरिकी बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 1.61 प्रतिशत बढ़कर 68.73 डॉलर प्रति बैरल पर रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 22.48 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 3,840.39 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

# रुपया 15 पैसे की बढ़त के साथ 87.73 प्रति डॉलर पर

मुंबई। अमेरिकी डॉलर में उतार-चढ़ाव और भारतीय रिजर्व बैंक के रेपो दर को स्थिर रखने के फैसले से रुपया बुधवार को रिकॉर्ड निचले स्तर से उबरकर 15 पैसे की बढ़त के साथ 87.73 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, नकारात्मक घरेलू शेयर बाजार और भारत पर अमेरिकी शुल्क को लेकर अनिश्चितताओं ने स्थानीय मुद्रा के लाभ को सीमित किया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.72 पर खुला। दिन में 87.63 से 87.80 प्रति डॉलर के दायरे में घट-बढ़ के बाद अंत में यह 87.73 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले भाव से 15 पैसे की बढ़त है। रुपया मंगलवार को अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया और 22 पैसे



की गिरावट के साथ 87.88 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 98.79 पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजारों में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 166.26 अंक की गिरावट के साथ 80,543.99 अंक पर जबकि निफ्टी 75.35 अंक फिसलकर 24,574.20 अंक पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 68.62 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक मंगलवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 22.48 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। भारतीय रिजर्व बैंक ने अमेरिकी शुल्क को लेकर अनिश्चितता के बीच बुधवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर बरकरार रखने का निर्णय किया। नीति निर्माता अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की व्यापार नीतियों से उत्पन्न जोखिमों और उच्च शुल्क की आशंका से जुड़ी अनिश्चितताओं का फिलहाल आकलन कर रहे हैं। आरबीआई ने साथ ही चालू वित्त वर्ष के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को घटाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया है।

# आरबीआई ने किये सह-उधारी व्यवस्थाओं पर संशोधित निर्देश जारी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को सह-उधारी व्यवस्था (सीएलए) को लेकर संशोधित निर्देश जारी किए ताकि इस बारे में विशिष्ट नियामकीय स्पष्टता लाई जा सके।

इन दिशानिर्देशों से कुछ विवेकाधीन एवं आचरण-संबंधी पहलुओं का समाधान किया जा सकेगा। सीएलए एक ऐसी व्यवस्था है जिसमें दो वित्तीय संस्थान मिलकर कर्ज देते हैं और राजस्व एवं जोखिम साझा करते हैं। विनियमित संस्थाएं (आरई) मौजूदा विवेकपूर्ण विनियमों का पालन करते हुए दूसरी आरई के साथ मिलकर कर्ज दे सकती हैं। इन विनियमित इकाइयों में बैंक, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी) और अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान आते हैं। ऐसी ऋण व्यवस्थाओं के लिए कोई सामान्य नियामकीय ढांचा नहीं है, लेकिन फिर भी प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र को ऋण देने के लिए एक विशिष्ट नियामकीय ढांचा बनने के बाद बैंकों एवं एनबीएफसी के साथ मिलकर सह-उधारी की रफ्तार बढ़ी है। भारतीय रिजर्व बैंक (सह-उधारी व्यवस्था) निर्देश, 2025 के मुताबिक, सीएलए के तहत प्रत्येक नवीकरणीय ऊर्जा संस्था को अपने बहीखातों में व्यक्तिगत ऋणों का न्यूनतम 10 प्रतिशत हिस्सा रखना जरूरी होगा।

# जीएसटी न्यायिक सदस्यों की नियुक्ति

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण (जीएसटीएटी) को पूरी तरह सक्रिय करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इसके न्यायिक एवं तकनीकी सदस्यों की नियुक्ति कर दी है।

इससे लंबे समय से लंबित जीएसटी विवादों के त्वरित समाधान का रास्ता साफ होगा। मई, 2024 में न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) संजय कुमार मिश्रा को जीएसटीएटी की प्रधान पीठ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। लेकिन इसके सदस्यों की नियुक्ति नहीं हो पाई थी। चार अगस्त, 2025 को जारी अधिसूचना के मुताबिक, इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश मयंक कुमार जैन को न्यायिक सदस्य और भारतीय प्रशासनिक सेवा




(आईएएस) के पूर्व अधिकारी ए वेणु प्रसाद एवं पूर्व आईआरएस अधिकारी अनिल कुमार गुप्ता को क्रमशः राज्य एवं केंद्र का तकनीकी सदस्य नियुक्त किया गया है। जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरणों की 31 राज्य पीठों के गठन की अधिसूचना पहले ही जारी की जा चुकी है। उन पीठों में 52 न्यायिक और 31 तकनीकी सदस्यों की नियुक्ति की गई है। हालांकि, अबतक केवल कुछ राज्योंउत्तर प्रदेश, ओडिशा, गुजरात, बिहार और महाराष्ट्रा गोवा ने ही अपने तकनीकी सदस्यों के नामों की संस्तुति की है। अपीलीय न्यायाधिकरण न होने से अभी तक जीएसटी विवादों का समाधान उच्च न्यायालयों या सर्वोच्च न्यायालय में होता रहा है। इससे समय और पूंजी दोनों का बड़े पैमाने पर नुकसान होता है। उद्योग जगत लंबे समय से अपीलीय न्यायाधिकरण को कार्यान्वित करने की मांग कर रहा था। वित्त पर संसद की स्थायी समिति ने चार अगस्त को लोकसभा में पेश रिपोर्ट में भी इस विलंब पर चिंता जताते हुए कहा था कि अब इस प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। इस पर राजस्व विभाग ने अपनी कार्रवाई रिपोर्ट में कहा था कि जीएसटीएटी की पीठों में मामलों की सुनवाई बहुत जल्द शुरू होगी।

# आरबीआई के समूह ने की भारांश औसत कॉल दर को बनाये रखने की सिफारिश

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के एक आंतरिक समूह ने मौद्रिक नीति के परिचालन लक्ष्य के रूप में एक दिन के भारांश औसत कॉल दर (डब्ल्यूएसीआर) को बनाए रखने की अनुशंसा की है।

भारांश औसत कॉल दर वह औसत ब्याज दर है जिस पर बैंक अंतर-बैंक बाजार में एक-दूसरे को एक दिन के लिए कर्ज देते हैं। यह रिजर्व बैंक के लिए नकदी प्रबंधन और अर्थव्यवस्था में ब्याज दरों को प्रभावित करने का एक प्रमुख परिचालन लक्ष्य है। आरबीआई के आंतरिक समूह ने नीतिगत दर पर परिचालन लक्ष्य दर को बनाए रखने के उद्देश्य से विभिन्न अवधियों के रेपो एवं रिवर्स रेपो परिचालन के लिए परिवर्तनीय दर नीलामी व्यवस्था को जारी रखने की भी सिफारिश की है। मौजूदा नकदी प्रबंधन ढांचे की समीक्षा के लिए गठित डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता की अध्यक्षता वाले आंतरिक कार्य समूह (आईडब्ल्यूजी) की रिपोर्ट संबंधित पक्षों की टिप्पणियों के लिए आरबीआई की वेबसाइट पर डाली गई है। इस पर 29 अगस्त तक सुझाव दिए जा सकते हैं। मौजूदा नकदी प्रबंधन ढांचा फरवरी, 2020 से लागू है। मौजूदा नकदी प्रबंधन ढांचे के अंतर्गत एक दिन की भारित औसत कॉल दर मौद्रिक नीति का परिचालन लक्ष्य है।

# सोना 200 रुपये बढ़कर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम

नयी दिल्ली। स्टॉकिस्ट की तरफ से लगातार खरीदारी किए जाने से बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 200 रुपये बढ़कर 99,020 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।

99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले बाजार सत्र में 98,820 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। राष्ट्रीय राजधानी में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना बुधवार को 100 रुपये बढ़कर 98,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। मंगलवार को यह 98,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। बुधवार को सोने में मामूली सकारात्मक रुख रहा क्योंकि सुरक्षित निवेश की मांग आने से कीमती धातुओं में तेजी देखने को मिली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को दवा आयात पर नए



शुल्क की चेतावनी जारी की। उन्होंने कहा कि शुल्क की शुरुआत कम होगी, लेकिन समय के साथ यह 250 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। इसके अतिरिक्त, ट्रंप ने संकेत दिया कि सेमीकंडक्टर और चिप्स पर शुल्क की घोषणा जल्द ही की जाएगी। शुल्क संबंधी इस अनिश्चितता ने कीमती धातुओं पर जोखिम बढ़ा दिया है। सर्राफा संघ ने बताया कि बुधवार को चांदी की कीमतें 500 रुपये बढ़कर 1,12,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। पिछले सत्र में चांदी 1,12,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सर्राफा कारोबारियों की नजर फेडरल रिजर्व के सदस्यों के भाषणों पर रहेगी जिससे सर्राफा कीमतों की दिशा के बारे में मार्गदर्शन मिल सकता है। न्यूयॉर्क में हाजिर सोना 17.51 डॉलर या 0.52 प्रतिशत गिरकर 3,363.35 डॉलर प्रति औंस रह गया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में कमजोरी देखी गई और डॉलर सूचकांक में पिछले कुछ दिनों में सकारात्मक तेजी रहने से सोने की कीमतें कमजोर रहीं। अंतरराष्ट्रीय मोर्चे पर हाजिर चांदी 0.12 प्रतिशत घटकर 37.76 डॉलर प्रति औंस रह गई। निवेशक अन्य देशों के साथ अमेरिका की व्यापार वार्ताओं पर कड़ी नजर रख रहे हैं। इसकी वजह यह है कि कोई भी नया शुल्क अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ा सकता है और मुद्रास्फीति तेज हो सकती है जिसकी वजह से सोने की कीमतों को समर्थन मिल सकता है।

# आरबीआई का फैसला महंगाई नियंत्रित करने वृद्धि को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुरूप

नयी दिल्ली। बैंकों के शीर्ष अधिकारियों ने भारतीय रिजर्व बैंक के नीतिगत दर को 5.5 प्रतिशत पर यथावत रखने के फैसले को महंगाई नियंत्रित करने और वृद्धि को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुरूप बताया है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार को अमेरिकी शुल्क को लेकर अनिश्चितता के बीच प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 5.5 प्रतिशत पर कायम रखने का निर्णय किया। आरबीआई द्वारा रेपो दर को 5.5 प्रतिशत पर बनाए रखने और तटस्थ रुख बनाए रखने का निर्णय मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने और वृद्धि को बढ़ावा देने के उसके उद्देश्य की ओर एक सुविचारित दृष्टिकोण है। हम नगदी प्रबंधन पर




आरबीआई के कदम और गतिशील बने रहने के उसके लक्ष्य का भी स्वागत करते हैं, जो आर्थिक स्थिरता बनाए रखते हुए ऋण उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। एसआईपी (व्यवस्थित निवेश योजना) के माध्यम से ट्रेजरी बिल तक खुदरा पहुंच बढ़ाने और बैंक लॉकर तथा खाता दावा निपटान के मानकीकरण का आरबीआई का निर्णय, ऐसी पहल हैं जिनसे वित्तीय समावेश बढ़ने के साथ निवेशकों का भरोसा बढ़ने की उम्मीद है। यह एक स्वागत योग्य कदम है। हालांकि, आने वाले महीनों में इस पर पुनर्विचार की गुंजाइश बनी हुई है क्योंकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक स्थिर है और वृद्धि को बढ़ावा देने की आवश्यकता हो सकती है। इंडियन बैंक में हम पिछली ब्याज दरों में कटौती का लाभ पहले ही दे चुके हैं और उम्मीद है कि एमसीएलआर (कोष की सीमांत लागत पर आधारित ऋण दर) में आगे भी सामान्यीकरण होगा क्योंकि कोष की लागत में गिरावट जारी है।

## पेज एक का शेष

### समुद्र माल

संबंधित प्रावधान किए गए हैं।

मंत्री के जवाब के बाद ध्वनिमत से विधेयक को मंजूरी दे दी गई। विधेयक को पारित किए जाने के दौरान माकपा सदस्य जॉन ब्रिटास ने एक संशोधन पेश किया और मत विभाजन कराए जाने पर ज़ोर दिया। कई अन्य विपक्षी सांसदों ने भी मत विभाजन की मांग का समर्थन किया। लेकिन कई सदस्य अपनी सीट पर नहीं थे और सदन ने विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के बीच विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। नए विधेयक में 1925 के अधिनियम के सभी प्रावधान बरकरार हैं। मूल कानूनी ढांचे को बरकरार रखते हुए, कानून को समकालीन बनाने का प्रावधान किया गया है। इस विधेयक के कानून बनने पर भारत सरकार को अंतरराष्ट्रीय समुद्री संधियों के साथ तालमेल बिठाने में मदद मिलेगी। यह कार्यकारी अधिसूचनाओं पर संसदीय निगरानी का प्रावधान करके पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित करता है।

सरकार द्वारा जारी एक वक्तव्य के अनुसार, यह विधेयक भाषा और संरचना को सरल बनाता है, जिससे कानून विशेष रूप से भारतीय निर्यातकों, आयातकों और पोत परिवहन पेशेवरों के लिए अधिक सुलभ हो जाएगा।

### सीएम ने बरेली

लोगों के मंसूबों पर पानी फेर दिया। डबल इंजन की भाजपा सरकार विरासत को विकास के साथ जोड़ कर काम कर रही है। 2017 से पहले बरेली हर तीसरे महीने दंगों की आग में जलता था, अब वह नाथ कॉरिडोर और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि अब किसी योजना में जाति, मजहब या क्षेत्र के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाता है। यह नया भारत है, जो सबका साथ-सबका विकास की भावना के साथ आगे बढ़ रहा है। आज बरेली में तेजी के साथ विकास हो रहा है। डबल इंजन की सरकार लोगों के जीवन में खुशहाली और समृद्धि लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बरेली को 2264 करोड़ रुपये की 545 परियोजनाओं का तोहफा मिला है, जिसमें 1258 करोड़ रुपये की 222 परियोजनाओं का लोकार्पण और 1004 करोड़ रुपये की 322 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है। इनमें नाथ गलियारा, बाढ़ सुरक्षा, ब्रिज, बाईपास, सड़क चौड़ीकरण, युनानी मेडिकल कॉलेज, ग्रामीण पेयजल योजना, ऊर्जा विभाग और नगर निगम की योजनाएं शामिल हैं। नाथ गलियारे के अंतर्गत अलखनाथ, त्रिपठीनाथ, गोपेश्वरनाथ, पशुपतिनाथ जैसे मंदिरों को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने रोजगार मेले के माध्यम से चयनित 6000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

### तुष्टीकरण से

हैं। हमारी सरकार तुष्टीकरण नहीं, संतुष्टीकरण के मार्ग पर चलती है। इसीलिए जनता का विश्वास आज भाजपा के साथ है। सीएम ने कहा कि सपा सरकार ने शिक्षा में नकल को जन्मसिद्ध अधिकार बना दिया था, जिसके कारण युवाओं के सामने पहचान का संकट पैदा हो गया था। मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा, श्रद्धेय कल्याण सिंह ने बच्चों को 'ग से गणपति' पढ़ाने का कार्य किया, लेकिन सपा सरकार ने 'ग से गधा' पढ़ाने का काम किया। उन्होंने सपा के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) पाठशाला के दुष्प्रचार पर भी निशाना साधा, इसे शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने का प्रयास करार दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज समाजवादी पार्टी को पीडीए की अचानक चिंता सताने लगी है, जबकि अतीत में उन्हीं की सरकार में शिक्षा के क्षेत्र में किस प्रकार का व्यवहार हुआ, यह किसी से छिपा नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भवन जर्जर थे उन्हें शिफ्ट करने के आदेश दिये गये, मगर कांग्रेस और सपा अपने संस्कारों के अनुरूप शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने के लिए पीडीए पाठशाला के नाम पर दुष्प्रचार कर रही है। योगी ने सपा सरकार के दौरान भर्तियों और ट्रांसफर-पोस्टिंग में हुई वसूली और भेदभाव का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि पहले 'कौरव दल' चाचा, भतीजा, भाई, काका, नाना के साथ वसूली में जुट जाता था, लेकिन 2017 के बाद जीरो टॉलरेंस नीति के तहत भर्ती और ट्रांसफर में कोई धन उगाही नहीं हो सकती। कहा, जो पैसा लेगा, वह जेल में सड़ेगा। मुख्यमंत्री ने सपा शासनकाल को अराजकता और माफिया राज का दौर बताया। मुख्यमंत्री ने मुरादाबाद के लोगों को रक्षा बंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और घोषणा की कि 8, 9, 10 अगस्त को प्रदेश की सभी बहनों को रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने रक्षा बंधन के पर्व से ठीक पहले अटल आवासीय विद्यालय को मुरादाबाद मंडल के बच्चों और श्रमिक परिवारों को समर्पित करते हुए इसे अटल की स्मृति को समर्पित आदर्श शिक्षा मंदिर बताया। 79 करोड़ रुपये की लागत से बने इस विद्यालय को अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मशताब्दी वर्ष में शुरू किया गया है, जिससे नई पीढ़ी में उनके आदर्श और मूल्य स्थापित हो सकें। सीएम योगी ने बताया कि यह विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र है बल्कि संस्कार, अनुशासन और आत्मनिर्भरता का भी स्रोत बनेगा।

### ट्रंप ने लगाया

लगाने के आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा हस्ताक्षर किए गए कार्यकारी आदेश में कहा गया है, मुझे यह ज्ञात हुआ है कि भारत सरकार वर्तमान में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से रूस संघ से तेल का आयात कर रही है। लागू कानूनों के अनुसार संयुक्त राज्य अमेरिका के कस्टम क्षेत्र में भारत से आयातित वस्तुओं पर 25 प्रतिशत की अतिरिक्त दर से शुल्क लगाया जाएगा। इस आदेश की धारा 3 के अधीन यह शुल्क उन वस्तुओं पर लागू होगा जो उपभोग के लिए अमेरिका में प्रवेश करती हैं, या गोदाम से उपभोग के लिए निकाली जाती हैं। यह अतिरिक्त शुल्क 21 दिन बाद यानी 27 अगस्त 2025 से लागू होगा। हालांकि, यह अपवाद उन वस्तुओं पर लागू होगा। जिन्हें बंदरगाह से एक पोत पर लादा गया हो और जो अंतिम ट्रांजिट मोड में 21 दिनों के भीतर अमेरिका में प्रवेश कर चुकी हों।

राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने वाणिज्य मंत्री को यह पता लगाने का काम सौंपा है कि क्या बाकी देश प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रूसी तेल खरीद रहे हैं। ट्रंप ने इन देशों पर भी दंडात्मक शुल्क लगाने की धमकी दी है। इससे पहले इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को भारत पर भारी टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ट्रंप ने आरोप लगाते हुए कहा था कि भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामान पर टैरिफ को बड़ी मात्रा में बढ़ाने वाले हैं। ट्रंप ने कहा कि भारत रूस से बड़ी मात्रा में कच्चा तेल खरीद कर उसे दूसरे देशों को बेच रहा है और इससे भारी मुनाफा कमा रहा है। ट्रंप ने पिछले हफ्ते भारतीय आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने के साथ ही रूस से तेल एवं गैस खरीदने पर दंडात्मक जुमार्ना लगाने की भी घोषणा की थी। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा, भारत रूस से भारी मात्रा में न सिर्फ तेल खरीद रहा है, बल्कि उस तेल के बड़े हिस्से को खुले बाजार में ऊंचे दामों पर बेचकर भारी मुनाफा भी कमा रहा है। इसके साथ ही ट्रंप ने कहा, भारत को इस बात की कोई परवाह नहीं है कि यूक्रेन में रूस की युद्ध मशीन कितने लोगों की जान ले रही है। इसी वजह से मैं भारतीय सामान पर अमेरिका में टैरिफ को काफी बढ़ाने जा रहा हूं। इस मुद्दे पर ध्यान देने के लिए धन्यवाद!

### भारत ने

ने 30 जुलाई को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सोशल ट्रुथ से किया था। इस दौरान उन्होंनें आगे लिखा था कि याद रखें, भारत हमारा मित्र है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में हमने उसके साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है क्योंकि उसके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा हैं, और किसी भी देश की तुलना में उसके यहां सबसे कठोर व्यापार बाधाएं हैं। इसके अलावा, उसने हमेशा अपने अधिकांश सैन्य उपकरण रूस से ही खरीदे हैं, और चीन के साथ, वह रूस का सबसे बड़ा ऊर्जा खरीदार है, वो भी ऐसे समय में जब हर कोई चाहता है कि रूस यूक्रेन में हत्याएं रोके। ये टैक्स ट्रंप ने भारत पर पहले लगाया था।

### भारत ने 11

संकल्प होना चाहिए कि हम अपनी और देश की उत्पादकता बढ़ाएं। उन्होंने कहा, कर्तव्य भवन राष्ट्र के सपनों को साकार करने के संकल्प का प्रतीक है। यह विकसित भारत की नीतियों और दिशा का मार्गदर्शन करेगा। मोदी ने कहा कि यह आत्मनिरीक्षण का भी क्षण है, क्योंकि भारत उस गति से विकास नहीं कर सका जिस गति से कई अन्य देश, जिन्हें उसी समय स्वतंत्रता मिली, आगे बढ़े। उन्होंने कहा, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम वर्तमान समस्याओं को आने वाली पीढ़ियों के लिए न छोड़ें।

### धराली आपदा

रहे हैं। सेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, पुलिस, प्रशासन के बचाव अभियान में 150 से अधिक लोगों को बचा लिया गया है जबकि 100 से अधिक लोग अभी भी लापता बताये गये हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी भी आज सुबह प्रभावित क्षेत्र के लिए रवाना हुए। हैलिकॉप्टर से हवाई सर्वे के बाद ग्रांउड जीरो पर पहुंचे। जहां उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर, हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाते हुए राहत कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने मौके पर राहत एवं बचाव कार्यों में जुटे कर्मियों से भी भेंट की। उन्होंने कहा कि राहत कार्यों को गति देने के उद्देश्य से दो हेलीकॉप्टरों के माध्यम से आवश्यक खाद्य और राहत सामग्री धराली क्षेत्र में पहुंचाई गई है। राज्य सरकार की मांग पर केंद्र सरकार ने चंडीगढ़, सरसावा और आगरा से 02 चिनूक और 02 एमआई, 17 हेलीकॉप्टर बुधवार तड़के ही जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर उपलब्ध करा दिए। सड़क यातायात बहाल करने के लिए चिनूक हेलीकॉप्टर से भारी मशीनरी भी पहुंचाई जा रही है। बचाव अभियान में सेना के 125 अधिकारी और जवान, आईटीबीपी के 83 अधिकारी और जवान भी लगे हुए हैं। इधर, बीआरओ के 06 अधिकारी, 100 से अधिक मजदूरों के साथ बाधित सड़कों को खोलने में जुटे हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने आपदा में घायलों को उपचार प्रदान करने के लिए दून मेडिकल कॉलेज, कोरोनेशन जिला अस्पताल और एम्स ऋषिकेश में बेड आरक्षित किए हैं, साथ ही विशेषज्ञ डॉक्टरों का भी उत्तरकाशी के लिए रवाना किया गया है।

### आरबीआई ने

भी नीतिगत निर्णय को प्रभावित किया। ब्याज दरों में कटौती के बावजूद ज ण वृद्धि में तेजी नहीं आने के बारे में सीधे तौर पर अपने विचार व्यक्त किए बिना गवर्नर ने कहा कि कुछ हद तक लाभ हस्तांतरण अभी होना बाकी है। उन्होंने कहा कि यदि ब्याज दरें कम होती हैं, तो इससे ज ण में वृद्धि होगी और समग्र वृद्धि की गति भी बढ़ेगी। खुदरा कर्ज के मुख्य आधार आवास ज ण में वृद्धि के बारे में मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई का मानना है कि इस खंड में वृद्धि 14 प्रतिशत के साथ काफी अच्छी रहेगी। उन्होंने कहा कि ऋणदाताओं की ब्याज दरों में आरबीआई द्वारा की गई सभी कटौतियों के परिणाम सामने आने में अधिक समय लगता है। इसके बाद मकान खरीदने वालों को दीर्घकालिक खरीद पर निर्णय लेने में अधिक समय लगता है जिससे संकेत मिलता है कि इस क्षेत्र में ज ण में और अधिक वृद्धि होगी।

### मुठभेड़ में दो

(28), बुधराम हेमला (47) और पण्डरू पूनेम (38) शामिल हैं। उन्होंने बताया कि नक्सली बक्सू ओयाम माड़ डिवीजन के अंतर्गत कंपनी नंबर एक में पार्टी सदस्य है और उस पर आठ लाख रुपये का इनाम घोषित है। एरिया कमेटी सदस्य बुधराम पोटाम और हिड़मा उर्फ़ हिरिया पर पांचपांच लाख रुपये का इनाम है।




# जसप्रीत बुमराह के बिना भारत की जीत महज संयोग, उनकी क्षमता असाधारण : सचिन तेंदुलकर



मुंबई। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का मानना है कि जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारत का इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट जीतना महज संयोग था और यह करिश्माई तेज गेंदबाज अब भी असाधारण और अविश्वसनीय है। बुमराह हाल में इंग्लैंड में खत्म हुई पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में से तीन मैच में ही खेले थे। श्रृंखला में कम अनुभव वाली भारतीय टीम इसके बावजूद इंग्लैंड से 2-2 से ड्रॉ खेलने में कामयाब रही। भारतीय टीम ने जो दो मैच जीते उनमें कार्यभार प्रबंधन योजना के कारण बुमराह का नहीं खेलना पहले से ही तय था। तेंदुलकर ने कहा कि बुमराह की अनुपस्थिति में बर्मिंघम और द ओवल में भारत की जीत महज संयोग थी। उन्होंने बुमराह के तीन टेस्ट मैच में प्रदर्शन के बारे में बात की। इस तेज गेंदबाज ने श्रृंखला में कुल 14 विकेट लिए। तेंदुलकर ने रेडिट पर श्रृंखला के अपने वीडियो विश्लेषण में कहा, बुमराह ने सही में अच्छी शुरुआत की, पहले टेस्ट (पहली पारी में) में पांच विकेट लिए। वह दूसरा टेस्ट नहीं खेले लेकिन तीसरे और चौथे टेस्ट में खेले। फिर इन दो टेस्ट में से एक में उन्होंने पांच विकेट झटके। उन्होंने कहा बुमराह ने जो तीन टेस्ट खेले, उनमें से दो में उन्होंने पांच विकेट लिए। मुझे पता है कि लोग कई बातों पर चर्चा कर रहे हैं कि हम उन टेस्ट मैच में जीते जिनमें वह नहीं खेले। मुझे लगता है कि यह महज एक संयोग है। तेंदुलकर ने कहा बुमराह की गेंदबाजी असाधारण है। वह अब तक जो कर पाए हैं, वह अविश्वसनीय है। इसमें कोई शक नहीं है कि वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और मैं उन्हें किसी भी अन्य गेंदबाज से बेहतर मानता हूं। बुमराह की अनुपस्थिति में मोहम्मद सिराज ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और सभी पांच मैच में खेले जिसमें उन्होंने 185.3 ओवर गेंदबाजी करते हुए 23 विकेट झटके। बुमराह आंकड़ों के हिसाब से



सिराज से कहीं आगे हैं। उन्होंने 48 टेस्ट मैच में 219 विकेट लिए हैं जबकि सिराज के 41 मैच में 123 विकेट हैं। योजना के अनुसार बुमराह की पांचवें और अंतिम टेस्ट में अनुपस्थिति उनके कार्यभार प्रबंधन को लेकर कुछ सवाल जरूर खड़े करती है लेकिन टीम प्रबंधन ने स्पष्ट कर दिया था कि इस शीर्ष तेज गेंदबाज के संबंध में जोखिम नहीं लिया जा सकता था। तेंदुलकर ने ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर की जमकर तारीफ की जिन्होंने पूरे मैच में टीम की जीत में अहम योगदान दिया। उन्होंने कहा वह जब भी खेला है, उसने योगदान दिया है। अगर आप दूसरे टेस्ट मैच में देखें तो चौथी पारी में उसने पांचवें दिन लंच से ठीक पहले बेन स्टोक्स को शानदार गेंद पर आउट कर दिया। मुझे लगता है कि यह टर्निंग प्वाइंट था। तेंदुलकर ने कहा, आखिरी टेस्ट में जब बल्लेबाजी का समय आया तो उन्होंने शानदार शॉट्स लगाते हुए 53 रन बना दिए। उन्होंने बेहतरीन रन गति बनाए रखी।

# दिल्ली लायंस ने दिल्ली सुपरस्टार को हराया

एजेंसी



नयी दिल्ली। सलामी बल्लेबाज अंकित राजेश कुमार की 46 गेंद में 96 रन की ताबड़तोड़ पारी से वेस्ट दिल्ली लायंस ने दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 मैच में मंगलवार को यहां साउथ दिल्ली सुपरस्टर्ज को 26 गेंद शेष रहते आठ विकेट से शिकस्त दी। साउथ दिल्ली सुपरस्टार ने कप्तान आयुष बडोनी की 25 गेंद में 48 रन की आक्रामक पारी से पहले बल्लेबाजी करते हुए मंगलवार रात को सात विकेट पर 185 रन बनाये। वेस्ट दिल्ली लायंस ने महज 15.4 ओवर में दो विकेट गंवा कर लक्ष्य हासिल कर लिया। अंकित ने 46 गेंद की अपनी पारी 11 चौके और छह छक्के जड़े। उन्होंने पहले विकेट के लिए कृष यादव (42 गेंद में 67 रन) के साथ 84 गेंद में 158 रन की साझेदारी कर टीम की जीत तय कर दी। इस साझेदारी को सागर तंवर ने कृष को आउट कर तोड़ा। कृष ने अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाये। क्रीज पर आए कप्तान नीतीश राणा ने पांच गेंद में एक चौका और दो छक्के की मदद से नाबाद 16 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

अंकित शतक से चूक गये लेकिन उन्होंने टीम की जीत पक्की कर दी। अंकित सुमित कुमार की गेंद पर जब आउट हुए उस समय उन्हें शतक के लिए चार रन चाहिए थे जबकि टीम को जीत के लिए सिर्फ एक रन की जरूरत थी। वह बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में लांग ऑन पर कैच दे बैठे। इससे पहले सलामी बल्लेबाज कुंवर बिधुड़ी (27 गेंद में 42 रन) और सुमित माथुर (29 गेंद में 33 रन) ने पहले विकेट के लिए 49 गेंद में 74 रन की साझेदारी कर साउथ दिल्ली को अच्छी शुरुआत दिलाई जिसके बाद बडोनी ने 25 गेंद की बेखौफ पारी में चार चौके और दो छक्के लगाये। उन्होंने 15वें ओवर में शुभम दुबे के खिलाफ लेग साइड में स्कूप शॉट पर अपना पहला छक्का जड़ा तो वहीं मनन भारद्वाज के खिलाफ कदमों का इस्तेमाल करते हुए गेंदबाज के ऊपर से गेंद को सीमा रेखा के पार भेजा। साउथ दिल्ली ने अच्छी शुरुआत के बावजूद 14वें ओवर में 113 रन पर पांच विकेट गंवा दिये थे। बडोनी इसके बाद अभिषेक खंडेलवाल (12 गेंद में आठ रन) के साथ छठे विकेट के लिए 26 गेंद में 45 रन की साझेदारी से पारी को फिर से पटरी पर लाने में सफल रहे।

## बुमराह की तरह भविष्य में सिराज के वर्कलोड पर ध्यान देना होगा : आरपी सिंह

नयी दिल्ली। इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला में थकान को धता बताते हुए अपनी गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले मोहम्मद सिराज के वर्कलोड (थकान और चोट से बचने के लिए खेल से विश्राम) पर ध्यान देने की वकालत करते हुए भारत के पूर्व तेज गेंदबाज आरपी सिंह ने कहा कि यह तेज गेंदबाज अगर लगातार खेलेगा तो चोटिल होने का जोखिम बना रहेगा। सिराज ने श्रृंखला में इंग्लैंड में 185.3 ओवर डालकर 23 विकेट चटकाये। वह इस श्रृंखला में सबसे अधिक गेंदबाजी करने के साथ सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे। आरपी सिंह ने भाषा को दिये साक्षात्कार में कहा, सिराज को भविष्य में चोटिल होने से बचाने के लिए वर्कलोड मैनेजमेंट जरूरी होगा। तेज गेंदबाज अगर कम समय में ज्यादा मैच खेलते हैं तो चोटिल होने का खतरा रहता है।

सिराज के कार्यभार को भी उसी तरह से प्रबंधित करना होगा जैसे हमने बुमराह के साथ किया है। उन्होंने कहा बेहतर कार्यभार प्रबंधन के कारण बुमराह ने विश्व कप (वनडे और टी20) में शानदार गेंदबाजी की थी। सिराज भी उसी श्रेणी का गेंदबाज है। चोटिल होने से बचाने के लिए उसके वर्कलोड पर भी आज नहीं तो कल गंभीरता से ध्यान देना होगा। भारत के लिए 14 टेस्ट सहित कुल 82 मैच खेलने वाले आरपी सिंह ने इंग्लैंड दौरे पर दिलेरी और जिम्मेदारी से गेंदबाजी करने के लिए सिराज की तारीफ की। जियो हॉटस्टार के साथ क्रिकेट विशेषज्ञ के तौर पर जुडे आरपी सिंह ने कहा सिराज इकलौता गेंदबाज है जिसने पांचों टेस्ट मैच खेले और इन सभी मैचों में पूरे जज्बे और दमखम के साथ गेंदबाजी की। उसने श्रृंखला जिस आखिरी गेंद पर बल्लेबाज को बोल्ड किया वह उनकी इस श्रृंखला की चौथी या पांचवीं सबसे तेज गेंद थी। सिराज ने यॉर्कर गेंद पर इंग्लैंड के गस एटकिंसन को बोल्ड कर भारत को पांचवें टेस्ट में जीत दिलाई थी।

# आईसीसी रैंकिंग में सर्वश्रेष्ठ 15वें स्थान पर पहुंचे सिराज



दुबई। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के दम पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में 15वें स्थान पर पहुंच गए जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग भी है।

सिराज ने मैच में नौ विकेट लेने के बाद 12 स्थान की छलांग लगाई। उन्होंने दूसरी पारी में पांच विकेट लिए जिससे भारत ने मेजबान टीम को रोमांचक मुकाबले में छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर की। सिराज की अब तक की सर्वश्रेष्ठ आईसीसी रैंकिंग 16 थी जो उन्होंने पिछले साल जनवरी में हासिल की थी। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 889 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्होंने अपने कार्यभार प्रबंधन के तहत इंग्लैंड के खिलाफ केवल तीन टेस्ट मैच खेले। प्रसिद्ध कृष्णा भी करियर की सर्वश्रेष्ठ 59वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। उन्होंने दोनों पारियों में चार-चार विकेट लिए। इस तरह से वह और सिराज किसी एक टेस्ट की दोनों पारियों में चार या इससे अधिक विकेट लेने वाली दूसरी भारतीय जोड़ी बन गए। इससे पहले यह उपलब्धि स्पिनर बिशन सिंह बेदी और इरापल्ली प्रसन्ना ने 1969 में दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हासिल की थी। भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ओवल में श्रृंखला में अपने दूसरे शतक के बाद टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पांच में लौट आए। जायसवाल तीन स्थान ऊपर पहुंचे और उनके 792 अंक हैं। उनके अलावा शीर्ष 10 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत हैं, जो एक स्थान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं।

वह पैर की चोट के कारण पांचवां टेस्ट नहीं खेल सके थे। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने लगातार तीसरा शतक लगाकर बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है, जबकि हैरी ब्रूक फिर से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ओवल में दूसरी पारी में 98 गेंद पर 111 बनाए थे। गेंदबाजी में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एटकिंसन और जोश टंग ने भी मैच में आठ-आठ विकेट लेकर करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की है। एटकिंसन पहली बार शीर्ष 10 में शामिल हुए हैं, जबकि टंग 14 स्थान ऊपर 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं दूसरी ओर

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी को 2-2 से ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाने के बाद बुधवार को अपने गृह नगर हैदराबाद पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। सिराज ने पांच मैचों की श्रृंखला में सर्वाधिक 23 विकेट लिए। उन्होंने ओवल में खेले गए अंतिम टेस्ट मैच में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्हें इस मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भी चुना गया था।

## संक्षेप

### सर्फिंग : हरीश और अरूण तीसरे दौर में

चेन्नई। भारत के हरीश प्रकाश और तयिन अरुण ने बुधवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप के अंडर-18 बालक वर्ग के तीसरे दौर में प्रवेश किया। टूर्नामेंट के तीसरे दिन अरुण ने भारतीय प्रतियोगियों में 9.23 से सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। उन्होंने थाईलैंड के टिन जॉनसन (9.60 अंक) से पीछे रहकर तीसरे दौर में जगह बनाई। ग्यारह वर्षीय प्रकाश ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया और मलेशिया के लुकास सैंटियागो (10.57 अंक) के बाद 7.97 अंक हासिल करके तीसरे दौर में जगह बनाई। प्रतियोगिता में तीसरे भारतीय सर्फर प्रह्लाद श्रीराम 4.94 के स्कोर के साथ हीट 6 में तीसरे स्थान पर रहे। अब वह रेपेचेज के दूसरे दौर में प्रतिस्पर्धा करेंगे। चीन के शिदोंग वू (17.34 अंक) और कोरियाई खिलाड़ी कनोआ हीजा (13.10 अंक) पहले दौर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सर्फर रहे। सीनियर पुरुष और महिला वर्ग की प्रतियोगिताएं गुरुवार को फिर शुरू होंगी।

### रूट को मैन ऑफ द सीरीज होना चाहिए था : हैरी ब्रुक

लंदन। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रुक ने भारतीय कोच गौतम गंभीर के उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनने के फैसले पर असहमति जताते हुए कहा कि यह सम्मान पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने वाले जो रूट को मिलना चाहिए था। श्रृंखला 2-2 से बराबर रहने के बाद प्रत्येक टीम के कोच ने प्लेयर ऑफ द सीरीज पुरस्कार के लिए विपक्षी टीम से एक खिलाड़ी का चयन किया। इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने भारत की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी के रूप में कप्तान शुभमन गिल को जबकि गंभीर ने इंग्लैंड के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी के रूप में ब्रूक को चुना। ब्रुक ने बीबीसी से कहा मैंने रूटी (जो रूट) जितने रन नहीं बनाए, इसलिए मुझे लगता है कि उन्हें मैन ऑफ द सीरीज होना चाहिए था। उन्हें इन गर्मियों में फिर से इंग्लैंड का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनना चाहिए।

# हॉकी : पंजाब, झारखंड राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में

एजेंसी



चेन्नई। पंजाब और झारखंड ने बुधवार को अपने मुकाबले जीत कर 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया, जहां दोनों एक-दूसरे से भिड़ेंगे। दिन के पहले सेमीफाइनल में पंजाब ने उत्तर प्रदेश को 4-3 से हराया जिसमें सुखदेव सिंह ने दो गोल दागे जबकि मंदीप सिंह और वरिंदर सिंह ने एक एक गोल किया। उत्तर प्रदेश के लिए हर्ष प्रताप सिंह, अली शाहरुख और कप्तान केतन कुशवाहा ने गोल किए। दूसरे सेमीफाइनल में झारखंड ने मध्य प्रदेश को 3-1 से हराया। झारखंड के लिए सोरेंग सुमराय, आशीष तानी पूर्ति और जयसन कंडुलना ने गोल किए।

मध्य प्रदेश के लिए लव ने गोल किया। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश बृहस्पतिवार को तीसरे स्थान के लिए आमने-सामने होंगी।

**मणिपुर हॉकी और हॉकी हिमाचल ने डिवीजन ए के लिए क्वालीफाई किया**

काकीनाडा (आंध्र प्रदेश)। मणिपुर हॉकी, हॉकी उत्तराखंड और तमिलनाडु हॉकी इकाई ने हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में बुधवार को अपने लीग मैच जीत लिए जबकि हॉकी हिमाचल ने बिहार हॉकी संघ से ड्रॉ खेला।

डिवीजन बी मुकाबले के समापन के बाद पूल ए से मणिपुर हॉकी और पूल बी से हॉकी हिमाचल को अगले साल के डिवीजन ए में प्रोमोट किया गया। मणिपुर हॉकी ने असम हॉकी को 3-1 से जबकि हॉकी उत्तराखंड ने हॉकी केरल को 7-0 से हराया। हॉकी हिमाचल ने बिहार हॉकी संघ के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।

तमिलनाडु हॉकी इकाई ने हॉकी अरुणाचल को 5-0 से शिकस्त दी। डिवीजन ए लीग मैच में हॉकी मध्य प्रदेश और हॉकी झारखंड ने अपने-अपने पूल मैच जीते जबकि हॉकी हरियाणा और उत्तर प्रदेश हॉकी के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। हॉकी मध्य प्रदेश ने हॉकी पंजाब को 4-0 और हॉकी झारखंड ने छत्तीसगढ़ हॉकी को 7-1 से मात दी। हॉकी हरियाणा ने उत्तर प्रदेश हॉकी के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।

## टूर्नामेंट स्थल पर लगी आग, चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स स्थगित

चेन्नई। चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट को आयोजन स्थल हयात रीजेंसी होटल में आग लगने के बाद गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह प्रतियोगिता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार से शुरू होनी थी। इस प्रतियोगिता में देश और विदेश के कई नामी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भारतीय ग्रैंडमास्टर और टूर्नामेंट निदेशक श्रीनाथ नारायणन ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स (जीएम) के आयोजन स्थल होटल हयात रीजेंसी में कल रात आग लग गई। सभी खिलाड़ी सुरक्षित हैं और उन्हें पास के एक अन्य होटल में स्थानांतरित कर दिया गया था। टूर्नामेंट एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है। खिलाड़ी फिर से होटल वापस आ गए हैं, लेकिन टूर्नामेंट एक दिन बाद नए सिरे से सुरक्षा जांच के बाद शुरू होगा। चेसबेस इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार चेन्नई के होटल हयात रीजेंसी में आधी रात के करीब आपात स्थिति उत्पन्न हो गई।

# गिल आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित

एजेंसी



दुबई। भारतीय कप्तान शुभमन गिल को बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के जुलाई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में आगे बाढ़कर नेतृत्व किया और उन्होंने एजबेस्टन में भारत की रिकॉर्ड जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस मैच की पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए। इस तरह से उन्होंने मैच में कुल 430 रन बनाए जो किसी एक टेस्ट में ग्राहम गूच के 456 रन के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। आईसीसी ने कहा कि गिल ने नंबर चार पर बल्लेबाजी में कई रिकॉर्ड अपने नाम लिखे। भारत की युवा टीम ने यह श्रृंखला 22 से ड्रॉ की। गिल ने श्रृंखला में 75.40 की औसत और चार शतकों की मदद से 754 रन बनाए। उन्होंने एक दोहरा शतक भी लगाया। इस 25 वर्षीय बल्लेबाज ने श्रृंखला में किसी भारतीय कप्तान द्वारा सर्वाधिक रन बनाने का सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड (732) तोड़ा। गिल का प्रदर्शन अब सर्वकालिक कप्तानों की सूची में सर डोनाल्ड ब्रैडमैन (810 रन) के बाद दूसरे स्थान पर है। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, शुभमन गिल के लिए यह महीना शानदार रहा। उन्होंने इस रोमांचक श्रृंखला के दौरान इस महीने में तीन टेस्ट मैचों में 94.50 की औसत से 567 रन बनाए। आईसीसी ने कहा, सर्वकालिक महान विराट कोहली की विरासत को आगे बढ़ाया। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 367 रन की विशाल पारी खेली। उन्होंने अपनी टीम की पारी उस समय घोषित कर दी, जब वह महान ब्रायन लारा के 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाए गए सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर नाबाद 400 के रिकॉर्ड को तोड़ सकते थे। उन्होंने दो मैचों में 265.50 की औसत से 531 रन बनाए। आईसीसी ने कहा, मुल्डर ने गेंदबाजी में भी योगदान दिया तथा 15.28 की औसत से सात विकेट लिए, जिसमें पहले टेस्ट में लिए गए चार विकेट भी शामिल हैं। आईसीसी ने भारत के खिलाफ स्टोक्स के हरफनमौला प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, उन्होंने 50.20 की औसत से 251 रन बनाए और 26.33 की औसत से 12 विकेट लिए। उन्होंने दबाव की परिस्थितियों में बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं दूसरी ओर

खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक के आरटीआई संबंधी प्रावधान में संशोधन किया है जिसके तहत केवल उन्हीं संस्थाओं को इसके दायरे में रखा गया है जो सरकारी अनुदान और सहायता पर निर्भर हैं और इससे बीसीसीआई को काफी राहत मिली होगी।

खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने 23 जुलाई को लोकसभा में यह बिल रखा जिसके प्रावधान 15 (2) में कहा गया है कि किसी मान्यता प्राप्त खेल संगठन को इस अधिनियम के तहत अपने कार्यों, कर्तव्यों और शक्तियों के प्रयोग के संबंध में सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के तहत एक सार्वजनिक प्राधिकरण माना जाएगा।

# टेनिस : नाओमी ओसाका सेमीफाइनल में, मुकाबला क्लारा से



एजेंसी

मॉन्ट्रियल। चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने 10वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को 6-2, 6-2 से हराकर पहली बार नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंतिम चार में ओसाका का सामना 16वीं वरीयता प्राप्त क्लारा टॉसन से होगा, जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज़ को 6-1, 6-4 से हराया। इस तरह से ओसाका ने 2022 में मियामी में फाइनल में पहुंचने के बाद से किसी डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा। जापान की मूल निवासी यह खिलाड़ी अपने करियर का आठवां और 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद पहला खिताब जीतने की कोशिश में हैं। कनाडा की किशोरी विक्टोरिया मबोको दूसरे सेमीफाइनल में कज़ाकिस्तान की नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से भिड़ेंगी।

**सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज़ और बेन शेल्टन**

टोरंटो। अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज़ और बेन शेल्टन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका एक दूसरे से मुकाबला होगा। यह पिछले 15 वर्षों में एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में पहला अवसर होगा जबकि अमेरिका के दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज़ ने रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 6-3, 7-6 (4) से हराया। उन्होंने 20 ऐस लगाए, जिनमें से एक ने मैच का अंत भी किया। चौथी वरीयता प्राप्त शेल्टन ने ऑस्ट्रेलिया के नौवें नंबर के एलेक्स डी मिनौर को 6-3, 6-4 से हराया। 22 वर्षीय शेल्टन पहली बार किसी एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। फ्रिट्ज़ और शेल्टन के बीच बुधवार को होने वाला मुकाबला 2010 में एंडी रॉडिक की सिनसिनाटी में मार्डी फिश पर जीत के बाद पहली बार होगा, जब अमेरिका के दो खिलाड़ी एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में एक दूसरे का सामना करेंगे। दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के शीर्ष वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव का सामना रूस के 11वें नंबर के खिलाड़ी कारेन खाचानोव से होगा। फाइनल गुरुवार को खेला जाएगा।

**हार के बाद आनलाइन घृणा का शिकार हुई टेनिस खिलाड़ी स्वितोलिना**

मांट्रियल। यूक्रेन की टेनिस खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना ने बताया है कि कनाडा में एक मैच हारने के बाद कैसे कुंठित सटोरियो ने आनलाइन उनके खिलाफ नफरत उगली, उनके मरने की कामना की और रूस द्वारा यूक्रेन में लोगों की हत्या का जश्न मनाया। नेशनल बैंक ओपन के क्वार्टर फाइनल में नाओमी ओसाका से मिली हार के बाद स्वितोलिना को इस घृणा का सामना करना पड़ा। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इन मैसेज के स्क्रीनशॉट्स साझा किये हैं। उनके लिये अपशब्द कहे गए और उनके पति गाएल मोंफिल्स को भी निशाना बनाया गया जो फ्रांस के अश्वेत टेनिस खिलाड़ी हैं।

# किसी भी मुद्दे पर चर्चा को तैयार है सरकार

## एसआईआर का मुद्दा न्यायालय में विचाराधीन, नियम के तहत लोकसभा में नहीं हो सकती चर्चा:रिजिजू

नयी दिल्ली। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मुद्दा उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है और लोकसभा के कार्य संचालन और प्रक्रियाओं के नियमों एवं परिपाटी के तहत इस मुद्दे पर सदन में चर्चा नहीं हो सकती।



रीजीजू ने एसआईआर के मुद्दे पर लोकसभा में कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्यों के शोर-शराबे के बीच कहा कि सरकार किसी भी मुद्दे पर सदन में चर्चा करने के लिए तैयार है और समय-समय पर यह आश्वासन भी देती रही है, लेकिन संसद में किसी भी विषय पर चर्चा संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप होनी चाहिए और सदन के कार्य संचालन और प्रक्रिया के नियमों के तहत होनी चाहिए। उन्होंने विपक्ष पर पहले दिन से ही एसआईआर मुद्दे पर संसद की कार्यवाही को बाधित करने का आरोप लगाते हुए कहा, हम सब जानते हैं कि एसआईआर का मामला उच्चतम न्यायालय में विचाराधीन है। सदन के कार्य संचालन और प्रक्रियाओं के नियम 186 (8) के तहत सदन में उसी मुद्दे पर चर्चा की जा सकती है जो किसी अदालत में विचाराधीन विषय से जुड़ा नहीं हो। रीजीजू ने सदन के कामकाज के नियम 352 (1) का उल्लेख करते हुए कहा कि सदन के किसी सदस्य को यहां ऐसे विषय का उल्लेख करने का अधिकार नहीं है जिस पर अदालत में निर्णय लंबित है। मंत्री ने कहा कि विपक्ष जो विषय उठाने का प्रयास कर रहा है वह स्पष्ट रूप से अदालत में विचाराधीन है, इसलिए इस पर सदन में चर्चा नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि एसआईआर का मुद्दा भारत निर्वाचन आयोग के कर्तव्य और जिम्मेदारियों से जुड़ा है जो एक स्वायत्त निकाय है। उन्होंने कहा कि इस सदन में पहले भी यह तय हो चुका है कि निर्वाचन आयोग के कार्यक्षेत्र से जुड़े मुद्दों को यहां नहीं लाया जा सकता। रीजीजू ने कहा कि 14 दिसंबर 1988 को जब एक सदस्य ने निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाने की कोशिश की थी तो तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ ने व्यवस्था दी थी कि निर्वाचन आयोग के कामकाज और फैसलों पर सदन में टिप्पणी नहीं की जा सकती। रीजीजू ने कहा कि तत्कालीन अध्यक्ष जाखड़ ने कहा था, मैं नियम नहीं तोड़ सकता। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा, मौजूदा संवैधानिक प्रावधानों के तहत सदन निर्वाचन आयोग के कामकाज पर टिप्पणी नहीं कर सकता। इस संबंध में नियम बहुत स्पष्ट हैं और निर्वाचन आयोग जैसे स्वायत्त निकाय के कामकाज पर सदन में चर्चा नहीं हो सकती। उन्होंने हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों को आड़े हाथ लेते हुए कहा, क्या वे इस सदन के स्थापित नियम तोड़ना चाहते हैं, संविधान के प्रावधानों की अवहेलना करना चाहते हैं। आप (विपक्ष) इस देश के नियमों का पालन करना चाहते हैं या नहीं। रीजीजू ने आरोप लगाया कि विपक्ष के सांसद मानसून सत्र के पहले दिन से इस सदन के कामकाज के नियमों और सदन में स्थापित परंपराओं को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने विपक्ष के सदस्यों से कार्यवाही चलने देने की अपील करते हुए कहा कि सदन में महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा होनी है और विपक्ष को सहयोग करना चाहिए। रीजीजू ने यह भी कहा कि विपक्ष के आग्रह पर सरकार खेल संबंधी दो विधेयकों के आज की कार्यसूची में सूचीबद्ध होने के बाद भी उन पर जोर नहीं दे रही है और उन्हें बाद में लिया जाएगा।

# ई-टिकट लेने वाले रेल यात्री 45 पैसे में यात्रा बीमा करा सकते हैं: वैष्णव

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि यात्री ई-टिकट खरीदते समय सभी करों सहित 45 पैसे का प्रीमियम देकर वैकल्पिक यात्रा बीमा योजना का लाभ उठा सकते हैं।



लोकसभा में रेल यात्रा बीमा से संबंधित प्रश्नों के लिखित उत्तर में वैष्णव ने कहा कि सभी यात्री ऑनलाइन या आरक्षण काउंटरों से टिकट बुक कर सकते हैं। हालांकि, वैकल्पिक यात्रा बीमा योजना (ओटीआईएस) केवल उन कम्प्यूटरीकृत आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) यात्रियों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने अपनी टिकट ऑनलाइन बुक की है। वैष्णव ने कहा कि कोई भी यात्री, जो बीमा लाभ प्राप्त करना चाहता है, वह टिकट बुक करते समय अपने विवेक से इस योजना का विकल्प चुन सकता है। यह योजना ई-टिकट बुक करने वाले यात्रियों के लिए उपलब्ध है और यह उन लोगों को अतिरिक्त बीमा कवर प्रदान करती है जिन्होंने इसे चुना है और प्रीमियम का भुगतान किया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में, वैकल्पिक यात्रा बीमा योजना के तहत बीमा प्राप्त करने के लिए सभी करों सहित प्रति यात्री प्रति यात्रा प्रीमियम 0.45 रुपये (पैंतालीस पैसे) है। यात्री टिकट बुक करते समय बीमा योजना का विकल्प चुनता है और किराए के साथ प्रीमियम का भुगतान करता है। रेल मंत्री के अनुसार, यात्रियों को बीमा कंपनी से सीधे उनके पंजीकृत मोबाइल और ईमेल आईडी पर संदेश के माध्यम से पॉलिसी की जानकारी प्राप्त होती है, साथ ही नामांकन विवरण दर्ज करने के लिए लिंक भी मिलता है। इसके अलावा, बीमा कंपनी पॉलिसी जारी करने और दावों के निपटान के लिए सीधेतौर पर जिम्मेदार होती है। उन्होंने यह भी बताया कि यात्री बीमा कंपनी से ईमेल के माध्यम से प्राप्त दस्तावेजों के अनुसार सीधे बीमा कंपनी के पास दावा दायर करते हैं, और दावा दायर करना यात्री और बीमा कंपनी के बीच एक सतत प्रक्रिया है। इन दावों के तहत प्रभावित यात्रियों/उनके रिश्तेदारों को बीमा कंपनियों द्वारा वितरित कुल राशि का विवरण देते हुए, वैष्णव ने कहा, पिछले पांच वर्षों के दौरान यात्रियों द्वारा दायर करने के बाद बीमा कंपनियों द्वारा 333 दावों का निपटारा किया गया।

## संक्षेप

### शिंदे ने की राजग को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा

नयी दिल्ली। शिवसेना नेता एवं महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार को घोषणा की है कि उनकी पार्टी नौ सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए भाजपा नीत गठबंधन को बिना शर्त समर्थन देगी। दिल्ली के दौरे पर आए शिंदे ने गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) का गठबंधन महायुति महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव मिलकर लड़ेगा। उन्होंने उन बातों को भी खारिज कर दिया कि दिल्ली की उनकी बार-बार यात्रा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ उनके मतभेदों से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि उनके बीच कोई मतभेद नहीं है और वे राज्य के विकास के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। शिंदे ने बाद में एक बयान में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को अपनी पार्टी के बिना शर्त समर्थन की घोषणा की। जगदीप धनखड़ ने पिछले महीने उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद इस पद पर चुनाव कराया जाना आवश्यक हो गया। शिंदे ने गृह मंत्री अमित शाह के निर्णायक नेतृत्व की भी सराहना की और कहा कि उन्होंने अनुच्छेद 370 को हटाकर और आतंकवाद तथा नक्सलवाद के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करके शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे के सपने को पूरा किया।

# मणिपुर में लोकप्रिय सरकार की जरूरत : बीरेन सिंह

इंफाल। पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बुधवार को कहा कि मणिपुर में एक लोकप्रिय सरकार की जरूरत है।

सिंह ने एक कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से कहा कि राज्य की स्थिति के कारण उन्हें इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि हम सभी जानते हैं कि राज्य में राष्ट्रपति शासन कैसे लागू हुआ... एक लोकप्रिय सरकार की जरूरत है, और वह बननी भी चाहिए। मैं शुरू से ही लोकप्रिय सरकार के पक्ष में रहा हूं। परिस्थितियों के कारण मुझे इस्तीफा देने को बाध्य होना पड़ा। आप सब जानते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं समझता हूं कि लोग कठिनाई का सामना कर रहे हैं, और मैं एक लोकप्रिय सरकार की भी कामना करता हूं। मेरी राय में, एक लोकप्रिय सरकार में जनता और प्रशासक आपसी सामंजस्य के साथ अधिक सहजता से आगे बढ़ सकते हैं। इससे पहले, इंफाल पूर्वी जिले के हिंगांग में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के नेता ने कहा कि असम के लोगों ने राज्य में बेदखली अभियान का पूरे दिल से समर्थन किया है।

# पीएम मोदी इस माह के अंत में जा सकते हैं जापान और चीन

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 अगस्त से जापान और चीन की यात्रा पर जा सकते हैं। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अपनी यात्रा के पहले चरण में, मोदी जापान के अपने समकक्ष के साथ वार्षिक शिखर वार्ता के लिए जापान जा सकते हैं। जापान से, मोदी के शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन जाने की संभावना है। अगर मोदी की चीन यात्रा होती है, तो पूर्वी लद्दाख में सीमा गतिरोध के बाद यह चीन की उनकी पहली यात्रा होगी।



एससीओ शिखर सम्मेलन 31 अगस्त से एक सितंबर तक आयोजित होगा। मोदी की जापान और चीन की प्रस्तावित यात्रा के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

# अमेरिकी समयसीमा से पहले ट्रंप के दूत ने पुतिन से मुलाकात की

मॉस्को। क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति कायार्लय) ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यहां मुलाकात की। यह बैठक व्हाइट हाउस द्वारा रूस को यूक्रेन के साथ शांति समझौता करने के लिए दी गई समय सीमा से कुछ दिन पहले हो रही है।

अमेरिका ने चेतावनी दी है कि शांति समझौता नहीं करने पर रूस को गंभीर आर्थिक दंड का सामना करना पड़ सकता है, जिससे रूस से तेल खरीदने वाले देश भी प्रभावित हो सकते हैं। रूस के लिए ट्रंप की समय सीमा शुक्रवार को समाप्त होगी। पुतिन और विटकॉफ के बीच बैठक लगभग तीन घंटे तक चली। किसी भी पक्ष ने बातचीत का तत्काल ब्योरा नहीं दिया है। ट्रंप ने यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों पर रूस के बढ़ते हमलों पर पुतिन के प्रति निराशा व्यक्त की है। ये हमले ऐसे समय में तेज हुए हैं, जब ट्रंप ने हाल के महीनों में पुतिन से नरम रुख अपनाने का आग्रह किया है। मंगलवार मध्यरात्रि से बुधवार के बीच रूसी बलों ने प्रांत में एक मनोरंजन केंद्र पर हमला किया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई।

# मोहाली में ऑक्सीजन सिलेंडर संयंत्र में विस्फोट, दो की मौत

चंडीगढ़। पंजाब के मोहाली जिले में एक ऑक्सीजन सिलेंडर संयंत्र में बुधवार को भीषण विस्फोट होने से दो लोगों की मौत हो गई और चार व्यक्ति घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि मोहाली के फेज-9 के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित हाई-टेक गैस नामक ऑक्सीजन सिलेंडर संयंत्र में यह हादसा हुआ।



मोहाली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) हरमनदीप सिंह हंस ने बताया कि सुबह करीब नौ बजे एक ट्रक में सिलेंडर रखते समय उसमें विस्फोट हो गया। उन्होंने बताया कि इस हादसे में करीब 25 साल की उम्र के दो लोगों की मौत हो गई तथा घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारी से पूछा गया था कि इस हादसे में किसी तरह की लापरवाही बरती गई है, इसके जवाब में उन्होंने कहा, हम इसकी जांच करेंगे। एसएसपी ने कहा कि पुलिस पीड़ितों के परिवारों से बात करेगी और जरूरी कानूनी कार्रवाई करेगी। विस्फोट इतना भीषण था कि मृतकों के शरीर के अंग घटनास्थल पर बिखरे पड़े मिले। विस्फोट के कारण संयंत्र और आसपास की इमारतों की कांच की खिड़कियां और दरवाजे टूट गए। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि सिलेंडर का कुछ हिस्सा घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर कंबाला गांव में जाकर गिरा। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस घटना पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रशासनिक टीम घटनास्थल पर मौजूद है। मैं बचाव अभियान की पल-पल की जानकारी ले रहा हूं। हम ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। पंजाब सरकार इस कठिन समय में प्रभावित परिवारों के साथ है। हाई-टेक गैसे प्राइवेट लिमिटेड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी अस्पतालों को मेडिकल-ग्रेड ऑक्सीजन सिलेंडर की आपूर्ति करती है।

# पाकिस्तान में चार जवानों की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बुधवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने अर्द्धसैनिक बल फ्रंटियर कांस्टेबुलरी के कम से कम चार जवानों की हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। हमलावरों ने करक जिले के अमन कोट तोई इलाके में फ्रंटियर कांस्टेबुलरी (एफसी) के एक वाहन पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें चार जवान मारे गए। सुरक्षा बलों और पुलिस ने तुरंत इलाके की घेराबंदी की और हमलावरों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान शुरू कर दिया। हमला पूर्व नियोजित था और हमलावर घात लगाए बैठे थे।

# ईरान ने दी दो लोगों को फांसी

दुबई। ईरान ने बुधवार को अलग-अलग मामलों में दो लोगों को फांसी दी। इनमें से एक पर इजराइल के लिए जासूसी करने और दूसरे पर आतंकवाद समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) का सदस्य होने का आरोप था। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। समाचार वेबसाइट मिजानऑनलाइन की खबर में कथित जासूस की पहचान रूजबेह वादी के रूप में की गई है, जिस पर इजराइल की खुफिया सेवा मोसाद को विशिष्ट जानकारी देने का आरोप था। खबर के मुताबिक, अधिकारियों ने कहा कि रूजबेह ने ईरान के एक परमाणु वैज्ञानिक के बारे में इजराइल को जानकारी दी थी, जो जून में ईरान पर इजराइल के हवाई हमलों के दौरान मारा गया था। खबर में दावा किया गया है कि रूजबेह ने ऑस्ट्रिया के वियना में मोसाद अधिकारियों से पांच बार मुलाकात की थी। ईरान ने बुधवार को इस्लामिक स्टेट के एक सदस्य को साजिश रचने के आरोप में फांसी दे दी। खबर में कहा गया है कि अधिकारियों ने मेहदी अगाजादेह पर इस्लामिक स्टेट का सदस्य होने का आरोप लगाया, जिसने चार अन्य सदस्यों के साथ ईरान में अवैध रूप से प्रवेश करने से पहले सीरिया और इराक में सैन्य प्रशिक्षण हासिल किया था। खबर में कहा गया है कि अगाजादेह के साथ ईरान में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले अन्य सदस्य सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए थे।

## इंटरटेनमेंट...

# 'सैयारा' ने वर्ल्डवाइड में कमाये 500 करोड़

**मुंबई।** फिल्म 'सैयारा' ने दुनिया भर में 500 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर ली है। फिल्म की टीम के मुताबिक, सैयारा भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लव स्टोरी बन गई है। डायरेक्टर मोहित सूरी के लिए यह पहली फिल्म है जो वर्ल्ड वाइड 500 करोड़ रुपए क्लब में शामिल हुई है। 18 दिनों में कुल वर्ल्ड वाइड ग्रॉस 507 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है! एक कंपनी के तौर पर, हम इस बड़ी कामयाबी का श्रेय फिल्म के कप्तान (डायरेक्टर) मोहित सूरी को देना चाहते हैं, जिन्होंने आज की पीढ़ी को एक ऐसी लव स्टोरी दी जिससे वो जुड़ सकें। साथ ही हमारे नए स्टार्स अहान और अनीत को, जिन्होंने अपनी एक्टिंग से इस प्यार को जिंदा कर दिया। आदित्य चोपड़ा को उनके मजबूत सपोर्ट और पूरी 'सैयारा' की टीम को, जिन्होंने इस फिल्म को दुनिया भर में इतना खास बना दिया। सैयारा की कामयाबी दिखाती है कि अगर दिल से बनाई गई सच्ची लव स्टोरी दिखाई जाए, तो रोमांस जैसा कोई दूसरा जॉनर नहीं है जो इतना प्यार पाता हो। यह हमें आगे और भी अच्छी कहानियां बनाने के लिए प्रेरित करता है। युवा दर्शकों ने जिस तरह इस फिल्म को अपनाया है, उससे साफ है कि वो अब भी थिएटर में फिल्म देखने को लेकर उत्साहित हैं। हर उस दर्शक का शुक्रिया, जिसने सैयारा को हमारे दौर की सबसे खास प्रेम कहानी बना दिया।

- भारत की सबसे बड़ी लव स्टोरी बनी, प्रोड्यूसर बोले नई पीढ़ी से जुड़ गई गलत है




# हिंदी में बोलने की डिमांड पर भड़की काजोल

**मुंबई।** महाराष्ट्र में हाल ही में हिंदी बोलने वाले कुछ लोगों को जबरन मराठी बोलने के लिए कहा गया। कुछ मामलों में मारपीट भी हुई। अब एक्ट्रेस काजोल का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो मराठी में बात कर रही हैं। जब उनसे हिंदी में बात करने को कहा, तो उन्होंने मना कर दिया। दरअसल, काजोल मुंबई में एक कार्यक्रम में शामिल हुईं। पत्रकारों को मराठी में जवाब दिया और हिंदी में बोलने के लिए कहने पर भड़क गईं। 5 अगस्त को काजोल को महाराष्ट्र राज्य फिल्म पुरस्कार 2025 में प्रतिष्ठित राज कपूर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं, हिंदी बोलने से इनकार करने वाला वीडियो वायरल होने के बाद, सोशल मीडिया पर काजोल को ट्रोल किया जा रहा है। एक यूजर ने कहा झ अगर हिंदी बोलने में शर्म आती है तो बॉलीवुड में काम करना बंद कर दें। एक दूसरे यूजर ने लिखा झ वह हिंदी फिल्मों में क्यों काम कर रही हैं, उन्हें केवल मराठी फिल्मों में ही काम करना चाहिए। वहीं एक अन्य यूजर ने कहा, हिंदी फिल्मों ने स्टार बनाया है, फिर एक भाषा के लिए पक्षपात क्यों?

# शाहरुख के सपोर्ट में उतरे मुकेश खन्ना

**मुंबई।** एक्टर शाहरुख खान को पहली बार नेशनल अवॉर्ड मिलने की खबर उनके फैंस के लिए खास रही, लेकिन कुछ लोगों ने इस फैसले पर सवाल उठाए, जिसके बाद अब शाहरुख के सपोर्ट में एक्टर मुकेश खन्ना उतरे हैं। यह कहना भी राजनीतिक है कि अवॉर्ड किसी साउथ एक्टर को मिलना चाहिए था। लोग कह रहे हैं कि उन्हें यह अवॉर्ड 'जवान' के लिए नहीं बल्कि 'स्वदेश' के लिए मिलना चाहिए था, लेकिन याद रखना चाहिए कि ए.आर. रहमान को भी ऑस्कर 'जय हो' के लिए मिला था, न कि उनके पहले के शानदार गानों के लिए। मुकेश खन्ना ने 1995 की फिल्म 'गुड्डू' में शाहरुख खान के पिता की भूमिका निभाई थी।

- नेशनल अवॉर्ड मिलने पर उठे सवाल पर बोले- 40 सालों से मेहनत कर रहे हैं, इसमें क्या गलत है



# विजय देवरकोंडा की 'किंगडम' पर विवाद

मुंबई। साउथ के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा की फिल्म किंगडम 31 जुलाई को रिलीज हुई थी। इसके बाद से ही यह फिल्म विवादों में घिर गई है। फिल्म पर तमिल पहचान को गलत तरीके से दिखाने और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया गया है। नवभारत टाइम्स के मुताबिक, तमिल राष्ट्रवादी समूह तमिलर काची ने फिल्म के कुछ हिस्सों पर कड़ी आपत्ति जताई है। साथ ही फिल्म को बैन करने की मांग की है। उनका दावा है कि किंगडम में श्रीलंकाई तमिलों को नेगेटिव दिखाया गया है। इसके अलावा फिल्म में विलन का नाम 'मुरुगन' रखा गया है, जो तमिलनाडु के सबसे पूजनीय देवताओं में से एक भगवान मुरुगन से जुड़ा नाम है। इस कारण भी लोगों में नाराजगी और आक्रोश देखा जा रहा है। एनटीके का कहना है कि यह फिल्म तमिलों की पहचान और सांस्कृतिक इतिहास को बदनाम करती है। इसी को लेकर राज्यभर के कई सिनेमाघरों के बाहर विरोध प्रदर्शन हुए। हंगामा बढ़ता देख पुलिस भी मौके पर पहुंची। हालात को काबू में लाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। एनटीके ने सरकार से एक्शन की मांग की है और तमिलनाडु प्रशासन पर इस फिल्म पर बैन लगाने का दबाव डाला है।

- तमिल संगठनों ने लगाया सांस्कृतिक अपमान का आरोप, फिल्म को बैन करने की भी उठी मांग







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com